CMYK

सूर्योदय : 5:57
सूर्यास्त : 5:55
अधिकतम तापमान : 34.0
न्यूनतम : 26.0

RNI NO : UPHIN/2010/31173

डाक पंजीकरण संख्या:
SSP/LW/NP-422/2014-2016

वर्ष-17 अंक-113 पेज-16
मूल्य : 3 रुपया

लखनऊ, शनिवार, 30 सितम्बर 2023
14 रबीउलअव्वल, 1445 हिजरी

हिन्दी दैनिक
# अवधनामा
www.avadhnama.com

G20




# नारी शक्ति वंदन अधिनियम बना कानून

**खुशखबरी**

- राष्ट्रपति मुर्मू की मिली मंजूरी
- लोकसभा और राज्यसभा में हुआ था पारित



**नई दिल्ली।** महिला आरक्षण बिल पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने अपने हस्ताक्षर कर दिए हैं। जिसके बाद अब यह विधेयक कानून बन गया है।

भारत सरकार ने इस संबंध में गजट अधिसूचना जारी की है। बता दें कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम विधेयक को गुरुवार को उपराष्ट्रपति और राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ के हस्ताक्षर के बाद राष्ट्रपति के पास उनके अनुमोदन के लिए भेजा गया था। इसी महीने की शुरुआत में संसद के विशेष सत्र के दौरान संविधान संशोधन विधेयक को लोकसभा और राज्यसभा ने सर्वसम्मति से पारित किया था। इसे नारी शक्ति वंदन अधिनियम के नाम से जाना जाएगा। इस विधेयक के जरिये लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देने का प्रावधान किया गया है। हालांकि, महिलाओं को इसका लाभ जनगणना और परिसीमन (लोकसभा और विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों का पुनर्निर्धारण) की प्रक्रिया के बाद ही मिलेगा।

# पाकिस्तान में फिदायीन हमला, 56 मरे

## नमाज और ईद-ए-मिलाद के जुलूस में हुए धमाके

- एक दिन में दो धमाके
- किसी संगठन ने नहीं ली जिम्मेदारी
- धमाके में 62 लोग घायल



**कराची।** पाकिस्तान में शुक्रवार को अलग-अलग जगह हुए दो आत्मघाती धमाकों के कारण 56 लोगों की मौत हो गई जबकि करीब 62 अन्य व्यक्ति घायल हो गाए। पुलिस ने यह जानकारी दी।

पुलिस ने बताया कि अशांत बलूचिस्तान प्रांत में एक मस्जिद के निकट एक आत्मघाती हमलावर ने खुद को विस्फोट से उड़ा लिया जिससे कम से कम 52 लोगों की मौत हो गई और लगभग 50 अन्य लोग घायल हो गए, जबकि एक अन्य मस्जिद में हुए आत्मघाती धमाके में चार लोगों की मौत हो गई। पैगम्बर मोहम्मद का जन्मदिन 'ईद ए मिलाद उन नबी' मनाने के लिए मस्जिद के बाहर एक रैली के वास्ते भारी संख्या में लोग एकत्र हुए थे और उसी दौरान यह विस्फोट हुआ। पुलिस ने बताया इसके कुछ घंटे बाद खैबर पख्तूनख्वा के हांगू शहर में एक अन्य मस्जिद में हुए विस्फोट में कम से कम चार लोगों की मौत हो गयी और 12 अन्य घायल हो गए। शहर पुलिस थाने के प्रभारी मोहम्मद जावेद लहरी ने बताया कि बलूचिस्तान में मस्तुंग जिले के अल फलाह रोड पर मदीना मस्जिद के निकट विस्फोट हुआ। उन्होंने कहा, ''विस्फोट एक 'आत्मघाती विस्फोट' था। हमलावर ने पुलिस उपाधीक्षक (डीएसपी) की कार के बगल में खुद को विस्फोट कर उड़ा लिया।'

इस आत्मघाती विस्फोट में मारे गए लोगों में रैली के दौरान ड्यूटी पर तैनात मस्तुंग के पुलिस उपाधीक्षक (डीएसपी) नवाज गश्कोरी भी शामिल हैं। तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) ने विस्फोट में शामिल होने से इनकार करते हुए एक बयान में कहा कि ऐसा हमला उसकी नीतियों के खिलाफ है।

> " मस्जिद के समीप विस्फोट उस वक्त हुआ जब लोग ईद-मिलाद उन नबी के मौके पर एकत्र हुए थे। पैगंबर मोहम्मद के जन्मदिवस पर ईद-मिलाद उन नबी पर्व मनाया जाता है। लहरी ने बताया कि घायलों को चिकित्सा केंद्रों में स्थानांतरित कर दिया गया है और अस्पतालों में आपातकाल लागू कर दिया गया है। जिला स्वास्थ्य अधिकारी राशिद मुहम्मद सईद ने बताया कि 20 घायलों की हालत गंभीर होने पर उन्हें इलाज के लिए क्वेटा ले जाया गया है।



सीएम योगी आदित्यनाथ से उनके सरकारी आवास पर पंजाब नेशनल बैंक के प्रबन्ध निदेशक अतुल कुमार गोयल ने शिष्टाचार भेंट की

## दानिश अली ने पीएम को लिखा पत्र

**नई दिल्ली।** बसपा सांसद दानिश अली ने शुक्रवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से आग्रह किया कि आपत्तिजनक टिप्पणी मामले में भाजपा सांसद रमेश बिधूड़ी के खिलाफ उचित कार्रवाई की जाए। उन्होंने इस मामले में प्रधानमंत्री की चुप्पी को दुर्भाग्यपूर्ण करार दिया। घटना को आठ दिन बीत चुके हैं, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। इसलिए उन्होंने पीएम मोदी को पत्र भी लिखा है। पत्र में दानिश अली ने खुद को मिल रही धमकियों का हवाला देते हुए सुरक्षा बढ़ाने की भी मांग की। अली ने कहा कि संसद के विशेष सत्र के दौरान हुई यह घटना एक व्यक्ति के तौर पर सिर्फ उन पर हमला नहीं थी, बल्कि इसने लोकतंत्र की मर्यादा को ठेस पहुंचाई है।

### प्रदेश में हर बच्चे को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मुहैया कराने के लिए मुख्यमंत्री योगी ने की बैठक

# 57 जिलों में बनेंगे मॉडल कम्पोजिट विद्यालय

- 12वीं कक्षा तक होगी पढ़ाई
- 250 परिषदीय कंपोजिट विद्यालय होंगे उच्चीकृत

**लखनऊ।** प्रदेश में हर बच्चे को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मुहैया कराने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 57 जिलों में अत्याधुनिक सुविधा वाले मुख्यमंत्री मॉडल कंपोजिट विद्यालयों की स्थापना के निर्देश दिए हैं। साथ ही सभी 75 जिलों में एक-एक कंपोजिट विद्यालय को मुख्यमंत्री अभ्युदय कम्पोजिट विद्यालय के रूप में उच्चीकृत करने का निर्देश दिया है।

मुख्यमंत्री शुक्रवार को शिक्षा विभाग के अधिकारियों के साथ पीएमश्री विद्यालयों की समीक्षा कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि 18 मंडलों में अटल आवासीय विद्यालयों की शुरुआत हो गई है। अब प्री-प्राइमरी से लेकर 12वीं तक के लिए हर जिले में एक सभी सुविधा से युक्त विद्यालयों की स्थापना के लिए काम करें। अटल आवासीय विद्यालयों वाले जिलों के अतिरिक्त शेष 57 जिलों में एक-एक मुख्यमंत्री मॉडल कम्पोजिट विद्यालय की स्थापना की आवश्यक तैयारी करें। उन्होंने कहा है कि इस विद्यालय का परिसर 5-10 एकड़ का हो। इसके लिए भूमि जल्द चिह्नित करें। शुरुआत में यहां हर कक्षा के लिए न्यूनतम तीन सेक्शन की व्यवस्था हो।

विद्यालय परिसर में प्रधानाचार्य, शिक्षक व स्टाफ के लिए आवासीय सुविधा हो। हर क्लास में स्मार्ट क्लास होगी। रोबोटिक्स व मशीन लर्निंग सेंटर की स्थापना होगी।

यहां कक्षा-01 से 08 के लिए कंपोजिट विज्ञान व गणित प्रयोगशाला, कक्षा-09 से 12 के लिए रसायन, भौतिकी विज्ञान हेतु माड्यूलर प्रयोगशाला, कम्प्यूटर व लैंग्वेज लैब की सुविधा होगी।



**दिसंबर तक पीएमश्री का पूरा करें काम**

मुख्यमंत्री ने कहा कि पीएमश्री योजना में पहले चरण में चयनित 272 प्राथमिक परिषदीय और 570 कंपोजिट परिषदीय व 82 माध्यमिक विद्यालय में सभी काम दिसंबर तक पूरे किए जाएं। इनमें स्मार्ट क्लास, आईसीटी लैब, लैंग्वेज लैब, विज्ञान प्रयोगशाला, अटल टिंकरिंग लैब के साथ ही सोलर पैनल, एलईडी लाइट, सौर ऊर्जा संसाधन, पोषण वाटिका, वेस्ट मैनेजमेंट, जल संरक्षण आदि के माध्यम से इन्हें ग्रीन स्कूल के रूप में विकसित किया जाएगा। एनईपी की भावना के अनुरूप यह विद्यालय स्किल हब सेंटर के रूप में विकसित होंगे।

**यूपी में बनेगा स्टेट कैपिटल रीजन डेवलपमेंट अथॉरिटी**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आवास एवं शहरी नियोजन विभाग की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने स्टेट कैपिटल रीजन डेवलपमेंट अथॉरिटी (एससीआरडीए) के जल्द से जल्द गठन के निर्देश दिए। बैठक में मौजूद अधिकारियों को निर्देशित करते हुए उन्होंने कहा कि तीन महीने के अंदर एससीआरडीए की कार्ययोजना प्रस्तुत करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि एससीआरडीए में लखनऊ, उन्नाव, हरदोई, रायबरेली, सीतापुर और बाराबंकी को शामिल करें। साथ ही राजधानी लखनऊ को एससीआरडीए का मुख्यालय बनाएं और नागरिकों की सुविधा के लिए बाकी जनपदों में रीजनल ऑफिस खोलें।

## घटिया सेनेटरी और बेबी डायपर बेचने वालों की खैर नहीं

**नई दिल्ली।** घटिया सेनेटरी नैपकिन अब बेचना आसान नहीं होगा। टेक्सटाइल मंत्रालय ने शुक्रवार को छह मेडिकल टेक्सटाइल से जुड़े आइटम के लिए क्वालिटी कंट्रोल ऑर्डर जारी किया, जिसमें सेनेटरी नैपकिन और डिस्पोजेबल बेबी डायपर भी शामिल हैं। अगले साल एक अप्रैल से बाजार में बिकने वाले सभी सेनेटरी नैपकिन और बेबी डायपर की बिक्री क्वालिटी कंट्रोल नियम के तहत होगी। भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) क्वालिटी कंट्रोल नियम के पालन के लिए जिम्मेदार होता है। हालांकि, सेनेटरी पैड और बेबी डायपर बनाने वाली छोटी इकाइयों के साथ सेल्फ हेल्प ग्रुप को एक साल तक क्वालिटी कंट्रोल नियम के पालन से छूट दी गई है, लेकिन उसके बाद उन्हें भी इस नियम का पालन करना होगा। क्वालिटी कंट्रोल नियम के पालन के लिए बीआईएस से अपने उत्पाद की जांच कराकर सर्टिफिकेट लेना होता है।

## न्यूज डायरी

### 177 ट्रेनें रद्द

**अंबाला।** पंजाब में किसानों का रेल रोको आंदोलन शुक्रवार को दूसरे दिन भी जारी रहा। प्रदर्शन के कारण हजारों यात्री परेशान हैं। इस कारण उत्तर रेलवे ने पंजाब, हरियाणा व हिमाचल की तरफ संचालित होने वाली 177 ट्रेनों को रद्द करने के आदेश जारी कर दिए। इसमें अंबाला मंडल से निकलने वाली 85 ट्रेनें भी शामिल रहीं। वहीं रेलवे ने 59 ट्रेनों को बीच रास्ते रद्द करके दोबारा चलाया। इसी प्रकार 27 ट्रेनों को बदले मार्ग से चलाकर गंतव्य स्टेशन तक भेजा। वहीं अंबाला चंडीगढ़ राष्ट्रीय राजमार्ग भी प्रभावित रहा।

### शराब नीति बढ़ी

**नई दिल्ली।** दिल्ली की अरविंद केजरीवाल सरकार ने मौजूदा शराब नीति को छह महीने के लिए आगे बढ़ा दिया है। दिल्ली सरकार की ओर से मौजूदा शराब नीति को 31 मार्च 2024 तक बढ़ाने के लिए सर्कुलर जारी किया गया है। बता दें कि मौजूदा आबकारी नीति 30 सितंबर को समाप्त होने वाली थी। उसी को देखते हुए सरकार ने आबकारी नीति को 6 महीने के लिए और बढ़ा दिया है। सरकार के इस फैसले के बाद अब दिल्ली में मार्च 2024 तक उसी तरह से शराब की बिक्री बनी रहेगी, जैसे अभी तक हो रही थी।

### नीतीश को प्रधानमंत्री बनना चाहिए: राजद

**पटना।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को देश का अगला प्रधानमंत्री बनना चाहिए। विपक्षी दलों के एकजुट होकर आईएनडीआईए गठबंधन बनाने के बाद इस बात को जदयू के कई नेता अब तक कहते रहे हैं। परंतु, अब यह मांग लालू यादव के नेतृत्व वाली पार्टी राजद से भी उठने लगी है। राजद ने शुक्रवार को नीतीश कुमार को प्रधानमंत्री पद के योग्य बताया है। उसका कहना है कि बिहार के लोग नीतीश को प्रधानमंत्री पद पर देखना चाहते हैं। उनमें इसके लिए सभी योग्यताएं हैं।

# आयुष्मान भारत योजना में यूपी कई श्रेणियों में नंबर वन

- 4.77 करोड़ हेल्थ अकाउंट बनाकर यूपी रहा देश में अव्वल




**लखनऊ।** आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन (एबीडीएम) को बेहतर ढंग से धरातल पर उतारने में जुटे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के प्रयासों का असर दिखने लगा है। प्रदेश ना सिर्फ आयुष्मान भारत हेल्थ अकाउंट निर्मित करने में देश में नंबर एक स्थान पर है, बल्कि हेल्थ केयर प्रोफेशनल्स के रजिस्ट्रेशन, डिजिटल हेल्थ इंसेंटिव स्कीम और स्कैन एंड शेयर टोकन जनरेट करने में भी उत्तर प्रदेश पूरे देश में नंबर वन पोजिशन पर पहुंच गया है। बता दें कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ स्वयं समय समय पर प्रदेश एबीडीएम को लेकर किये जा रहे कार्यों की ना सिर्फ समीक्षा करते हैं बल्कि अधिकारियों को दिशा-निर्देश भी जारी करते हैं। राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण की ओर से जारी आंकड़ों के अनुसार उत्तर प्रदेश 4,77,19,482 आयुष्मान भारत हेल्थ अकाउंट (एबीएचए) जनरेट करके पूरे देश में प्रथम स्थान पर है। जबकि आंध्र प्रदेश दूसरे, मध्य प्रदेश तीसरे, महाराष्ट्र चौथे और गुजरात पांचवें, पश्चिम बंगाल छठे, कर्नाटक सातवें और ओडिशा आठवें स्थान पर है। वहीं इन 4.77 करोड़ अकाउंट्स के अंतर्गत 2.73 करोड़ से ज्यादा लोगों के हेल्थ रिकॉर्ड को भी अपडेट किया जा चुका है।

# 2024 नहीं 2029 तक हो सकते हैं एक साथ चुनाव

- हम राज्य विधान सभाओं का कार्य काल घटाने के फॉर्मूले पर काम कर रहे: लॉ कमीशन



**नई दिल्ली।** विधि आयोग एक देश एक चुनाव के फार्मूल पर काम कर रहा है ताकि 2029 में होने वाले लोकसभा चुनाव के साथ सभी राज्यों के चुनाव कराए जा सकें। सूत्रों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। बता दें कि सरकार ने पहले ही लोकसभा, राज्य विधानसभाओं और स्थानीय निकायों के चुनाव एक साथ कराने के लिए एक उच्चस्तरीय पैनल का गठन किया है। विधि आयोग लोकसभा, राज्य विधानसभाओं और स्थानीय निकायों के लिए एक मतदाता सूची सुनिश्चित करने वाला तंत्र भी तैयार कर रहा है ताकि लागत को कम किया जा सके। हालांकि, एक साथ चुनाव को लेकर विधि आयोग की रिपोर्ट अभी तैयार नहीं हुई है, क्योंकि कई मुद्दों का निपटारा होना अभी बाकी है। विधि आयोग विभिन्न विधानसभाओं के कार्यकाल को कम या फिर बढ़ने का सुझाव दे सकता है, ताकि एक साथ चुनाव के लिए एक मंच तैयार किया जा सके। फिलहाल आयोग का काम विधानसभा और लोकसभा चुनाव एक साथ कराने के तरीके का सुझाव देने है। सूत्रों ने कहा कि रामनाथ कोविंद के पैनल की शर्तों को ध्यान में रखत हुए लोकसभा और राज्य चुनावों के साथ स्थानीय निकाय चुनाव को शामिल कराने के लिए विधि आयोग का दायरा बढ़ाया जा सकता है।

**विधि आयोग की सलाह**

# पॉक्सो एक्ट में संशोधन की जरूरत

- सहमति की उम्र पर केंद्र को सौंपी रिपोर्ट



**नई दिल्ली।** विधि आयोग ने 16 से 18 वर्ष की उम्र के बच्चों की मौन स्वीकृति से जुड़े पॉक्सो मामलों में सजा को लेकर निर्देशित न्यायिक विवेक को लागू करने का सुझाव दिया है। इसने पॉक्सो अधिनियम में संशोधन की आवश्यकता पर भी जोर दिया है।

आयोग ने सरकार को यह भी सुझाव दिया है कि सहमति से संबंध बनाने की उम्र कम करने से बाल विवाह और बाल तस्करी के खिलाफ लड़ाई पर नकारात्मक असर पड़ेगा। विधि आयोग ने चरणबद्ध तरीके से ई-एफआईआर का पंजीकरण शुरू करने की सिफारिश की है, जिसकी शुरुआत तीन साल की जेल की सजा वाले आपराधों से होगी। इस सप्ताह की शुरुआत में सरकार को सौंपी गई और शुक्रवार को सार्वजनिक की गई एक रिपोर्ट में विधि आयोग ने ई-एफआईआर दर्ज करने की सुविधा के लिए एक केंद्रीकृत राष्ट्रीय पोर्टल स्थापित करने का प्रस्ताव दिया।

# भारत-रूस संबंध में आई स्थिरता: जयशंकर

**हडसन इंस्टीट्यूट में बोले विदेश मंत्री, कनाडा के साथ कई वर्षों से रहा है टकराव**

- भारत गैर-पश्चिम है पर पश्चिम विरोधी नहीं: विदेश मंत्री
- हिंसा की वकालत करते हैं चरमपंथी
- भारत अमेरिका की साझेदारी दोनों देशों के लिए जरूरी

> ' विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर ने कहा, हिंद-प्रशांत से संबंधित, पिछले 6 वर्षों में एक और अवधारणा जिसने जमीन हासिल की है, वह क्वाड है। इसके लिए पहली बार 2007 में प्रयास किया गया था, लेकिन यह नहीं चला और फिर इसे 2017 में एक दशक बाद पुनर्जीवित किया गया। 2017 में, यह अमेरिका में नौकरशाही स्तर पर किया गया था। 2019 में यह एक मंत्रिस्तरीय मंच बन गया और 2021 में यह एक राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री मंच बन गया। ऐसा लगता है कि यह मजबूती से बढ़ रहा है और हमें अगले साल भारत में शिखर सम्मेलन की मेजबानी करने का सौभाग्य मिलेगा।



**नई दिल्ली।** नई प्रशांत व्यवस्था में भारत की भूमिका पर चर्चा करते हुए विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर ने कहा एक नया विचार है, यह कुछ अलग है। आज हम भारत के पश्चिम की तुलना में भारत के पूर्व में बहुत अधिक व्यापार करते हैं। यहां हमारे प्रमुख व्यापार भागीदार और आर्थिक साझेदार हैं। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने ये बातें हडसन इंस्ट्यूट में एक कार्यक्रम में बोलते हुए कही। विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर ने कहा, जॉन (मॉडरेटर) आपने कहा कि भारत और अमेरिका ने पहले कभी साथ काम नहीं किया। यह एक बहुत ही विचारशील अवलोकन है क्योंकि एक-दूसरे के साथ व्यवहार करना एक-दूसरे के साथ काम करने के समान नहीं है। अतीत में हमने हमेशा एक-दूसरे के साथ व्यवहार किया है, कभी-कभी पूरी तरह से खुशी से नहीं, लेकिन एक-दूसरे के साथ काम करना वास्तव में अज्ञात है। यह एक ऐसा क्षेत्र है जिसमें हम दोनों ने पिछले कुछ वर्षों में प्रवेश किया है। इसके लिए हम दोनों की आवश्यकता है, जिसे मेरे प्रधानमंत्री ने कुछ वर्ष पहले कांग्रेस से बात करते समय इतिहास की हिचकिचाहट कहा था। मुझे लगता है कि प्रशांत व्यवस्था के भविष्य के लिए यह बहुत महत्वपूर्ण होगा। आज हम जिस दुनिया में रह रहे हैं, वह काफी हद तक पश्चिमी संरचना है। अब, यदि आप विश्व वास्तुकला को देखते हैं, तो पिछले 8 वर्षों में स्पष्ट रूप से भारी बदलाव आया है। जयशंकर ने कहा भारत गैर-पश्चिमी है। भारत पश्चिम विरोधी नहीं है। विदेश मंत्री डॉ एस जयशंकर कहते हैं आज हम मानते हैं कि संयुक्त राष्ट्र जहां सबसे अधिक जनसंख्या वाला देश सुरक्षा परिषद में नहीं है, जब पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था यहां नहीं है, जब 50 से अधिक देशों का महाद्वीप यहां नहीं है।

# त्योहारी सीजन में ईंधन की कीमतों में कोई बढ़ोतरी नहीं होगी: हरदीप सिंह

- कच्चे तेल की कीमत 96 डॉलर प्रति बैरल पर
- अब पेट्रोल और डीजल दोनों के लिए हो रही है रिकवरी



**नई दिल्ली।** केंद्रीय पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने कहा कि जब उत्तरी अमेरिका में पेट्रोलियम उत्पादों की कीमतें 40-50 फीसदी बढ़ रही थीं, उस वक्त प्रधानमंत्री की तरफ से उठाए गए निर्णायक कदमों के कारण भारत की कीमतें पांच फीसदी कम हो गईं।

हरदीप सिंह पुरी ने कहा कि तेल उत्पादक देशों को योग्यता के आधार पर निर्णय लेने की जरूरत है क्योंकि इस समय कच्चे तेल की ऊंची कीमतें न केवल सुधार को खतरे में डाल रही हैं बल्कि अन्य गंभीर समस्याओं में भी योगदान दे रही हैं। उन्होंने कहा, कच्चे तेल की कीमत लगभग 96 डॉलर प्रति बैरल के आसपास है, अब पेट्रोल और डीजल दोनों के लिए रिकवरी हो रही है। मैं हमेशा अपने ओएमसी दोस्तों से अच्छे कॉर्पोरेट नागरिक होने की भावना से अनुरोध करता हूं (कीमतें न बढ़ाएं)। अतीत में भी दुनिया भर में कीमतें बढ़ी हैं माननीय प्रधानमंत्री द्वारा दो अवसरों 21 नवंबर और 22 मई को उत्पाद शुल्क में कटौती के लिए उठाए गए निर्णायक कदमों के कारण उत्तरी अमेरिका में 40-50 फीसदी की वृद्धि हुई और भारत में कीमतों में पांच फीसदी की कमी आई।

मैं केवल इतना ही कह सकता हूं कि उत्पादक देशों में मेरे मित्र इस योग्यता को देखेंगे क्योंकि यदि आप हमारे सहित किसी भी अंतरराष्ट्रीय समाचार पत्र को खोलेंगे, तो पाएंगे कि इस समय ऊंची कीमतें न केवल सुधार को खतरे में डाल रही हैं।

CMYK

# पाँच दिवसीय कार्यशाला का किया गया आयोजन

## विभागाध्यक्ष प्रोफेसर विशाल द्विवेदी ने की कार्यशाला की अध्यक्षता

*अवधनामा संवाददाता*

**लखीमपुर खीरी।** युवराज दत्त महाविद्यालय के शिक्षक शिक्षा विभाग में एकीकृत शिक्षण विषयक पाँच दिवसीय कार्यशाला (25सितंबर से 29 सितंबर,2023) का आयोजन किया गया कार्यशाला की अध्यक्षता विभागाध्यक्ष प्रोफेसर विशाल द्विवेदी ने की। कार्यशाला के दौरान विभागाध्यक्ष प्रो विशाल द्विवेदी, प्रो मनोज मिश्र तथा प्रो सत्यनाम ने सामाजिक विज्ञान, हिंदी, कॉमर्स,विज्ञान,गणित तथा अंग्रेजी आदि विषयों से संबंधित पाठ योजना तथा प्रभावशाली शिक्षण हेतु दिशा निर्देश दिए तथा अपने अनुभवों को साझा किया। इस दौरान शिक्षण से संबंधित विभिन्न शंकाओं का समाधान करने के साथ -साथ प्रभावशाली शिक्षण करने हेतु सुझाव दिए गए। कार्यशाला के समापन के अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो हेमन्त पाल, विभागाध्यक्ष प्रो विशाल द्विवेदी, प्रो सत्यनाम तथा चीफ प्रॉक्टर प्रो सुभाष चंद्रा मौजूद रहे। कार्यशाला का संचालन अक्सा फ़ातिमा ने किया। कार्यशाला में छात्राध्यापक मुनीष कुमार कनौजिया तथा मनमीत कौर ने पाठ योजना बनाकर अपने शिक्षण कौशल का प्रदर्शन किया।विभागाध्यक्ष प्रो विशाल द्विवेदी ने एकीकृत शिक्षण हेतु आवश्यक बिंदुओं के विषय में चर्चा की तथा प्रो सत्यनाम ने एकीकृत शिक्षण के महत्व को परिभाषित करते हुए प्रभावी शिक्षण हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए।इसीक्रम में चीफ प्रॉक्टर प्रो सुभाष चन्द्रा ने शिक्षक प्रशिक्षुओं द्वारा प्रस्तुत पाठ योजना की सराहना की और नागरिक दायित्वबोध के साथ साथ अच्छा शिक्षक बनने के लिए प्रशिक्षुओं को प्रेरित किया।कार्यशाला की अध्यक्षता करते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो हेमन्त पाल ने छात्रों से कहा कि उक्त कार्यशाला में बताई गई बातों का अनुसरण करके व्यावहारिक शिक्षण में आने वाली बाधाओं का निस्तारण कर वे भविष्य में एक अच्छे शिक्षक बन सकेंगे।प्राचार्य प्रो पाल ने अंत में सभी को स्वच्छता शपथ दिलाई।बी एड विभागाध्यक्ष प्रो विशाल द्विवेदी ने अतिथियों व उपस्थित सभी के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यशाला में सभी छात्राध्यापक सक्रियता के साथ उपस्थित रहे।



## एसडीएम सदर ने परिषदीय विद्यालयों का किया निरीक्षण




**लखीमपुर खीरी।** पठन पाठन की गुणवत्ता, स्कूल की साफ-सफाई, शिक्षकों व छात्र-छात्राओं की उपस्थिति, मध्यान्ह भोजन की गुणवत्ता इत्यादि का जायज़ा लेने के उद्देश्य से एसडीएम (सदर) श्रद्धा सिंह ने शुक्रवार को ब्लाक लखीमपुर के तहत प्राथमिक विद्यालय पहाड़ापुर, प्राथमिक विद्यालय एवं यूपीएस प्यारेपुर, प्राथमिक विद्यालय रामापुर व यूपीएस रामापुर का औचक निरीक्षण किया। परिषदीय विद्यालयों के निरीक्षण के दौरान एसडीएम श्रद्धा सिंह ने विभिन्न पंजिकाओं का अवलोकन किया। शिक्षकों की उपस्थिति के सम्बंध में भी बच्चों से ही पूछताछ की। एसडीएम ने कक्षा में छात्रों से पढ़ाई के बारे में जानकारी ली। उन्होंने स्कूल में पढ़ रहे छात्र-छात्राओं को मन लगाकर पढ़ाई करने और अपने परिवार व जिले का नाम रोशन करने के लिए प्रेरित किया। एसडीएम ने शिक्षण स्टाफ को निर्देश दिया कि बच्चों को गुणवत्तापरक शिक्षा प्रदान करने के साथ-साथ सांस्कृतिक, खेल व उनके रूचि के अनुसार जागरूक भी करें। एसडीएम ने बच्चों से विभिन्न रंगों, आकृतियों के बारे में पूछते हुए बच्चों को दी जा रही शिक्षा की गुणवत्ता की परख की। साथ ही पठन पाठन,साफ सफाई,मध्याह्न भोजन आदि की जांच की। निरीक्षण के दौरान एसडीएम ने छात्र-छात्राओं से रूबरू होते हुए उन्हें मन लगा कर पढ़ने, गुरूजनों व माता-पिता का आदर करने, स्वच्छता अपनाने की नसीहत दी।

## अवैध देशी तमंचा व जिन्दा कारतूस के साथ किया गिरफ्तार

**लखीमपुर खीरी।** थाना फरधान पुलिस द्वारा अभियुक्त हसरत अली उर्फ तालिब पुत्र बरकत अली नि0ग्राम गौरिया थाना फरधान जनपद खीरी को 01 अदद अवैध देशी तमंचा 12 बोर व 01 अदद जिन्दा कारतूस 12 बोर के साथ गिरफ्तार किया गया। जिसके सम्बन्ध में मु0अ0सं0 452/23 धारा 3/25 आयुध अधिनियम पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्यवाही करते हुए अभियुक्त को न्यायालय भेजा गया है।

## पुरानी रंजिश को लेकर दो पक्षों में जमकर मारपीट हुई

**महराजगंज, रायबरेली।** पुरानी रंजिश को लेकर क्षेत्र के गांव समरहा मजरे सिकंदरपुर में दो पक्षों में आज जमकर मारपीट हुई। जिसमें चार लोग घायल हो गए। दोनों पक्षों ने एक दूसरे के विरुद्ध मारपीट गाली गलौज और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज कराया है।

आपको बता दें कि, एक पक्ष की ओर से दी गई तहरीर में धीरेंद्र मिश्रा ने बताया कि, वह अपने घर पर बैठे थे तभी दूसरे पक्ष के शिवकुमार त्रिवेदी और उनका भाई रामसागर तथा हरिओम गाली गलौज देते हुए लाठी डंडों से उसकी पिटाई करने लगे। उसके चिल्लाने पर पारिवारीजन वीरेंद्र सत्येंद्र तथा उनकी मां बचाने आई तो प्रतिपक्षीगणों ने उनको भी मारा और गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी। जबकि दूसरी ओर से रामसागर त्रिवेदी ने भी तहरीर देकर गिरजा शंकर, वीरेंद्र कुमार और सत्येंद्र पर आरोप लगाया कि, वह घर पर बैठा था, तभी आरोपी लाठी डंडों से लैस होकर आ गए। गाली गलौज करते हुए उसे जमकर मारा और जान से मारने की धमकी दी। जिससे वह घायल हो गया।

पुलिस ने दोनों पक्षों की ओर से दी गई तहरीर के आधार पर एक दूसरे के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत कर लिया है। कोतवाल बालेंदु गौतम का कहना है कि, मिली तहरीर के आधार पर दोनों पक्षों के मुकदमे दर्ज किए गए हैं। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## ताला तोड़कर 2 लाख 24 हजार रुपए टप्पे बाज उड़ा ले गए

**महराजगंज, रायबरेली।** बैंक में पेट्रोल पंप का पैसा जमा करने गए सेल्समैन की बाइक की डिग्गी का ताला तोड़कर 2 लाख 24 हजार रुपए टैप्पे बाज उड़ा ले गए। बैंक के अंदर से बाहर लौटे सेल्समैन ने जब डिग्गी टूटी देखी तो उसके होश उड़ गए। शिकायत मिलने पर महराजगंज कोतवाली पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। आपको बता दें कि, घटना शुक्रवार दोपहर की है, जबकि शांतनु पेट्रोल पंप रायबरेली रोड पर नवोदय मोड़ से आगे पड़ता है। यहां के सेल्समैन अजय कुमार मौर्य पेट्रोल पंप का 2 लाख 24 हजार रुपए मोटरसाइकिल की डिग्गी में भरकर महराजगंज की स्टेट बैंक ऑफ इंडिया की शाखा में जमा करने पहुंचे।

बताते हैं कि, पहले उन्होंने 20 हजार जमा कर दिए। उसके बाद उन्होंने बाकी के पैसे को जमा करने के लिए बैंक के सामने खड़ी अपनी मोटरसाइकिल से पैसे निकालने बाहर आए तो बाइक में लगी डिग्गी का ताला टूटा देख उनके होश उड़ गए। मामले की सूचना आनन फानन उन्होंने बैंक मैनेजर के अलावा कोतवाली महराजगंज को दी। कोतवाली से पुलिसकर्मी मौके पर पहुंचे और मामले की छानबीन शुरू कर दी है। च्यूंकि स्टेट बैंक के सामने सीसीटीवी कैमरे भी लगे हुए हैं। पुलिस उनको भी खंघाल रही है। कोतवाल बालेंद्र गौतम ने बताया कि, बाइक की डिग्गी से पैसा उड़ा ले जाने का मामला प्रकाश में आया है। मामले की गहनता से जांच की जा रही है।

## युवक की मौत, पुलिस ने शव को कब्जे में लिया

**महराजगंज, रायबरेली।** कोतवाली क्षेत्र के चौकी थुलवासा के पास महराजगंज रायबरेली रोड पर बृहस्पतिवार की भोर एक 24 वर्षीय युवक गंभीर रूप से घायल अवस्था में मिला था। जिसे परिजन लेकर सीएससी महराजगंज पहुंचें थे, जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार किया। लेकिन रायबरेली जिला चिकित्सालय रेफर करने के बावजूद अस्पताल ना ले जाकर घायलाअवस्था में परिजन युवक को घर ले गए, जहां कुछ देर बाद उसकी मौत हो गई थी। सुबह युवक की मौत की खबर सुनकर मौके पर सैकड़ो ग्रामीण इकट्ठा हो गए थे। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। युवक की मौत के बाद गुस्साए परिजनों ने ग्रामीणों के साथ मिलकर सड़क पर शव रखकर धरना प्रदर्शन भी किया था। पुलिस के समझाने पर लोग माने। बाद में फिर मुकदमा दर्ज किया गया है। जिसमें दो लोगों को नामजद किया गया है। हत्या किस कारण से की गई, यह वजह अभी तक सामने नहीं आ पाई है। जबकि पोस्टमार्टम होने के बाद आज शुक्रवार को शव का अंतिम संस्कार भी कर दिया गया है।

आपको बता दें कि, मामले में मृतक गंगाराम (24) के पिता हरीराम निवारी याकूबगंज ने पुलिस को दी गई तहरीर में मृतक के दो साथियों पर ही घटना को अंजाम देने का अंदेशा जताते हुए तहरीर दी है। पुलिस ने मिली तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया है।

घटना में मारे गए गंगाराम के पिता हरिराम ने प्रथम सूचना दर्ज कराकर आरोप लगाया कि, उसके लड़के की दोस्ती खैरा निवासी मंसाराम और याकुबगंज के रहने वाले विनोद कुमार कोरी से थी। इसलिए उन्हें पूरा यकीन है कि, इन दोनों लोगों ने मिलकर ही उनके पुत्र की हत्या की है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा पंजीकृत कर लिया है।

कोतवाल बालेंदु गौतम का कहना है कि, पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। छानबीन कर असली हत्यारे को पकड़कर जेल भेजा जाएगा।

हालांकि घटना में मृतक के पिता हरीराम ने पुलिस को जो तहरीर दी है, उसमें मुकदमा तो पुलिस दर्ज कर लिया है। लेकिन विश्वससूत्रों से मालूम हुआ है कि, घटना में बहुत नजदीकी लोगों का भी हाथ हो सकता है। यह तो विवेचना के उपरांत ही पता चलेगा, की कौन है गंगाराम का असली हत्यारा।

## गंगाराम के नेतृत्व में दलित बस्ती में जन सम्पर्क कर सरकार की योजनाओं के बारे में बताया गया

*अवधनामा संवाददाता*

**लखीमपुर खीरी।** भाजपा द्वारा आयोजित सेवा पखवारे के अंतर्गत आज कस्बा ओयल के वार्ड 1 चमरौधा में भारत रत्न बाबासाहब भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया तथा सफ़ाई का काम किया गया दलित बस्ती में भ्रमण कर घर घर संपर्क किया केंद्र व राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही जन कल्याणकारी योजनाओं के लाभ की जानकारियां ली लाभार्थियों को माल्यार्पण व पुष्पगुच्छ दे सम्मानित किया इस अवसर पर कार्यक्रम जिला संयोजक गंगाराम एडवोकेट जिला उपाध्यक्ष कुलभूषण सिंह सांसद प्रतिनिधि जितेन्द्र त्रिपाठी सांसद प्रवक्ता अंबरीश सिंह जिला कार्य समिति सदस्य राम नरेश सिंह,शर्मा प्रजापति प्रमोद सिंह नवरतन सिंह महामंत्री राकेश गुप्ता,जितेन्द्र मिश्रा सभासद इरफान कुरैशी सुशील कुमार बूथ अध्यक्ष सचिनगौतम,रामजी बाल्मीक,राजेंद्र अग्निहोत्री,श्यामकिशोर बाजपेयी,तथा संदीप गौतम,राम प्रसाद मित्रा रामचंद्र गौतम व वार्ड वाशी उपस्थित रहें।



# इंडस्ट्रियल एरिया में सवा दो करोड़ के विकास कार्य स्वीकृत

## सेफसिटी के लिए नगरायुक्त ने उद्यमियों से की सहयोग की अपील

*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** नगर निगम सीमा अंतर्गत इंडस्ट्रियल एरिया में नगर निगम द्वारा सवा दो करोड़ रुपये से अधिक के सड़क निर्माण आदि विकास कार्य स्वीकृत किये गए है। नगरायुक्त ने शहर के उद्यमियों को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मुख्य अभियंता निर्माण को इसका नोडल अधिकारी बनाया गया है। नगरायुक्त ने सभी उद्यमियों से सेफ सिटी अभियान में सहयोग की अपील करते हुए कहा कि उद्योगों की सुरक्षा के लिए इंडस्ट्रियल एरिया की सभी फैक्ट्रियों के बाह्य कैमरे आईसीसीसी कमांड कंट्रोल सेंटर से जोड़े जाने आवश्यक है। नगरायुक्त आज अपने निगम स्थित कार्यालय में औद्योगिक संस्थाओं आईआईए, सीआईएस व उद्योग भारती से सम्बंधित उद्यमियों की बैठक को सम्बोधित कर रही थी। उन्होंने उद्यमियों से अपील की कि सेफसिटी के लिए सभी उद्योगों के कैमरे आईसीसीसी कमांड कंट्रोल से जोड़ने का कार्य युद्ध स्तर पर चलाएं। आईआईए के चेयरमैन अनूप खन्ना, सचिव अशोक छाबड़ा व राही मक्कड़ ने देहरादून रोड पर नौगजा पीर से रिमाउंट डिपो तक नाला निर्माण के बाद भी पानी निकासी न होने की समस्या से अवगत कराया। इस पर अधिशासी अभियंता निर्माण आलोक श्रीवास्तव ने बताया कि इसके लिए मंडलायुक्त महोदय ने लोक निर्माण विभाग को आवश्यक निर्देश दिए हैं। कुम्हारहेड़ा इंडस्ट्रियल एरिया में प्रकाश व्यवस्था का मुद्दा भी उठाया। नगरायुक्त ने समस्या समाधान का आश्वासन दिया। सीआईएस के चेयरमैन रविन्द्र मिगलानी, सचिव एच एस चड्ढा व रवि टंडन ने दिल्ली रोड पर नाले की सफाई कराने तथा सभी फैक्ट्रियों से निगम की गाड़ियों द्वारा कूड़ा लेने पर जोर दिया। नगरायुक्त ने मुख्य सफाई निरीक्षक इंद्रपाल को निर्देश दिए कि निगम की गाड़ी द्वारा सभी फैक्ट्री से कूड़ा लेना सुनिश्चित करें। उन्होंने इंडस्ट्रियल एरिया से शत प्रतिशत कूड़ा उठान कराते हुए पूरी तरह से साफसफाई पर जोर दिया। उद्यमियों द्वारा उद्योग बंधु की बैठक में उठाये गए बिंदुओं पर नगरायुक्त ग़ज़ल भारद्वाज ने उद्यमियों को बताया कि छज्जपुरा रोड पर सड़क निर्माण कार्य का आगणन करीब 17 लाख स्वीकृत किया गया है। इसके अलावा हबीबगढ़ स्थित औद्योगिक क्षेत्र में सड़क निर्माण के लिए 162.59 लाख स्वीकृत किया गया है। सहारनपुर स्मार्ट सिटी के अंतर्गत इस सड़क निर्माण का शिलान्यास आज लोक निर्माण विभाग द्वारा करा दिया गया है। लघु उद्योग भारती द्वारा बेहट रोड स्थित चौधरी विहार, रसूलपुर, हमीमपुरा से लेकर साई मंदिर तक स्थित औद्योगिक इकाईयों में सुविधाओं के लिए सड़क व नाला निर्माण आदि की मांग पर अधिकारियों ने उद्यमियों को अवगत कराया कि बेहट रोड़ से सत्संग भवन होते हुए गोयल फैक्ट्री तक सीसी रोड निर्माण कार्य के लिए करीब 23 लाख रुपये का आगणन स्वीकृत किया गया है।



**सफाई मित्रों की स्वास्थय सुरक्षा निगम की प्राथमिकताः नगरायुक्त**

# इंडियन स्वच्छता लीग के अंतर्गत किया गया सफाई मित्र सुरक्षा शिविर का आयोजन

*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** नगर निगम द्वारा इंडियन स्वच्छता लीग के अंतर्गत शहरी आजीविका केंद्र के सहयोग से आज सफाई मित्र सुरक्षा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में ईएसआईसी व विभिन्न चिकित्सालयों चिकित्सकों द्वारा सफाई मित्रों के स्वास्थय की जांच की गयी और उन्हें निशुल्क दवाओं का वितरण भी किया गया। शिविर का उद्घाटन नगरायुक्त ग़ज़ल भारद्वाज ने रिबन काटकर किया। इंडियन स्वच्छता लीग के अंतर्गत 154 घंटे के महासफाई अभियान में सफाई मित्रों के स्वास्थय सुरक्षा को ध्यान में रखकर शुक्रवार को नगर निगम परिसर में सफाई मित्र सुरक्षा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में एक से चालीस वार्डो के करीब 250 सफाई मित्रों के स्वास्थय की ईएसआईसी के चिकित्सकों डॉ.रोहित चौधरी, डॉ.श्वेता अग्रवाल, डॉ.अरविंद किशोर सहित 20 लोगों की टीम ने जांच की और आवश्यकतानुसार निशुल्क दवाएं उपलब्ध करायी।

शिविर के उद्घाटन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नगरायुक्त ग़ज़ल भारद्वाज ने कहा कि सफाई मित्रों की स्वास्थय सुरक्षा नगर निगम की प्राथमिकता में है। जब तक सफाई मित्र स्वस्थ नहीं होंगे शहर की सफाई व्यवस्था भी दुरुस्त नहीं होगी। उन्होंने कहा कि सभी सफाई मित्रों को अपनी बेसिक जांच नियमित रुप से करानी चाहिए। महिला सफाई कर्मियों के लिए तो यह और भी आवश्यक है, चूंकि कई बार विटामिन्स और मिनरल्स की कमी शरीर में हो जाती है और बाद में यह बड़ी बीमारियों के रुप में सामने आती है।



# मासूम बच्चे को बहला फुसला कर ड्रग्स पिला रहे बिन्नीजैसे ड्रग्स

## यह मामला दुरियाई जनपद गौतम बुद्ध नगर थाना बादलपुर का है

*राम किशोर अवस्थी*

**गौतम बुद्ध नगर थाना बादलपुर।** दुरियाई जनपद गौतम बुद्ध नगर के निवासी मनोज डबास ने बताया कि एक महीने से ज्यादा समय बीत चुका है थाना प्रभारी के पास प्रार्थना पत्र दिए हुए लेकिन कुछ आंशिक लाभ के कारण ही ड्रग्स से जुड़े लोगो के खिलाफ पुलिस नही कर रही कार्यवाही । पुलिस कमीशनर लक्ष्मी सिंह जी ने भी आदेश जारी किया था कि ड्रग्स से जुड़े मामले पर तुरंत कार्यवाही हो। बता दें कि 2011 में मनोज डबास जी के दोनों पुत्र व गांव के अन्य बच्चे बरात में गए थे रास्ते पर दुर्घटना में मृत्यु हो गई थी। मनोज डबास के बड़े पुत्र नितिन डबास की शादी छह महीने पहले हुई थी। कुदरत की माया से उसकी पत्नी के पेट में बच्चा आ गया था जिसके कारण मनोज डबास के इकलौता पोता गौरव डबास के रुप में है । गौरव को

**कार्यवाही**

> थाना प्रभारी बादलपुर व चौकी प्रभारी हरिशचंद्रबाग नही कर रहे कार्यवाही

गांव में ही रहने वाला बिन्नी ने बहला फुसलाकर कर स्मैक पिलाया फिर उस बच्चे को स्मैक पीने की लत लग गई। बिन्नी ने स्मैक के बदले में उस बच्चे के माध्यम से घर में रखा हुआ सोना मंगा लिया। उस सोने को बिन्नी ने दादरी मार्किट में चंदन नाम के व्यक्ति को बेच दिया। गौरव को जब नसा प्राप्त नही हुआ तो उसकी तबियत बिगड़ी तो मनोज डबास ने डॉक्टर को दिखाया तो डाक्टर ने बताया कि इसको स्मैक की लत लग गई है। अब यह धीरे धीरे ठीक होगा । मनोज ने गौरव से पूछा तो पता चला कि बिन्नी उसे ड्रग्स पिलाता था जिसकी थाने में प्रार्थना पत्र भी दिया लेकिन पुलिस ने कोई कार्यवाही नहीं किया । गुप्त सूत्रों द्वारा जानकारी मिली हैं कि बिन्नी ने कई बच्चो को ड्रग्स पिला रहा हैं। यदि बिन्नी से पुलिस अधिकारी पूछे तो बहुत से ड्रग्स माफिया पकड़े जाएंगे ।

## जिला कारागार का जिला जज, डीएम, एसएसपी ने किया निरीक्षण

**सहारनपुर।** जिला जज एवं सत्र न्यायाधीश श्रीमती बबीता रानी एवं जिलाधिकारी डॉ.दिनेश चंद्र ने जिला कारागार का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया और जिला कारागार के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी जारी किए। देर शाम जिला जज एवं सत्र न्यायाधीश बबीता रानी ने जिलाधिकारी डॉक्टर दिनेश चंद्र और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. विपिन ताडा के साथ जिला कारागार पहुंची और व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने बंदी बराक एवं भोजनालय सहित अन्य स्थानों का बारीकी से निरीक्षण किया।

## रक्तदान शिविर में 119 रक्तदाताओं ने किया रक्तदान

*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** संत निरंकारी चैरिटेबल फाउंडेशन द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें मिशन के भक्तों द्वारा निःस्वार्थ भाव से रक्तदान किया गया। रक्त संग्रहित करने के लिए जिला चिकित्सालय की ब्लड बैंक प्रभारी डॉ.सपना सोनी की टीम भी मौजूद रही। निरंकारी सतगुरु माता सुदीक्षा महाराज एवं निरंकारी राजपिता के पावन आशीर्वाद से ब्रांच सबदलपुर कुम्हारहेड़ा में लगाये गये शिविर का उद्घाटन रिबन काटकर जोनल इंचार्ज कुलभूषण चौधरी, संयोजक धीर सिंह निरंकारी, मुखी राजीव कुमार, संचालक सुनील कुमार के कर कमलों द्वारा किया गया। उन्होंने रक्तदान शिविर में सम्मिलित हुए सभी रक्तदाताओं को प्रोत्साहित किया और जनकल्याण को समर्पित उनकी निस्वार्थ सेवा एवं बहूमूल्य योगदान हेतु भूरी भूरी प्रशंसा की। सहायक मीडिया प्रभारी धर्मेंद्र कुमार ने बताया कि संत निरंकारी मिशन रक्तदान करने में समूचे देश में अग्रणी रहा है। मिशन द्वारा अभी तक 7,359 रक्तदान शिविरों के आयोजन से 12,16,217 युनिट रक्त एकत्रित किया जा चुका है। ब्रांच मुखी राजीव कुमार ने रक्तदान शिविर में उपस्थित सभी गणमान्य अतिथियों, साध संगत, रक्तदाताओं, निरंकारी सेवादल के भाई, बहने, डॉक्टर एवं उनकी टीम का आभार व्यक्त किया।




# पेंशनरो से शिष्टाचार पूर्ण व्यवहार किया जायेः मुख्य कोषाधिकारी

## कोषागार स्तर से किसी भी प्रकार का कोई ओटीपी नही मांगा जाताः सूरज कुमार

*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** आहरण वितरण अधिकारी, सेवानिवृत्त कर्मचारी एवं पेंशनर एसोसिएशन उप्र की आयोजित बैठक में पेंशनरों की विभिन्न समस्याओं यथा पेंशन पुनरीक्षिण, चिकित्सा प्रतिपूर्ति एवं पं.दीन दयाल उपाध्याय कैश लेस योजना के क्रियान्वयन के साथ-2 आयकर विवरणी संबधी बिन्दुओं पर चर्चा की गयी।

जिलाधिकारी डॉ.दिनेश चन्द्र के निर्देशों के क्रम में मुख्य कोषाधिकारी सूरज कुमार की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट स्थित नवीन सभाकक्ष में आयोजित बैठक में मुख्य कोषाधिकारी ने समस्त कार्यालयध्यक्षों, आहरण वितरण अधिकारियों को कहा कि किसी भी पेंशनर को परेशानी न हों। उन्होने उपस्थित आहरण वितरण अधिकारियो को आदेशित किया कि उनके विभाग से सेवा निवृत्त होने वाले कर्मचारियो के 01.01.2016 से पूर्व पेंशन पुनरीक्षण, समस्त देयक उनके सेवानिवृत्ति के 6 माह पूर्व तैयार करा लिये जायें व उनके सेवानिवृत्ति दिनांक के उपरान्त तत्काल उनका भुगतान कर दिया जाये। इसके लिये उपर्युक्त होगा सभी कार्यालयों में एक पंजिका का रखरखाव किया जाये जिसमें आगामी 6 माह में सेवानिवृत्त होने वाले कार्मिकों का उल्लेख हों एंव पेंशनरो से शिष्टाचार पूर्ण व्यवहार किया जाये।

सूरज कुमार ने कहा कि पेशनर के सभी रिकार्ड आन लाईन हैं जैसे वार्षिक पेशन विवरण एंव जीवित प्रमाण पत्र जो निकटतम डाकघर के माध्यम से भी जीवित प्रमाण पत्र आन लाईन किया जा सकता हैं।यह भी अवगत कराया की पेंशनर व पारिवारिक पेंशनर की मृत्यु की सूचना संबंधित पक्षों द्वारा तत्काल् कोषागार में प्रेषित की जाये अन्यथा आधिक्य पेंशन की वसूली भू-राजस्व की भांति की जायेगी। मुख्य कोषाधिकारी ने यह भी बताया कि कोषागार स्तर से किसी भी प्रकार का कोई ओटीपी आदि मोबाईल पर नही मांगा जाता हैं इस संबंध में पेशनर अथवा पारिवारिक पेंशनर यदि उनके मोबाईल पर कोई मांगता हैं तो उसके साथ शेयर न करें। बैठक में एसके गर्ग, पीएम ध्यानी, कय्यूम खान जेडी कौशल, सुखबीर आदि ने पेशनर समस्याओं को इंगित किया।



# एसएसपी ने पुलिस लाईन के विभिन्न कार्यालयों का किया निरीक्षण

*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ.विपिन ताडा ने आज स्थित कार्यालयो, पुलिस लाईन स्थित अस्पताल व पुलिस लाईन मे चल रहे मरम्मत कार्यो व क्वार्टर गार्ड, परिवहन शाखा का निरीक्षण पुलिस लाईन का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया और अधीनस्थ अधिकारियों को अच्छा कार्य करने को मार्गदर्शन किया।

एसएसपी डॉ.विपिन ताडा द्वारा पुलिस लाईन मे शुक्रवार को परेड की सलामी ली गई। एसएसपी डॉ.विपिन ताडा द्वारा पुलिस लाईन कर मैस में खाने की गुणवत्ता को भी परखा। एसएसपी डॉ.विपिन ताडा ने बैरको की साफ-सफाई देखी और सम्बन्धित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए। शारीरिक रूप से स्वस्थ रहने हेतु पुलिसकर्मियों को दौड़ भी लगवाई गयी।



# 30 नवम्बर से आयोजित प्रगति भारत हस्तशिल्प महोत्सव-2023

## दिखेगी 28 राज्यों व 8 केन्द्र शासित प्रदेशों की कला-संस्कृति

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** प्रगति पर्यावरण संरक्षण ट्रस्ट एवं प्रगति इवेंट के संयुक्त तत्वावधान में आगामी 30 नवम्बर 2023 से 14 दिसम्बर 2023 तक 15 दिवसीय प्रगति भारत हस्तशिल्प महोत्सव-2023 का आयोजन लखनऊ में किया जायेगा। इस बात की जानकारी आज संस्था के प्रशासनिक कार्यालय बर्लिंग्टन मॉल लखनऊ में सम्पन्न हुई आयोजन समिति की बैठक के उपरान्त प्रगति पर्यावरण संरक्षण ट्रस्ट के अध्यक्ष विनोद कुमार सिंह ने दी।

उन्होंने बताया कि प्रगति भारत हस्तशिल्प महोत्सव- 2023 की थीम इस वर्ष आत्म निर्भर भारत की ओर बढ़ते कदम - सम्पूर्ण भारत एक मंच होगी। श्री सिंह ने बताया कि प्रगति भारत हस्तशिल्प महोत्सव मे 28 राज्यों उत्तर प्रदेश, बिहार, राजस्थान, महाराष्ट्र, उत्तराखण्ड, पंजाब, ओडिशा, मध्य प्रदेश, गुजरात, झारखंड, जम्मू-कश्मीर, हिमांचल प्रदेश, हरियाणा, गोवा, छत्तीसगढ़, आंध्रप्रदेश, असम, मेघालय, मणिपुर, तमिलनाडु एवं 8 केन्द्र शासित प्रदेशों अण्डमान-निकोबार, दादर नगर हवेली, दमन और दीव, लक्ष्यद्वीप, चंडीगढ़, दिल्ली और पांडिचेरी की कला संस्कृति, पर्यटन, हस्त शिल्प, देशी उत्पाद, वस्त्र, फर्नीचर, मसाले, हैण्डलूम-हैण्डी क्राफ्ट सहित अन्य चीजों के स्टाल और पैवेलियन के अलावा उत्तर प्रदेश के एक जिला एक उत्पाद, खादी ग्रामोद्योग, उत्तर प्रदेश पर्यटन, नाबार्ड, बैंक, सिडबी, राज्य आजीविका मिशन सहित अन्य सरकारी विभागों की सहभागिता होगी। उन्होंने बताया कि प्रगति भारत हस्तशिल्प महोत्सव, इंटरनेट माध्यम के जरिये देश विदेश के लोगों से जुड़ेगा। इसके अलावा महोत्सव से, अधिक से अधिक लोगों को जोड़ने के लिए महोत्सव के फेसबुक लिंक का प्रयोग सजीव प्रसारण के लिए किया जायेगा। विनोद कुमार सिंह ने बताया कि 30 नवम्बर 2023 से 14 दिसम्बर 2023 तक होने वाले 15 दिवसीय प्रगति भारत हस्तशिल्प महोत्सव में निःशुल्क प्रगति भारत टैलेण्ट हण्ट-2023 का आयोजन किया जायेगा, इसके तहत बच्चों व युवाओं की गायन, नृत्य, वादन, किड्स मॉडलिंग, मेंहदी, रंगोली, कबाड़ से जुगाड़, सिलाई, चित्रकला, निबंध लेखन, साइकिल रेस, खो-खो, कबड्डी, मिस्टर-मिस और मिसेज प्रगति भारत प्रतियोगिताएं होंगी।

## जालौन पहुंचे केंद्रीय राज्यमंत्री भानु

### अभिनंदन समारोह में शामिल होकर महिलाओं का किया अभिवादन




अवधनामा संवाददाता

**उरई (जालौन)।** बीते सप्ताह केंद्र सरकार ने संसद का विशेष सत्र बुलाकर महिला आरक्षण विधेयक पारित किया। बिल के पास हो जाने के बाद जालौन में बीजेपी महिला मोर्चा द्वारा सरकार के सम्मान में अभिनन्दन समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में केंद्रीय राज्यमंत्री भानु प्रताप वर्मा शामिल हुए। यहां उन्होंने महिलाओं को सरकार द्वारा पारित किये गए महिला आरक्षण बिल की जानकारी दी। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि यह बिल महिलाओं के हित में है।

केंद्रीय राज्यमंत्री ने कहा कि महिलाओं के हितों को ध्यान में रखते हुए सरकार ने इसे लोकसभा और राज्यसभा में पारित किया है, जबकि पिछली सरकारों ने इस विधेयक की ओर कोई ध्यान नहीं दिया था। जालौन के जिला मुख्यालय उरई में आयोजित हुये इस कार्यक्रम की अध्यक्षता बीजेपी जिलाध्यक्ष उर्विजा दीक्षित ने की। कार्यक्रम में जिलेभर की सैकड़ो महिलाएं शामिल हुई, जिन्हें महिला आरक्षण विधेयक सम्बन्धी जानकारी दी गई। वहीं कार्यक्रम में पहुंचे मुख्य अतिथि भारत सरकार के सूक्ष्म, लघु, मध्यम उद्योग केंद्रीय राज्यमंत्री भानुप्रताप वर्मा का बीजेपी कार्यकर्ताओं ने जोरदार स्वागत किया। उन्होंने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस मौके पर उन्होंने कहा अब महिलाओं की भागीदारी केवल घर तक ही सीमित नहीं है। बल्कि सरकार ने उनके लिये लोकसभा और राज्यसभा में भी भागीदारी सुनिश्चिय कर दी है।

## शिकायत प्रकोष्ठ, डाक प्राप्ति तथा गृहकर जलकर जमा काउन्टर का किया गया उद्घाटन



**देवरिया अवधनामा संवाददाता।** नगर पालिका परिषद, देवरिया के नई बिल्डिंग बापू भवन में नगर पालिका अध्यक्ष अलका सिंह व अधिशासी अधिकारी रोहित सिंह द्वारा नगरवासियों की मूलभूत जनसुविधाओं की उपलब्धता के दृष्टिगत शिकायत प्रकोष्ठ, डाक प्राप्ति तथा गृहकर जलकर जमा काउन्टर का उद्घाटन किया गया। अधिशासी अधिकारी ने बताया कि आम जनता अपनी शिकायत दर्ज करने हेतु प्रातः 05 बजे से रात्रि 08 बजे तक टोल फ्री नं 18001801382 /1533 का प्रयोग कर सकते है। गृहकर जलकर की धनराशि ऑनलाइन व ऑफ लाइन प्रातः 10 बजे से सांय 05 बजे तक जमा की जा सकती है। उक्त अवसर पर पालिका के अधिकारियों व कर्मचारियों के साथ सभासद तसलीम मलिक, सभासद प्रतिनिधि सेराज अहमद व पूर्व सभासद ओंकार नाथ शर्मा आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

## अवैध हुक्काबार पर देवरिया पुलिस की बड़ी कार्यवाही



**देवरिया अवधनामा संवाददाता।** पुलिस अधीक्षक देवरिया के निर्देशन में क्षेत्राधिकारी नगर श्री श्रीयश त्रिपाठी के नेतृत्व में थानाध्यक्ष कोतवाल, दिनेश मिश्रा मय पुलिस टीम द्वारा देवरिया शहर के हनुमान मन्दिर रोड स्थित प्रभावती काम्पलेक्स में अरविन्द यादव पुत्र शम्भू यादव की दुकान में अवैध रूप से संचालित हुक्काबार पर दबिश देते हुए मौके से कुल 12 लोगों को हिरासत में लिया गया। पुलिस टीम द्वारा हिरासत में लिए गए 12 अभियुक्तों सहित हुक्काबार संचालक अरविंद के विरुद्ध थाना कोतवाली पर अंतर्गत धारा कोप्ता एक्ट के तहत अभियोग पंजीकृत करते हुए नियमानुसार विधिक कार्यवाही की जा रही है।

## गणपति बप्पा मोरया अगले बरस तू जल्दी आना के उदघोष से हुआ विर्सजन

अवधनामा संवाददाता

**फर्रुखाबाद।** कमालगंज नवम गणेश महोत्सव कार्यक्रम आयोजित किया गया हर साल की तरह इस बार भी रोज सुबह शाम गणपति बप्पा की आरती पूजन में भारी संख्या में श्रद्धालु आते थे आज गणपति मूर्ति विर्सजन से पूर्व सुबह नौ बजे प्रेम पुष्प गेस्ट में पंडित सोहित व्यास ने भक्तो के साथ हवन पूजन कर गणपति मूर्ति विसर्जन के लिए रथ में स्थापित कर विर्सजन यात्रा की शुरुआत की सबसे पहले बड़े पुराने बस स्टेंड हनुमान मंदिर से यात्रा की शुरुआत हुई। बताते चलें कि इस प्रोग्राम की शुरुआत आज से नौ साल पहले समाजसेवी अवधेश गुप्ता उर्फ लाला भैया ने की थी तब से लेकर आजतक यह प्रोग्राम हर साल दिन प्रतिदिन पूरे उत्तर प्रदेश में सबसे ज्यादा मशहूर हो गया है द्य गणेश मूर्ति विसर्जन यात्रा जुलूस के लिए पूरे नगर को केशरिया झंडो से पाट दिया गया था पूरी रात जगह जगह सुबह आने वाले भक्तो के लिए पूरे नगर में पूड़ी सब्जी, हलुआ, कड़ी चावल, दाल मखनी चावल, पानी के सड़क किनारे दर्जनों लोगों ने व्यवस्था की गई थी। सुबह गणपति मूर्ति विसर्जन यात्रा जुलूस की शुरुआत से ही भक्तो को खाना पानी के भंडारों की शुरुआत कर दी गई जिसमे आज हजारों भक्तो ने भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया। सुबह से ही युवाओं ने हजारों बाइको में झंडे लगाकर पगड़ी पहनकर विसर्जन यात्रा जुलूस में भाग लिया यात्रा में दो दर्जन से अधिक डीजे बज रहे थे जिस पर महिलाओ, पुरुषो, बच्चो ने भक्ति गीतों पर जमकर नृत्य किया यात्रा जुलूस में गणपति बप्पा मोरया अगले बरस तू जल्दी आना के उदघोष से आसमान गूंज उठा सड़क मार्ग पर दोनो तरफ छतो से गणेश मूर्ति विसर्जन यात्रा पर पुष्प वर्षा की जा रही थी यात्रा जुलूस की सुरक्षा के लिए थाना प्रभारी राजेश राय सीओ अमृतपुर रविन्द्र नाथ राय सहित जनपद के अनेक थानों से भारी पुलिस बल तैनात रहा आज शराब ठेके भी बंद कर दिए गए थे जिससे शराब पीकर कोई भी व्यक्ति विसर्जन यात्रा में खलल डाल सके।

## नगरीय क्षेत्र में कहीं भी जल-भराव की स्थिति न रहे

अवधनामा संवाददाता



- अंतर्विभागीय अधिकारी आपस में समन्वय स्थापित कर वेक्टर जनित बीमारियों की रोकथाम के लिए प्रभावी कार्यवाही करें: डीएम

**मैनपुरी।** जिलाधिकारी अविनाश कृष्ण सिंह ने दि. 03 अक्टूबर से प्रारंभ हो रहे विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान एवं दि. 16 अक्टूबर से प्रारंभ हो रहे दस्तक अभियान की द्वितीय अंतर्विभागीय बैठक के दौरान संबंधित विभाग के अधिकारियों से साफलहजे में कहा कि जनपद में वेक्टर जनित बीमारियों की रोकथाम हेतु आपस में समन्वय स्थापित कर कार्य करें, शहरी क्षेत्र से लेकर ग्राम पंचायत स्तर तक अभियान के दौरान साफ-सफाई, झाड़ियों के कटान, नालियों में दवा का छिड़काव, जल निकासी के बेहतर प्रबंधन किए जाएं, जिन ग्रामों में बुखार से ज्यादा पीड़ित व्यक्ति हों, वहां स्वास्थ्य कैंप आयोजित कराकर बीमार व्यक्तियों को स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की जाए।

नियमित रूप से जन-सामान्य को वेक्टर जनित बीमारियों से बचाव हेतु बरती जाने वाली सावधानियों के बारे में जागरूक किया जाए। उन्होंने अधिशासी अधिकारी नगर निकाय को निर्देशित करते हुए कहा कि नालियों की सफाई के बाद निकलने वाले सिल्ट को तत्काल हटाया जाए, कूड़ा उठान के भी बेहतर प्रबंध किए जाएं, नगरीय क्षेत्र में कहीं भी जल-भराव की स्थिति न रहे, जल-भराव वाले क्षेत्रों को चिन्हित कर वहां नियमित अंतराल पर दवा का छिड़काव कराया जाए। श्री सिंह ने मुख्य चिकित्साधिकारी, प्र. चिकित्साधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर जांच की सुविधा उपलब्ध रहे, सभी स्वास्थ्य केन्द्रों पर दवाओं की पर्याप्त उपलब्धता रहे, जिन ग्रामों में बुखार से पीड़ित व्यक्तियों की जानकारी मिले, तत्काल वहां स्वास्थ्य विभाग की टीम भेजकर जांच कराई जाए और बुखार से ग्रसित व्यक्तियों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की जाएं, चिकित्सा, स्वास्थ्य कर्मी स्वास्थ्य केन्द्रों पर उपस्थित रहकर बीमार व्यक्तियों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करें, जानकारी करने पर पाया कि जनपद में कुल 20 आर.आर.टी. टीमें गठित है, जिसमें से प्रत्येक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर 02-02 टीमें तैनात है, जो तत्काल संज्ञान में आने पर क्षेत्र में जाकर बुखार की जांच कर रही है। उन्होंने जिला विद्यालय निरीक्षक, जिला बेसिक शिक्षाधिकारी को आदेशित करते हुए कहा कि अभियान के दौरान प्रत्येक विद्यालय में वेक्टर जनित बीमारियों से बचाव हेतु छात्र-छात्राओं को जागरूक किया जाए, छात्र-छात्राओं के माध्यम से उनके घर तक जल पात्रों की नियमित सफाई करने, मच्छरों से बचाव हेतु पूरी आस्तीन के कपड़े पहनने, घर के आस-पास जल-भराव न होने देने, पशु बाड़ों के आस-पास नियमित रूप से सफाई करने का संदेश पहुंचे। जिलाधिकारी ने पशु चिकित्साधिकारियों को निर्देशित करते हुये कहा कि पशुपालकों को पशु बाड़े की सफाई करने के लिए निर्देशित किया जाये, पशु बाड़ों को यथासभंव आबादी से दूर रखा जाये।

उन्होने जिला कृषि अधिकारी को आदेशित करते हुये कहा कि चूहा-छछूंदर की रोकथाम हेतु प्रभावी कार्यवाही करें। उन्होने कहा कि माइक्रोप्लान के अनुसार फॉगिंग, एंटी लार्वा का छिड़काव कराया जाए, ग्रामीण क्षेत्रो में ऐसे स्थान जहां जल-भराव की स्थिति बनी रहती है उन्हे चिन्हित कर सम्बन्धित खंड विकास अधिकारी जल निकासी के मुकम्मल इंतजाम करें।

## भाजपा के वरिष्ठ नेता फ़िरासत अली बाक़री का केंद्रीय मंत्री साध्वी निरंजन ज्योति का किया स्वागत

**लखनऊ अवधनामा संवाददाता।** भाजपा के वरिष्ठ नेता मीर फिरासत अली बाकरी ने चारमीनार में भाग्य नगर गणेश उत्सव समिति के स्वागत मंच पर माननीय केंद्रीय उपभोक्ता मामले, खाद्य, सार्वजनिक वितरण और ग्रामीण विकास राज्य मंत्री श्रीमती साध्वी निरंजन ज्योति का गर्मजोशी से स्वागत किया। भाजपा पूर्व प्रदेश प्रवक्ता ने कहा कि मीर फिरासत अली बाकरी भाग्यनगर गणेश उत्सव समिति वह संगठन है जिसने लोगों की आस्था, लोगों के त्योहार और लोगों की आस्था को एक समान रखा है। फिरासथ अली बाकरी डॉ. भगवंत राव को विशेष धन्यवाद। 50 लाख गणेश मंडप हैदराबाद में हैं। गणेश मंडपम किसी भी गली में देखा जा सकता है। आज विसर्जन मनाने वाले सभी लोगों को हार्दिक शुभकामनाएं। आशा है कि भाग्यनगर उत्सव समिति आने वाले दिनों में भारतीय संस्कृति और परंपराओं को आगे बढ़ाने में बड़ी भूमिका निभाएगी।



## शौर्य जागरण यात्रा पूर्वजों के प्रति गौरव भाव को करेगी जागृत



अवधनामा संवाददाता

**फतेहपुर।** विश्व हिन्दू परिषद, बजरंग दल के नेतृत्व में शौर्य जागरण यात्रा जनपद में सात अक्टूबर को पहुँचेगी एवं 9 अक्टूबर को जनपद में भ्रमण कार्यक्रम आयोजित किया जाना है। यात्रा का उद्देश्य हिन्दू युवाओं में अपने पूर्वजों के प्रति गौरव का भाव जागृत करना है। उक्त बातें विश्व हिंदू परिषद व बजरंग दल के प्रांतीय उपाध्यक्ष वीरेंद्र पांडेय ने पत्रकारों से बातचीत के दौरान कही। शुक्रवार को शहर के एक लाज में पत्रकारों से बातचीत करते हुए वीरेंद्र पांडेय ने बताया कि शौर्य जागरण यात्रा 30 सितंबर को झांसी से शुरू होकर 10 अक्टूबर को काशी में समाप्त होगी। यात्रा सात अक्टूबर को बांदा जनपद से जिले की सीमा में प्रवेश करेगी। आठ को नगर भ्रमण व जनसभा का कार्यक्रम होना है। छात्रा के उद्देश्य बताते हुए कहा कि हिन्दू युवाओं में अपने पूवर्जो के प्रति गौरव के भाव जागृत करना एवं देश के अमर बलिदानियों के जीवन चरित्र से प्रेरणा लेकर देश के लिये अपना सर्वरंग निछावर करने वाले युवाओं को तैयार करना मकसद है। बताया कि सात अक्टूबर को जनपद में प्रवेश करने व रात्री प्रवास के बाद आठ अक्टूबर को प्रातः आठ बजे तपस्वी नगर एफसीआई गोदाम से होते हुए राधानगर, कलक्टरगंज वर्मा चौराहा, ज्वालगंज से एएस इंटर कालेज शान्तीनगर पहुंचेगी तत्पश्चात वहां विशाल हिन्दू सभा के रूप में परिवर्तित हो जायेगी।

## न्यायिक अधिकारियों ने चलाया स्वच्छता अभियान

### झाड़ू लगाकर कूड़े को डस्टबिन में रखने को किया जागरूक



अवधनामा संवाददाता

**फतेहपुर।** स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत शुक्रवार को न्यायिक अधिकारियों ने सभी न्यायालयों के साथ-साथ कार्यालयों में स्वच्छता अभियान चलाया। जिला जज समेत सभी न्यायिक अधिकारियों ने हाथों में झाड़ू लेकर परिसर को जहां साफ-सुथरा किया वहीं कूड़े को डस्टबिन में रखने के लिए जागरूकता अभियान भी चलाया। जनपद न्यायाधीश/जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष रणंजय कुमार वर्मा की अध्यक्षता में स्वच्छता अभियान चलाया गया। अभियान के तहत कार्यालय के समस्त कर्मचारीगण एवं पराविधिक स्वयं सेवक ने कार्यालय की साफ-सफाई किया। कूडे को किस प्रकार अलग-अलग डस्टबिन में रखने संबंधित जागरूक भी किया जिससे कूडे को रिसाइकिल भी किया जा सके। इसके साथ-साथ जनपद न्यायाधीश ने उपस्थित समस्त कर्मचारीगण को साफ-सफाई के लाभ बताकर जागरूक किया जिससे रोग मुक्त और कचरा मुक्त भारत का सपना साकार हो सके। सभी से न्यायालय/कार्यालय साफ सुथरा रखने में सहयोग प्रदान किये जाने की अपील की।

## सार्वजनिक कुएं को ध्वस्त किए जाने की डीएम से शिकायत

अवधनामा संवाददाता



**फतेहपुर।** शहर के हरिहरगंज में एक होटल के पास स्थित अति प्राचीन सार्वजनिक कुएं को ध्वस्त करके अवैध कब्जा किए जाने की शिकायत अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल पंजी. ने जिलाधिकारी से करते हुए तत्काल निरीक्षण कराकर अवैध कब्जा रोके जाने के साथ ही कब्जा करने वालों पर कार्रवाई किए जाने की मांग की है।

अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल पंजी. के जिलाध्यक्ष बृजेश सोनी की अगुवाई में पदाधिकारी कलेक्ट्रेट पहुंचे और जिलाधिकारी को संबोधित एक ज्ञापन मुख्य विकास अधिकारी को सौंपकर बताया कि शहर के हरिहरगंज में एक होटल के पास अति प्राचीन व सार्वजनिक कुआं व संबंधित भूमि नगर पालिका में सन 1969 से प्राप्त सं. 124 ए हरिहरगंज सार्वजनिक हेतु दर्ज है। उसी में मुहल्ले के अशोक तिवारी पुत्र स्व. शिवानंद तिवारी व डा. दीपक गुप्ता पुत्र स्व. जगतनारायण गुप्ता निवासीगण हरिहरगंज ने रातो रात कुआं को ध्वस्त करके कब्जे की नियत से निजी निर्माण प्रक्रिया शुरू कर दी है। कुआं को पूर्ण रूप से पाट दिया है और ईंट बिछाकर ऊपर से छत डालने की तैयारी कर रहे हैं। जिससे अति प्राचीन व धार्मिक धरोहर हमेशा के लिए अपना अस्तित्व समाप्त हो जायेगी। डीएम से मांग किया कि तत्काल निरीक्षण कराकर अवैध कब्जा रोका जाना एवं कब्जा करने वालों के खिलाफकार्रवाई की जाये।

साथ ही सार्वजनिक उपयोग की भूमि एवं कुआं का अस्तित्व बचाया जाये। इस मौके पर पूर्व सभासद राम भरोसे, कुंदन लाल, सुरेश चंद्र अमित कुमार, रामजी, अजय कुमार, चंद्र प्रकाश, आदर्श, दुर्गेश कुमार गुप्ता, सोम प्रकाश गुप्त, प्रेमचंद्र भी मौजूद रहे।

## स्वच्छता पखवाड़ा में रेलवे स्टेशन पर आयोजित हुआ पेंटिंग प्रतियोगिता, घोषित हुआ पुरस्कार

अवधनामा संवाददाता

**भटनी।** भटनी रेलवे स्टेशन पर स्वच्छता ही सेवा अभियान के अंतर्गत बच्चों के लिए पेंटिंग स्पर्धा का आयोजन मुख्य स्वास्थ्य निरीक्षक द्वारा किया गया। स्वच्छता पखवाड़ा की थीम स्वच्छ स्पर्धा के अंतर्गत रेल यात्रियों के बच्चों के मध्य स्वच्छता पखवाड़ा से संबंधित चित्र बनाने का प्रतियोगिता हुआ जिसमें बच्चों ने अपनी अच्छी कला का प्रदर्शन करते हुए बहुत ही सुंदर चित्र बनाएं इन बच्चों को प्रोत्साहन स्वरूप कलर बॉक्स,पेंसिल-रबर, चॉकलेट तथा स्नैक्स का पैकेट सुशील कुमार मिश्र, प्राध्यापक स्व. रामलाल त्रिपाठी महाविद्यालय पिपरा शुक्ल देवरिया द्वारा प्रदान किया गया जिससे बच्चे प्रसन्न और उत्साहित हुए। उसके बाद स्टेशन पर सघन सफाई अभियान चलाकर पैसेंजर हाल, सीढ़ियों,वाटर बूथों और कूड़ेदानों की गहन सफाई की गई और पान, गुटखा खाकर थूकने और गंदगी फैलाने वाले दो यात्रियों को पेनाल्टी लगाया गया। विजय कुमार वेटिंग रूम बेयरा को प्रतीक्षालयों और डॉरमेट्री के बेहतर रखरखाव रखने के लिए और डायनमिक इंटरप्राइजेज के श्रमिकों और सुपरवाइजरों को संपूर्ण स्टेशन की साफ सफाई उच्च स्तरीय बनाए रखने के लिए सभी पर्यवेक्षकों द्वारा प्रशंसा और प्रोत्साहित किया गया। इस अवसर पर मुख्य स्वास्थ्य निरीक्षक द्वारा दो हजार रुपए का सामुहिक पुरस्कार घोषित किया गया जिसको गांधी जयंती के अवसर पर 2 अक्टूबर को प्रदान किया जाएगा। उन्होंने बताया कि वाराणसी मंडल के



वरिष्ठ मंडल यांत्रिक इंजीनियर (ई एन एच एम) अपूर्व स्वर्णकार ने स्टेशन निरीक्षण के दौरान दो बार एक एक हजार रूपए का कैश अवार्ड उनको दिया था जिसको अब इन कर्मचारियों को देने पर अत्यंत हर्ष हो रहा है। बताते चलें कि इसके पूर्व भी इन्होंने प्रमुख मुख्य यांत्रिक इंजीनियर पूर्वोत्तर रेलवे गोरखपुर मनोज कुमार अग्रवाल द्वारा दिए गए पांच हजार रुपए के पुरस्कार की धनराशि को श्रमिकों में बांट दिया था। इनका कहना है कि वास्तव में पुरस्कार के हकदार श्रमिक ही हैं। रेलवे सुरक्षा बल के प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार पांडेय, स्टेशन अधीक्षक उपेन्द्र कुमार चौबे और मुख्य स्वास्थ्य निरीक्षक अमित कुमार मिश्र ने सभी रेल कमर्चारियों के साथ मिलकर श्रमदान किया और पार्क की सफाई किया जिसमें मुख्य रूप से सिध्देश्वर, चंदन, रजत, रंगीला, गुल्लर, सीताराम, सुनीता, मुटुर सहित रेलवे सुरक्षा बल के प्रमोद सिंह, रणधीर सिंह, भारत, शहजाद, दिलीप राय, जय हिंद प्रसाद आदि शामिल रहे।

## बढ़ती सड़क दुर्घटनाएं चिंता का विषय



अवधनामा संवाददाता

**मैनपुरी।** जिलाधिकारी अविनाश कृष्ण सिंह ने सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में विशेष तौर पर परिवहन, पुलिस, स्वास्थ्य, शिक्षा विभाग के अधिकारियों से कहा कि मार्ग दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए आपस में समन्वय स्थापित कर प्रभावी कार्यवाही करें, यातायात नियमों की अनदेखी करने वालों, ओवर स्पीड में वाहन चलाने वालों, एयर फोन, अन्य डिवाइस लगाकर वाहन चलाने वालों, हेलमेट, सीट-बेल्ट का प्रयोग न करने वालों के विरुद्ध दंडात्मक कार्यवाही कर उनसे जुर्माना वसूला जाए, रॉग साइड वाहन चलाने वालों पर कठोरतम कार्यवाही की जाए। उन्होंने असंतोष व्यक्त करते हुए कहा कि जनपद में अधिकांश मार्ग दुर्घटनाएं रॉग साइड वाहन चलाने, ओवर स्पीड में वाहन चलाने के कारण हो रही है, सम्बन्धित अधिकारी इस ओर ध्यान दें। उन्होंने लोक निर्माण विभाग के अभियंता को आदेशित किया कि जनपद में जहां भी ब्लैक स्पॉट चिन्हित हुए हैं, उन स्थानों पर तत्काल रिफ्लेक्टर युक्त साइन बोर्ड, सांकेतिक चिन्ह लगवायें। श्री सिंह ने बैठक में उपस्थित एन.एच.ए.आई., यूपीडा के अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि जनपद की सीमा में एक्सप्रेस-वे, नेशनल हाईवे पर स्पीडोमीटर कैमरे लगायें जाएं।

## खरीफ गोष्ठी में किसानों को दी गई जानकारी

**अमृतपुर फर्रूखाबाद।** राजेपुर ब्लॉक मे खरीफ स्तरीय गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमे कृषि वैज्ञानिकों ने किसानों को फसलों की अधिक पैदावार करने के तरीके बताए। फसलों रासायनिक खादों का प्रयोग सीमित मात्रा मे करें जिससे फसल की सही उपज भी मिल सके और खेत के उर्वरा शक्ति नष्ट न हो सके। किसान समय से फसलों की बौनी करे तो फसल की पैदावार अच्छी होती है। ब्लॉक प्रमुख ने पल्लव सोमवंशी ने सरकार की तरफ से किसानों के लिए आने वाली योजनाओं के विषय मे विस्तृत जानकारी दी। एसडीएम रविन्द्र सिंह ने किसानों को मिलने वाले पट्टे तालाबों के पट्टे आदि के विषय मे जानकारी दी। मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख डॉक्टर पल्लव सोमवंशी रहे। अध्यक्षता उपजिलाधिकारी रविंद्र सिंह द्वारा की गई। कार्यक्रम के संचालक एवं सहायक विकास अधिकारी कृषि अमित कुमार दिवाकर एडीओ पीपी अभिषेक शुक्ला, डॉक्टर सुनील राजपूत कृषि विज्ञान केंद्र से आए हुए कृषि वैज्ञानिक गण डा आदेश कुमार कटियार डा संजय सिंह एवं अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

## गांव के दबंगों ने पीड़िता की जमीन पर किया कब्जा

अवधनामा संवाददाता

**फर्रुखाबाद।** थाना कपिल क्षेत्र के ग्राम अहवरन नगला बहवलपुर की राम बेटी पत्नी देव सिंह, अगृवती पत्नी सत्यदेव ने कलेक्ट्रेट पहुंच कर एसडीएम को गांव के ही दबंगो के खिलाफ कार्रवाई किए जाने के संबंध में ज्ञापन दिया है। पीड़िता ने रियल से कहा कि म्यूजियम को बताया कि 17 अक्टूबर तक कब्जा नहीं दिलाया गया तो 18 अक्टूबर को जिला अधिकारी कार्यालय के समझ आमरण अनशन शुरू किया जाएगा। पीड़िता ने एसडीएम को बताया कि रामकिशन, प्रभु दयाल, हृदय राम, कबीर, पुत्रगण रामविलास, अरविंद पुत्र सूरजपाल, के खिलाफ दिया ज्ञापन दिया जिसमें उन्होंने कहा है की यह लोग बदमाश व दवंग किस्म के व्यक्ति हैं सभी लोगों ने एक राय होकर कुछ समय पहले प्रार्थीगण की उपरोक्त जमीन में से 7 बीघा जमीन पर जबरदस्ती कब्जा कर लिया था कई बार उपरोक्त लोगों से कब्जा छोड़ने को कहा परंतु उन लोगों ने पीड़िता के खेत का कब्जा नहीं छोड़ रहे हैं। पीड़िता अपने जमीन पर कृषि कार्य के लिए गई तो गांव के रामकिशन, प्रभु दयाल व हृदय राम, कबीर ने कहा कि हमारे संबंध कत्ल करने वाले रघुवीर व बादशाह से हैं। बादशाह अभी जेल में है रघुवीर जमानत पर छूटे हैं आयंदा यदि खेत पर आए तो रघुवीर से तुम्हारा कत्ल करवा दूंगा अरविंद ने कहा कि तुम लोगों ने मेरे मृतक पिता जी सूरजपाल का नाम नहीं सुना था वह भी कई लोगों का कत्ल कर अपने जीवन काल में कर चुके थे यदि तुम लोग दोबारा इस खेत का कब्जा लेने आए तो मैं तुम लोगों को इस गांव से भागकर तुम्हारा मकान पर भी कब्जा कर लूंगा पीडिता ने कई प्रार्थना पत्र तहसील कायमगंज में दिए लेकिन कब्जादारों ने उपरोक्त जमीन का कब्जा नहीं छोड़ा प्रार्थिनीगण के गाटा संख्या 437 रकबा 1.0440 हेक्टेयर में से 7 बीघा पर लोगों से 17 अक्टूबर 2023 तक कब्जा छुड़वाकर नहीं दिया गया।

# सांसद ने दलित के घर किया भोजन सरकार की उपलब्धि बताई

*अवधनामा संवाददाता*

**बाराबंकी।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा प्रधानमन्त्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के अवसर आयोजित सेवा पखवाड़ा में अनुसूचित बस्ती संपर्क अभियान के अंतर्गत सांसद उपेन्द्र सिंह रावत ने मण्डल जैदपुर के ग्राम पंचायत अब्दुल्लापुर के ग्राम मसरंगपुरवा तथा ग्राम बघौरा की अनुसूचित बस्ती में चौपाल लगायी। सांसद श्री रावत ने चौपाल में भारतीय जनता पार्टी सरकार जन कल्याणकारी योजनाओं व उपलब्धियों को बताया। इसके पश्चात् सांसद उपेन्द्र सिंह रावत ने अनुसूचित बस्ती में घर-घर जाकर बस्ती वासियों से बातचीत की और उनका कुशलक्षेम जाना। इसके पश्चात सांसद उपेन्द्र सिंह रावत ने ग्राम मसरंगपुरवा में वासुदेव रावत के यहाँ भोजन किया। आयोजित चौपालों को सम्बोधित करते हुए सांसद उपेन्द्र सिंह रावत ने कहा कि भाजपा सरकार न सिर्फ बाबा साहब भीमराव आंबेडकर का सम्मान करती है, बल्कि उनकी विरासत को भी आगे ले जा रही है। सरकार समाज के अंतिम व्यक्ति के उत्थान के लिए कार्य कर रही है। पंडित दीनदयाल उपाध्याय के अंत्योदय सपने को भी साकार कर रही है। आज अनुसूचित वर्ग के लोग भी मानते हैं कि सरकार उनके हितों के प्रति गंभीर है और योजनाओं के जरिये सभी का उत्थान कर रही है।



इस अवसर पर मण्डल अध्यक्ष संजय अवस्थी, विनय प्रकाश वर्मा, जितेन्द्र वर्मा, प्रेम प्रकाश द्विवेदी, अब्दुल उमेर, राजेन्द्र वर्मा प्रधान, रमेश वर्मा, इंद्र सेन वर्मा, संजय वर्मा, भूपेन्द्र वर्मा, राम सिंह उर्फ़ भुल्लन वर्मा, बुद्धि राम वर्मा, राकेश वर्मा, धर्मेन्द्र वर्मा, अयोध्या प्रसाद वर्मा, दुर्गेश कश्यप आदि लोग उपस्थित रहे।

# दवा वितरण केंद्र का राज्यमंत्री ने किया उद्घाटन

**मसौली बाराबंकी।** खाद्य एव रसद राज्यमंत्री सतीश शर्मा ने शुक्रवार को कस्बा सफदरगंज मे स्टोर संचालक ने राज्यमंत्री सतीश शर्मा एव उनके पीआरओ प्रदीप कुमार द्विवेदी को अंगवस्त्र देकर स्वागत



अंजीत मेडिकल स्टोर का शुभारम्भ वैदिक मंत्रोचरण के पश्चात फीता काट किया।

कथवाचक नरेंद्र कुमार वर्मा के सदवचनों के बाद मेडिकल स्टोर का उद्घांटन हुआ। इससे पूर्व मेडिकल किया।

इस मौक़े पर कथावाचक नरेंद्र कुमार वर्मा, बब्लू जनसेवा केंद्र, राम रतन, सहजराम, विमल वर्मा, संदीप धर्मराज, सीताराम, अवधराम, विशाल रमन आदि लोग मौजूद रहे।

# ब्लाक सभागार में एनिमिक गर्भवती महिलाओ में सुपोषित पोषण किट का वितरण

*अवधनामा संवाददाता*

**मसौली बाराबंकी।** राष्ट्रीय पोषण माह के अंतर्गत शुक्रवार को ब्लाक सभागार में एनिमिक गर्भवती महिलाओ को सुपोषित पोषण किट का वितरण ब्लाक प्रमुख रईस आलम एव खण्ड विकास अधिकारी डा संस्कृता मिश्रा द्वारा किया गया।

पोषण माह पखवाड़े के अंतर्गत आयोजित कार्यक्रम का शुभारम्भ करते हुए ब्लाक प्रमुख रईस आलम ने कहा कि इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य कुपोषित महिलाओ बच्चों की पहचान करना है और अगर कोई कुपोषण के दायरे में है तो उनको को उचित आहार दे ताकि सभी बच्चे व महिलाए कुपोषण के दायरे से बाहर आ सके। खण्ड विकास अधिकारी डा0 संस्कृता मिश्रा ने कहा कि पोषक तत्व खाद्य पदार्थों में पाए जाने वाले पदार्थ हैं। जिनका उपयोग करने से हमारा शरीर बढ़ने, प्रजनन करने और जीवित रहने के लिए करता है। डॉ प्रीति वर्मा ने गर्भवती महिलाओं को एनीमिक होने से बचने के विस्तार पूर्वक जानकारी दी। बीडीओ और ब्लॉक प्रमुख द्वारा स्वास्थ्य बालक बालिका स्पर्धा कार्यक्रम के तहत स्वास्थ्य बच्चों को प्रथम द्वितिय व तृतीय पुरस्कार से सम्मानित भी किया। बाल विकास परियोजना अधिकारी सुलेखा यादव ने पोषण एवं स्वास्थ्य पर चर्चा करते हुए कहा कि पोषण स्वास्थ्य और विकास का मूलमंत्र है। जिसके माध्यम से व्यक्ति और समुदाय के सभी सदस्यों को आवश्यक पोषक तत्वों, ऊर्जा और पोषण की आवश्यकताओं को प्राप्त करने का अवसर मिलता है। इससे पूर्व ब्लाक प्रमुख एव बीडीओ ने 6 माह के पूर्ण हो चुके बच्चों का अन्नप्राशन काराया और पोषण किट का वितरण किया तथा स्वास्थ्य शरीर को बनाए रखने के लिये कार्बोहाइड्रेट, प्रोटीन, वसा, विटामिन और खनिज सहित विभिन्न प्रकार के खाद्य पदार्थों का सही अनुपात में सेवन करना जरूरी है।

इस मौके पर बाल विकास परियोजना अधिकारी सुलेखा यादव, मुख्य सेविका निहारिका, भावना राणा, रेनू सिंह, सरोज, रेनू वर्मा सहित आंगनवाड़ी कर्मी एव महिलाए मौजूद रही।

## युवक ने फांसी लगाकर दी जान

**बाराबंकी।** नगर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम दरामनगर में एक युवक फांसी लगा कर जान दे दी। पुलिस को सूचना दिये बिना ही परिजनों ने शव का अंतिम संस्कार कर दिया। घटना का कारण पारिवारिक कलह बताया जा रहा है। लोगों ने इस घटना की सूचना पुलिस को दी। जब पुलिस मौके पर पहुंची तो शव का अंतिम संस्कार लो चुका था। परिजनों ने भी कोई आरोप नहीं लगाया है। बड़ेल चौकी इंचार्ज संजय यादव ने बताया कि पुलिस जब पहुंची अंतिम संस्कार हो चुका था। परिजनों ने भी कोई आरोप नहीं लगाया है।

## जहर खाकर युवक ने की आत्महत्या, प्रेमिका ने भी मौत को गले लगाया

**टिकैतनगर बाराबंकी।** थाना क्षेत्र में एक युवक ने जहरीला पदार्थ खाकर जान दे दी। अभी इस घटना को लेकर मातम मचा ही हुआ था कि घर के करीब ही एक युवती ने भी जहर खा लिया। उसने इलाज के दौरान अस्पताल में दम तोड़ दिया। मृतक प्रेमी जोड़ा बताया जा रहा है। पुलिस जांच कर रही है। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के अंतर्गत कस्बे में मोहल्ला कजियाना निवासी मुनीर के 23 वर्षीय पुत्र सैफी सलमानी ने शुक्रवार तड़के घर मे रखा जहरीला पदार्थ खा लिया। परिजन जब तक उसे ईलाज के लिए ले जाते, उसकी मौत हो गई। इस घटना के बाद घर मे मातम पसर गया। परिजन शोक में डूबे ही थे कि इनके घर से थोड़ी ही दूरी पर एक युवती ने भी जहरीला पदार्थ का सेवन कर लिया, परिजन उसे लेकर संयुक्त चिकित्सालय गए, जहां पर उसकी कुछ वक्त बाद मौत हो गई। दोनों के बीच प्रेम प्रसंग बताया जा रहा है।

## आयोजित हुई सांसद सांस्कृतिक मेधा प्रतियोगिता

**अयोध्या।** प्रतियोगिता हमें सफलता दिलाने में मदद करती है क्योंकि वर्तमान परिवेश प्रतिस्पर्धात्मक है। प्रतियोगिता में भाग लेने से बच्चों के मन में आत्मविश्वास भाव जाग्रत होता है। किसी छोटे से ऑडिशन में जीतने के बाद बच्चे का आत्मविश्वास बढ़ता है और आगे वह और भी बड़े मंच का आसानी से सामना कर सकता है। उक्त बातें सासंद लल्लू सिंह ने हैरिंग्टनगंज कम्पोजिट विद्यालय पाराताजपुर में आयोजित सांसद सांस्कृतिक मेधा प्रतियोगिता के दौरान कही। उन्होनें आगे कहा कि सांसद सांस्कृतिक मेधा प्रतियोगिता बच्चों में आत्मविश्वास बढ़े, उन्हे बेहतर मंच मिले इसी उद्देश्य के साथ आयोजित की जा रही है। इस दौरान आयोजित छः प्रतियोगिताओं में 72 विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों को सम्मानित किया गया। पेंटिग प्रतियोगिता में अंशू प्रथम, अनन्या विश्वकर्मा द्वितीय, प्रिंस तृतीय स्थान पर रहें।

## प्रधान क्षेत्र पंचायत स्वाभिमान संघ की हुई बैठक

*अवधनामा संवाददाता*

**बीकापुर- अयोध्या।** प्रधान क्षेत्र पंचायत स्वाभिमान संघ की बैठक शुक्रवार को संगठन के ब्लॉक अध्यक्ष पंकज सोनी की अध्यक्षता में विकासखंड सभागार में आयोजित की गई। बैठक के दौरान त्रिस्तरीय पंचायती राज व्यवस्था में ग्राम प्रधानों की तरह जनता द्वारा निर्वाचित क्षेत्र पंचायत सदस्यों की उपेक्षा पर जमकर भड़ास निकाली गई। क्षेत्र पंचायत सदस्यों के अधिकारों उन्हें वित्तीय अधिकार प्रदान करने, मानदेय दिलाए जाने तथा विकास कार्यों में उनकी भागीदारी सुनिश्चित करवाने के निमित्त चर्चा की गई। आगामी 6 अक्टूबर को लखनऊ में क्षेत्र पंचायत सदस्यों की प्रस्तावित धरना प्रदर्शन एवं आंदोलन की तैयारी को लेकर अभी चर्चा हुई। बैठक के बाद कार्यक्रम में मौजूद मुख्य अतिथि बीडीसी संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष नवनीत शुक्ला एडवोकेट ने शुक्रवार को विकासखंड बीकापुर के सभागार में पत्रकार वार्ता के दौरान अपनी बात रखी। प्रेस वार्ता के दौरान राष्ट्रीय अध्यक्ष नवनीत शुक्ला ने बताया कि सड़क से सदन तक बीडीसी सदस्यों की हक की लड़ाई के लिए वह प्रतिबद्धता से आवाज बुलंद कर रहे हैं। उत्तर प्रदेश के 826 विकासखंड में करीब 80, 000 क्षेत्र पंचायत सदस्य निर्वाचित हैं। जो उपेक्षा का शिकार है। और उनकी राजनीतिक हत्या हो रही है। इन्हें भी अपने क्षेत्र पंचायत क्षेत्र में विकास कार्य करने के लिए वित्तीय अधिकार मिलना चाहिए।

उन्होंने दावा किया कि शासन स्तर पर क्षेत्र पंचायत सदस्यों को बीमा लाभ दिलाने, मनरेगा के कार्यों भागीदारी सहित तीन मांग पूरी होने के बावजूद अभी तक जमीन पर इसके क्रियान्वयन के लिए इंतजार करना पड़ रहा है।

उन्होंने यह भी जानकारी दी की आने वाले 6 अक्टूबर को प्रदेश भर के बड़ी तादाद में बीडीसी सदस्य अपने हक की लड़ाई के लिए इको गार्डन मैदान लखनऊ में इकट्ठा होंगे।

# मातृ भाषा ही राष्ट्रीय शिक्षा नीति का माध्यम बनेगी: प्रो. सूर्य प्रसाद दीक्षित

## अवध विवि में हिन्दी पखवाड़ा के प्रतियोगी विजेताओं को पुरस्कृत किया गया

**सम्मानित**

**प्रचेता भवन में राजभाषा प्रबंधन विषय पर संगोष्ठी एवं विभिन्न प्रतियोगिता के प्रतिभागी विजेताओं को सम्मानित किया**

*अवधनामा संवाददाता*

फोटो नंबर 2-

**अयोध्या।** डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. प्रतिभा गोयल के दिशा-निर्देशन में हिंदी भाषा एवं प्रयोजनमूलक विभाग तथा क्षेत्रीय भाषा केंद्र और बैंक ऑफ बड़ौदा के संयुक्त संयोजन में हिंदी पखवाड़ा का समापन किया गया। शुक्रवार को प्रचेता भवन में राजभाषा प्रबंधन विषय पर संगोष्ठी एवं विभिन्न प्रतियोगिता के प्रतिभागी विजेताओं को सम्मानित किया गया। जिसमें कार्यक्रम के मुख्य अतिथि लखनऊ विश्वविद्यालय के हिन्दी भाषा एवं प्रयोजनमूलक विभाग के पूर्व अध्यक्ष प्रो. सूर्य प्रसाद दीक्षित, विभाग के समन्वयक डॉ. सुरेन्द्र मिश्र, शिक्षकों एवं पदाधिकारियों द्वारा निबंध प्रतियोगिता में बीए के छात्र अतुल तिवारी को प्रथम, एमए इतिहास संस्कृति एवं पुरातत्व की शिवानी राय को द्वितीय, आदर्श तिवारी एमए हिन्दी विभाग तृतीय एवं सांत्वना पुरस्कार गार्गी बंधुजा, दयानंद मिश्र, नेहा गुप्ता, श्रीकांत यादव एवं कविता को प्रमाण-पत्र एवं धनराशि से पुरस्कृत किया गया।इस अवसर पर मुख्य अतिथि प्रो. सूर्य प्रसाद दीक्षित ने कहा कि हिन्दी भाषा केवल अभिव्यक्ति का माध्यम नहीं है बल्कि यह संस्कारों व संस्कृति की भाषा है। उन्होंने कहा कि यह मनुष्यों के अंदर संवेदना व्यक्त करने वाली भाषा है। अंग्रेजी बोलने से पहले हमें अनुवाद की सहायता लेनी पड़ती थी। हिंदी हमारे मौलिक चिंतन की भाषा है जिस भाषा में हम सपने देखते हैं वही भाषा हम संप्रेषित करते हैं। कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि अंग्रेजी का प्रयोग साढे तीन प्रतिशत लोग करते हैं। जबकि 85 प्रतिशत जनता की भाषा हिंदी है जो गांव की भाषा है। उन्होंने कहा कि आदर्श लोकतंत्र हम उसी को मानते हैं जब गांव की भाषा सीधे दिल्ली तक पहुंचे। कार्यक्रम में राष्ट्रीय शिक्षा नीति के विभिन्न पहलुओं पर जोर देते हुए प्रो0 दीक्षित ने कहा कि भारतीय ज्ञान परंपरा में मातृ भाषा ही नई शिक्षा नीति का माध्यम बनेगी। उन्होंने कहा कि हमें अपने लोक संस्कृति को बचाने की आवश्यकता है।



हमें अपनी संस्कृति की जड़ों की ओर लौटना है जो हमारे चरित्र निर्माण कर सके। उन्होंने राजभाषा के अभिप्राय को बतलाते हुए कहा कि राजभाषा जब समर्थ रूप में हो जाएगी तब वह स्वयं राष्ट्रभाषा बन जाएगी।कार्यक्रम में सेंट्रल बैंक के राजभाषा अधिकारी सुरेंद्र यादव ने कहा कि हिंदी को केवल एक दिवस के रूप में नहीं मनाया जाना चाहिए। हम हिंदी विषय की चर्चा करें, उपदेश के रूप में नहीं बल्कि तर्क के रूप में लोगों के बीच में रखी जाए।

# जलापूर्ति हेतु पाइप डालने के लिए हुयी खुदाई से पूरा गांव अस्त-व्यस्त, ग्रामीणों में आक्रोश

*अवधनामा संवाददाता*

**रूदौली-अयोध्या।** रूदौली तहसील के ग्राम सिपाहभट्ट में ठेकेदार द्वारा जलापूर्ति हेतु पाइप डालने के लिए की गई खुदाई से पूरा गांव अस्त-व्यस्त हो गया है। सड़क के बगल पर्याप्त कच्ची जगह होनें के बावजूद ठेकेदार द्वारा पक्की सड़क को बीचोबीच से खोद डालने से ग्राम स्थित सुशीला आश्रम का आवागमन बाधित हो गया है। ठेकेदार द्वारा खोदे गए सड़क से आक्रोशित ग्रामवासियों ने ठेकेदार पर मानक अनुरूप कार्य न करने का आरोप लगाते हुए मामले की शिकायत जिलाधिकारी से करने की बात कही है।रूदौली तहसील के ग्राम सिपाहभट्ट में जलापूर्ति के लिए पाइप लाइन डालने हेतु की गई खुदाई से ग्रामवासियों में खासा आक्रोश व्याप्त है। ग्रामवासियों का आरोप है कि ठेकेदार जय प्रकाश यादव द्वारा गाँव के बीचोबीच लगभग साढ़े तीन सौ



मीटर के आसपास इंटरलॉकिंग मार्ग महीनों पहले खोद कर छोड़ दी गई है आज तक उसमें पाइप नहीं पड़ सका है जिससे ग्रामवासियों को आवागमन में खासी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है यही नहीं इसके अतिरिक्त 450 मीटर खड़ंजा मार्ग पाइप डालने के बाद सिर्फ मिट्टी से पाट दिया गया है जिससे बरसात में कीचड़ हो जाने से आये दिन ग्रामवासी गिरकर चोटहिल हो रहे हैं। वहीं ग्रामवासी श्रीचंद शर्मा का आरोप है कि ठेकेदार द्वारा उनके आवास सुशीला आश्रम के ठीक सामने स्थित डामर रोड को बीचोबीच से जेसीबी द्वारा मानक से कहीं ज्यादा खोदकर पूरी सड़क बर्बाद कर दी गई है जबकि सड़क के बगल पाइपलाइन डालने के लिए पर्याप्त कच्ची जमीन उपलब्ध है फिर भी डामर रोड को खोदकर उसे बर्बाद कर दिया गया है। उनका आरोप है कि लाख कहने के बावजूद भी आश्रम को आने जाने के लिए मार्ग नहीं छोड़ा गया है जिससे आश्रम में रह रहे व्यक्तियों व मवेशियों को बाहर निकलने का मार्ग अवरुद्ध हो गया है। यही नहीं श्रीचंद शर्मा के मुताबिक ठेकेदार द्वारा शमशान की भूमि भी नहीं छोड़ी गई उस पर भी जेसीबी चला दी गई है।

उनका कहना है कि ठेकेदार द्वारा खुदाई करते समय पर्यावरण संरक्षण हेतु लगाए गए वृक्षों का भी ध्यान नहीं दिया गया और उनसे सटकर उस तरह खुदाई की गई है कि पेड़ कभी भी गिर सकते हैं जिससे पर्यावरण को तो नुकसान पहुँचेगा ही साथ-साथ पेड़ की चपेट में आने से कोई बड़ी घटना भी हो सकती है।

## बेटियों की शादी मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह में करायें: रामचंद्र यादव

**रूदौली/अयोध्या।** बेटी का विवाह और रहने के लिए छत हर गरीब की पहली चिंता होती है घर में बेटी के जन्म लेते ही पिता उसकी शादी की चिंता में पाई - पाई जोड़ने लगता है, गरीब की इसी मनोदशा को समझकर सूबे के मुखिया योगी महाराज नें बेटियां अभिशाप नहीं वरदान हैं को साकार करने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रम की स्कीम बनायीं है इस प्रकार के आयोजनों से जहाँ एक ओर लैंगिक भेदभाव समाप्त होगा वहीं दूसरी ओर गरीबों को बेटियों की शादी की चिंता ख़त्म होंगी उक्त बातें विधायक रामचंद्र यादव नें आगामी दिनों में प्रस्तावित मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रम में ज्यादा से ज्यादा बेटियों की शादी कराने के लिए कार्यकर्ताओ के साथ बैठक में कही विधायक नें कहा कि योजना में किसी धर्म और जाति का कोई भेदभाव नहीं है सभी पात्र व्यक्ति योजना का लाभ लें सकते हैं।

# स्वच्छता ही सेवा अभियान के अन्तर्गत की जाने वाली गतिविधियों को सफल बनायें: जिलाधिकारी

*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** जिलाधिकारी नितीश कुमार ने बताया कि प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी स्वच्छता ही सेवा अभियान के अन्तर्गत कचरा मुक्त भारत पखवाड़ा का आयोजन किया जायेगा। इस वर्ष स्वच्छता ही सेवा की थीम कचरा मुक्त भारत है। इसका उद्देश्य दृश्यमान साफ सफाई और सफाई मित्रों के कल्याण व समृद्व से सम्बंधित है। उक्त अभियान के अन्तर्गत जिलाधिकारी ने तैयारियों की समीक्षा बैठक आवासीय सभागार में की। जिसमें उन्होंने सम्बंधित विभाग के अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। उन्होंने पंचायत विभाग के अधिकारियों को ग्राम पंचायत भवन, विद्यालय, आंगनबाड़ी व स्वास्थ्य केन्द्र के आसपास पुराना एकत्रित कचरा जिसकी कई दिनों से साफ सफाई न हुई हो, को चिन्हित कर सफाई करने, ग्राम पंचायत के पास स्थित नदी के तट के किनारों से प्लास्टिक कूड़े को हटाने हेतु सफाई अभियान चलाये जाने, ग्राम पंचायत स्थित विद्यालय में स्वच्छता विषय पर वाद-विवाद प्रतियोगिता, पेंटिंग प्रतियोगिता कराये जाने व पुरस्कार निगरानी समिति के सदस्यों के साथ घरों का भ्रमण कर शौचालय प्रयोग, सामान्य साफ सफाई व कूड़े का घर पर ही न सड़ने वाले व सड़ने वाले कूड़े की छटाई के विषय में बताये जाने तथा 01 अक्टूबर को स्वच्छता दौड़



वितरण किये जाने, ग्राम पंचायत में ठोस कचरा व कूड़ा एकत्रीकरण व उसके छटाई विषय पर लाउड स्पीकर पर प्रचार प्रसार करायें तथा जनपद की सभी ग्राम पंचायतों से सिंगल यूज्ड प्लास्टिक कचरे का सग्रहण अभियान चलाकर विकास खण्ड पर एकत्रीकरण करायें, ग्राम पंचायत के प्रधान द्वारा पेयजल स्वच्छता समिति का आयोजन किये जाने व ग्राम पंचायत में बैठक कर सिंगल यूज्ड प्लास्टिक पर प्रतिबंध लगाये जाने हेतु संकल्प किये जाने और 02 अक्टूबर को ग्रामसभा का आयोजन कर ग्राम के सभी नागरिकों के साथ स्वच्छता शपथ लिये जाने के निर्देश दिये है। बैठक में सम्बंधित विभाग के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## आंगनबाड़ी केन्द्रों पर परखा गया बच्चों की सेहत

**महराजगंज।** राष्ट्रीय पोषण माह में शुक्रवार को जिले के सभी 3164 आंगनबाड़ी केन्द्रों पर स्वस्थ बालक-बालिका स्पर्धा कार्यक्रम उत्सव के रूप में मनाया गया। प्रतियोगिता में चयनित सभी केन्द्रों के एक-एक बच्चे को पुरस्कार दिया गया। इस तरह से सभी आंगनबाड़ी केन्द्रों के चयनित 9492 स्वस्थ बालक बालिकाओं को केन्द्र पर ही पुरस्कृत किया गया।

जिला कार्यक्रम अधिकारी दुर्गेश कुमार ने बताया कि स्वस्थ बालक बालिका स्पर्धा का मुख्य उद्देश्य सुपोषित प्रदेश की परिकल्पना को साकार करना है। इसकी सफलता के लिए स्वास्थ्य विभाग, ग्राम प्रधान व पोषण पंचायत की महत्वपूर्ण भूमिका है। कार्यक्रम का उद्देश्य पांच वर्ष तक के बच्चों के पोषण स्तर में सुधार लाना, पोषण की महत्ता पर जागरूकता बढ़ाना तथा एक स्वस्थ प्रतिस्पर्धा का वातावरण बनाना है।

कार्यक्रम के दौरान सभी आंगनबाड़ी केन्द्रों पर ग्रोथ मॉनिटरिंग डिवाइस, ग्रोथ चार्ट तथा कम्युनिटी ग्रोथ चार्ट की उपलब्धता सुनिश्चित कराई गयी। बच्चों का वजन लेने के पश्चात वजन, लंबाई और ऊंचाई की फीडिंग पोषण ट्रैकर एप पर की गयी। समुदाय में स्वास्थ्य और पोषण के मुद्दे पर प्रतिस्पर्धात्मक जागरूकता लाने का प्रयास किया गया। डीपीओ ने लोगों से अपील की है कि स्पर्धा कार्यक्रम में कुपोषण मिटाने के लिए मिली जानकारी को अपने व्यवहारिक जीवन में उतार कर अपने बच्चों को सुपोषित बनाएं। मुख्य सेविका सीमा दुबे ने कहा कि लाभार्थियों को मिलने वाले पोषाहार तथा सूखा राशन ने विभिन्न प्रकार के व्यंजन बनाकर सेवन करना चाहिए. गर्भवती को गर्भावस्था से ही अपने तथा अपने बच्चे के सेहत को लेकर सचेत रहना चाहिए। इस अवसर पर सहायिका शांति देवी व विन्द्रावती के अलावा विकास, ओमप्रकाश, सुशील, सावित्री, रंजना, सपना, अविनाश, धीरज, वाशु, अंश, सोनाली, अर्पिता, भव्या, नव्या, और निरमा प्रमुख तौर पर मौजूद रहीं।

## रालोद इंडिया गठबंधन के प्रत्याशियों को जीताने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ेगा

**सोहावल-अयोध्या।** राष्ट्रीय लोकदल मध्य प्रदेश और पूर्वांचल में भी आने वाले तीन माह में ब्लॉक स्तर पर संगठन खड़ा करेगा। उक्त बातें आज रालोद के नवनियुक्त प्रदेश महासचिव विश्वेष नाथ मिश्रा सुड्डू मिश्रा ने अपने आवास पर आयोजित स्वागत समारोह में व्यक्त किया कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ नेता अखिलेश मिश्रा ने और संचालन जिला उपाध्यक्ष राजेश तिवारी ने किया कार्यक्रम को संबोधित करते हुए स्वागत से अभिभूत सुड्डू मिश्रा ने राष्ट्रीय लोकदल के साथियों की तरफ से राष्ट्रीय अध्यक्ष जयंत चौधरी का आभार व्यक्त किया और उन्हें विश्वास दिलाया की राष्ट्रीय लोकदल का हर कार्यकर्ता प्रदेश में रालोद को मजबूत करने का काम करेगा प्रदेश कमेटी में पुनः महासचिव बनाए जाने पर कार्यकर्ताओं ने फूलमालाओं से और अपने वक्तव्य से सुड्डु मिश्रा का स्वागत किया श्री मिश्रा ने बताया की आने वाले लोकसभा के चुनाव में रालोद इंडिया गठबंधन के प्रत्याशियों को जीताने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ेगा।स

# विधान परिषद सदस्य ने किया कक्ष का लोकार्पण

*अवधनामा संवाददाता*

**नौतनवा, (महराजगंज)।** आदर्श इंटर कालेज परसौना, कोल्हुई के प्रांगण में स्थित योगेन्द्र प्रसाद चतुर्वेदी स्मृति खण्ड का लोकार्पण विधान परिषद सदस्य ध्रुव कुमार त्रिपाठी व पूर्व विधायक बजरंग बहादुर सिंह के कर कमलों द्वारा किया गया। फरेंदा तहसील क्षेत्र अंतर्गत आदर्श इंटर कालेज परसौना कोल्हुई के प्रांगण में स्थित योगेन्द्र प्रसाद चतुर्वेदी स्मृति खण्ड का लोकार्पण विधान परिषद सदस्य ध्रुव कुमार त्रिपाठी के कर कमलों द्वारा किया गया, उनके साथ में पूर्व विधायक फरेन्दा बजरंग बहादुर सिंह विशिष्ट अतिथि के रूप में मौके पर मौजूद थे। उक्त जानकारी आदर्श इंटर कालेज परसौना के प्रधानाचार्य रामगोपाल पाण्डेय ने दी। उन्होंने बताया कि विधान परिषद सदस्य एवं शिक्षक दल के नेता ध्रुव कुमार त्रिपाठी स्मृति खण्ड के लोकार्पण समारोह के मुख्य अतिथि थे जबकि भाजपा के पूर्व विधायक फरेन्दा बजरंग बहादुर सिंह विशिष्ट अतिथि के रूप में थे। स्मृति खण्ड के लोकार्पण समारोह के अवसर पर विद्यालय के प्रबन्धक प्रतिनिधि धनंजय चौबे, कृष्ण चन्द्र उपाध्याय, दुर्गेश श्रीवास्तव, बृजेन्द्र राय, भूतपूर्व प्रधानाचार्य श्रीराम सिंह, अजीजुद्दीन खां, भाजपा नेता मधुर सिंह, मृदुल चतुर्वेदी,शाह आलम खां,सुजाउद्दीन खां,जयन्ती प्रसाद मौर्य, वेदप्रकाश त्रिपाठी,मुन्ने दूबे सहित बहुत से लोग उपस्थित थे।

## सफाई कर्मियों के उदासीनता से गांवों में दिख रही गंदगी

**फरेन्दा (महराजगंज)।** फरेंदा विकास खंड के विभिन्न गांवों की सफाई व्यवस्था लचर हो गई है। गांवों में सफाई कर्मियों की फौज तो है, लेकिन गांवों की साफ सफाई संतोष जनक नही है। फरेन्दा ब्लाक क्षेत्र के बारातगाढा, खजुरिया, पोखरभिंडा, भैसहिया, रामनगर सहित अन्य गांवों में गंदगी फैली हुई है। सफाई कर्मियों के उदासीनता के कारण ग्रामीण स्वयं नाली की सफाई करने को मजबूर हैं। इसके साथ ही क्षेत्र के विभिन्न गांवों में नियमित सफाई न होने से नालियां जाम हो गई है। उसमें से निकलने वाले कीड़े लोगों के घरों में जा रहे हैं। साथ ही उसमें से उठने वाली दुर्गंध से लोगों का जाना मुश्किल हो गया है। स्कूल के कूड़ा पात्र टूटे हुए व गंदगी से पटे पड़े है। संक्रामक रोगों के भी फैलने का भी खतरा बना हुआ है। क्षेत्र के शिवकुमार, पिंटू, सुजीत, रामवृक्ष, संजय यादव, संतोष, भजन, कैलाश, मनोहर, कृष्णा ने कहा कि साफ़ सफाई पर ध्यान दिया जाना चाहिए। इस बावत खंड विकास अधिकारी अर्जुन कुमार चौधरी ने कहा कि मामला संज्ञान में है। साफ़ सफाई को लेकर निर्देश दिए गए है, अगर सफाई कर्मी कार्य में लापरवाही बरतते हैं तो कार्रवाई की जाएगी।

# सड़क निर्माण को लेकर ग्रामीणों ने जिलाधिकारी को दिया पत्र

*अवधनामा संवाददाता*

**महराजगंज।** सदर तहसील के क्षेत्र के अंतर्गत पकड़ी दीक्षित और



रम्हौली के ग्रामीणों ने जिला अधिकारी को पत्र देकर रोड बनाने के लिए लोक निर्माण विभाग द्वारा भूमि अधिग्रहण पर आपत्ति जताई हैं। ग्रामीणों ने मांग की है कि 24 मीटर खाली जगह पर ही रोड का निर्माण कराया जाय।

ग्रामीणों ने जिलाधिकारी को दिये पत्र में उल्लेख किया है कि पकड़ी चैराहा से खुटहा मार्ग पर बन रहे दो किलोमीटर फोरलेन सड़क में तीन तीन मीटर नीजि जमीन किसानों की नही अधिग्रहित की जाय। 24 मीटर चैडी सरकारी जमीन पर्याप्त है। लेकिन लोक निर्माण विभाग 24 मीटर सड़क में अपने रोड का प्रोजेक्ट न बनाकर सड़क के दोनों तरफ से तीन तीन मीटर किसानो की नीजि जमीन को अपने प्रोजेक्ट में जोड़ते हुए सड़क बनाने की तैयारी में है। जिससे किसानो और गृहस्वामियों को काफी छति होगा। इस दौरान ग्रामीण पूर्णवासी प्रसाद, इन्द्रमणी वर्मा, सरस्वती, मनीश, नीरज सहित कई ग्रामीण मौजूद रहे।

# किसान नीतियों के वैश्विक विशेषज्ञ प्रो. स्वामीनाथन का अहम रहा योगदान: मणेन्द्र

अवधनामा संवाददाता



**सिद्धार्थनगर।** भारत में हरित क्रांति के जनक एम एस स्वामीनाथन का निधन कृषि सुधारों की दिशा में एक युग का अंत है। उनका समूचा जीवन कृषि और उससे जुड़ी बुनियादी समस्याओं के समाधान हेतु समर्पित रहा। किसान और कृषि सुधार उनकी प्राथमिकता में रहे, जिसके कारण उन्होंने प्रतिष्ठित भारतीय सिविल सेवा की नौकरी भी छोड़ दिया।

कृषि विषयों पर बेहतर समझ और अनुभव को देखते हुए भारत सरकार ने 18 नवंबर 2004 में प्रो. एम एस स्वामीनाथन की अध्यक्षता में राष्ट्रीय किसान आयोग का गठन किया। जिसकी पाँच रिपोर्ट जारी हुई। एनसीएफ (राष्ट्रीय किसान आयोग) की अंतिम रिपोर्ट में 11 वीं पंचवर्षीय योजना के लक्ष्य ' तेज और अधिक समावेशी विकास' के लिए स्वामीनाथन ने कई महत्वपूर्ण सुझाव दिए। जिसमें सार्वभौमिक खाद्य सुरक्षा, कृषि प्रणालियों की क्षमता सुधार, विभिन्न भौगोलिक क्षेत्रों के किसानों हेतु विशेष कार्यक्रम, कृषि वस्तुओं की गुणवत्ता और लागत में बढ़ोत्तरी शामिल थे। उनका जोर भारतीय किसानों को वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी बनाने के साथ टिकाऊ कृषि के लिए पारिस्थितिक नीव के संरक्षण एवं सुधार के लिए निर्वाचित स्थानीय निकायों को मजबूत करना था। किसानों की उपज का लागत मूल्य न मिल पाने से किसानों की पीड़ा दूर करने हेतु निर्वाचित सरकारें को कारगर नीतियाँ बनाने के लिए उन्होंने अनेक उपाय बताए। भूमि सुधार, लाभकारी विपणन, पशुधन, जैव संसाधन, ऋण और बाजार के लिए नीतिगत निर्णय लेने से किसानों की पहुँच बुनियादी संसाधनों पर आसानी से हो सकेगी और उनके नियंत्रण में रहेंगी। इसीलिए प्रो. स्वामीनाथन कृषि को संविधान की समवर्ती सूची में शामिल करवाना चाहते थे। किसानों की आत्महत्या की समस्या के समाधान हेतु प्रो. स्वामीनाथन ने अनेक ठोस कार्यक्रम प्रस्तुत किया। जिनमें किसानों के लिए किफायती स्वास्थ्य बीमा योजना, ग्रामीण क्षेत्रों में प्राथमिकता के आधार पर आत्महत्या हॉटस्पाट स्थानों को चिन्हित कर स्वास्थ्य कार्यक्रमों को बढ़ाना, राज्य किसान आयोग की स्थापना, आजीविका वित्त के रूप में माइक्रोफाइनेंस नीतियों का पुनर्गठन, वृद्धावस्था सहायता और स्वास्थ्य बीमा के प्रावधान के साथ एक सामाजिक सुरक्षा जाल की सुनिश्चितता, वर्षा जल संरक्षण को बढ़ावा, जल उपयोग योजना का विकेंद्रीकरण, प्रत्येक गांव के लिए जल स्वराज का लक्ष्य जिसमें ग्राम सभाएं पानी पंचायत के रूप में सक्रिय हो जैसे प्रयास शामिल हैं। भारतीय किसानों के जीवन में खुशहाली लाने के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) में सुधार, किसानों की शुद्ध घरेलू आय सिविल सेवकों की आय के बराबर एवं जैव विविधता के पारंपरिक अधिकारों को कानूनी आधार दिलाने के लिए प्रो. स्वामीनाथन ने विशेष प्रयास किए। किसान क्रेडिट कार्ड, फसल बीमा योजना के साथ ग्रामीण विकास कोष ,स्वयं सहायता समूह ,जल उपयोगकर्ता संघ के लिए उन्होंने अनेक सुझाव दिए। जिसके आधार पर सरकार ने किसान हितैषी नीतियाँ बनाकर उनका क्रियान्वयन करवाया। राष्ट्रीय किसान आयोग के बतौर अध्यक्ष प्रो. स्वामीनाथन ने सार्वभौमिक सार्वजनिक वितरण प्रणाली को लागू करने की अनुशंसा करते हुए सकल घरेलू उत्पाद का कुल सब्सिडी एक प्रतिशत करने की वकालत किया। परंपरागत खेती से किसानों के जीवन में चले आ रहे संकट के समाधान हेतु कम जोखिम और कम लागत वाली प्रौद्योगिकी की सिफारिस करते हुए प्रो. स्वामीनाथन ने किसानों को अधिकतम आय प्रदान करने वाली नीति निर्माण को सरकार की प्राथमिकता में शामिल कराने की दिशा में अनेक कार्य किया। राष्ट्रीय किसान आयोग की रिपोर्ट में प्रो. स्वामीनाथन ने किसानों की कार्य कुशलता बढ़ाने और उन्हें वैश्विक प्रतिस्पर्था से कदमताल करने में सक्षम बनाने हेतु महत्वपूर्ण उपाय बताए। जो प्रमुख रूप से न्यूनतम समर्थन मूल्य उत्पादन लागत से कम से कम पचास प्रतिशत अधिक, कृषि उत्पाद की मौजूदा एवं भविष्य की कीमतों के अनुमानित आंकड़ों की उपलब्धता, उपज के विपणन, भंडारण एवं प्रसंस्करण से संबंधित कानून के माध्यम से अंतर्राष्ट्रीय बाजारों की ग्रेडिंग,ब्रांडिग, पैकेजिंग और विकास को बढ़ावा के रूप में रेखांकित किए गए हैं।

> भारत सरकार ने 18 नवंबर 2004 में प्रो. एम एस स्वामीनाथन की अध्यक्षता में राष्ट्रीय किसान आयोग का गठन किया

## मुख्य विकास अधिकारी ने किया इंटरलॉकिंग कार्य का निरीक्षण

**शोहरतगढ़ सिद्धार्थनगर।** विकास खण्ड शोहरतगढ़ के ग्राम पंचायत परसिया में शुक्रवार को मुख्य विकास अधिकारी जयेन्द्र कुमार द्वारा मनरेगा योजना से वित्तीय वर्ष 2023-24 में निर्माणाधीन इंटरलॉकिंग कार्य का निरीक्षण किया गया। वहीं ग्राम पंचायत परसिया में रेलवे क्रॉसिंग से दक्षिण विनोद के चक से नहर पुलिया तक इन्टरलाकिंग कार्य कराया जा रहा है। निर्माण कार्य के उच्च गुणवत्ता के इन्टरलाकिंग ब्रिक एवम सामग्री का प्रयोग करने के निर्देश दिया गया। कार्यस्थल पर सीआईबी बोर्ड नही लगाया गया है। तत्काल सीआइबी लगाने के निर्देश किया गया। खण्ड विकास अधिकारी सुश्री कृतिका अवस्थी को निर्देशित किया गया कि प्राक्कलन के अनुसार मानक के अनुरूप निर्माण कार्य पूर्ण कराना सुनिश्चित करें। तत्पश्चात मुख्य विकास अधिकारी जयेन्द्र कुमार द्वारा कस्तूरबा आवासीय विद्यालय परसिया का भी निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान खण्ड विकास अधिकारी शोहरतगढ़ सुश्री कृतिका अवस्थी, ग्राम सचिव श्रीमति सुमन पटेल, ग्राम प्रधान संध्या कुमारी, ग्राम प्रधान प्रतिनिधि पवन कुमार, तकनीकी सहायक पियूष मिश्रा, ग्राम रोजगार सेवक अमर सहाय उपाध्याय सहित अन्य ग्रामवासी उपस्थित रहें।

## एनटीपीसी टांडा में हिंदी पखवाड़े का हुआ समापन



**अम्बेडकरनगर अवधनामा संवाददाता।** एनटीपीसी टाण्डा में हिंदी पखवाड़ा समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह अपराह्न 03.30 बजे से सरगम ऑडिटोरियम में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि महाप्रबंधक (प्रचालन एवं अनुरक्षण) नील कुमार शर्मा ने इस कार्यक्रम की अध्यक्षता की। साथ ही कर्मचारियों ने स्वरचित कविता पाठ करके श्रोताओं का ध्यान आकर्षित किया। इस अवसर पर प्राथमिक विद्यालयों की बालिकाओं ने भी एक सांस्कृतिक नृत्य प्रस्तुत किया।कार्यक्रम में सभी महाप्रबंधकगण, विभागध्यक्षगण, यूनियन एसोसिएशन व वेलफेयर बॉडी के प्रतिनिधिगण एवं टाण्डा परियोजना सदस्य सम्मिलित हुए। कार्यक्रम में धन्यवाद प्रस्ताव उप महाप्रबंधक (मानव संसाधन) प्रणव वर्मा एवं सफल संचालन वरुण सोनी, अधिकारी, नैगम संचार द्वारा किया गया।

## एसडीएम बांसी की अध्यक्षता में बैठक



**बांसी सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** उपजिलाधिकारी बांसी प्रमोद कुमार की अध्यक्षता में शुक्रवार को सघन मिशन इन्द्रधनुष 5.0 तृतीय चरण का तहसील व ब्लाक टास्क की बैठक एसडीएम कार्यालय में सम्पन्न हुआ। बैठक में सभी को सख्त निर्देशित किया गया कि आगामी सघन मिशन इन्द्रधनुष 5.0 तृतीय चरण जो की 9 से 14 अक्टूबर 2023 जिसमें 0 से 5 वर्ष के सभी छूटे बच्चों का शत प्रतिशत टीकाकरण किया जाना है। पूर्व मे दो चरण 7 से 12 अगस्त, 11 से 16 सितंबर में चलाया जा चुका है। अभी के अभियान में मिज़ल्स और रूबेला के टीकाकरण पर विशेष जोर दिया जाना है। क्योंकि भारत सरकार के अनुसार मिज़ल्स और रूबेला का उन्मूलन साल 2023 तक किया जाना है। सभी अधिकारियों को सख्त निर्देश दिया गया कि कोई भी बच्चा छूटने न पाए सभी प्रयास किया जाना चाहिए कि सभी बच्चों का टीकाकरण अवश्य किया जाय। इस दौरान बैठक में बांसी डा. संजीव रंजन मिठवल और खेसरहा डा.सुजीत पान्डेय के अधीक्षक, एचईओ, बीसीपीएम ओपी दिवेद्वी वसीडीपीओ नीलम वर्मा,ग्रीशचंद्र पान्डेय, राय, कुशल टण्डन,अमर आदि लोग उपस्थित रहे।

## पैगम्बर मोहम्मद साहब के जन्मदिन पर जलसे का आयोजन हुआ

अवधनामा संवाददाता



**जलालपुर अम्बेडकरनगर।** इस्लाम धर्म के आखिरी पैगम्बर हज़रत मुहम्मद साहब के जन्मदिवस पर नगर व क्षेत्र में कार्यक्रमों का सिलसिला जारी है। मस्जिदों के आसपास भव्य सजावट की गई। नातख्वानी, जल्से व जुलूसों का आयोजन किया गया। नगर स्थित काजीपुरा फैजान ग्राउंड में बीती रात अंजुमन फैजान-ए-इस्लाम के तत्वावधान में जश्न ईद मिलादुन्नबी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व पालिकाध्यक्ष हाजी कमर हयात अंसारी ने कहा कि हज़रत मुहम्मद साहब पूरे आलम-ए-इनसानियत के लिए रहमत बन कर आये। हज़रत मुहम्मद साहब समतामूलक समाज के पक्षधर रहे। मास्टर अबदुर्रकीब के संचालन में पूरी रात्रि दो दर्जन से अधिक अंजुमनो ने हज़रत मुहम्मद साहब की शान में नातख्वानी पेश किया। इस अवसर पर नगर की सामाजिक, राजनीतिक एवं प्रबुद्ध वर्ग के साथ अकीदतमंदों की भारी भीड़ उमड़ी। जुलूस की निगरानी हाजी नबी अहमद, मास्टर अबुल कलाम, मेराजुल हक, इसरार अहमद मास्टर, हबीब अहमद, खलील अहमद डायर, हाफिज महमूद नदीम अंसारी, हाजी ताहिर,हेलाल अहमद,हाजी फ़ैज़ मोहम्मद पूर्व पालिकाध्यक्ष अबुल बशर अंसारी, मास्टर शरीफुल हक आदि लोग कर रहे थे। जुलूस की सुरक्षा व्यवस्था प्रभारी निरीक्षक जय प्रकाश सिंह,कस्बा इंचार्ज वेद प्रकाश यादव, साबिर अली, दुर्गेश सिंह, रोहित सिंह समेत पुलिस बल के जवान कर रहे थे।

## दिव्यांग बच्चों के लिए सुगम बनें विद्यालय: इमरान अंसारी



**सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** विशिष्ट आवश्यकता वाले दिव्यांग बच्चों के लिए विद्यालय सुगम एवं बाधा रहित होने चाहिएं जिससे समावेशी शिक्षा का लक्ष्य शतप्रतिशत प्राप्त किया जा सके। शुक्रवार को ब्लॉक संसाधन केंद्र नौगढ़ में दिव्यांग बच्चों के लिए सुगम्य विद्यालय विकसित करने संबंधित सुगम्यता सर्वेक्षण कार्यशाला में उपरोक्त विचार मुख्य संदर्भदाता मोहम्मद इमरान अंसारी ने व्यक्त किए। दिव्यांग बच्चों के विशिष्ट शिक्षक राकेश चौधरी एवं सुषमा पांडेय ने उपस्थित प्रधानाध्यापकों को बच्चों में दिव्यांगता के विभिन्न प्रकारों की विस्तृत जानकारी देते हुए विद्यालय को विशिष्ट आवश्यकता वाले बच्चों की आवश्यकताओं के अनुरूप सुविधाजनक बनाने को आवश्यक बताया। विद्यालयों में विशिष्ट आवश्यकता वाले बच्चों के लिए रैम्प, दिव्यांग शौचालय एवं उपयुक्त बैठक व्यवस्था पर विशेष चर्चा की गई। कार्यशाला में दिव्यांग बच्चों को शिक्षा की मुख्य धारा में शामिल करने के लिए स्कूल तक बच्चों की बाधा रहित पहुँच को सुनिश्चित करने के लिए सामाजिक एवं विभागीय सहयोग संबंधित योजनाओं पर भी चर्चा की गई। एक दिवसीय कार्यशाला में जितेंद्र कुमार मिश्रा, नियाज अहमद, आलोक आनंद, धर्मेन्द्र चौधरी, दीपक श्रीवास्तव, सईद आब्दी, सुनीता वर्मा, गीता चौधरी आदि की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।

## बसपा सरकार मे होगा सर्व समाज के गरीबों का भला: शमीम अहमद

**बाँसी सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** बांसी विधानसभा के ऐचनी सेक्टर मे बहुजन समाज पार्टी के तत्वाधान एक दिवसीय कैडर कैम्प का आयोजन किया गया जिस में मुख्य अतिथि शमीम अहमद जिला उपाध्यक्ष विशिष्ट अतिथि महताब अहमद जिला सचिव मौजूद रहे। बैठक में सम्बोधित करते शमीम अहमद ने कहा कि देश प्रदेश में समता मूलक समाज की स्थापना करने के लिए बहुजन समाज पार्टी की सरकार बनाना जरूरी है देश प्रदेश में चल रही भाजपा सरकार गरीबो मजदूरों किसानों की विरोधी सरकार है मोदी जी ने नारा दिया की हम देश नहीं विकने देंगे और खुद रेलवे बेच दिया बिजली विभाग बेच दिया एयरपोर्ट बेच दिया एल आई बेच दिया लाल किला बेच दिया ताकी गरीबों को रोजगार ना देना पड़े और दलितों को 22 प्रतिशत व पिछडो को 27 प्रतिशत आरझण ना देना पड़े इस लिए आने वाले दिनों में बहुजन समाज पार्टी को ओट देकर बहन जी को प्रधान मंत्री बनाना है तभी सर्व समाज का भला होगा। बैठक की अध्यक्षता चंद्र बहाल गौतम विधानसभा अध्यक्ष ने किया व संचालन जिला सचिव महताब अहमद ने किया बैठक में मुख्य रूप से सचिदाननद गौतम सेक्टर अध्यक्ष हरीराम गौतम शिवकुमार गौतम अखिलेश कुमार राजेश्वर गौतम सहित अन्य लोग मौजूद रहे।



## नगर अध्यक्ष अर्चिष्मान मिश्र की अध्यक्षता में हुई बैठक



**सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** मण्डल नगर पालिका परिषद सिद्धार्थनगर की बूथ सशक्तिकरण अभियान की सत्यापन बैठक शुक्रवार को नगर अध्यक्ष अर्चिष्मान की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक को बतौर मुख्य अतिथि सम्बोधित करते हुए पूर्व जिलाध्यक्ष बृजबिहारी मिश्र जी ने कहा कि लोकसभा चुनाव पार्टी अपने कार्यकर्ताओं के बल पर लड़ने जा रही है। इसलिए बूथ सशक्तिकरण अभियान बेहद महत्वपूर्ण है। मोदी जी देश ही नहीं अपितु पूरी दुनिया का नेतृत्व कर रहे हैं। इस बात को विपक्ष पचा नहीं पा रहा है। अध्यक्षता नगर अध्यक्ष अर्चिष्मान मिश्र ने किया। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष दीपक मौर्य तथा नगर पदाधिकारी गण/ शक्तिकेंद्र संयोजक/ प्रभारी गण/ बूथ अध्यक्ष गण की शत प्रतिशत उपस्थिति रही।

## स्वच्छता अभियान के तहत अस्पताल परिसर में लगाया गया झाड़ू

अवधनामा संवाददाता



**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर।** नगर पंचायत डुमरियागंज के वार्ड लक्ष्मणनगर में स्थित नवीन प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र परिसर में भाजपा के सेवा पखवाड़ा सप्ताह के तहत स्वच्छता अभियान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें अस्पताल परिसर में झाड़ू लगाकर साफ सफाई की गई। और लोगों को जागरुक करते हुए स्वच्छता के लिए शपथ भी दिलाई गई।

इस दौरान पूर्व पूर्व विधायक राघवेन्द्र प्रताप सिंह ने कहा कि हम सभी लोगों को साफ-सफाई की आदत डालनी चाहिए। आम लोगों को साफ-सफाई को अपनी कार्यप्रणाली में शामिल करने की सीख देते हुए कहा कि साफ सफाई स्वस्थ्य जीवन के लिए महत्वपूर्ण है। उन्होंने बताया की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस को इस बार सेवा पखवाड़े के रूप में मनाया जा रहा है, जिसमें विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा हैं, जिसमें स्वच्छता अभियान प्रमुख हैं। आज विश्व स्तर पर भारत का मान, सम्मान एवं स्वाभिमान बढ़ा है। कार्यक्रम में पूर्व विधायक ने स्वच्छता के प्रति लोगों को जागरूक किया गया और झाड़ू लगा कर साफ सफाई कर श्रमदान किया। मण्डल अध्यक्ष अमरेंद्र त्रिपाठी ने बताया कि मण्डल के सभी सेक्टरों में स्वच्छता अभियान के तहत झाड़ू लगाकर जागरूकता फैलाई जा रही हैं। इस दौरान लवकुश ओझा, पप्पू श्रीवास्तव, शत्रुहन सोनी, कमलेंद्र त्रिपाठी, सभासद नन्दलाल गुप्ता, उमाशंकर, रामचंद्र यादव, राजेश, पं. राकेश शास्त्री, रमेश सोनी, अजय अग्रहरि, सीताराम पहलवान, सत्य प्रकाश श्रीवास्तव, कन्हैया गुप्ता, अर्जुन विश्वकर्मा, रामकृपाल गौतम आदि लोग उपस्थित रहे।

> स्वच्छता की दिलाई गई शपथ सेवा पखवाड़ा सप्ताह के तहत आयोजित हुआ कार्यक्रम

## बस्ती मिनी मैराथन की जागरूकता के लिए किया गया जनसंपर्क



**बस्ती अवधनामा संवाददाता।** 8 अक्टूबर दिन रविवार को नेशनल एसोसिएशन ऑफ़ यूथ द्वारा आयोजित होने वाले 12वें बस्ती मिनी मैराथन दौड़ के जागरूकता हेतु नेशनल एसोसिएशन ऑफ़ यूथ और खिलाड़ियों ने शास्त्री चौक से भगत सिंह चौक तक निकाला जन सम्पर्क पैदल यात्रा, शहीद भगत सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। नेशनल एसोसिएशन ऑफ यूथ के अध्यक्ष भावेष पाण्डेय ने कहा कि पिछले 11 वर्षों से बस्ती मिनी मैराथन अनवरत अपनी सफलता को प्राप्त करता आया है, और बस्ती की पहचान बन गया है, जिसकी प्रशंसा स्वयं देश के प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने की है। 11 वर्षों के बस्ती के लोगों के साथ और सहयोग से आज यह कार्यक्रम अनवरत बढ़ता जा रहा है। बस्ती के लोगों के साथ आने के कारण ही कार्यक्रम लगातार सफल रूप से आयोजित होता आ रहा है। समाजसेवी सरोज मिश्रा ने कहा कि आज समाज का हर वर्ग और हर सामाजिक संस्था इस कार्यक्रम से जुड़ना चाहता है और इसका समर्थन कर रहा है। कार्यक्रम संयोजक सुरेन्द्र चौधरी ने कहा कार्यक्रम की तैयारियाँ पूरी हो चुकी हैं और हमारे वॉलंटियर्स ने सफल आयोजन के लिए कमर कस ली है। पैदल यात्रा में प्रमुख रूप से संध्या दीक्षित, नवीन त्रिपाठी, ओंकार चौधरी, सिद्धांत मिश्रा, आशुतोष सिंह, अरुण पांडेय, संतोष गुप्ता, राहुल उपाध्याय, मुस्कान पाण्डेय, अंकिता, अनामिका, शुभम शुक्ला, शांभवी, कुसुम यादव, पंकज चौधरी, विक्स मिश्रा, स्वाति गौड़, सद्दाम हसन, क़ाजी फ़रज़ान, रितिकेश सहाय, योगेन्द्र शुक्ल आदि लोग उपस्थित रहे।

## पेंशन शंखनाद महारैली में कई संगठनो व विभागीय कर्मचारियों का मिला समर्थन

अवधनामा संवाददाता



**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर।** आगामी एक अक्टूबर को दिल्ली में आयोजित पेंशन बचाओ शंखनाद महारैली में सिद्धार्थनगर जनपद से एक हज़ार से ऊपर की संख्या में शिक्षक कर्मचारी व अन्य विभागों के कर्मचारी शामिल होंगे। इस महारैली की तैयारी युद्ध स्तर पर चल रहा है। अटेवा का एकमात्र मांग पुरानी पेंशन बहाल करना है। जिसे वह लेकर रहेंगे।

अटेवा को 19 संगठनों के विभागीय कर्मचारियों का समर्थन प्राप्त हो गया है। उक्त जानकारी डुमरियागंज स्थित ब्लॉक संसाधन केंद्र के परिसर में शुक्रवार को देते अटेवा के प्रदेश संयुक्त मंत्री जनार्दन शुक्ला ने कहा कि यह रैली कर्मचारियों के पेंशन के भविष्य को तय करेगा। क्योंकि इस महा रैली में बड़ी संख्या में पूरे देश से कर्मचारी भाग ले रहे हैं। आने वाले दिनों में हम पुरानी पेंशन बहाल करा कर ही दम लेंगे। उन्होंने आगे कहा कि पुरानी पेंशन बहाली के लिए अटेवा को 19 संगठनों के विभागीय कर्मचारियों का समर्थन प्राप्त है। जिसमें राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ, लेखपाल संघ, लैब टेक्नीशियन संघ, जूनियर हाई स्कूल शिक्षक संघ ,ग्रामीण सफाई कर्मचारी संघ, संयुक्त राज्य कर्मचारी संघ, मदरसा शिक्षक संघ, माध्यमिक शिक्षक संघ, कलेक्ट्रेट संघ, अमीन संघ, बोरिंग टेक्नीशियन संघ, डिप्लोमा फार्मासिस्ट संघ, टीचर्स सेल्फ केयर टीम, पॉलिटेक्निक संघ, जल निगम संघ, ग्राम विकास अधिकारी संघ, सचिवालय कर्मचारी संघ, नर्सेज संघ व स्वास्थ्य विभाग महासंघ का समर्थन प्राप्त हुआ है। अंत में उन्होंने यह भी कहा कि 1 अक्टूबर का आयोजित महा रैली के लिए सिद्धार्थनगर जनपद से 29 व 30 सितंबर को ट्रेन, बस एवं निजी साधन से लोग भाग लेंगे।

> दिल्ली में आयोजित पेंशन बचाओ महारैली में जनपद से बड़ी संख्या में जुटेगे कर्मचारी
>
> दिल्ली महारैली से तय होगा कर्मचारियों के पेंशन का भविष्य: जनार्दन

## भाजपा बूथ अध्यक्ष की उपस्थिति में गाँव के लोगों के साथ हुई बैठक



**अंबेडकरनगर अवधनामा संवाददाता।** 280 विधानसभा क्षेत्र- जलालपुर में भारतीय जनता पार्टी के पूर्व जिला अध्यक्ष राम प्रकाश यादव पूर्व जिला महामंत्री -अमरनाथ सिंह, बरौना बूथ अध्यक्ष प्रभुनाथ यादव पूर्व मंडल अध्यक्ष उमेश यादव एवं काका जी तथा जीवत बूथ-अध्यक्ष गिरधारी निषाद भाजपा कार्यकर्ता बंसी लाल निषाद और विनोद कुमार, संजीव कुमार ग्राम प्रधान-शिवप्रसाद, राधेश्याम, सभाजीत, गंगाराम इत्यादि की उपस्थिति में बरौना दलित बस्ती में भाजपा की बूथ समिति की बैठक में ग्राम वासियों के साथ चौपाल लगाकर के ग्राम वासियों की समस्याओं को सुना, और जन समस्याओं के निस्तारण के लिए आश्वासन दिया। भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष राम प्रकाश यादव ने 2020 में महिला/पुरुष के मृत्यु के पश्चात किन्हीं दो लोगों को 2500 प्रति माह आर्थिक सहायता, जिससे बच्चों की शिक्षा में 23 वर्ष की अवस्था तक किसी प्रकार का व्यवधान न उत्पन्न हो। इतना ही नहीं पूर्व जिला अध्यक्ष श्री यादव ने कहा किसी भी कीमत पर किसी भी अराजक तत्व को बढ़ावा नहीं मिलना चाहिए और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के नेतृत्व में प्रदेश के गांव / शहरों में किसी अपराधिक असामाजिक तत्व ने किसी प्रकार की यदि सक्रियता दिखलाई है तो उसको उसके किए की सजा जरूर मिल गई उक्त उद्गार भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष राम प्रकाश यादव ने अनुसूचित बस्ती बरौना जोल्हापुर में व्यक्त किए हैं।

## मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के तहत नवनियुक्त जिलाध्यक्ष द्वारा इकट्ठा की घर-घर की मिट्टी

अवधनामा संवाददाता



**बस्ती।** महसों व बनकटी मण्डल प्रवास के दौरान नव नियुक्त जिलाध्यक्ष विवेकानन्द मिश्र का भाजपा कार्यकर्ताओं ने डारीडीहा, सोनूपार, महसों, पाकरडाड, महादेवा, बररोहिया, पंखोबरी, बनकटी ब्लाक, बनकटी बाजार, मथौली सहित अन्य जगहों पर स्वागत किया। नए जिलाध्यक्ष को अपने बीच पाकर कार्यकर्ता बहुत गदगद दिखे। कार्यक्रम संयोजक अमृत कुमार वर्मा ने बताया कि डारीडीहा में आजाद गोस्वामी, सोनूपार में सुनील पाण्डेय और दिलीप पाण्डेय, महसों में मण्डल अध्यक्ष अखिलेश शुक्ल, बोकनार में अनुराग शुक्ल, महादेवा में जगदम्बा शुक्ल, बररोहिया में अरविंद पाल, बनकटी ब्लाक पर प्रमुख प्रतिनिधि रघुनाथ सिंह, उसके बाद एक निजी विद्यालय में परिचयात्मक बैठक हुआ। इसके साथ ही भारतीय जनता पार्टी द्वारा आयोजित मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के तहत घर घर मिट्टी भी इकट्ठा किया गया। कार्यकर्ताओ ने जिलाध्यक्ष का फूल माला, अंगवस्त्र एवं पगड़ी पहनाकर अभिनंदन किया। वही कार्यक्रम का संचालन रवि चंद्र पाण्डेय ने किया। जिसके बाद अन्य कार्यकर्ताओं ने भी फूल माला पहनाकर उनका स्वागत किया। वहीं नव मनोनीत जिलाध्यक्ष ने कहा कि देश की सबसे बड़ी पार्टी ने आज एक छोटे से कार्यकर्तृता का इतना बड़ा दायित्व देकर विश्वास जताया है। इसके लिए वह अपना हर कीमती समय पार्टी और कार्यकर्ताओं के लिए लगाकर जिला में संगठन को पहले से अधिक मजबूत बनाने का काम करेंगे। इस दौरान पूर्व विधायक रवि सोनकर, राकेश श्रीवास्तव, चंद्रशेखर मुन्ना, पिन्टू तिवारी, भानु प्रकाश मिश्र, गजेंद्र सिंह, मण्डल अध्यक्ष विवेकानन्द शुक्ल, अखिलेश शुक्ल, सुरेंद्र तिवारी, दिव्यांशु दुबे, दीपक सोनी, अंकित पाण्डेय, लाल सिंह, रमेश अग्रहरी, ब्रह्मानन्द शुक्ल, सोनू तिवारी, अमित गुप्ता, शशिभूषण पाण्डेय, दिवाकर सोनी, शशि गौड़ सहित तमाम कार्यकर्ता मौजूद रहे।

> नवनियुक्त जिलाध्यक्ष का भाजपा कार्यकर्ताओं ने फूलमाला पहनकर किया गया स्वागत

## श्रमदान कार्यक्रम का आयोजन एक को

**बस्ती।** स्वच्छता ही सेवा है-2023 के अन्तर्गत 01 अक्टूबर को प्रातः 10 बजे से 11 बजे तक श्रमदान कार्यक्रम का आयोजन करके स्वच्छता अभियान संचालित किया जायेंगा। इस संबंध में तैयारी बैठक कलेक्टेप्ट सभागार में एडीएम कमलेश चन्द्र की अध्यक्षता में सम्पन्न हुयी। उन्होने निर्देश दिया है कि इस कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों एवं गणमान्य लोगों को भी शामिल किया जाय तथा गॉव के एतिहासिक एवं धार्मिक स्थल पर सफाई अभियान अवश्य संचालित किया जाये। इस अवसर पर उन्होने सभी अधिकारियों को स्वच्छता की शपथ दिलाया। इसके अन्तर्गत प्रत्येक वर्ष 100 घण्टे या प्रत्येक सप्ताह 2 घण्टे श्रमदान करके स्वच्छता का संकल्प लिया गया। इस अवसर पर उन्होने स्वच्छ भारत मिशन का लोगो भी जारी किया। उन्होने कहा कि इसके अन्तर्गत श्रमदान, शौचालय, कूडेदान की मरम्मत, पेंटिंग तथा मॉस मोबिलाईजेशन किया जायेंगा। उन्होने निर्देश दिया है कि सभी कार्यालयों में सफाई अभियान चलाये जाये तथा कार्यालय में थूकने वालों पर जुर्माना लगाया जाये।

## ग्राम चौपाल लगा प्रधान प्रतिनिधि हनीफ ने लोगों की समस्या सुनी

**बांसी सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** विकास खंड खेसरहा अंतर्गत ग्राम पंचायत पचमोहनी मे गांव के पंचायत भवन में शुक्रवार को ग्राम प्रधान प्रतिनिधि हनिफ की अध्यक्षता में ग्राम चौपाल लगाकर ग्रमीणों की समस्या सुनी गई। ग्रामीणों की समस्या को जानने के लिए ग्राम पंचायत अधिकारी पंकज त्रिपाठी जहां गांव वालों से हो रही समस्या के बारे में जानकारी ली। मौके पर उपस्थित आम जनमानस से उन्हें प्राप्त हो रहे शासन के लाभार्थी परक योजनाओं के बारे में पूछा पूछने पर ग्रामीणों ने बताया कि सफाईकर्मी तो गांव मे तैनाती तो है पर दोनों सफाईकर्मी कभी दिखाई नहीं पडते हैं जिससे गांव में जगह जगह गंदगी देखने को मिल जायेगा जाम नालीयों से बदबूदार गंध निकल रहे हैं। जिसपर ग्राम प्रधान प्रतिनिधि हनीफ ने चौपाल में कहा कि उक्त सफाईकर्मी के खिलाफ खंड विकास अधिकारी को पत्र लिखकर शिकायत करुंगा और जहां स्वच्छता को लेकर प्रधानमंत्री से लेकर मुख्यमंत्री तक स्वच्छता अभियान में शामिल होकर गांव की सड़कों को स्वच्छ रखने का संदेश देते हैं वहीं हमारे गांव के सफाई कर्मी महीना मे एक दो बार भी नहीं दिखते ऐसी दशा में उन्हें बदलकर किसी दूसरे सफाई कर्मचारी की नियुक्ति को लेकर ग्राम प्रधान ने अपने ग्राम पंचायत के सचिव से ग्राम चौपाल में दोनों सफाई कर्मी मौजूद नहीं रहे जिससे नाराज ग्रामीणों ने सफाई कर्मचारियों को बदलने की मांग किया। इस दौरान रोजगार सेवक-मोहम्मद इब्राहिम पंचायत सहायक-समीरा खातून कोटेदार सहित सैकड़ो ग्रामीण उपस्थित रहें।



## मोदी की दूरदर्शिता

मोदी की राजनीति और कूटनीति इतनी दूरदर्शी होती है कि मुंह से बरबस वाह वाह निकल पड़ता है। महिला बिल के माध्यम से जो निशाना साधा है विपक्ष हतभ्रम है। वह कोई सारभूत टिप्पणी नहीं कर पा रहा है। जुमलेबाजी, चुनाव देख कर बिल लाया गया है, 2029 तक निर्वाचन क्षेत्र का पुनरिक्षण नहीं पायेगा इस तरह की बयानबाजी विपक्ष की ओर से हो रहा है। कांग्रेस पूर्वमंत्री और कानून विद कपिल सिब्बल ने तो यहां तक कहा है कि मोदी लोकसभा में एलान करें की 2029 में अगर निर्वाचन क्षेत्र का पुनरीक्षण नहीं हुआ तो कुर्सी छोड़ देगे।

मोदी जी ने महिला बिल की माध्यम से महिलाओं में तो अपनी ग्रहयता बढ़ाई है जिसका फायदा 2024 के चुनाव में तो मिलगा ही 2029 के लिये भी अपनी जीत का मील का पत्थर रक्ख दिया है। संविधान में प्रावधान है कि हर जनगणना के साथ निर्वाचन क्षेत्रों का पुनरीक्षण हो क्योंकि आबादी घटती कम और बढ़ती ज्यादा है। जनगणना हर 10 साल में होनी चाहिये पर इधर जनगणना नहीं हुई है। पिछले 50 सालो से निर्वाचन क्षेत्रों का पुनरीक्षण भी नहीं हुआ है। दक्षिण की पार्टियां अपने हितो को देख कर उलझी हुई है। निर्वाचन क्षेत्रों का निधारण जन संख्या के आधार पर होता है। कुछ ऐसा ट्रेन्ड है कि उत्तर की आबादी बढ़ती जाती है दक्षिण की आबादी तुलनात्मक दृष्टि से कम होती जाती है। दक्षिण राज्यों में शिक्षा का स्तर में उत्तरी राज्यो से बेहतर है। जनसंख्या पर इसका भी असर पड़ता है। तो अगर 2029 में निर्वाचन क्षेत्रों का निर्धारण होगा तो उत्तर भारत में निर्वाचन क्षेत्र का क्षेत्र सिकुड़ेगा जिसके फलस्वरूप सीटों की संख्या बढ़ेगी। दक्षिण भारत में क्योंकि जनसंख्या घटेगी तो निर्वाचन क्षेत्र का क्षेत्र बढ़ेगा पर सीटो की संख्या कम होगी। इसलिये दक्षिण भारत के नेता चिन्तित है कि उनके प्रतिनिधियों की संख्या और सीटो की संख्या पहले से ही कम है यहां और कम हो जायेगी। उत्तर भारत में जनसंख्या की वजह से निर्वाचित क्षेत्र भी ज्यादा है तो लाजिमी है कि उनके प्रतिनिधियों की संख्या बढ़ेगी। दक्षिण भारत में भाजपा की पैठ कम है पर उत्तर भारत तो भाजपा का आधार है यह सीटो की संख्या बढ़ेगी तो भाजपा के प्रतिनिधियों की संख्या भी बढ़ेगी। मोदी का निशाना इन्ही बातों को लेकर सटीक बैठ रहा है विपक्ष इसीलिये परेशान है। इसकी काट उनके समझ में नहीं आ रही है। कांग्रेस जो मुख्य विपक्ष की भूमिका निभा रहा है चुनावदर चुनाव उसकी उपस्थिति घटती जा रही है। कांग्रेस राहुल गांधी के मोदी के समक्ष खड़ा करने में लगी है पर अनुभव उम्र, वाकपटुता, दूरदर्शिता, राजनीति कूटनीति में कही भी उनके समक्ष ठहरते नहीं दिखते है। कहते है पैदल यात्रा से उनकी लोकप्रियता बढ़ी है अगर बढ़ी भी है तो इतनी नहीं बढ़ी है कि भाजपा को टक्कर दे सकें। इसके अलावा कांग्रेस को सहारा विपक्षी दलों की एकता की एकता का है जो दिख नहीं रहा है। क्योंकि पहले तो केन्द्रीय भूमिका के लिये दो लोग और आगे आना चाहते है वो भी नितिश कुमार ने अपने पत्ते नहीं खोले है पर आकांक्षा पाले हुये है। केसीआर ऐसे नेताओं में आगे है और मुखर भी है। नितीश हांलाकि कह रहे है हम आकांक्षी नहीं है पर अन्दर-अन्दर लालसा पाले हुये है। किसी क्षेत्र में महात्वाकांक्षा बुरी चीज नहीं होती है पर पांव जमीन पर ही होना चाहिये सिर्फ आसमान देखते रहने से काम नहीं बनता हैं। महत्वाकांक्षी जोकर लगने लगात है। विपक्ष में शरद पवार सबसे कद्दावर अनुभवी और बुद्धीमान नेता है, हालाकि उनकी पार्टी बट गई है पर उनका रूतबा कायम है। ममता बनर्जी का अलग राग है वह चाहती है कांग्रेस उनके साथ मिलकर चुनाव लड़े। हालाकि ममता भी कद्दावर होशियार और जुझारू नेता है पर भतीजे के मोह में भटक गई लगती है।

राहुल गांधी के बयान कुछ ठीक ठाक आ रहे है पर उनकी मौलिक सोच नहीं लगती है। उनके पीछे जो कुछ कांग्रेसी है खासकर जैराम रमेश वह राहुल का कायाकल्प करने में कबसे जुटे है। मेरा तो मानना विपक्ष अगर उनको अपना नेता ही मानले तो उनकी बड़ी कामयाबी है। खैर सब समय बतलायेगा।

फ़िलहाल मोदी की गणित उनके पक्ष में जाती दिख रही है 2024 में तो आने को अश्वस्त है 2029 को भी अपनी गोद में लपेटे हुये है। असली निर्णायक तो मतदाता होता है। वक्त पर वही बतायेगा कौन सिकन्दर है। इस समय राष्ट्रीय और अन्तराष्ट्रीय स्थितियां मोदी के अनुकूल दिख रही है। दो साल के दुनियां के सर्वप्रिय नेताओं में सबसे ऊपर चल रहे है। उनका आत्मविश्वास उफान पर है। नतीजे के लिये वक्त का इन्तजार करें।

## इंकलाब ए मुहम्मद (स.) : शख़्सियात का पैमाना

दुनिया में इंसानों की दायमी (चिरस्थायी) अहमियत उनकी दौलत या ओहदों के मुक़ाबले उनके उन कामों की बुनियाद पर पहचानी जाती है जो उन्होंने अपने दौर में इंसानियत की भलाई के लिए बेलौस अंदाज़ से अंजाम दिये होते हैं। वो काम जितने मुश्किल वक़्त और हालात में किये जाते हैं उतना ही उस इंसान की अहमियत को बढ़ा देते हैं और अगर उनके काम दुनिया में इंसानियत की भलाई के लिए दायमी बदलाव पैदा कर दें तो वो शख़्सियात हमेशा के लिए मिसाल बनकर ज़िन्दा रहती हैं। दुनिया की तमाम बड़ी शख़्सियात को आप इस पैमाने पर रखकर उनकी अहमियत का अंदाज़ा आसानी से लगा सकते हैं।



क़मर अब्बास सिरसीवी

आसान हालात में किये गए बहुत बड़े बड़े कामों के मुक़ाबले मुश्किल हालात में किये गए चंद छोटे काम ही दुनिया में बड़े बदलाव लाते हैं। आज के हालात में अमीर-ग़रीब, गोरे-काले, छोटे-बड़े, औरत-मर्द की बराबरी की बातें करना बहुत आसान है लेकिन क्या आज से सौ साल पहले भी ये सब इतना आसान था? ब्रिटिश राज के वक़्त गोरों को कालों पर हर ज़ुल्म करने की आज़ादी थी और उनकी मुख़ालफ़त करने वाले अपनी ज़िन्दगी से उसकी क़ीमत चुकाते थे। दो सौ साल पहले ज़मीदारों, जागीरदारों, राजाओं और बादशाहों की अक्सरियत ग़रीबों और छोटों पर ज़ुल्म को अपना हक़ समझती थी तो अंदाज़ा लगाईये कि 1400 साल पहले इंसानियत पर ज़ुल्म के क्या हालात होगें? उस दौर का ताक़तवर तबक़ा कमज़ोर इंसानों पर किस क़दर ज़ुल्म करता होगा?

इस पसमंज़र में अगर आप हज़रत मुहम्मद के दौर के हालात का अंदाज़ा लगाना चाहें तो इतना समझ लीजिये कि लोग अपने घरों में पैदा होने वाली बेटियों को पैदा होते ही ज़िन्दा ज़मीन में दफ़ना दिया करते थे क्योंकि बेटी वाले कमज़ोर और छोटे माने जाते थे और उनकी बेटियां ज़ुल्म की आसान शिकार हुआ करती थी। ऐसी रुसवाई से बचने के लिए अपनी ही बेटियों को अपने हाथों दफ़न करना आम रिवायत बन चुकी थी। ऐसे हालात में एक शख़्स का इस बुराई के ख़िलाफ़ खड़े होना और बेटी का अल्लाह की रहमत होने का ऐलान करना कोई आसान काम नहीं था। जब इंसानों को ग़ुलाम बनाकर जानवरों की तरह ख़रीद फ़रोख़्त करना इज़्ज़त और फख़्र की बात समझी जाती थी उस दौर में इंसानी हुक़ूक़ की बराबरी की बात करना यक़ीनन मौत को दावत देना था। जिस दौर की अरब क़ौम दुनिया की तमाम क़ौमों को अपने से कमतर समझती थी, उस दौर में उनके बीच में खड़े होकर दुनिया की तमाम क़ौमों को रंग और नस्ल की बुनियाद पर बराबर कह देना बहुत बड़ी हिम्मत का काम था। रेशमी कपड़ों और सोने के ज़ेवरात से लदे अमीर मर्दों के दरमियान खड़े होकर मर्दों के लिए सोना पहनने को ग़लत कह देना उस दौर में इंकलाब से कम नहीं था। अपनी महफ़िल में अमीरों के बराबर में ग़रीबों को, गोरों के बराबर में कालों को और मालिकों के बराबर में ग़ुलामों को बैठाकर बादशाहत पसंद दुनिया को इंसानियतपरस्त नज़रिया देना एक ऐसा इंकलाब था जिसे दबाने के लिए उस दौर की सारी ज़ालिम तलवारें उस इंकलाब के बानी शख़्स के ख़िलाफ़ निकली रहीं और आज भी उस शख़्स की शख़्सियत पर इल्ज़ाम की तलवारें तनी रहती हैं। मगर अपने दौर में भी उस शख़्सियत ने सिर्फ दलील और अमल से दिफा किया और आज भी उनके अस्ल चाहने वाले दलील और अमल से उनके मिशन को आगे बढ़ा रहे हैं। दुनिया की पुरानी रिवायत रही है कि जब वो किसी को समझ नहीं पाती है या उसकी बराबरी नहीं कर पाती है तो या तो उसे बदनाम करने के लिए उसके किरदार पर झूठ की उंगली उठाती है या उसकी इबादत करने लगती है।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक तकदीस फ़ातिमा रिज़वी ने ग्रुप-5 प्रकाशन, 55-बी, वज़ीर हसन रोड, लखनऊ से मुद्रित कराकर प्रथम तल, मस्जिद नूर महल, साकेत पल्ली, नरही, लखनऊ से प्रकाशित किया।

**पोलिटिकल एडीटर : एम.एम. मोहसिन**

**स्थानीय संपादक**

**मोहम्मद आलम रिज़वी**

**RNI No UPHIN/2010/31173**

**टेली फैक्स नं. : 2288091, 4065716**

**avadhnamahindi@gmail.com,**

भारत ने 2025-26 तक देश की जीडीपी में डिजिटल अर्थव्यवस्था की हिस्सेदारी 20 फीसदी से अधिक करने का लक्ष्य रखा है, जिसमें इलेक्ट्रॉनिक्स उत्पादों की महत्वपूर्ण हिस्सेदारी होगी। इलेक्ट्रॉनिक्स इकोसिस्टम में सेमीकंडक्टर का अहम स्थान है। आज इलेक्ट्रॉनिक उत्पादों में इस्तेमाल होने वाले चिप का भारत आयात करता है, लेकिन जब देश में चिप बनने लगेंगे तो आयात पर निर्भरता घटेगी। इस तरह सेमीकंडक्टर उद्योग के विकास से देश में इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्युफैक्चरिंग को गति मिलेगी।

# गुजरात से सेमीकंडक्टर उद्योग का आगाज

गुजरात स्थित साणंद में सेमीकंडक्टर संयंत्र का शिलान्यास कर भारत ने इस महीने एक और इतिहास रचा है। अरसे से सेमीकंडक्टर उद्योग लगाने का सपना अब साकार होने जा रहा है। इसका श्रेय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के सबल एवं निर्णायक नेतृत्व को जाता है। उनकी अगुवाई में केंद्र सरकार ने विगत करीब साढ़े नौ साल के दौरान अनेक ऐतिहासिक फैसले लिए हैं, जिनमें भारत को सेमीकंडक्टर राष्ट्र बनाने का निर्णय एक युगांतकारी कदम है।



राजीव चंद्रशेखर

इससे देश में प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में अवसर के नए द्वार खुलेंगे और डिजिटल अर्थव्यवस्था रफ्तार पकड़ेगी। विश्व को 'वसुधैव कुटुंबकम' की भावना से काम करने की नसीहत देने वाला भारत आज दुनिया की आर्थिक महाशक्तियों के लिए एक भरोसेमंद रणनीतिक प्रौद्योगिकी साझेदार बनकर उभरा है। भारत की प्रौद्योगिकी समर्थित-प्रगति विकासशील देशों के लिए प्रेरक बन गई है। जबकि अत्याधुनिक व उन्नत प्रौद्योगिकी लैस विकसित देश भारत के साथ साझेदारी के अवसर तलाश रहे हैं। महज एक दशक पहले भारत से विदेशी निवेशक पलायन कर रहे थे आज यह देश उनके लिए निवेश का पसंदीदा ठिकाना बन गया है। कोविड की विषम परिस्थितियों से सक्षमतापूर्वक निपटने और आर्थिक गतिविधियों दोबारा पटरी पर लाने में भारत ने जो तत्परता दिखाई वह पूरी दुनिया के लिए एक मिसाल बन गई है।

महामारी के बाद बदलते वैश्विक परिदृश्य में भारत के आर्थिक विकास की तीव्र रफ्तार सबसे बड़ी वजह है प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में स्थाई सरकार, जो साहसिक फैसले लेती है। गुजरात में सेमीकंडक्टर उद्योग के संयंत्र की स्थापना मोदी सरकार की इस महीने की एक और बड़ी उपलब्धि है। सेमीकंडक्टर मैन्युफैक्चरिंग के क्षेत्र में विश्व में अग्रणी अमेरिकी कंपनी माइक्रोन द्वारा गुजरात के साणंद में अपना पहला संयंत्र के लिए 23 सितंबर को भूमि-पूजन किये जाने साथ भारत ने सेमीकंडक्टर के अपने सफर का आगाज किया। इसके दो दिन पहले 21 सितंबर को संसद ने लोकसभा और विधानसभाओं में महिलाओं के लिए 33 फीसदी आरक्षण के प्रावधान वाले विधेयक पर मुहर लगाकर देश की आधी आबादी की दशकों से लंबित मांग पूरी की। नये भारत की नवीन परिकल्पना और अत्याधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित नव निर्मित संसद भवन में प्रवेश हमारे लिए एक सुनहरा पल था। इस नये संसद भवन में विशेष सत्र के दौरान पहले विधेयक के रूप में नारी शक्ति वंदन अधिनियम को पारित करवाकर मोदी सरकार ने वाकई इतिहास रचा है।

इससे पहले 17 सितंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शिल्पकारों के देवता भगवान विश्वकर्मा की जयंती पर देश के कारीगरों व शिल्पकारों के लिए पीएम विश्वकर्मा योजना का शुभारंभ किया, जिससे 18 पारंपरिक व्यवसायों को नया जीवन मिलेगा। यह संयोग है कि नये भारत के शिल्पकार आदरणीय मोदी जी का भी जन्म-दिन 17 सितंबर ही है। इस महीने के आरंभ में देश की राजधानी नई दिल्ली में आयोजित जी-20 शिखर सम्मेलन के दौरान भारत की अध्यक्षता में सर्वसम्मति से स्वीकृत नई दिल्ली घोषणा-पत्र में अभूतपूर्व फैसले लिए गए। शिखर-सम्मेलन में हिस्सा लेने आए राष्ट्राध्यक्षों ने भारत के डिजिटल पब्लिक इन्फ्रास्ट्रक्चर का उपयोग करके शासन-व्यवस्था को सरल व पारदर्शी बनाने और नागरिकों को सशक्त करने की पहलों की खूब सराहना की।



भारत ने 2025-26 तक देश की जीडीपी में डिजिटल अर्थव्यवस्था की हिस्सेदारी 20 फीसदी से अधिक करने का लक्ष्य रखा है, जिसमें इलेक्ट्रॉनिक्स उत्पादों की महत्वपूर्ण हिस्सेदारी होगी। इलेक्ट्रॉनिक्स इकोसिस्टम में सेमीकंडक्टर का अहम स्थान है। आज इलेक्ट्रॉनिक उत्पादों में इस्तेमाल होने वाले चिप का भारत आयात करता है, लेकिन जब देश में चिप बनने लगेंगे तो आयात पर निर्भरता घटेगी। इस तरह सेमीकंडक्टर उद्योग के विकास से देश में इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्युफैक्चरिंग को गति मिलेगी। हालांकि माइक्रोन के सेमीकंडक्टर संयंत्र का निर्माण अभी भारत में सेमीकंडक्टर उद्योग की विकास यात्रा का महज आरंभ है। लेकिन यह शुरुआत भी जिस अंदाज के साथ हुई है उससे यह अनुमान लगाया जा सकता है कि अन्य देशों के मुकाबले भारत बहुत कम समय में सेमीकंडक्टर के क्षेत्र में भी आत्मनिर्भर बन सकता है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने करीब 22 महीने पहले दिसंबर 2021 में 10 अरब डॉलर की राशि के साथ भारत सेमीकंडक्टर मिशन (आईएसएम) को मंजूरी दी थी, जो भारत के सेमीकंडक्टर इकोसिस्टम को प्रोत्साहन देने की दिशा में एक व्यापक दशकीय रोडमैप है। इस 10 साल में महज 10 अरब डॉलर की राशि से हमने जितना हासिल करने का लक्ष्य रखा है उतना चीन 200 अरब डॉलर खर्च करके 30 साल में भी नहीं कर पाया है। हमारा मकसद भारत को वैश्विक मानचित्र पर ऐसे सेमीकंडक्टर राष्ट्र के रूप में स्थापित करना है जो न सिर्फ अपनी घरेलू जरूरतों की पूर्ति करेगा बल्कि दुनिया की आपूर्ति श्रृंखला में अहम योगदान करेगा। दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी सेमीकंडक्टर कंपनी माइक्रोन ने भारत में अपनी विनिर्माण इकाई स्थापित करने की घोषणा के महज तीन महीने बाद यहां संयंत्र निर्माण का काम शुरू कर दिया है। साणंद में जीआईडीसी-2 औद्योगिक क्षेत्र स्थित करीब 93 एकड़ के क्षेत्र कंपनी अपनी असेंबली, टेस्टिंग, मार्किंग और पैकेजिंग (एटीएमपी) केंद्र का निर्माण करेगी जिसे तैयार होने में करीब 18 महीने लग सकता है। बहरहाल, माइक्रोन पास में 10 एकड़ के परिसर स्थित एक फैक्ट्री का अधिग्रहण करके पाइलट के तौर पर उसे अपनी एटीएमपी सुविधा के रूप में तैयार कर रही है। माइक्रोन ने अपने पूरे प्रोजेक्ट की लागत करीब 2.75 अरब रहने की घोषणा की थी जिसमें केंद्र सरकार की तरफ से 50 फीसदी प्रोत्साहन के साथ-साथ राज्य सरकारी की सब्सिडी भी शामिल है। निवेश की इस राशि से करीब 5000 नई प्रत्यक्ष और 15,000 सामुदायिक नौकरियां पैदा होने की उम्मीद है।

प्रधानमंत्री के गृह राज्य गुजरात में माइक्रोन का यह संयंत्र भारत के सेमीकंडक्टर उद्योग के विकास में मील का पत्थर साबित होगा। इससे अन्य प्रांतों को भी ऐसी क्रिटिकल प्रौद्योगिकी के विकास के लिए अनुकूल इकोसिस्टम तैयार करने की नसीहत मिलेगी। प्रधानमंत्री बनने से पहले मोदी जी करीब 13 साल गुजरात के मुख्यमंत्री रहे। उस दौरान उन्होंने राज्य के औद्योगिकी विकास के लिए अनुकूल पारिस्थितिक तंत्र और जरूरी बुनियादी सुविधाएं तैयार करने पर विशेष ध्यान दिया। नतीजतन, विदेशी निवेशकों के लिए गुजरात निवेश का एक आकर्षक ठिकाना बन गया है। दुनिया के देश भारत को ग्लोबल इलेक्ट्रॉनिक्स सप्लाई चेन में एक भरोसेमंद साझेदार के रूप में देख रहे हैं। विश्व की दिग्गज कंपनियां भारतीय युवाओं की मेधा शक्ति और कौशल के कायल हैं। सेमीकंडक्टर और इलेक्ट्रॉनिक्स इकोसिस्टम के विकास से आने वाले दिनों में देश के युवाओं के लिए अवसर के अनेक दरवाजे खुलने वाले हैं जिससे देश की अर्थव्यवस्था का तेजी से विस्तार होगा और भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने के लक्ष्य को जल्द ही हासिल करेगा।

# पितृऋण मुक्त की साधना है 'श्राद्धतर्पण'

पितृपक्ष में जो तर्पण किया जात है उससे वह पितृप्राण स्वयं आप्यापित होता है पुत्र या उसके नाम से उनका परिवार जो यव (जौ) तथा चावल का पिन्ड देता है, उसमें से अंश लेकर वह अम्भप्राण का ऋण चुका देता है। ठीक आश्विनकृष्ण प्रतिपदा से वह चक्र उर्ध्वमुख्य होने लगाता है।

भारतीय सनातन पद्धतियाँ कृतज्ञता ज्ञापक हैं इसलिये भारतीय मानस देव, मनुष्य, पशु, पक्षी, वनस्पति आदि के प्रति कृतज्ञता का बोध रखता है। किसी के द्वारा किये गए उपकार, सहयोग आदि को न भूलना एवं उसको स्मरण रखते हुये उसके प्रति आभार प्रकट करना भारतीय जीवन-शैली है। इसी भाव का प्रत्यक्ष उदाहरण है- श्राद्ध पक्ष। भाद्रपद पूर्णिमा से आश्विन अमावस्या तक के 16 (सोलह) दिन प्रत्येक वर्ष श्राद्ध के माने गये हैं। इस वर्ष 29 सितम्बर 2023 ई0 दिन शुक्रवार से 14 अक्टूबर 2023 दिन शनिवार तक श्राद्ध महापर्व हैं। यद्यपि पितरों की प्रसन्नता एवं उसकी कृपा प्राप्ति हेतु प्रतिदिन सन्ध्या-वन्दन के पश्चात् पितृ -तर्पण का विधान है जिससे समस्त पापों से मुक्ति मिलती है एवं सुख-शान्ति की प्राप्ति होती है।



प्रेमशंकर अवस्थी

भारतीय मनीषियों ने अपनी तत्वानुवेषी मेंधा एवं सूक्ष्मदर्शी वैज्ञानिक शोधों से मानव पर तीन प्रकार के ऋण का निर्धारण किया है। जो कि देव ऋण, ऋषि ऋण एवं पितृ ऋण के नाम से अभिहित हैं। देव ऋण से मुक्ति के लिये शास्त्र सम्मत पूजन एवं ज्ञानार्जन का निर्देश है। जबकि ऋषि ऋण से अवमुक्त होने के लिये शिक्षार्जन, अत्मा बोध हेतु उपाय आदि का शास्त्र सम्मत विधान हैं। इसी श्रृंखला में पितृ ऋण से मुक्त होने के लिये गृहस्थ जीवन में सन्तुलित आचरण, सन्तानोत्पत्ति, सन्तान को सुयोग्य नागरिक बनाना प्रमुख है। इसलिये ऋषियों ने ''धन्यो गृहस्थाश्रमः'' की उद्घोषणा की। मुनियों ने बृह्मचर्य आश्रम, बानप्रस्थ आश्रम, सन्यास आश्रम से गृहस्थ आश्रम धन्य घोषित किया। यह भी भारतीय कृतज्ञता का दर्शन है क्योंकि गृहस्त अनवरत श्रम से उपार्जन करके अपना व अपने परिवार का पालन-पोषण करता है। अतिथि, साधु, अभ्यागत आदि की भी सेवा करता है। समाज सेवा हेतु भी योगदान करता है इसलिये शास्त्रकारों ने गृहस्थ जीवन की प्रशंसा की है।

श्राद्ध श्रद्धा का एक महापर्व है जो कि पितरों के निमिन्त किया जाने वाला एक महा कर्तव्य है। पूर्वजों की अपूर्व कृपा से ही आज हम सब जीवित है। यह पूर्वजों का स्मृति समारोह है कर्तव्य बोध का प्रेरक है। स्वामी विवेकानन्द ने कहा था कि ''अपनी संस्कृति सभ्यता एवं परम्परा को भूलना नहीं चाहिये। आत्म गौरव एवं स्व कर्तव्य निष्ठा से ही श्रेष्ठ समाज का निर्माण होता है। पितरों के निमित किये जाने वाले कर्तव्य बोध को भी श्रीमद्भगवत गीता (अध्याय-3,12) याद दिलाती है ताकि इस परम्परा को आने वाली पीढ़ियां अनुशरण कर भारतीय संस्कृति के प्रति अपनी अस्था बनाये रखे।

पद्यदाचरति श्रेंष्ठस्तत्तदेवेतरो जनः।

सयत्प्रणामं कुरूते लोकस्तदनुवर्तते।।

कहने का तात्पर्य है कि श्रेष्ठ पुरूष जो आचरण करता है अन्य पुरूष भी वैसा आचरण करते हैं जो कुछ प्रमाण कर देता है समस्त मनुष्य समुदाय उसी के अनुसार बरतने लग जाता है। भारतीय हिन्दू परम्परा में माता-पिता (पितरों) की सेवा को सबसे बडी पूजा माना गया है। इसीलिये हिन्दू धर्मशास्त्रो में पितरों का उद्धार करने के लिये पुत्र की अनिवार्यता मानी गई है। जन्मदाता माता पिता को मृत्योपरान्त लोग भूल न जाये। इसी लिये श्राद्ध करने का विशेष विधान बताया गया है।



आश्विन कृष्ण पक्ष प्रतिपदा से लेकर अमावस्य तक ब्रह्मण्ड की ऊर्जा तथा उस ऊर्जा के साथ पितृप्राण पृथ्वी पर व्याप्त रहता है। धार्मिक ग्रंथ पुराणों में मृत्यु के बाद आत्मा की स्थिति का बडा सुन्दर वैज्ञानिक विवेचन मिलता है मृत्यु के बाद दशगात्र और षोडशी सपिन्डन तक मृत व्यक्ति की प्रेत संज्ञा रहती है। पुराणो के अनुसार वह सूक्ष्म शरीर जो आत्मा भौतिक शरीर छोडने पर धारण करती है। प्रेत होती है। प्रिय के अतिरेक अवस्था प्रेत है क्योंकि आत्मा जो सूक्ष्म शरीर धारण करती है। तब भी उसके अन्दर मोह, माया, भूख और प्यास का अतिरेक होता है। सपिन्डन के बाद वह प्रेत, पितरों में सम्मिलित हो जाता है।

पितृपक्ष में जो तर्पण किया जात है उससे वह पितृप्राण स्वयं आप्यापित होता है पुत्र या उसके नाम से उनका परिवार जो यव (जौ) तथा चावल का पिन्ड देता है, उसमें से अंश लेकर वह अम्भप्राण का ऋण चुका देता है। ठीक आश्विनकृष्ण प्रतिपदा से वह चक्र उर्ध्वमुख्य होने लगाता है। 15 दिन तक अपना अपना भाग लेकर शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा से पितर बृह्मंडीय उर्जा के साथ वापस चले जाते है इसलिये इसको पितृपक्ष कहते है और इसी पक्ष में श्राद्ध करने से पितरों को मोक्ष प्राप्त होता है।

पितृपक्ष में हिन्दू लोग मन, कर्म, वाणी से संयम का जीवन जीते है, पितरों को स्मरण करके जल चढ़ते है निर्धनों एवं ब्रम्हाणों को दान देते है पितृपक्ष में प्रत्येक परिवार में मृत माता पिता का श्राद्ध किया जाता है। परन्तु गया श्राद्ध का विशेष महत्व है वैसे भी इसका शास्तीय समय निश्चित है।, परन्तु ''गया सर्वकालेषु पिंड दधाद्विपक्षणम'' कहकर सदैव पिंडदान करने की अनुमति दे दी गयी है। पुराणों के व्याख्यान में वैसे तो श्राद्ध कर्म या तर्पण करने के भारत में कई स्थान है।

लेकिन बिहार में पवित्र फल्गु नदी के तट पर बसे प्राचीन गया शहर की देश ही नही बल्कि विदेशों में भी पितृपक्ष और पिंडदान को लेकर अलग पहचान है पुराणों के अनुसार पितरों के खास आश्विन मास के कृष्णपक्ष या पितृपक्ष ''मोक्षधाम गयाजी'' आकर पिंडदान एवं तर्पण करने से पितरों को मोक्ष की प्राप्ति होती है और माता पिता व सात पीढ़ियों का उद्धार होता है। पितृ की श्रेणी में मृत पूर्वजों, माता, पिता, दादा, दादी, नाना, नानी, सहित सभी पूर्वज शमिल होते है व्यापक दृष्टि से मृत गुरू और आचार्य भी पितृ की श्रेणी में आते है। कहा जाता है कि गया में पहले विभिन्न नामों के 360 वेंदियां थी। जहां पिंडदान किया जाता था इनमें अब 48 ही

बची है। यहां की बेंदियों में विष्णुपाद मन्दिर फल्गु नदी के किनारे और अक्षयवट पर पिंडदान करना जरूरी माना जाता है। इसके अतिरिक्त बैतरणी, प्रेतशिला, सीताकुण्ड, नागकुण्ड, पांण्डुशिला, रामशिला, मंगलागौरी, कागबलि आदि भी पिण्डदान के लिये प्रमुख है। यही कारण है कि देश में श्राद्ध के लिये 55 स्थानों को महत्वपूर्ण माना गया है। जिससे गया का स्थान र्स्वोपरि है। गया का पुराणों में उल्लेख पितृश्राद्ध एवं पिण्डदान का कई कारणों से महत्व दर्शाता है। बताया जाता है कि गयासुर नामक असुर ने कठिन तपस्या कर ब्रह्म जी से वरदान मांगा था कि उसका शरीर देवताओं की तरह पवित्र हो जाये और लोग उसके दर्शन मात्र से पाप मुक्त हो जाये। इस बरदान के चलते लोग भयमुक्त होर पाप करने लगे और गयासुर के दर्शन से फिर पाप मुक्त हो जाते थे। इससे बचने के लिये देवताओं ने यज्ञ के लिये गयासुर से पवित्र स्थान की मांग की। गयासुर ने अपना शरीर देवताओं को यज्ञ के लिये दे दिया। जब गयासुर लेटा तो उस का शरीर पांच कोस में फैल गया। यही पांच कोस जगह आगे चलकर गया बना। यह भी उल्लेख है कि देहदान के बाद गयासुर के मन से लोगो को पाप मुक्त करने की इच्छा नहीं गई और फिर से देवताओं से वरदार मांगा कि यह स्थान लोंगों को तारने वाला बना रहे। तब से ही यह स्थान मृतकों के लिये श्राद्धकर्म मुक्ति का स्थान बन गया।

# मोहम्मद मुस्तफा की विलादत का अनोखा मन्ज़र


हजरत मोहम्मद (सल0)सारी दुनियां के लिए रहमत बना कर भेजे गये थे इस की सच्चाई यूं भी जाहिर होती है क्योंकि भारत के प्राचीन धार्मिक ग्रंथों में भी रसूल-अल्लाह (सललल्लाह अलैह व सल्लम) का जिक्र मिलता है। यह दर्शाता है कि आपकी पैदायश दुनिया के लिए सबसे महत्वपूर्ण घटना है। पैगंबर हजरत मोहम्मद (सल.) का जन्म रबी-उल-अव्वल के बारहवें दिन भोर में हुआ था। इतिहासकार और जीवनीकार इस तिथि पर असहमत हैं, लेकिन अधिकांश ने 12 तारीख को सही माना है। पैगंबर हजरत मोहम्मद की जीवनी को सीरते - नबी या सीरत - उन-नबी कहते है आप की जीवनी पर लिखी गई पहली किताब (मुर्तबा इब्न हिशाम)) मे भी 12 तारीख दर्ज है। लेकिन कई जीवनी लेखकों ने 9 रबी- ऊ-लव्वल लिखा है। आप जिस दिन दुनिया में आए वह सोमवार का दिन था, आप के जन्म से पहले अरब के ज्योतिषियों में एक महान व्यक्ति के जन्म की चर्चा पहले से थी और अहले किताब ने अपनी किताबों में आखिरी पैगम्बर के आगमन के बारे में भी पढ़ा था, उन्हें एहसास होगया था कि उस हस्ती के दुनिया में आगमन का समय आ गया है जिस के बारे में किताबों मे लिखा है और वह कोई और नही मोहम्मद ही हैं। हज़रत हसन बिन साबित, (रजि0) जो अरब के एक प्रसिद्ध कवि थे और जो मदहत रसूल-अल्लाह? में आज भी प्रसिद्ध हैं, एक घटना के बारे में बताते हैं उनका कहना है कि वह सात साल के थे और मदीना मुनव्वरा (तब यसरब के नाम से जाना जाता था) में रह रहते थे उस समय मैंने एक यहूदी को ऊंचे स्थान पर चिल्लाते हुए सुना, वह कह रहा था, ÷हे यहूदियों! जब लोगों ने उसकी आवाज़ सुनी, तो वे उसके चारों ओर इकट्ठा हो गए और पूछा, हे दुर्भाग्य, क्या हो गया है तुम्हे ?÷ क्यो इतना चिल्ला रहा है? उस यहूदी नें जवाब दिया कि अहमद का सितारा आज रात चमक गया है जिसमें उनका जन्म होगा। सीरत-उन-नबी में दर्ज यह घटना एक उदाहरण है। तारीख़ और सीरत की किताबों में ऐसी अनेक घटनाएँ मिलती हैं जिनसे पता चलता है कि पैग़म्बरे इस्लाम की विलादत से पहले ही लोगों को यह एहसास हो गया था कि उनके आने का समय आ गया है। कई जीवनीकारों ने लिखा है कि जब आपका जन्म हुआ तो ईरान के शाही महल में भूकंप आगया और महल के कंगूरे टूट कर ज़मीन पर गिर पड़े।



हिफजुर्रहमान मौधवी

काबा में रखी मूर्तियां औंधे मुंह जमीन पर गिर गई। यह मानो इस बात का संकेत था कि अब सांसारिक वैभव और ऐश्वर्य के झूठे महल नष्ट होने वाले हैं और स्वनिर्मित देवताओं की महिमा समाप्त होने वाली है। अब समय आ गया है जब सत्य का परचम लहरायेगा, धर्म का सितारा बुलंद होगा। झूठ का अंधेरा दूर हो जाएगा और दुनिया पर सच्चाई का जादू छा जाएगा।

अल्लाह के रसूल सलल्लाहो अलैह व सल्लम के पिता हज़रत अब्दुल्लाह का उनके जन्म से पहले ही निधन हो गया था। जब उनके दादा अब्दुल मुत्तलिब ने अपने पोते के जन्म की खबर सुनी तो वह काबा गए और वहाँ सजदा किया और इस नेमत पर अल्लाह का शुक्र अदा किया।



विधवा माँ ने जब अपने पति की निशानी देखी तो उन की आँखों में आँसू भर आये। चचा अबु-लहब ने जब अपने भतीजे के जन्म की खबर सुनी तो उन का दिल खुशी से बाग बाग हो गया और खबर सुनाने वाली बांदी साबिया को आजाद करते हुए कहा जा मेरे जिगर के टुकड़े को दूध पिला। यहां यह बात बताना जरूरी है कि मक्का के शरीफ़ों में यह परंपरा थी कि वे बच्चों को पालन-पोषण के लिए आसपास के गाँवों में भेज दिया करते थे ताकि बच्चे वहाँ की स्वच्छ हवा में बड़े और स्वस्थ रह सकें। साथ ही उन्हें वहां शुद्ध अरबी भाषा भी सीखने का मौका मिल सके। मक्का मूल रूप से एक केंद्रीय शहर था, जहां सभी क्षेत्रों के लोग आते-जाते थे, उनके मिश्रण के कारण भाषा भी शुद्ध नहीं रह पाती थी। अरब में पढ़ने-लिखने का चलन बहुत कम था, लेकिन वे भाषा पर विशेष ध्यान देते थे। काव्य और भाषण की बातें होती थीं इस में ग्रामीणों की भाषा अधिक प्रामाणिक मानी जाती थी। इसी उद्देश्य से, पैगंबर हजरत मोहम्मद (सल0) को भी एक रेगिस्तानी महिला, हज़रत हलीमा सादिया को सौंप दिया गया था, जो बनी साद की जनजाति से थीं। हज़रत हलीमा सादिया उन महिलाओं में शामिल थीं जो रईसों के बच्चों की परवरिश के इरादे से मक्का आई थीं। सीरत-उन-नबी के मुताबिक़ यह वाक़िया खुद हज़रत हलीमा ने इस तरह बयान किया है कि मैं अपने क़बीले की कुछ औरतों के साथ दूध पीते बच्चों की तलाश में निकली थी वह अकाल का समय था और हमारे पास कुछ भी नहीं था। वह एक भूरी गधी पर सवार होकर निकली और उसके साथ एक ऊँटनी भी थी, जो दूध की एक बूँद भी नहीं देती थी। हमारा दूद पीता बच्चा भूख के कारण पूरी रात रोता था जिस के कारण हम सो नही सके। मेरी छाती में मेरे बच्चे को पिलाने के लिए पर्याप्त दूध नहीं था, न ही हमारी ऊँटनी के पास था। जिस गधी पर मैं सवार हुयी थी वह थक गयी और मैं अपने साथियों से पिछड़ गयी और आख़रिकार मक्का पहुँच गयी।

**हज़रत हलीमा सादिया का बयान है :** ऐसी कोई महिला नहीं थी जिसके सामने मासूम मुहम्मद (सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम) को पेश न किया गया हो, लेकिन किसी ने उन्हें स्वीकार नहीं किया। क्योंकि हम लड़के के पिता से भलाई की आशा रखते थे, और उस से प्रतिफल की आशा रखते थे। जब पिता ही नहीं रहे तो दादा और मां से क्या उम्मीद? हज़रत हलीमा से रिवायत है कि जब कोई बच्चा न मिला तो उस नें हजरत मोहम्मद को ही ले लिया।

**हजरत मोहम्मद (सल) की बरकते :** हज़रत हलीमा सादिया (रजि.) बताती हैं कि पैगंबर (सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम) की बर्कतों से मुझे बार-बार फैजयाब होनें का अवसर मिला। जब मैं उन्हें गोद में लेकर सवारी पर बैठी तो मेरे हैरत का कोई ठिकाना न रहा कि मेरे सीने दूध से भर गए और आप ने खूब अच्छे से दूध पिया। इसके साथ ही आपके ररिजाई भाई ने भी खूब दूध पिया और फिर दोनों सो गये। मेरे पति उस बूढ़ी ऊँटनी के पास गये और देखा कि उसके थन भी दूध से भर गये थे हम दोनों पति-पत्नी ने ऊंटनी का दूध पिया और पूरी रात आराम से सोए। सुबह मेरे शौहर ने कहा हलीमा! भगवान की कसम, यह बात जान लो कि तुम नें एक मुबारक हस्ती को पा या है। मैंने उत्तर दिया, खुदा की कसम मुझे यही उम्मीद थी

हज़रत हलीमा (रज़िअल्लाह अन्हु) से रिवायत है कि जब हम गधी पर सवार होकर मक्का से अपने गाँव की ओर लौट रहे थे तो उसमें इतनी ताकत आ गई कि वह पूरे क़ाफ़िले पर हावी हो गयी। साथी महिलाएँ पूछने लगीं कि हलीमा! क्या यह तुम्हारी वही गधी है जो मक्का आते समय थी ? आखिर इसे क्या होगया जो यह इतनी तेजी से चलनें लगी। हज़रत हलीमा के अनुसार, उनका गाँव अआकाल से बुरी तरह पीड़ित था, लेकिन जब वह अल्लाह के रसूल (सल0) को अपने साथ ले आई, तो वहाँ की स्थिति ही बदल गई। वह कहती हैं कि मेरी बकरियां चरनें जाती तो खूब चर का आने लगीं और खूब दूध देनें लगीं थीं हालाँकि आकाल के कारण दूसरों की बकरियों के थनों से एक कतरा दूध भी नही निकलता। पड़ोसी अपनें चरवाहों से कहते जहां हलीमा की बकरियां चरती हैं वहीं तुम भी अपनी बकरियां चाराया करो। हजरत हलीमा फरमाती हैं कि दो साल तक वह यूं ही आप (सल0) की बरकतों से भर पूर फैजयाब होती रहीं और आप तनदुरसत व मजबूत होगये। दो साल के बाद जब आप को वापास मक्का लेकर आयीं तो माता आमना नें अपनी हैसियत के अनुसार हजरत हलीमा को इनाम से नवाजा।

# अमृत कलश यात्रा में देशभक्ति की झलक दिखाई दे : मंडलायुक्त

अवधनामा संवाददाता

लखनऊ। आजादी के अमृत महोत्सव की श्रृंखला में देश की स्वतंत्रता व रक्षा के लिए अपने प्राणों की आहुति देने वाले वीर क्रांतिकारियों और शहीद सपूतों की याद में मेरी माटी-मेरा देश अभियान के तहत अमृत कलश यात्रा निकाली जाएगी। अमृत कलश यात्रा के राज्य स्तरीय कार्यक्रम की तैयारियों के संबंध में आज मंडलायुक्त डॉ0 रोशन जैकब की अध्यक्षता में सभी संबंधित अधिकारियों के साथ आयुक्त सभागार में बैठक आयोजित हुई। बैठक में मंडलायुक्त डॉ0 रोशन जैकब ने कहा कि आजादी की 76वीं वर्षगांठ के मौके पर पहले 11 से 30 सितंबर तक अमृत कलश यात्रा से सभी जिलों के हर गांव-हर घर से मिट्टी व चावल एकत्रित किए जा रहे है। इसी तरह के कार्यक्रम पूरे देश व प्रदेश के सभी गांवों व शहरों में



होंगे। इन अमृत कलश की मिट्टी का उपयोग देश की स्वतंत्रता व रक्षा में शहीद हुए वीरों के सम्मान में देश की राजधानी दिल्ली में शहीद स्मारक के साथ अमृत वाटिका बनाने के लिए किया जाएगा।

मंडलायुक्त ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि यह कलश यात्रा धूमधाम के साथ मंडल के प्रत्येक गांव व शहर से होकर निकाली जाए। अमृत कलश यात्रा के अवसर पर जिले में भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएं, जिसमें देशभक्ति की झलक दिखाई दे, ताकि युवा पीढ़ी को इससे देशभक्ति की प्रेरणा मिले। उन्होंने कहा कि इस दौरान मौजूद व्यक्तियों को पंच प्रण की शपथ भी दिलाई जाए। उन्होंने बताया कि अमृत कलश यात्रा में एनसीसी, भारत स्काउट्स एवं गाइड्स, आंगनवाड़ी वर्कर व युवा वर्ग की विशेष भागीदारी रहेगी।

बैठक के दौरान मंडलायुक्त डॉ0 रोशन जैकब ने उपस्थित अधिकारीगणों को निर्देशित किया कि इस संबंध में सभी प्रकार की तैयारी पूर्ण कर ली जाए। उन्होंने निर्देशित किया कि 11से 30

■ अमृत कलश यात्रा के राज्य स्तरीय कार्यक्रम की तैयारियों के संबंध में महत्वपूर्ण बैठक हुई

सितंबर तक गांवों तथा शहरों के सभी वार्डों से एकत्रित हुई मिट्टी और चावल को 01 से 13 अक्टूबर तक खंड स्तर पर अमृत कलश को एक चिन्हित स्थान पर लाया जाए, जहां एक बड़े कलश में मिट्टी मिलाने के दौरान उत्सव जैसा माहौल रहे। इस दौरान खंड स्तर पर बहादुरों का अभिनंदन किया जाए। वहीं आमजन की सक्रिय भागीदारी के साथ बहादुरों के सम्मान में ब्लॉक स्तर पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों के आयोजन के निर्देश दिए गए। उन्होंने निर्देशित किया कि राष्ट्रीय स्तर के कार्यक्रम के लिए अमृत कलश भेजने से पहले प्रदेश की राजधानी में एक भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया जाए।

## अब तक 623 हॉट स्पाट बाल श्रम मुक्त घोषित किये गये

लखनऊ। उत्तर प्रदेश सरकार के निर्देशों के क्रम में नया सवेरा योजना के तहत 20 जिलों के 1197 ग्राम पंचायतों और शहरी वार्डों में संचालित नया सवेरा योजना के अन्तर्गत अब तक लगभग 1197 ग्राम व वार्डों का सर्वेक्षण पूर्ण कराकर 6-14 आयु वर्ग के 34863 कामकाजी बच्चों को चिन्हित किया गया है। चिन्हित बच्चों के सापेक्ष 32303 बच्चों को शिक्षा की मुख्य धारा में प्रवेशित व नियमित कराया गया है। इसी प्रकार 15-18 आयु वर्ग के 13635 कामकाजी किशोर-किशोरियों को चिन्हित किया गया है और उन्हें व्यवसायिक प्रशिक्षण कार्यक्रम में जोड़े जाने की कार्यवाही की जा रही है। श्रम विभाग द्वारा दी गयी जानकारी के अनुसार इस योजना के अन्तर्गत चिन्हित कामकाजी बच्चों के लगभग 11249 परिवारों को विभिन्न समाजिक सुरक्षा योजना से भी आच्छादित कराया गया है। इसके अलावा अब तक 623 हॉट स्पाट (ग्राम पंचायतों/शहरी वार्डों) को बाल श्रम मुक्त घोषित किया जा चुका है।

## भाषा वि.वि. में छात्रों के ओरिएंटेशन कार्यक्रम का संचालन

अवधनामा संवाददाता

लखनऊ। ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय लखनऊ के पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग में कुलपति प्रो नरेंद्र बहादुर सिंह की अध्यक्षता में एक सप्ताह का छात्रों के ओरिएंटेशन कार्यक्रम का संचालन किया जा रहा है। जिसके आज पांचवे दिन डॉ. मो. नसीब द्वारा अलग अलग विषयों पर रिसोर्स पर्सन्स के साथ चर्चा किया गया। सत्र आरंभ में विषय प्रभारी, डॉ रुचिता सुजय चौधरी द्वारा अतिथियों का स्वागत किया गया जिसके उपरांत डॉ तस्दीक अहमद जो की अलीगढ मुस्लिम विश्वविद्यालय में कम्युनिटी मेडिसिन विभाग में कार्यरत हैं ने युवाओं की मानसिकता पर सोशल मीडिया के दुष्परिणामों पर गहराई से चर्चा किया एवं उन्होंने बताया की किस प्रकार सोशल मीडिया को अपने फायदे के लिए प्रयोग किया जाये और समय की बचत कैसे हो। इसके उपरांत राजस्थान सरकार में कार्यरत एवं विभिन्न विश्वविद्यालय में छात्रों के प्रतियोगी प्रतिस्पर्धा में सफलता कैसे प्राप्त करें जैसे विषयों पर अपने व्याख्यान के लिए प्रसिद्ध श्री असद अहमद ने अपने विषय ÷मीडिया और समाज÷ पर सधी हुई और सटीक बातें कही। उन्होंने सभी छात्र छात्राओं से अपील की जो भी समय आपके शिक्षण जीवन में मिला है उसे वह सुनियोजित तरीके से उपयोग करें और मीडिया को एक माध्यम के रूप में प्रयोग करें। मीडिया के माध्यम से अवसर प्राप्त हो सके ऐसी योजना बना कर ही इसका भरपूर इस्तेमाल करें। कार्यक्रम का संचालन डॉ.0मो नसीब ने किया. कार्यक्रम में विभाग के डॉ. शचीन्द्र शेखर और डॉ सय्यद काज़िम रिज़्वी के साथ तमाम विधार्थी उपस्थित रहे।

## त्रिपुरा विधानसभा के अध्यक्ष पे विधानसभा का किया भ्रमण

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के दौरे पर आए त्रिपुरा विधानसभा के अध्यक्ष विश्वबंधु सेन ने आज यहां विधानसभा का भ्रमण किया। इस दौरान उनके साथ पत्नी रत्ना राय चौधरी सेन भी उपस्थिति थी। विधानसभा पहुंचने पर अध्यक्ष सतीश महाना जी की अनुपस्थिति में विशेष सचिव बृजभूषण दुबे समेत अन्य अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने अंगवस्त्र पुष्पगुच्छ एवं स्मृति चिन्ह देकर उनका स्वागत किया। इस मौके पर त्रिपुरा विधानसभा के अध्यक्ष विश्वबंधु सेन ने विधान भवन स्थित सभा मंडप, पिक्चर गैलरी, नेवा (नेशनल ई-विधान एप्लीकेशन) सेवा केन्द्र, विधान पुस्तकालय तथा सभा मण्डप का अवलोकन किया। त्रिपुरा के विधानसभा अध्यक्ष विश्वबंधु सेन को बताया गया कि उत्तर प्रदेश विधान सभा ई-विधान लागू करने वाला देश का सबसे बड़ा प्रदेश है। सभी सदस्यों को वरिष्ठता के आधार पर सीट आवंटन किया गया है।

## अजयपुर झील को विकसित किया जायेगा : जयवीर सिंह

अवधनामा संवाददाता

लखनऊ। जनपद सीतापुर में स्थित अजयपुर झील को पर्यटन की विभिन्न गतिविधियों के लिए तैयार किया जा रहा है। पर्यटन विभाग 92 हेक्टेयर में फैली हुई अजयपुर झील में बोटिंग और कैफेटेरिया आदि बनाने का निर्णय लिया है। इस झील के विकास पर लगभग 04 करोड़ 75 लाख रूपये से विभिन्न पर्यटन विकास संबंधी कार्य कराये जायेंगे। इस झील के विकास के लिए डीपीआर तैयार कराया गया है।

यह जानकारी बुधवार को प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री श्री जयवीर सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि सीतापुर जिले में सुविख्यात तीर्थ स्थल नैमिषारण्य और मिश्रिख है। यहां बड़ी संख्या में श्रद्धालु जाते हैं। इस वर्ष जून तक 2 लाख 88 हजार 150 पर्यटक आए थे। उन्होंने बताया कि यहां हमेशा पर्यटक आते हैं लेकिन अभी संख्या कम है। इसे बढ़ाने के लिए पर्यटन



विभाग झील का विकास करने का निर्णय लिया गया है। यहां बोटिंग की सुविधा शुरू की जाएगी तथा झील के भीतर कैफेटेरिया बनेगा। इसके अलावा सीढ़िया बनाई जाएंगी और किनारे बैठने के लिए फर्श तैयार कराई जायेगी। जयवीर सिंह ने बताया कि यहां वन विभाग को पहले से ही भवन बनाया गया है। इस भवन में आगन्तुकों एवं पर्यटकों के लिए जलपान आदि की भी व्यवस्था के लिए कैन्टीन बनाई जायेगी। इस स्थल पर छोटे मोटे आयोजन के लिए भी व्यवस्था होगी।

# अवैध निर्माण करने वालों पर होगी कार्रवाई: डीएम

अवधनामा संवाददाता

लखनऊ। जिलाधिकारी सूर्य पाल गंगवार द्वारा बताया गया कि जनपद में सरकारी भूमि से अवैध अतिक्रमण हटाने का सघन अभियान चलाया जा रहा है। जिसके क्रम में आज मोहनलालगंज तहसील के ग्राम अहमदपुर आजमअली, तहसील सरोजनीनगर के ग्राम हरौनी, तहसील मलिहाबाद के ग्राम मड़वाना व रूसेना व तहसील बीकेटी के ग्राम सरसवा की सरकारी भूमि जो कि अभिलेखों में नवीन परती, बंजर, ऊसर, चारागाह, तालाब आदि की श्रेणी में अंकित है से अवैध अतिक्रमण हटाने का अभियान चलाया गया। उक्त अभियान में उपजिलाधिकारी मोहनलालगंज, उप जिलाधिकारी मलिहाबाद, उप जिलाधिकारी बीकेटी, उप जिलाधिकारी सरोजनीनगर, उप जिलाधिकारी सदर व राजस्व विभाग टीम ने प्रतिभाग किया।

उक्त अभियान में आज तहसील



सरोजनीनगर के अन्तर्गत ग्राम बीबीपुर में गाटा संख्या 473 व 465 जोकि अभिलेखों में ऊसर और बंजर के रूप में दर्ज थी जिसका कुल रकबा 0.285 हे0 और बाजार मूल्य 30 लाख है पर से अवैध कब्जा हटाया गया। इसी प्रकार तहसील मलिहाबाद के ग्राम मड़वाना स्थित खलिहान की भूमि और ग्राम रूसेना स्थित चारागाह, बंजर की भूमि से अवैध अस्थाई अतिक्रमण को हटाकर कुल 1.445 हेक्टेयर जिसका बाजार मूल्य 1 करोड़ 40 लाख है को कब्जामुक्त कराया गया तथा गाटा संख्या 627 रकबा 0.417 हे में से 0.101 हे पर अवैध बने पक्के मकान पर राजस्व संहिता की धारा 67 के अंतर्गत वैधानिक कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए।

तहसील बीकेटी के ग्राम सरसवा

■ एन्टी भू माफिया अभियान में ज़िला प्रशासन की बड़ी कार्यवाही

में नवीन परती गाटा संख्या 440 रकबा 0.066 हेक्टेयर व गाटा संख्या 218 रकबा 0.578 जिसका बाजार मूल्य 59 लाख 89 हजार है पर अवैध अतिक्रमण को जे सी बी चलाकर अवमुक्त कराया गया। तहसील मोहनलालगंज के ग्राम कनेरी की नवीन परती भूमि रकबा 0.445 हे0 जिसका बाजार मूल्य 2 करोड़ 37 लाख 30 हजार है पर अवैध अतिक्रमण को ध्वस्त करते हुए अवमुक्त कराई गई। इस प्रकार राजस्व टीम द्वारा कुल 2.819 हेक्टेयर जमीन पर अवैध निर्माणों को ध्वस्त करते हुए कुल 4 करोड़ 67 लाख 19 हज़ार रुपये मूल्य की भूमि को कब्जामुक्त कराया गया। जिलाधिकारी द्वारा बताया गया कि शासकीय भूमियों पर किसी भी प्रकार के अतिक्रमण को बर्दाश्त नही किया जाएगा। उक्त अभियान निरंतर जारी रहेगा।

## सनातन महासभा की 117वीं मां गोमती महाआरती का आयोजन

अवधनामा संवाददाता

लखनऊ। सनातन महासभा की ओर से झूलेलाल वाटिका, गोमती तट पर प्रत्येक पूर्णिमा पर आयोजित भाद्रपद मास पूर्णिमा पर आयोजित 117वी आदि गंगा माँ गोमती महाआरती व सनातन समरसता समागम का आयोजन शुक्रवार को किया गया।

मंगलाचरण, स्वस्तिवाचन, पुष्पांजलि व शंखनाद के साथ हरिद्वार की तर्ज पर 07 भव्य मंचो से पूज्य श्री आनंद नारायण जी महाराज एवं कुमार अशोक पांडेय के सानिध्य में हुई। महाआरती में मृदंग, मंजीरा, ढोल, तासे, शंख का खूब प्रयोग किया गया। अध्यक्ष डॉ प्रवीण ने बताया कि बच्चों द्वारा भारतीय लोकगायन व नृत्य प्रतियोगिता का भव्य आयोजन अंजली खन्ना, महर्षि कपूर, श्रुति गुप्ता के संयोजन में हुआ। कार्यक्रम का आरंभ रिद्धि सिद्धि के दाता सुनो गणपति..., से हुआ। बाद में राधा रानी मुझे बता दे, श्याम तेरी

■ कलाकारों द्वारा भारतीय नृत्य एवं लोकगायन प्रतियोगिता से सजा मंच

बंसी, गायन व नृत्य प्रस्तुति ने लोगों का दिल जीत लिया। आकृति शुक्ला, सुमित सिंह, सूरज सिंह, मोनिका, छाया जैसे कलाकारों ने मनमोहक भक्ति, परंपरागत और देशप्रेम विषयक संगीत पर मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किये। बाद में कलाकारों को प्रथम, द्वितीय, तृतिया और चार चार सांत्वना पुरस्कार दिए गए। सभी को प्रमाण पत्र से सम्मानित किया गया। महाआरती का संयोजन कर रहे महासभा के अध्यक्ष डॉ. प्रवीण ने बताया कि महाआरती के बाद 1008 दीपो से घाट दिवाली की तरह जगमगा उठा और सभी ने वरिष्ठ समाजसेवी हिमांशु शेखर व आरती शुक्ला के नेतृत्व सनातन धर्म के विस्तार व सुरक्षा का संकल्प दीपो से सभी भक्तों को कराया। इस भव्य कार्यक्रम का संचालन विकास मिश्र ने किया।

## डिजिटल क्रान्ति के युग में भी, हिन्दी में विश्व भाषा बनने की क्षमता : कृष्ण कुमार

अवधनामा संवाददाता

लखनऊ। हिन्दी में विश्व भाषा बनने की क्षमता है। जैसे-जैसे विश्व में भारत के प्रति दिलचस्पी बढ़ रही है, वैसे-वैसे हिन्दी के प्रति भी रुझान बढ़ रहा है। आज अमृत काल में परिवर्तन और विकास की भाषा के रूप में हिन्दी के महत्व को नये सिरे से रेखांकित किया जा रहा है। हिन्दी अपनी सरलता, सुबोधता, वैज्ञानिकता के कारण ही आज विश्व में तीसरी सबसे बड़ी बोली जाने वाली भाषा है। वैश्विक स्तर पर हिंदी बोलने व समझने वालों की संख्या 1अरब 40 करोड़ है।इस आधार पर देखें तो 2030 तक दुनिया का हर पांचवां व्यक्ति हिंदी बोलेगा। दुनिया के 200 से ज्यादा विदेशी विश्वविद्यालयों में हिन्दी पढ़ाई जा रही है। उक्त उद्गार वाराणसी परिक्षेत्र के पोस्टमास्टर जनरल श्री कृष्ण कुमार यादव ने प्रधान डाकघर, वाराणसी में 29 सितंबर को



■ 'अमृत काल' में परिवर्तन व विकास की भाषा के रूप में उभर रही हिन्दी

आयोजित हिंदी पखवाड़ा समापन व पुरस्कार वितरण समारोह की अध्यक्षता करते हुए व्यक्त किये। इस अवसर पर पोस्टमास्टर जनरल ने विशिष्ट अतिथि द्वय वरिष्ठ साहित्यकार प्रो. श्रीप्रकाश शुक्ल और आकाशवाणी के सहायक निदेशक श्री राजेश गौतम संग क्षेत्रीय कार्यालय, प्रधान डाकघर, वाराणसी पूर्वी मंडल और पश्चिमी मंडल के कुल 48 डाककर्मियों को विभिन्न प्रतियोगिता के विजेता रूप में पुरस्कृत किया।

पोस्टमास्टर जनरल कृष्ण कुमार यादव ने कहा कि हिंदी हमारे रोजमर्रा की भाषा है और इसे सिर्फ पखवाड़ा से जोड़कर देखने की जरूरत नहीं है। जरूरत इस बात की है कि हम इसके प्रचार-प्रसार और विकास के क्रम में आयोजनों के साथ ही अपनी दैनिक दिनचर्या से भी जोड़ें। हिन्दी आज सिर्फ साहित्य और बोलचाल की ही भाषा नहीं, बल्कि विज्ञान-प्रौद्योगिकी से लेकर संचार-क्रांति एवं सूचना-प्रौद्योगिकी से लेकर व्यापार की भाषा बनने की ओर अग्रसर है। डिजिटल क्रान्ति के इस युग में वेबसाइट्स, ब्लॉग और सोशल मीडिया ने हिन्दी का दायरा और भी बढ़ा दिया है।

## अल्पसंख्यक विभाग की छात्रवृत्ति के लिए करें ऑनलाइन आवेदन

अवधनामा संवाददाता

लखनऊ। अल्पसंख्यक कल्याण एवं वक्फ विभाग द्वारा वित्तीय वर्ष/शैक्षिक 2023-24 में पूर्वदशम छात्रवृत्ति (कक्षा 9-10) की कक्षाओं से सम्बंधित विद्यालयों/मदरसों को मास्टर डाटाबेस में सम्मिलित होने, छात्रों द्वारा आनलाइन आवेदन से छात्रवृत्ति वितरण तक की समस्त कार्यवाही हेतु नवीन विस्तृत समय-सारिणी जारी कर दी गयी है।

निर्गत समय सारिणी के अनुसार विद्यालय द्वारा मास्टर डाटा तैयार किये जाने की संभावित निर्धारित समयावधि 07 अगस्त से 30 सितम्बर तक तथा जिला विद्यालय निरीक्षक द्वारा विद्यालयों की मान्यता एवं स्वीकृत सीटों की संख्या का सत्यापन किये जाने की तिथि 05 अक्टूबर तक है। छात्र/छात्राओं द्वारा आवेदन किये जाने की तिथि 15 सितम्बर से 10 नवम्बर तक तथा आईएनओ द्वारा आवेदनों को सत्यापित एवं अग्रसारित किये जाने की तिथि 15 अक्टूबर से 30 नवम्बर तक है।

इसके अतिरिक्त डीएनओ द्वारा वास्तविक छात्रों का सत्यापन 01 दिसम्बर से 31 दिसम्बर 2023 तक तथा पी0एफ0एम0एस0 से सत्यापनोपरान्त डाटा प्राप्त किया जाना एवं एन0आई0सी0 द्वारा स्क्रूटनी का कार्य 15 दिसम्बर से 05 जनवरी 2024 तक किया जायेगा। जनपदीय छात्रवृत्ति स्वीकृति समिति द्वारा शुद्ध आवेदन अग्रसारित किये जाने की तिथि 01 जनवरी से 31 जनवरी 2024 तक तथा एसएनओ द्वारा एन0आई0सी0 से मांग सृजित करने की तिथि 01 फरवरी से 10 फरवरी 2024 तक है। एसएनओ द्वारा धनराशि हस्तान्तरण 15 फरवरी से 28 फरवरी 2024 तक तथा त्रुटिपूर्ण आवेदनों को छात्रों द्वारा संशोधित किये जाने की तिथि 20 दिसम्बर 2023 से 12 जनवरी 2024 तक है।

## हिंदी में सर्वाधिक कार्य करने वाले अधिकारी व कर्मचारी हुए सम्मानित

अवधनामा संवाददाता

लखनऊ। भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण, उत्तरी क्षेत्र, लखनऊ में हिंदी पखवाड़ा का पुरस्कार वितरण एवम् समापन समारोह का आयोजन किया गया जिसमें जिसमें अरविंद कुमार, मुख्य लेखा नियंत्रक, खान मंत्रालय, नई दिल्ली, मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। यह कार्यक्रम अपर महानिदेशक एवं विभागाध्यक्ष नरेन्द्र विठोबा नितनवरे की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। हिंदी पखवाड़ा के दौरान किये गये अलग-अलग तरह की प्रतियोगिताओं के आधार पर प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतियोगियों को पुरष्कृत किये जाने के साथ हिंदी में सर्वाधिक कार्य करने वाले अधिकारियों एवम् कर्मचारियों को भी सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में डॉक्टर जोयेश बागची, उप महानिदेशक, राज्य इकाई, उत्तर



■ हिंदी पखवाड़ा पुरस्कार वितरण कार्यक्रम

प्रदेश, संजीव कुमार उपमहानिदेशक क्षेत्रीय मिशन प्रमुख प्रथम श्री सुप्रियो कुमार साहा, उपमहाद्रीय एवं क्षेत्रीय मिशन प्रमुख, वि.पी. गौड़, उप महानिदेशक एवं क्षेत्रीय मिशन प्रमुख तृतीय, अमित धरवाडकर, उप महानिदेशक एवं क्षेत्रीय मिशन प्रमुख भी उपस्थित थे। सर्वप्रथम श्री ओम प्रकाश, निदेशक एवम् राजभाषा अधिकारी ने हिंदी पखवाड़ा के दौरान किये गए कार्यक्रमों की रूपरेखा का विवरण दिया । मुख्य अतिथि ने भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण, उत्तरी क्षेत्र, लखनऊ के द्वारा हिंदी में किये जा रहे कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि हिंदी भाषा देश के विकाश के लिए अत्यंत आवश्यक है । कार्यक्रम के अध्यक्ष श्री नरेन्द्र विठोबा नितनवरे ने जोर दिया कि हम सभी लोगों को अपना कार्य हिंदी में ही करना होगा इसके अलावा और कोई चारा नहीं है।

इसके लिए हम लोग पूरी ऊर्जा के साथ प्रयासरत हैं। इस समारोह में हिंदी की गृह पत्रिका भू संदेश अंक 10 के साथ हरियाणा राज्य का भूविज्ञान एवं खनिज संसाधन विविध प्रकाशन सं 30 (तृतीय संशोधित संस्करण) तथा कार्यालय निर्देशिका का विमोचन भी किया गया।

## स्टेट रोल बॉल चैम्पियनशिप में सीएमएस छात्र को प्रथम पुरस्कार

अवधनामा संवाददाता

लखनऊ। सिटी मोन्टेसरी स्कूल, स्टेशन रोड कैम्पस के कक्षा-11 के छात्र हम्माद अफ्सर ने 16वीं स्टेट रोल बॉल चैम्पियनशिप में गोल्ड मेडल अर्जित कर लखनऊ का नाम गौरवान्वित किया है। हम्माद ने यह गोल्ड मेडल अण्डर-17 कैटेगरी में जीता है। यह जानकारी सी.एम.एस. के मुख्य जन-सम्पर्क अधिकारी श्री हरि ओम शर्मा ने दी है। श्री शर्मा ने बताया कि यह चैम्पियनशिप यूपी रोल बॉल स्पोर्टस एसोसिएशन के तत्वावधान में गाजियाबाद में आयोजित हुई, जिसमें प्रदेश के विभिन्न विद्यालयों से भारी संख्या में छात्र खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया। कड़ी प्रतिस्पर्धा के बीच सी.एम.एस. के इस प्रतिभाशाली छात्र ने रोलर कन्ट्रोल क्षमता का शानदार प्रदर्शन किया एवं अपनी खेल प्रतिभा, तकनीक कौशल, चुस्ती-फूर्ती व दमखम के बलबूते गोल्ड मेडल अर्जित कर राष्ट्रीय



व अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाने के संकेत दिये है। सी.एम.एस. संस्थापक डा. जगदीश गाँधी ने विद्यालय के इस प्रतिभाशाली छात्र के उज्जवल भविष्य की कामना की है। श्री शर्मा ने बताया कि सी.एम.एस. छात्र न सिर्फ शैक्षिक क्षेत्र में अपितु खेलों व समाज के अन्य बहुतेरे क्षेत्रों में भी विद्यालय का नाम राष्ट्रीय व अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर रोशन कर रहे हैं क्योंकि सी.एम.एस. अपने छात्रों के बौद्धिक विकास के साथ उन्हें खेलों व अन्य सामाजिक क्षेत्रों के लिए भी विशेष रूप से तैयार करने में पूरे मनोयोग से संलग्न है।

# पारणा से टीएमयू का संवृद्धि चंदन की सुगंध में सराबोर

### उपवास रखने वाले जैन स्टुडेंट्स ने पारणा में उठाया स्वादिष्ट व्यंजनों का लुत्फ

अवधनामा संवाददाता

लखनऊ। तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद के निर्जल, एकासना और उपवास रखने वाले सभी श्रावक-श्राविकाओं को कुलाधिपति श्री सुरेश जैन ने अनंत चौदस के अगले दिन क्षमावणी पर उपवास खोलने के लिए अपने भव्य आवास-संवृद्धि पर न्योता दिया, जिसमें 400 से अधिक जैन छात्र-छात्राओं ने पारणा के दौरान स्वादिष्ट व्यंजनों का लुत्फ उठाया। इससे पूर्व टीएमयू के कुलाधिपति श्री सुरेश जैन, फर्स्ट लेडी श्रीमती वीना जैन, जीवीसी श्री मनीष जैन, श्रीमती ऋचा जैन, एग्जिक्यूटिव डायरेक्टर श्री अक्षत जैन, सुश्री नंदिनी जैन ने बारी-बारी से ने सभी श्रावक-श्राविकाओं का चंदन का टीका करके भक्तिभाव से स्वागत किया, जबकि कुलाधिपति के सभी परिजनों ने अतिथियों को सेवा भाव से



**1008 दीपकों से जगमगा उठा टीएमयू का रिद्धि-सिद्धि भवन**

**लखनऊ।** तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी के रिद्धि-सिद्धि भवन में आयोजित 1008 भगवान महावीर स्वामी जी के जन्म कल्याणक महोत्सव में गुरुवार की शाम साढ़े सात बजे श्रीजी की भव्य महाआरती और पालना विशेष आकर्षण रहे। भगवान की भव्यता से महाआरती हुई, जिसमें 1008 दीपकों से रिद्धि-सिद्धि भवन जगमगा उठा। इस मौके पर बतौर मुख्य अतिथि डीएम श्री मानवेंद्र सिंह ने कुलाधिपति श्री सुरेश जैन, फर्स्ट लेडी श्रीमती वीना जैन, जीवीसी श्री मनीष जैन, श्रीमती ऋचा जैन, एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर श्री अक्षत जैन,सुश्री नंदिनी जैन के संग महाआरती में भाग लिया। डीएम के संग उनकी धर्मपत्नी और भतीजी की भी महाआरती में भागीदारी रही।

व्यंजन परोसे। अधिकांश श्रावक-श्राविकाओं ने आसन ग्रहण करके ही पारणा किया। पारणा में सम्मेद शिखर से आए प्रतिष्ठाचार्य श्री ऋषभ जैन शास्त्री की भी गरिमामयी मौजूदगी रही। पारणा के दौरान खास बात यह रही, कुलाधिपति परिवार के माननीय सदस्य सभी आमंत्रित श्रावक-श्राविकाओं के पास जा-जाकर यह विनम्र भाव से पूछते नजर आए, आप क्या लेंगेज, आपने यह तो लिया ही नहीं..., आप यह तो लीजिए...। इस बेहद मधुरभाषी व्यवहार ने न केवल श्रावक-श्राविकाओं का दिल जीत लिया, बल्कि व्यंजनों का स्वाद भी दोगुना हो गया। दूसरी ओर पारणा से पूर्व शांतिनाथ भगवान को रिद्धि-सिद्धि भवन से दिव्यघोष की आस्थामय धुनों के बीच जीवीसी श्री मनीष जैन और एग्जिक्यूटिव डायरेक्टर श्री अक्षत जैन ने अपने मस्तक पर धारण करके श्रीजी की मूर्ति और आसन को जिनालय में विराजमान कराया गया। आगे-आगे हाथों में चमर लिए श्रावक चल रहे थे। जिनालय पर श्रीमती ऋचा जैन ने श्रीजी की आरती उतारी, जबकि प्रतिष्ठाचार्य श्री ऋषभ शास्त्री ने विधि विधान से मंत्रों का जाप किया।

## सीएमएस की तीन शिक्षिकाओं को मिला 'रिलायन्स फाउण्डेशन टीचर अवार्ड'

अवधनामा संवाददाता

लखनऊ। सिटी मोन्टेसरी स्कूल, राजाजीपुरम (प्रथम कैम्पस) की तीन शिक्षिकाओं सुश्री सौम्या त्रिपाठी, सुश्री शिखा जोशी एवं हर्षप्रीत कौर भाटिया को शिक्षण पद्धति में उल्लेखनीय योगदान हेतु 'रिलायन्स फाउण्डेशन टीचर अवार्ड' से नवाजा गया है। इन शिक्षिकाओं ने सेंटा टीचिंग प्रोफेशनल्स ओलम्पियाड में अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर अद्वितीय प्रदर्शन कर यह सम्मान अर्जित किया है। यह जानकारी सी.एम.एस. के मुख्य जन-सम्पर्क अधिकारी हरि ओम शर्मा ने दी है। सी.एम.एस. की इन शिक्षिकाओं ने वर्तमान दौर में छात्रों की क्षमताओं को समझते हुए अपनी शिक्षण पद्धति में सृजनात्मकता व नवीनता को प्रमुखता से अपनाया है और नवीनतम तकनीकों का उपयोग कर 'टीचिंग-लर्निंग' के उच्चस्तरीय मानक स्थापित करने उल्लेखनीय भूमिका निभाई है। सी.एम.एस. संस्थापक व प्रख्यात



शिक्षाविद् डा. जगदीश गाँधी ने तीनों शिक्षिकाओं को उनकी सफलता हेतु हार्दिक बधाई दी है। श्री शर्मा ने बताया कि शिक्षकों की लगन व कर्तव्यनिष्ठा के बलबूते ही विद्यालय दिन प्रतिदिन नये कीर्तिमान गढ़ रहा है तथापि सी.एम.एस. शिक्षकों ने विद्यालय के 64 वर्षीय शैक्षिक सफर में कई आयाम स्थापित किए हैं जिस पर सिर्फ लखनऊवासियों को ही नहीं अपितु पूरे प्रदेश व देश को गर्व है। इन्हीं विद्वान शिक्षकों की बदौलत सी.एम.एस. अपने छात्रों को भौतिक, सामाजिक एवं आध्यात्मिक तीनों प्रकार की शिक्षा देकर उन्हें चुस्त एवं संतुलित व्यक्तित्व का धनी, मानव जाति के लिए ईश्वर का उपहार एवं टोटल क्वालिटी पर्सन बनाने के लिए प्रयत्नशील है।

# सनातन धर्म इंटर कॉलेज से अमृत कलस में अक्षत एवं माटी का संग्रहण किया

अवधनामा ब्यूरो



**इटावा।** जिले में उत्तर प्रदेश भारत स्काउट और गाइड तथा एन.सी.सी.के सम्मलित आजादी के अमृत महोत्सव के तहत मेरी माटी मेरा देश अभियान भारत की आजादी के 75 वर्ष एवं संस्कृति एवं उपलब्धियों के गौरवशाली इतिहास के लिए एक राष्ट्रव्यापी और लोगों के नेतृत्व आदि के पहल के रूप में मनाया जा रहा है। मेरी माटी मेरा देश अभियान के तहत देश के लिए सर्वोच्च बलिदान देने वाले वीरों को श्रद्धांजलि देने के लिए स्काउट्स और गाइड तथा एन सी सी के छात्रों ने शुक्रवार को सनातन धर्म इंटर कॉलेज से अमृत कलस में अक्षत एवं माटी का संग्रहण किया गया जिसमे प्रधानाचार्य संजय कुमार शर्मा द्वारा एक मुठ्ठी चावल एवं माटी भेंट की गयी तथा उनके द्वारा कहा गया कि इस कार्यक्रम के माध्यम से छात्रों को वीरों के वारे में एवं अपनी संस्कृति को जानने समझने की जिज्ञासा जाग्रत होती है, साथ हीं सिटी कोतवाली एवं चित्रगुप्त इंटर कॉलेज ने भी इस कार्यक्रम में प्रतिभाग कर योगदान दिया इस कार्यक्रम का आयोजन सनातन धर्म इंटर कॉलेज में हुआ जहाँ सभी ने अपनी मिट्टी को नमन कर, पंच प्रण लिए व शपथ ली और राष्ट्रीय गान के साथ तिरंगे का सम्मान भी किया गया। अंत में सभी वालेंटियर ने आलमपुरा, जटपुरा, बराहीटोला, पुरविया टोला में घर घर जाकर अक्षत एवं माटी संग्रहित की।

और जनमानस को इस अभियान के उद्देश्यों से अवगत भी कराया गया तथा भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के दौरान वीर शहीदो, स्वतंत्रता सेनानियों और वीरांगनाओं के सम्मान में श्रद्धांजलि भी दी गई। जिले में स्काउट्स और गाइड तथा एन.सी.सी के सम्मलित कार्यक्रम में प्रधानाचार्य चित्रगुप्त इंटर कॉलेज ड़ा उमेश यादव एवं सहर कोतवाली स्टॉफ का सहयोग रहा इस कार्यक्रम में वालिंटियर मार्गदर्शक स्वीटी मथुरिया (जिला संगठन आयुक्त गाइड), पूर्व संगठन आयुक्त स्काउट डॉ विपिन कुमार, एन, सी, सी, कैप्टन सुशील कुमार द्विवेदी, स्काउट यूनिट लीडर कुलदीप कुमार एवं गाइड यूनिट लीडर प्रियंका गुप्ता, नीतू पुरवार, अर्चना चौधरी, प्रियंक मिश्रा, परम यादव, मनोज राजपूत, फूल सिंह, आलोक बिधोलिया, जितेंद्र कुमार आदि का योगदान सराहनीय रहा।

## जिलाधिकारी ने कौशल विकास विभाग की योजनाओं की समीक्षा की

**मथुरा।** जिलाधिकारी शैलेंद्र कुमार सिंह ने कलेक्ट्रेट सभागार में व्यावसायिक शिक्षा एवं कौशल विकास विभाग द्वारा संचालित विभागीय योजनाओं की समीक्षा बैठक ली। बैठक में जिलाधिकारी ने भौगोलिक स्थिति के अनुरूप योजना बनाए जाने के साथ ही युवाओं को विशेषकर लाभ देने के निर्देश दिए। स्किल डेवलपमेंट के तहत ऐसे विभागों को चिह्नित किया जाए, जिससे युवा कौशल प्रशिक्षण प्राप्त कर सकें। जिलाधिकारी ने प्रभावी व योजनाबद्ध बिंदुओं को शामिल करते हुए प्रगति मुख्य विकास अधिकारी को उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। अधिकारियों को निर्देश दिए कि ऐसी योजनाएं बनाएं, जिससे युवाओं को लाभ मिले, साथ ही योजना बनाते समय जनपद की भौगोलिक परिस्थितियों का भी ध्यान रखें।

# जसवंतनगर के 6 बच्चों का जवाहर नवोदय विद्यालय में प्रवेश के लिए हुआ चयन

अवधनामा संवादसूत्र



**इटावा, जसवंतनगर।** एस.डी. कांवेंट पब्लिक स्कूल के 6 बच्चों ने जवाहर नवोदय विद्यालय में कक्षा छह के लिए हुई प्रवेश परीक्षा को पास किया है। बच्चों के चयन पर विद्यालय में खुशी का माहौल है। नगर के नहर पुल समीप बलरई मार्ग परस्थित एस.डी पब्लिक कांवेंट स्कूल के प्रधानाचार्य रामानन्द सिंह चौहान ने बताया कि विद्यालय के कक्षा पांच के 6 बच्चे कु.नित्या, ठा.अभिमन्यु तौमर, प्रतीक प्रताप सिंह, ठा.शौर्य प्रताप सिंह, जानवी दुबे, प्रिया यादव ने जारी द्वितीय सूची के अनुसार नवोदय विद्यालय की परीक्षा पास कर कक्षा छह में प्रवेश के लिए चयन होने से उनके परिवार और क्षेत्र के साथ सभी मार्गदर्शकों का नाम रोशन किया है। नवोदय विद्यालय में कक्षा छह के लिए प्रवेश परीक्षा गत 29 अप्रैल को हुई थी। उन्होंने बताया कि इससे पहले भी प्रथम सूची में इसी सत्र परीक्षा का रिजल्ट घोषित हुआ था जब 14 बच्चे पास हुए थे। इसके अलावा जनपद के स्कूलों से परीक्षार्थी प्रतीक्षा सूची में बचे हुए थे उन्हीं में से एस.डी.कांवेंट स्कूल के फिर से 6 बच्चे का चयन हुआ इस तरह अभी तक 20 बच्चों का इस सत्र में हो चुका है। बताते चले कि जनपद के जवाहर नवोदय विद्यालय की प्रवेश परीक्षा में सबसे सर्वाधिक बच्चों का प्रवेश दिलानेवाला एस.डी.कांवेंट स्कूल बच्चे हर वर्ष सफलता प्राप्त कर रहे हैं। पुनः बच्चों का चयन होने से विद्यालय में खुशी का माहौल है। सफल बच्चों को पी.एस. मेमोरियल पब्लिक स्कूल रेलमंडी व एसडी कांवेंट पब्लिक स्कूल प्रबंधक अर्चना सिंह चौहान सहित प्रधानाचार्य रामानंद सिंह चौहान व राम मोहन शर्मा, यदुवीर सिंह छोटे यादव, विवेक परिहार, नरसिंह चौहान, डॉक्टर काजल चौहान, आदित्य चौहान द्वारा सम्मानित किया।

# चार की शाम, कवियों के नाम

अवधनामा संवाददाता

**वृंदावन/मथुरा।** चार अक्टूबर को कान्हा की नगरी की शाम कविताओं के नाम होगी। जगह होगी केशवधाम । आयोजक होगा लाडली जू सेवा फाउंडेशन। इसमें देश के जाने- माने दर्जनों कवि एवं कवियित्रियां श्रोताओं को हंसायेगे और गुदगुदायेंगे। कार्यक्रम की तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं। कार्यक्रम संयोजक कवि अतुल चौहान ने बताया कि गौसेवा एवं मानव सेवा को समर्पित लाडली जू फाउंडेशन के बैनर तले केशवधाम में 4 अक्टूबर को भव्य कवि सम्मेलन का आयोजन होगा। कवि सम्मेलन में देश के जाने-माने कवि-कवियित्रियां प्रतिभाग करके श्रोताओं को सराबोर करेंगी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि खाद्यय एवं सार्वजनिक वितरण विभाग के स्वतंत्र निदेशक एंड चेयरमैन भारत के दिनेश दुबे, विशिष्ट अतिथि जनपद के एसपी ट्रैफिक देवेश कुमार व भाजपा शिक्षक प्रकोष्ठ के हाथरस जिला संयोजक जयपाल सिंह चौहान रहेंगे। कवियों में प्रमुख रुप से मुंबई से चंदन राय, जयपुर से अशोक चारण, इटावा से गौरव चौहान, भोपाल से प्रतीक चौहान, शिवपुरी एमपी से मनु वैशाली, हाथरस से गीता गीत सहित कई अन्य जाने-माने कवि एवं कवियित्रियां प्रतिभाग करके श्रोताओं को मंत्र मुग्ध करेंगी। कार्यक्रम आयोजन में ठाकुर आशीष सिंह गौर, शैलेन्द्र तिवारी, सचिन नौहवार, ठाकुर सूर्य प्रताप सिंह,वंशीधर मोटवानी, कौस्तुभ देशपांडे, अमरेश पुंडीर सहित अन्य लोग भूमिका निभा रहे हैं।

# डाला-ओबरा संपर्क मार्ग की खराब हालत, सौंपा ज्ञापन

अवधनामा संवाददाता



**सोनभद्र/डाला।** शुक्रवार को भारतीय जनता पार्टी के डाला मंडल उपाध्यक्ष मनीष तिवारी के नेतृत्व में स्थानीयों द्वारा नगर पंचायत डाला बाज़ार क्षेत्र अंतर्गत डाला-ओबरा संपर्क मार्ग पर धूल-मिट्टी एवं गड्ढों से क्षुब्ध होकर किसी अनचाही सड़क दुर्घटना से बचाव हेतु उप-जिलाधिकारी ओबरा प्रभाकर सिंह को ज्ञापन सौंपा गया। दिए गए ज्ञापन में डाला-ओबरा संपर्क मार्ग पर नियमित रूप से पानी छिड़काव कराने, सड़क के पटरी की स्थानीयों व पैदल चालकों की सुलभता हेतु नियमित रूप से साफ़ सफाई होने के साथ-साथ उक्त मार्ग को पूर्णतः गड्ढा मुक्त कराने व सेक्टर बी चौराहे पे सिक्योरिटी गार्ड की तैनाती कराने की मांग की गई, ताकि उक्त मार्ग पर गाड़ियों का संचालन और स्थानीयों की सुरक्षा व सुलभता दोनो ही सुनिश्चित की जा सके। दिए गए ज्ञापन में बताया गया कि इस संपर्क मार्ग से बच्चे, बूढ़े, मज़दूर, किसान, महिलाएं, विद्यार्थी एवं समस्त वर्ग के लोगों का आना-जाना लगा रहता है, लेकिन मां वैष्णों देवी मंदिर के समीप का पुलिया क्षतिग्रस्त होने से सभी मुख्य मार्ग की गाड़ियां इसी मार्ग से पिछले कुछ महीनों से 24 घंटे आवागमन कर रही हैं। इस सड़क को चेतक कंपनी द्वारा संचालित किया जा रहा है, जिसका टोल शुल्क भी भारी मात्रा में वसूला जाता है। इस ओबरा-डाला संपर्क मार्ग का भार-क्षमता भी भारी वाहनों के अनुकूल नहीं है। बावजूद इसके भारी वाहन के चलने से लोगों को धूल-मिट्टी एवं गड्ढे भरी सड़क पर चलने में आएदिन दुर्घटना का डर सताने लगा है। इस दौरान भाजपा के डाला मंडल उपाध्यक्ष मनीष तिवारी ने बताया कि धूल मिट्टी के गुब्बार से लोगों को चलते समय न सांस ली जा रही है और नहीं तो कुछ दिखाई देता है। जिससे लोगों में दुर्घटना का खतरा बना रहता है, जिसको लेकर स्थानीय लोगों में आक्रोश व्याप्त है। दिए गए ज्ञापन में स्थानीयों ने बताया कि सड़क निर्माण कंपनी सिर्फ़ टोल शुल्क लेने में रुचि ले रही है और लोगों के परेशानियों को नज़रअंदाज़ कर रही है। इस दौरान राजू गुप्ता, रामू, दिलीप, अशोक पासवान, बबलू पटेल, बबलू पासवान, गोलू, धर्मेंद्र पाल, असगर अली इत्यादि लोग मौजूद रहे।

# संक्षिप्त समाचार

## ज़िले के अधिकारियों का किया सम्मान



**इटावा, अवधनामा ब्यूरो।** जिले में ईद मिलादुन्नबी, अनंत चतुर्दशी आदि त्योहारों के शांति, सौहार्द पूर्ण और व्यवस्थित तरीके से सम्पन्न होने पर शुक्रवार को आल इंडिया व उलमा मसाइख वोर्ड के पदाधिकारियों ने जिला प्रशासन का आभार व्यक्त करते हुए जिलाधिकारी अवनीश राय, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार वर्मा, एडीएम अभिनव रंजन श्रीवास्तव, सिटी मजिस्ट्रेट अरुण कुमार गौड, एसपी सिटी कपिल देव सिंह, एसडीएम सदर विक्रम सिंह राघव, सीओ सिटीअमित कुमार सिंह, शहर कोतवाल विक्रम सिंह चौहान का प्रतीक चिन्ह, पटका पहना कर अभिनंदन किया। इस अवसर पर ऑल इंडिया उलमा मशाईख बोर्ड के अध्यक्ष हाजी शकील, शेख़ आफ़ताब, आलोक दीक्षित , अखिलेश वर्मा, कामिल कुरैशी, हाजी गुड्डू मंसूरी, रियाज अब्बासी, जैनुल आबदीन, शाहफैज़ हुसैन आदि पदाधिकारी उपस्थित रहे। यह जानकारी बोर्ड के ज़िलाध्यक्ष शेख़ शकील अहमद ने दी।

## डीएम,एस एस पी ने केन्द्रीय कारागार एवं जिला कारागार का किया निरीक्षण



**इटावा, अवधनामा ब्यूरो।** जिलाधिकारी अवनीश कुमार राय एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार ने केन्द्रीय कारागार एवं जिला कारागार का निरीक्षण किया।निरीक्षण के दौरान महिला कारागार, कैदियों की बैरिक, भोजनालय, चिकित्सालय आदि का निरीक्षण कर संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। निरीक्षण के दौरान जेल प्रशासन व पुलिस से संबंधित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## मुहिब्बाने हुसैन कमेटी ने जुलूस का किया इस्तक़बाल



**इटावा, अवधनामा ब्यूरो।** जश्न-ए-ईद मीलाद-उन-नबी सल्ल.के मुबारक मौके पर शाम के कदीमी जुलूस कमेटी जुलूस ईद मिलादुन्नबी सल्ल.मोहल्ला उर्दू के जुलूस का शहर के रामगंज चौराहे पर मुहिब्बाने हुसैन कमेटी के सदर मुस्तक़ीम कादरी ने जुलूस में चल रहे उलमाए इकराम कारी सरफराज आलम निज़ामी, मौलाना ज़ाहिद रज़ा, कारी शाहवाज़ अनवर के अलावा जुलूस के सदर कुँवर रफत अली खान, झंडा सरपरस्त ज़मीर उल्लाह खां दुलारे, सेक्रेट्री शफीक अहमद, वाई के शफी चिश्ती, हाजी अज़ीम वारसी, दिलशाद पहलवान, अज़हर फरीदी आदि का साफा पहनाकर इस्तक़बाल किया।

## फ़िल्म शूटिंग की दृष्टि से ब्रज बहुत रिच है: नीरज

**मथुरा।** फ़िल्म शूट करने के लिए लोकेशन और अन्य सुविधाओं की दृष्टि से मथुरा-वृंदावन और उससे जुड़ा ब्रज का ग्रामीण परिवेश बहुत ही रिच है। ब्रज के लोगों का प्रेम और सहयोग भी देखते ही बनता है। अभिनय मेरे लिए एक साधना है।अब तक जो भी हासिल किया है उसके पीछे कठिन मेहनत और संघर्ष है। यह बात मथुरा मे शूट हो रही फिल्म द सीक्रेट ऑफ देवकाली के हीरो औरभब प्रोड्यूसर नीरज चौहान ने विशेष बातचीत में कहीं। फ़िल्म में नीरज माधव का किरदार निभा रहे हैं। गुजरात के सूरत से वास्ता रखने वाले नीरज चौहान माइक्रो बायोलॉजी से स्नातक हैं। बचपन से अभिनय के प्रति स्वाभाविक रुचि थी, जो थियेटर से होती हुई फिल्मों तक ले आयी।

# अकीदत से मनाया हज़रत साबिर कलियरी का उर्स



अवधनामा संवाददाता

**शाहजहांपुर।** हज़रत मख़दूम अलाउद्दीन अली अहमद साबिर कलियरी का सालाना उर्स एमन ज़ई, जलाल नगर स्थित एक मीनार मलकों वाली मस्जिद में बड़ी अकीदत व एहतराम के साथ मनाया गया। महफ़िल की शुरुआत पवित्र कुरान की तिलावत से हुई। उपस्थित जनों को संबोधित करते हुए मस्जिद के इमाम हाफ़िज़ मोहम्मद इमरान रज़ा कादरी ने हज़रत मख़दूम अलाउद्दीन अली अहमद साबिर कलियरी के गुणों और उत्कृष्टताओं का वर्णन किया। उन्होंने कहा कि हज़रत मख़दूम अलाउद्दीन अली अहमद साबिर, अल्लाह के एक नेक और जलाली वली थे। उन्होंने लोगों से औलिया ए किराम के नक्शे कदम पर चलते हुए मिसाली ज़िन्दगी गुजारने पर ज़ोर दिया। हाफ़िज़ जीशान रज़ा, राशिद हुसैन राही, अयान रज़ा, मोहम्मद ज़ीशान ने नात व मनकबत पेश की। पवित्र कुरान की आयतें पढ़कर साहिब ए उर्स हज़रत मख़दूम अलाउद्दीन अली अहमद साबिर कलियरी को इसाले सवाब किया गया। अंत में हाफिज फिरासत उल्ला खां रजवी व हाफ़िज़ इमरान रज़ा कादरी ने मुल्क की खुशहाली व सलामती के लिए दुआ की। सलातो सलाम के बाद उपस्थित लोगों में मिष्ठान व फल बांटे गए। इस मौके पर हाजी कमाल अहमद खां, हाजी अयूब खां, हाजी मोहम्मद यासीन, हाजी मेहदी हसन, सफदर खां, वासिफ खां, रफी उल्ला, मुहम्मद यूसुफ, डॉ. जाहिद हुसैन, मुहम्मद इश्तियाक, नवाज़ खां, नदीम, मुनीर हशमती, मतलूब अली समेत तमाम लोग मौजूद रहे।

# सुलह अधिकारी होंगे नियुक्त

अवधनामा संवाददाता

**मथुरा।** जिला समाज कल्याण अधिकारी नगेन्द्र पाल सिंह ने अवगत कराया है कि उत्तर प्रदेश माता-पिता और वरिष्ठ नागरिक का भरण पोषण तथा कल्याण नियमावली 2014 के प्रस्तर-4 के अनुसार जनपद मथुरा में तहसील महावन व गोवर्धन पर एक एक सुलह अधिकारी की तैनाती की जायेगी। कार्यकाल नियुक्ति तिथि से तीन वर्षो के लिए होगा। अभ्यर्थी किसी ऐसे संगठन से जुडा हो जो वरिष्ठ नागरिकों तथा या कमजोर वर्गो के कल्याण हेतु या शिक्षा, स्वास्थ्य, गरीबी उन्मूलन, महिला/समाज कल्याण, ग्रामीण विकास या सम्बन्धित क्षेत्रों में निष्कलंग सेवा अभिलेख सहित कम से कम दो वर्ष से कार्य कर रहा हो। वह संगठन का वरिष्ठ अधिकारी हो और उसे विधि की अच्छी जानकारी हो, परन्तु यह कि उसे व्यक्ति को भी, जो उपरोक्त उल्लिखित प्रकार के किसी संगठन से न जुडा हो, उपनियम-1 में उल्लिखित पैनल में सम्मिलित किया जा सकता है, यदि वह निम्नलिखित शर्तो को पूरा करता हों, जिसमें उसका खण्ड (क) में उल्लिखित एक या अधिक क्षेत्रों में अच्छी और निष्कलंग लोक सेवा का अभिलेख रहा हो और उसे विधि की अच्छी जानकारी हो। उपरोक्त के सम्बन्ध में समस्त जानकारी विभागीय बेसासाईट से की जा सकती है। उपरोक्तानुसार पात्रता रखने वाले इच्छुक 10 अक्टुबर तक अपना आवेदन पत्र समस्त शैधिक प्रमाण पत्र एवं उल्लिखित अनुभव प्रमाण पत्र राजीव भवन स्थित जिला समाज कल्याण अधिकारी कार्यालय मथुरा में जमा कराना सुनिश्चित करें।

## संस्कृति विवि के विद्यार्थियों के गीत-संगीत से रौशन हुई फ्रेशर पार्टी

**मथुरा।** संस्कृति विश्वविद्यालय में फ्रेशर पार्टी-23 का आगाज गीत और संगीत के साथ हुआ। विद्यार्थियों का यह आयोजन विद्यार्थियों के द्वारा विद्यार्थियों को समर्पित किया गया। विश्वविद्यालय के कैंपस वन के मैदान में जहां एक ओर बालीवुड और लोकप्रिय गायकों के एल्बम पर जोरदार नृत्य प्रस्तुत किए गए तो वहीं एकल और सामूहिक गीतों ने विद्यार्थियों का दिल जीत लिया। दोपहर एक बजे से शुरू हुई ये फ्रेशर पार्टी शाम पांच बजे तक चली और विश्वविद्यालय परिसर में इसकी हलचल मची रही।

इस रंगारंग कार्यक्रम के प्रारंभ में विद्यार्थियों ने मुख्य अतिथि कुलाधिपति संस्कृति विश्वविद्यालय डा. सचिन गुप्ता, कुलपति डा. एमबी चेट्टी, सीईओ श्रीमती मीनाक्षी शर्मा, डाइरेक्टर जनरल डा. जेपी शर्मा का पौधे भेंटकर स्वागत किया। इसके साथ ही मंच विद्यार्थियों ने संभाल लिया। संचालन का जिम्मा संभाला छात्र मोहित और रौशनी ने। गणेश वंदना के साथ विवि की छात्राओं ने भारतीय संस्कृति के अनुरूप पारंपरिक नृत्य प्रस्तुत कर फ्रेशर पार्टी की शुरुआत की। मंच पर धमाल शुरू हुआ डिस्को ग्रुप द्वारा, विद्यार्थियों ने बालीवुड के लोकप्रिय गीतों पर अपनी नृत्य प्रतिभा से सबको चौंका दिया। 'नशे सी चढ़ गई, कुड़ी नशे सी चढ़ गई' गीत पर जब सालसा नृत्य विद्यार्थियों ने प्रस्तुत किया तो देख रहे विद्यार्थी भी जोश में आकर साथ-साथ नाच उठे। मंच पर एक के बाद एक बालीवुड धमाका, पंजाबी नृत्य, वेस्टर्न गर्ल्स की प्रस्तुतियों ने विद्यार्थियों में जोश भर दिया।

# डीएम ने कौशल विकास विभाग की योजनाओं की समीक्षा की

अवधनामा संवाददाता

**मथुरा।** जिलाधिकारी शैलेंद्र कुमार सिंह ने कलेक्ट्रेट सभागार में व्यावसायिक शिक्षा एवं कौशल विकास विभाग द्वारा संचालित विभागीय योजनाओं की समीक्षा बैठक ली। बैठक में जिलाधिकारी ने भौगोलिक स्थिति के अनुरूप योजना बनाए जाने के साथ ही युवाओं को विशेषकर लाभ देने के निर्देश दिए। स्किल डेवलपमेंट के तहत ऐसे विभागों को चिह्नित किया जाए, जिससे युवा कौशल प्रशिक्षण प्राप्त कर सकें। जिलाधिकारी ने प्रभावी व योजनाबद्ध बिंदुओं को शामिल करते हुए प्रगति मुख्य विकास अधिकारी को उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। अधिकारियों को निर्देश दिए कि ऐसी योजनाएं बनाएं, जिससे युवाओं को लाभ मिले, साथ ही योजना बनाते समय जनपद की भौगोलिक परिस्थितियों का भी ध्यान रखें। कौशल विकास योजना को स्पष्ट खाका तैयार किए जाने पर जोर दिया। सभी प्रशिक्षण केंद्र जनपद में स्थापित उद्योगों के अंतर्गत युवक व युवतियों को प्रशिक्षण दें, जिससे जनपद में ही रोजगार उपलब्ध कराएं जा सकें और सरकार की मंशा के अनुरूप रोजगार सर्जन कराने में जिला प्रशासन उद्योगपतियों के साथ अहम भूमिका निभा सके।

# जिला पंचायत अध्यक्ष ने डा. बाबा साहब अम्बेडकर प्रतिमा का किया

अवधनामा संवाददाता



**मथुरा।** जिला पंचायत अध्यक्ष किशन चौधरी ने ग्राम किरारई में डा. बाबा साहब अम्बेडकर की प्रतिमा का अनावरण किया इस दौरान ग्राम प्रधान ने उनको माला एवं चांदी का मुकुट पहनाकर स्वागत किया है। विकास खण्ड फरह के ग्राम किरारई में डॉ बाबा साहब अम्बेडकर की प्रतिमा का अनावरण किया और इस दौरान ब्लॉक प्रमुख ग्राम प्रतिनिधिअनिल, चंदन सिंह प्रधान एवं ग्रामीण मौजूद रहे। इस मौके पर जिला पंचायत अध्यक्ष किशन चौधरी ने कहा कि यह प्रतिमा हर किसी को समाज में भाई चारे समरस्ता बनाए रखने एवम् बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर के किए कार्य को याद दिलायेगा। भीमराव अम्बेडकर जी इतिहास के निर्माता है। उन्होंने पिछड़े समाज को सामने लाने का प्रयास किया। भीमराव अम्बेडकर जी ने सभी वर्ग के लोगो के लिए कानून बनाकर सभी वर्ग के लोगो को मुख्य वर्ग में लाया हिंदूउतराधिकार नियम बनाकर जन के सामने लाया। विदेश की धरती में पढ़ाई कर भारत में पिछड़े दलितों आदिवासियों के लिए अपनी जिंदगी न्योछावर कर दी जो महिलाओं को समाज में आगे लाये है। वो बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर जी की देन है।

# डेढ़ सौ इलेक्ट्रिक टोटो के रूट हुए निर्धारित

- घोरावल रूट 1 नंबर हरा
- मधुपुर रोड 2 नंबर पीला, उरमौरा रोड 3 नंबर नीला, पन्नूगंज रोड 4 नंबर लाल
- जिले मुख्यालय के उन इलेक्ट्रिक टोटो चालक भी रूट चिन्हित कराए
- यातायात व परिवहन पुलिस के संयुक्त टीम ने किया करवाई

अवधनामा ब्यूरो



**सोनभद्र।** जिला मुख्यालय पर यातायात व्यवस्था को लेकर पुलिस अधीक्षक डॉक्टर यस वीर सिंह के दिशा निर्देशानुसार शुक्रवार को यातायात को विनोद कुमार सिंह आरटीओ धनवीर यादव यातायात प्रभारी निरीक्षक अमित कुमार सिंह के नेतृत्व में जिला मुख्यालय स्थित चारों रोडो के इलेक्ट्रिक डेढ़ सौ से अधिक टोटो का रूट किया गया निर्धारित नंबर कलर के साथ चलेंगे अब इलेक्ट्रिक टोटो। आरटीओ धनवीर यादव ने बताया कि सड़क दुर्घटना व यातायात नियमानुसार चलने को लेकर विशेष अभियान चलाया जा रहा है उसी क्रम में नंबर व कलर के साथ रूट निर्धारित किए जा रहे हैं।यातायात क्षेत्राधिकार विनोद कुमार सिंह ने बताया कि पुलिस अधीक्षक के दिशा निर्देश के क्रम में बढ़ते अपराध व घटित घटनाओं को देखते हुए चिन्हित करते हुए एक रूट एक निशान एक नंबर के साथ इलेक्ट्रिक टोटो चलने को अभियान चलाया गया जिसमें शुक्रवार को लगभग डेढ़ सौ इलेक्ट्रिक टोटो को रूट के अनुसार बताया गया जिसमें घोरावल रूट 1 नंबर हरा, मधुपुर रोड 2 नंबर पीला, उरमौरा रोड 3 नंबर नीला, पन्नूगंज रोड 4 नंबर लाल निर्धारित किया गया है और संबंधित टोटो चालकों से भी बताया गया कि जिनके जिनके लाइसेंस अथवा तोतो के उन कागजात पूर्ण कर लें। वहीं यातायात प्रभारी निरीक्षक अमित कुमार सिंह ने बताया कि यह अभियान आगे भी चलाया जाएगा और संबंधित चालकों को भी निर्देशित किया गया है कि उन क्षेत्र के इलेक्ट्रिक टोटो चालकों को भी अवगत कराए जिससे कि जिस रूट पर चलना हो वह रूट और नंबर कलर कर कर चलें अन्यथा अन्य रूट पर अन्य नंबर के चलते हुए ऑटो पाए जाने पर कार्रवाई की जाएगी। सीएस आई राम सिंह,भारत राय, हेड कांस्टेबल शशिकांत उपेंद्र यादव संजय कुमार सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# फ़िल्म शूटिंग की दृष्टि से ब्रज बहुत रिच है: नीरज

अवधनामा संवाददाता

**मथुरा।** फ़िल्म शूट करने के लिए लोकेशन और अन्य सुविधाओं की दृष्टि से मथुरा-वृंदावन और उससे जुड़ा ब्रज का ग्रामीण परिवेश बहुत ही रिच है। ब्रज के लोगों का प्रेम और सहयोग भी देखते ही बनता है। अभिनय मेरे लिए एक साधना है।अब तक जो भी हासिल किया है उसके पीछे कठिन मेहनत और संघर्ष है। यह बात मथुरा मे शूट हो रही फिल्म द सीक्रेट ऑफ देवकाली के हीरो औरभब प्रोड्यूसर नीरज चौहान ने विशेष बातचीत में कहीं। फ़िल्म में नीरज माधव का किरदार निभा रहे हैं। गुजरात के सूरत से वास्ता रखने वाले नीरज चौहान माइक्रो बायोलॉजी से स्नातक हैं। बचपन से अभिनय के प्रति स्वाभाविक रुचि थी, जो थियेटर से होती हुई फिल्मों तक ले आयी। नीरज फ़िल्म की कहानी को लेकर कहते हैं कि फ़िल्म की कहानी में संस्पेंस और मोटिवेशनल है। अपने अभिनय सफर की चर्चा करते हुए बताया कि बतौर हीरो देवकाली उनकी दूसरी फिल्म है। नीरज चौहान की पृथ्वी सिंघानिया के निर्देशन में यात्रीगन ध्यान दें में विजेंद्र काला, मकरन्द देशपांडे, अलका आमीन के साथ अभिनय किया है। भविष्य की कार्ययोजना को लेकर बताया कि 6 बड़ी फिल्मों में काम करने की बात फाइनल हो चुकी है। फ़िल्म को मथुरा में शूट किए जाने के सवाल के जवाब में कहा कि फ़िल्म की कहानी पर कई साल से काम चल रहा था । बात फ़िल्म शूट करने की आई तो कहानी की डिमांड के अनुसार पहले लखनऊ और अयोध्या में लोकेशन रेकी की फिर उसके बाद मथुरा-वृंदावन में। फ़िल्म की कहानी की डिमांड के अनुसार यहां लोकेशन पूर्ण नजर आई।

# स्वच्छता जागरूकता अभियान की कार्यान्वित बैठक आहूत

अवधनामा संवाददाता

**मथुरा।** उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ तथा जनपद न्यायाधीश आशीष गर्ग के निर्देशानुसार नीरू शर्मा, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, मथुरा द्वारा अपने कार्यालय पर आज दिनांक 29 सितंबर को एक बैठक का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता नितिन पांडेय, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश, मथुरा द्वारा की गई। उक्त बैठक में अपर नगर आयुक्त, बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला विकास अधिकारी, जिला प्रोबेशन अधिकारी, वन क्षेत्राधिकारी एवं तहसीलदार आदि उपस्थित रहे। बैठक में उपस्थित अधिकारियों को निर्देश दिये गये कि जिले के समस्त प्राथमिक विद्यालयों, माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक विद्यालयों तथा महाविद्यालयों को सम्मिलित करते हुये कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। इस बैठक के दौरान उपस्थित अधिकारियों ने स्वच्छता से संबंधित गतिविधियों के सर्वोत्तम तरीके साझा किये। स्वच्छ भारत मिशन और स्वच्छता ही सेवा -2023 के बारे में बात करते हुए नितिन पांडेय ने कहा कि दिनांक 02 अक्टुबर को जनपद स्तर, तहसील स्तर एवं ब्लॉक स्तर पर प्रभात फेरी का आयोजन किया जाये, जिसमें राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में स्वच्छता जागरूकता अभियान शीर्षक के अधीन कार्यक्रम का प्रचार-प्रसार किया जावे। समस्त विद्यालयों में निबंध एवं चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया जाये।दोनों संवर्गो में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले विद्यालय व छात्र को पुरस्कृत किया जाये। इसके अलावा समस्त विद्यालयों द्वारा अपने-अपने विद्यालय की 3-3 उत्कृष्ट निबन्ध एवं चित्रकला प्रविष्टियों को दिनांक 05 अक्टुबर तक जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मथुरा को प्राप्त कराया जायेगा। इस हेतु जिला विद्यालय निरीक्षक एवं बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा समस्त विद्यालयों को अपने-अपने स्तर से यथोचित निर्देश जारी किये गये हैं। इस बैठक के समापन से पूर्व श्रीमती नीरू शर्मा सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा बताया गया कि विद्यालयों से प्राप्त प्रविष्टियों में से निर्वाचक मण्डल द्वारा निवन्ध एवं चित्रकला प्रविष्टियों में से उत्कृष्ट प्रथम, द्वितीय व तृतीय प्रविष्टियों को चयनित व पुरस्कृत किया जायेगा।

# भारतीय निशानेबाजों का एशियाई खेलों में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन



एशियाई खेलों में भारत के युवा निशानेबाजों का सोना उगलने का सिलसिला शुक्रवार को भी जारी रहा जब दो स्वर्ण और तीन रजत का इजाफा करके उन्होंने अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर दिखाया। भारत के युवा निशानेबाजों का एशियाई खेलों में सोना उगलने का सिलसिला शुक्रवार को भी जारी रहा जब दो स्वर्ण और तीन रजत का इजाफा करके उन्होंने अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर दिखाया। पिछले छह दिन में भारतीय निशानेबाजों ने छह स्वर्ण और सात रजत समेत 18 पदक जीते हैं। इससे पहले एशियाई खेलों की निशानेबाजी स्पर्धा में भारत का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 2006 दोहा खेलों में था जब 14 पदक जीते थे। पलक गूलिया और ईशा सिंह ने महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में ऐतिहासिक प्रदर्शन करते हुए क्रमशः स्वर्ण और रजत पदक जीते। वहीं टीम वर्ग में 18 वर्ष की ईशा 579, पलक 577 और दिव्या टीएस 575 का कुल स्कोर 1731 रहा। चीन ने 1736 अंक लेकर स्वर्ण पदक जीता जो एशियाई खेलों का रिकॉर्ड भी है। चीनी ताइपै को कांस्य पदक मिला।

इसके बाद 22 वर्ष के ऐश्वर्य ने राइफल थ्री पोजिशंस में रजत पदक जीता। पलक और ईशा ने व्यक्तिगत वर्गमें एक दूसरे को कड़ी चुनौती देते हुए शीर्ष दो स्थान हासिल किये।17 वर्ष की पलक ने स्वर्ण और ईशा ने रजत पदक जीता। पाकिस्तान की तलत किश्माला को कांस्य पदक मिला। पलक का यह अंतरराष्ट्रीय स्पर्धा में पहला व्यक्तिगत पदक है। उसने फाइनल में 242 ण् 1 स्कोर किया जो एशियाई खेलों में रिकॉर्ड है। ईशा ने महिलाओं की 25 मीटर पिस्टल स्पर्धा में रजत भी जीता है। वहीं ईशा, मनु भाकर और रिदम सांगवान ने टीम स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता था।

बुधवार को 25 मीटर पिस्टल में व्यक्तिगत रजत जीतने वाली ईशा 10 मीटर एयर पिस्टल रजत जीतने वाली टीम का भी हिस्सा थी। ईशा ने व्यक्तिगत फाइनल में 239 7 स्कोर किया। पुरूषों की 50 मीटर राइफल थ्री पोजिशंस में भारत ने विश्व रिकॉर्ड के साथ स्वर्ण पदक जीता। ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर 591, स्वप्निल कुसाले 591 और अखिल योराण 587 टीम में थे जिन्होंने चीनी चुनौती से पार पाते हुए 1769 स्कोर किया। चीन 1763 अंक लेकर दूसरे स्थान पर रहा जबकि दक्षिण कोरिया को कांस्य पदक मिला। ऐश्वर्य और स्वप्निल ने क्वालीफिकेशन में पहले और दूसरे स्थान पर रहकर व्यक्तिगत वर्ग के फाइनल में भी प्रवेश कर लिया। अखिल पांचवें स्थान पर रहते हुए भी फाइनल में जगह नहीं बना सके क्योंकि आठ टीमों के फाइनल में एक देश से दो ही प्रतियोगी भाग ले सकते हैं।

अगले साल पेरिस ओलंपिक में पदक उम्मीद स्वप्निल ने क्वालीफिकेशन में एशियाई रिकॉर्ड तोड़ते हुए 591 स्कोर किया। ऐश्वर्य का भी यही स्कोर था लेकिन इनर 10 ज्यादा मारने के कारण स्वप्निल शीर्ष रहे। फाइनल में स्वप्निल और ऐश्वर्य दोनों स्वर्ण की दौड़ में थे। ऐश्वर्य ने 459 ण्7 के स्कोर के साथ रजत पदक जीता जबकि चीन के डु लिंशू ने 460 6 के स्कोर के साथ एशियाई खेलों का रिकॉर्ड बनाते हुए स्वर्ण पदक हासिल किया।

स्वप्निल पूरी स्पर्धा में स्वर्ण की दौड़ में जग रहे थे लेकिन एक खराब शॉट पर 7 6 ही स्कोर कर पाने के कारण वह पहले से पांचवें स्थान पर खिसक गए। इससे पदक की दौड़ से बाहर होकर चौथे स्थान पर रहे। ऐश्वर्य ने 10 मीटर एयर राइफल और 50 मीटर राइफल थ्री पोजिशंस टीम स्पर्धाओं में स्वर्ण और व्यक्तिगत वर्ग में कांस्य तथा रजत पदक जीते।

# भारत के चार पैरा निशानेबाजों ने 2024 पेरिस ओलंपिक खेलों का कोटा पक्का किया



2023 डब्ल्यूएसपीएस विश्व चैंपियनशिप में भारतीय निशानेबाजी दल ने पेरिस ओलंपिक के लिए चार कोटा स्थान सुनिश्चित किया जिसमें से शीर्ष निशानेबाज मनीष नरवाल ने पुरुषों की 10 मीटर एयर पिस्टल में व्यक्तिगत स्वर्ण भी जीता। भारतीय निशानेबाजी दल ने यहां 2023 डब्ल्यूएसपीएस विश्व चैंपियन शिप में पेरिस ओलंपिक के लिए चार कोटा स्थान सुनिश्चित किया जिसमें से शीर्ष निशानेबाज मनीष नरवाल ने पुरुषों की 10 मीटर एयर पिस्टल में व्यक्तिगत स्वर्ण भी जीता।

खेल रत्न पुरस्कार विजेता नरवाल ने 2020 तोक्यो ओलंपिक खेलों में 50 मीटर पिस्टल में स्वर्ण पदक जीता था। पेरिस पैरालंपिक कोटा स्थान अर्जित करने वाले अन्य पैरा निशानेबाज निहाल सिंहए, अमीर अहमद भट्ट, रुद्रांश खंडेलवाल हैं।

निहाल ने यहां 25 मीटर पिस्टल में कांस्य हासिल किया जबकि उनकी, राहुल जाखड़ और आमिर अहमद भट्ट ने टीम स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता। पचास मीटर पिस्टल में रुद्रांश खंडेलवाल ने रजत पदक के साथ पैरालंपिक कोटा सुनिश्चित किया। उन्होंने राहुल जाखड़ और आकाश के साथ मिलकर टीम वर्ग में दूसरा स्थान हासिल किया। नरवाल ने भी 10 मीटर एयर टीम स्पर्धा में शीर्ष स्थान हासिल करने किया जबकि उनकी संतोष गांधे और आकाश की तिकड़ी ने टीम स्पर्धा का रजत पदक जीता।

निशा कंवर और नरवाल की जोड़ी ने 10 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित टीम स्पर्धा में कांस्य पदक जीता, जबकि 10 मीटर स्टैंडर्ड पिस्टल में रूबीना फ्रांसिस ने रजत पदक जीता। रूबीना, पूजा अग्रवाल और आकाश की तिकड़ी ने 10 मीटर स्टैंडर्ड पिस्टल का टीम स्वर्ण जीता।

# 50 मीटर राइफल पुरुष टीम इवेंट वर्ल्ड रिकॉर्ड के साथ भारत ने जीता गोल्ड बेटियों ने सिल्वर किया अपने नाम

भारतीय निशानेबाजों का धमाकेदार प्रदर्शन जारी है। मेगा इवेंट के छठे दिन 50 मीटर राइफल 3पी पुरुष टीम इवेंट में भारत ने वर्ल्ड रिकॉर्ड के साथ गोल्ड मेडल पर कब्जा जमाया है।

एशियन गेम्स में भारतीय निशानेबाजों का धमाकेदार प्रदर्शन जारी है। मेगा इवेंट के छठे दिन 50 मीटर राइफल 3पी पुरुष टीम इवेंट में भारत ने वर्ल्ड रिकॉर्ड के साथ गोल्ड मेडल पर कब्जा जमाया है। वहीं 10 मीटर एयर पिस्टल वुमेंस टीम इवेंट में पलक, ईशा सिंह और दिव्या सुब्बाराजू थडिगोल की तिकड़ी सिल्वर मेडल अपने नाम करने में कामयाब रही। इसी के साथ भारत की एशियन गेम्स में मेडल टैली 27 हो गई है। अभी तक भारत ने 7 गोल्ड, 9 सिल्वर और 11 ब्रॉन्ज मेडल अपने नाम कर चुका है। वहीं शूटिंग में भारत के नाम अभी तक 15 मेडल हो चुके हैं।



पुरुषों की 50 मीटर राइफल थ्री पोजिशंस टीम में ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर 591, स्वप्निल कुसाले 591 और अखिल श्योराण 587 थे जिन्होंने चीनी चुनौती से पार पाते हुए 1769 स्कोर किया। चीन 1763 अंक लेकर दूसरे स्थान पर रहा जबकि दक्षिण कोरिया को ब्रॉन्ज मेडल मिला है।

ऐश्वर्य और स्वप्निल ने क्वालिफिकेशन में पहले और दूसरे स्थान पर रहकर व्यक्तिगत वर्ग के फाइल में भी प्रवेश कर लिया।

इसके साथ ही निशानेबाज ईशा सिंह की अगुवाई में भारतीय महिला 10 मीटर एयर पिस्टल टीम ने एशियाई खेलों में सिल्वर मेडल जीता। 18 वर्ष की ईशा, पलक और दिव्या टीएस का कुल स्कोर 1731 रहा। चीन ने 1736 अंक लेकर गोल्ड मेडल अपने नाम किया। जबकि चीनी ताइपे को ब्रॉन्ज मेडल मिला।

# विश्व कप के लिए भारत पहुंची बाबर आजम की पाकिस्तानी टीम, हैदराबाद में करेगी अपने अभियान की शुरुआत

हैदराबाद एयरपोर्ट पर पाकिस्तान के खिलाड़ी फोटो और सेल्फी लेते हुए दिखाई है। इस दौरान बड़ी संख्या में सुरक्षाकर्मी नजर आए। उन्होंने पाकिस्तानी खिलाड़ियों को चारों तरफ से घेर रखा था। बाबर आजम की कप्तानी में विश्व कप में भाग लेने के लिए पाकिस्तानी टीम भारत आ गई है। पाकिस्तान के खिलाड़ी दुबई होते हुए हैदराबाद आए। यहीं पर उसे अभ्यास मैचों के अलावा विश्व कप के शुरुआती मुकाबले खेलने हैं। एयरपोर्ट पर पाकिस्तान के खिलाड़ी फोटो और सेल्फी लेते हुए दिखाई है। इस दौरान बड़ी संख्या में सुरक्षाकर्मी नजर आए। उन्होंने पाकिस्तानी खिलाड़ियों को चारों तरफ से घेर रखा था। बाबर आजम और उनके साथियों को बस से सीधे टीम होटल भेजा गया।

पाकिस्तान क्रिकेट टीम के सदस्यों को सोमवार ;25 सितंबरद्ध को वनडे विश्व कप के लिए भारतीय वीजा जारी कर दिया गया था। पाकिस्तान को 27 सितंबर को हैदराबाद पहुंचने से पहले दुबई में दो दिवसीय टीम बॉन्डिंग सत्र आयोजित करना थाए लेकिन भारतीय वीजा पर अनिश्चितता के कारण इसे रद्द कर दिया गया।

पाकिस्तान को 29 सितंबर को हैदराबाद में न्यूजीलैंड के खिलाफ अपना पहला अभ्यास मैच खेलना है। इसके बाद यहीं उसे ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीन अक्तूबर को दूसरा अभ्यास मैच भी खेलना है। बाबर आजम की टीम छह अक्तूबर को विश्व कप में अपने अभियान की शुरुआत करेगी। हैदराबाद के राजीव गांधी अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम में नीदरलैंड से मुकाबला होगा। इसी मैदान पर 10 अक्तूबर को श्रीलंका से खेलने के बाद टीम अहमदाबाद के लिए रवाना होगी। वहां 14 अक्तूबर को भारत से मुकाबला होगा।

# हिटमैन के नाम नया कीर्तिमान, गेल का यह रिकॉर्ड तोड़ने से तीन कदम दूर, अफरीदी-मैकुलम भी आसपास नहीं

भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच तीन मैचों की वनडे सीरीज का तीसरा और आखिरी मैच राजकोट में खेला जा रहा है। हिटमैन के नाम से मशहूर भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने कीर्तिमान रच दिया है। वह अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 550 छक्के लगाने वाले पहले भारतीय बल्लेबाज बन गए हैं। उन्होंने तीनों फॉर्मेट मिलाकर 451वें मैच की 471वीं पारी में यह उपलब्धि हासिल की। उनके आसपास कोई भारतीय बल्लेबाज नहीं है। भारत के लिए सबसे ज्यादा छक्के लगाने के मामले में महेंद्र सिंह धोनी दूसरे स्थान पर हैं। उन्होंने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट टेस्ट, वनडे, टी20 में 359 छक्के लगाए थे।

रोहित ने टेस्ट में 77 छक्के लगाए हैं, जबकि वनडे में 551 छक्के और टी20 अंतरराष्ट्रीय में 182 छक्के हैं। रोहित ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ शुरुआती दो वनडे नहीं खेले थे। उन्हें आराम दिया गया था। तीसरे मैच में उन्होंने वापसी की और वनडे करियर का 52वां अर्धशतक लगाया।

अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में सबसे ज्यादा छक्के लगाने के मामले में वेस्टइंडीज के क्रिस गेल शीर्ष पर हैं। गेल ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट यानी तीनों फॉर्मेट मिलाकर 483 मैचों में 553 छक्के लगाए थे। इस मैच के शुरू होने से पहले रोहित को गेल की बराबरी के लिए आठ छक्कों की जरूरत थी और उन्होंने 545 छक्के लगाए थे। तीसरे वनडे में हिटमैन का बल्ला चला और पांच छक्के जड़ डाले। अब उन्होंने 550 छक्कों का मुकाम हासिल कर



लिया है।

रोहित के रिकॉर्ड के आसपास यानी शीर्ष चार में कोई भी मौजूदा बल्लेबाज नहीं है। पाकिस्तान के शाहिद अफरीदी ने तीनों फॉर्मेट मिलाकर 524 मैचों में 476 छक्के लगाए थे। वहीं, न्यूजीलैंड के पूर्व विस्फोटक बल्लेबाज ब्रैंडन मैकुलम ने 432 मैचों में 398 छक्के लगाए थे। न्यूजीलैंड के मार्टिन गुप्टिल ने जरूरत 367 मैचों में 383 छक्के लगाए हैं, लेकिन वह फिलहाल राष्ट्रीय टीम से बाहर चल रहे हैं।

भारत के पूर्व कप्तान एमएस धोनी ने 367 अंतरराष्ट्रीय मैचों में 359 छक्के लगाए थे और वह छठे स्थान पर हैं। सनथ जयसूर्या 352 छक्कों के साथ सातवें, इयोन मॉर्गन 346 छक्कों के साथ आठवें, एबी डिविलियर्स 328 छक्कों के साथ नौवें और इंग्लैंड के कप्तान जोस बटलर 312 छक्कों के साथ 10वें स्थान पर हैं।

# अभिनेता विशाल के आरोप को लेकर सख्त हुआ सूचना एवं प्रसारण मंत्रालयए सेंसर बोर्ड के अधिकारियों की होगी जांच



सूचना और प्रसारण मंत्रालय ने मंत्रालय ने इसे बेहद दुर्भाग्यपूर्ण् बताया और प्रोड्यूसर्स गिल्ड ऑफ इंडिया और मोशन पिक्चर एसोसिएशन को आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया। तमिल अभिनेता विशाल द्वारा अपनी आपबीती साझा करने और केंद्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड पर भ्रष्टाचार के आरोप लगाने के बाद, सूचना और प्रसारण मंत्रालय ने इस पर प्रतिक्रिया व्यक्त की और मामले की जांच के आदेश दिए। उन लोगों के लिए जो कहानी के बारे में देर से जानते हैं, मार्क एंटनी स्टार ने अपने सोशल मीडिया पर एक वीडियो जारी किया और सीबीएफसी पर चौंकाने वाले आरोप लगाए।

सूचना और प्रसारण मंत्रालय ने मंत्रालय ने इसे बेहद दुर्भाग्यपूर्ण बताया और प्रोड्यूसर्स गिल्ड ऑफ इंडिया और मोशन पिक्चर एसोसिएशन को आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया।

अभिनेता विशाल द्वारा उठाया गया सीबीएफसी में भ्रष्टाचार का मुद्दा बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। सरकार भ्रष्टाचार के प्रति जीरो टॉलरेंस रखती है और इसमें शामिल पाए जाने वाले किसी भी व्यक्ति के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। इसमें यह भी बताया गया है कि सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के एक वरिष्ठ अधिकारी को आज ही जांच करने के लिए मुंबई भेजा गया है। हम सभी से अनुरोध करते हैं कि वे सीबीएफसी द्वारा उत्पीड़न के किसी भी अन्य उदाहरण के बारे मे jsfilms.inb@nic.in पर जानकारी प्रदान करके मंत्रालय के साथ सहयोग करें।

अपने द्वारा जारी एक वीडियो में, विशाल ने आरोप लगाया कि मार्क एंटनी की हिंदी रिलीज़ के लिए उन्हें कुल 6.5 लाख रुपये का भुगतान करना पड़ा। उन्होंने कहा कि निर्माताओं ने प्रमाणपत्र के लिए ऑनलाइन आवेदन किया था, लेकिन एक गड़बड़ी के कारण उन्हें सीधे कार्यालय जाना पड़ा। अभिनेता ने कहा कि लेकिन, मुंबई में सीबीएफसी कार्यालय में जो हुआ उससे हम स्तब्ध रह गए। जब मेरे व्यक्ति ने कार्यालय का दौरा किया, तो हमें लाख रुपये की कीमत का भुगतान करने और उसी दिन प्रमाणन प्राप्त करने का विकल्प दिया गया। हमारे पास कोई विकल्प नहीं बचा था।

# एक सर्जरी के कारण प्रियंका चौपडा के हाथ से निकल गई थी कई फिल्में



जैसे ही यह सब हुआ मैंने प्रियंका को बुलाया और वह अपनी मां के साथ आई। प्रियंका ने ऑपरेशन और नाक के नीचे आए एक निशान के बारे में बताया और लगातार रोती रही। नाक की इस सर्जरी के कारण प्रियंका को कई अहम और बड़े प्रोजेक्ट्स से हाथ धोना पड़ा था जिसके लिए उन्हें पहले साइन किया गया था।

फिल्म गदर 2 के निर्देशक अनिल शर्मा इन दिनों अपनी फिल्म की सफलता का आनंद उठा रहे हैं। गदर 2 हिंदी भाषा में सबसे अधिक कमाई करने वाली फिल्म बन चुकी है। फिल्म की सफलता के बाद से लगातार अनिल शर्मा चर्चा में बने हुए हैं। अनिल शर्मा ने हाल ही में ग्लोबल अभिनेत्री प्रियंका चोपड़ा के बारे में भी बात की है।

बता दें कि अनिल शर्मा और ग्लोबल अभिनेत्री प्रियंका चोपड़ा के बीच रिश्ते हमेशा से अच्छे रहे हैं। हाल ही में देगा इंटरव्यू में अनिल शर्मा ने प्रियंका चोपड़ा को लेकर बड़ा खुलासा किया है। आज के समय में जब प्रियंका पूरी दुनिया पर राज कर रही है मगर करियर के शुरुआती दिनों में उनकी स्थिति एक बार काफी खराब हो गई थी जब उन्हें फिल्मों से निकाल दिया गया था, जिसके पीछे उनकी नाक को जिम्मेदार ठहराया गया था।


अनिल ने बताया कि प्रियंका चोपड़ा की करियर की शुरुआती दिनों में उन्होंने नाक की एक सर्जरी कराई थी जो खराब हो गई थी। इस सर्जरी के खराब होने के कारण प्रियंका काफी परेशान हो गई थी। उन्होंने बताया कि प्रियंका ने एडवांस चेक भी लौटा दिया था जो उन्हें दिया गया था। हालांकि इस कठिन समय में भी अनिल ने प्रियंका का साथ नहीं छोड़ा। इंटरव्यू में अनिल शर्मा ने बताया की फिल्म द हीरो के लिए प्रियंका चोपड़ा को साइन किया गया था लेकिन जब प्रियंका सर्जरी के बाद लौटी तो उन्हें पहचानना काफी मुश्किल था। उन्होंने कहा कि प्रियंका के साथ उसे समय बहुत बड़ी त्रासदी हो गई थी। दरअसल प्रियंका चाहती थी कि वह जूनियर रॉबर्ट्स की तरह दिखे इसलिए उन्होंने अपनी नाक की सर्जरी कराई।

अनिल ने कहा कि जैसे ही यह सब हुआ मैंने प्रियंका को बुलाया और वह अपनी मां के साथ आई। प्रियंका ने ऑपरेशन और नाक के नीचे आए एक निशान के बारे में बताया और लगातार रोती रही। नाक की इस सर्जरी के कारण प्रियंका को कई अहम और बड़े प्रोजेक्ट्स से हाथ धोना पड़ा था जिसके लिए उन्हें पहले साइन किया गया था। अनिल ने कहा कि प्रियंका ने फैसला किया था कि वह बरेली जाएंगी और कुछ महीनों बाद वापस लौटेंगी। इस दौरान प्रियंका ने यह भी कहा था कि वह मुझे अपना साइन किया हुआ अमाउंट वापस कर देंगी। हालांकि अनिल ने कहा की इस कठिन समय में वो प्रियंका के साथ खड़े तरह थे।

# एक्शन और रोमांच का पैकेज गणपत रिलीज हुआ टाइगर श्रॉफ की मूवी का धांसू टीजर

**अभिनेता टाइगर श्रॉफकी आने वाली फिल्म गणपत का नाम बीते दिनों से लगातार सुर्खियां बटोर रहा है। फैंस इस मूवी को लेकर काफी एक्साइटेड नजर आ रहे हैं। इस बीच टाइगर की मोस्ट अवेटेड मूवी गणपत का धमाकेदार टीजर रिलीज कर दिया गया है। जिसे देखकर आप भी इस फिल्म को देखने के लिए बेकरार हो जाएंगे।**

डायरेक्टर विकास बहल की अगली पेशकश सुपरस्टार टाइगर श्रॉफ स्टार फिल्म गणपत है। लंबे समय से मूवी को लेकर चर्चाओं का बाजार गर्म है। हाल ही में गणपत से स्टारकास्ट के फर्स्ट लुक पोस्टर भी रिवील किए हैं। इस बीच शुक्रवार को टाइगर श्रॉफऔर कृति सेनन की गणपत का धमाकेदार टीजर रिलीज कर दिया गया है। आलम ये है कि सामने आने के बाद सोशल मीडिया पर गणपत का ये टीजर फैंस की पहली पसंद बन गया है।



श्कीन और सुपर 30 जैसी फिल्मों को डायरेक्टर करने वाले डायरेक्टर विकास बहल की अगली पेशकश गणपत है। इस फिल्म का टीजर मेकर्स की ओर से 29 सितंबर यानी आज रिलीज कर दिया गया है। पूजा एंटरटेनमेंट बैनर तले गणपत के टीजर को देखने पर आपको एक्शन और रोमांच का एक अलग अनुभव मिलेगा।

टीजर की शुरुआत में दिखाया गया कि फिल्म की कहानी भविष्य केयानी 2070 एडी के आधार पर हुए बदलाव को दर्शाती है, जिसमें बुराई का खत्मा करने के लिए एक मसीहा जन्म लेता है। टाइगर श्रॉफ और कृति सेनन के दमदार एक्शन सीक्वेंस की झलक आपको इस 1 मिनट 45 सेकेंड के टीजर वीडियो में आसानी से देखने को मिल जाएगी।

फिल्म का ये टीजर इस बात की जानकारी भी देता है कि टाइगर श्रॉफ फिल्म के बॉक्सर की भूमिका में नजर आ रहे हैं। कुल मिलाकर कहा जाए तो ये टीजर सस्पेंस और रोमांच क्रिएट करता है। सोशल मीडिया पर गणपत के इस टीजर को काफी पसंद किया जा रहा है।

मालूम हो कि पहले टाइगर श्रॉफ स्टार गणपत का टीजर 27 सितंबर को रिलीज किया जाना था। लेकिन किसी कारण इसे दो दिन आगे टालना पड़ा। ऐसे में अब शुक्रवार को ये टीजर सामने आ गया है। गणपत के इस टीजर को देखने के बाद फिल्म के फैंस की एक्साइटमेंट काफी बढ़ गई है और हर कोई इसकी रिलीज का इंतजार कर रहा है। बता दें कि टाइगर श्रॉफ की गणपत अगले महीने दशहरा के मौके पर 20 अक्टूबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

# शाह रुख खान से होगा प्रभास का मुकाबला, सालार की नई रिलीज डेट का हुआ एलान

***प्रभास स्टार सालार मूवी के लिए हर कोई बेताब है। आदिपुरुष के बुरी तरह फ्लॉप होने के बाद अब प्रभास को सालार से काफी उम्मीदें हैं। इस बीच बाहुबली स्टार की इस अपकमिंग फिल्म का नया पोस्टर और रिलीज डेट की घोषणा कर दी गई है जिसके चलते प्रभास की सालार शाह रुख खान की फिल्म डंकी के साथ बॉक्स ऑफिस पर क्लैश करेगी।***

साउथ सिनेमा के सुपरस्टार प्रभास की मोस्ट अवेटेड फिल्म सालार को लेकर बड़ा अपडेट सामने आ रहा है। काफी समय से फैंस इस मूवी की नई रिलीज डेट का इंतजार कर रहे थे। ऐसे में शुक्रवार को मेकर्स की ओर से सालार-पार्ट 1 सीजफायर की नई रिलीज डेट का एलान कर दिया गया है। इसके साथ ही फिल्म से प्रभास का लेटेस्ट पोस्टर भी शेयर किया गया है। ऐसे में सालार की इन नई रिलीज



डेट से इस बात की पुष्टि हो गई है कि केजीएफ डायरेक्टर प्रशांत नील की इस मूवी का बॉक्स ऑफिस क्लैश शाह रुख खान की अपकमिंग फिल्म डंकी से होने वाला है।

लंबे समय से प्रभास की सालार को लेकर लगातार सुर्खियां बनी हुई है। फैंस इस मूवी के लिए काफी बेकरार हैं। केजीएफ चैप्टर 2 की सफलता के बाद निर्देशक प्रशांत नील ने अब प्रभास की सालार पर दांव खेला है। सालार-पार्ट-1 सीजफायर का टीजर पहले ही रिलीज किया जा चुका है,जिसे देखने के बाद से इस मूवी के लिए फैंस की एक्साइटमेंट पहले ही बढ़ चुकी है।

लेकिन अब सालार की नई रिलीज डेट के बारे में आपकी एक्साइटमेंट लेवल दुगनी होनी वाली है। शुक्रवार को प्रभास ने अपने ऑफिशियल इंस्टाग्राम हैंडल पर सालार का लेटेस्ट पोस्टर शेयर किया है, जिसमें एक्टर का खतरनाक लुक देखने को मिल रहा है। इस पोस्टर के साथ ही बाहुबली सुपरस्टार ने ये जानकारी भी दी है कि उनकी आने वाली फिल्म सालार 22 दिसंबर 2023 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

हाल ही में ये खबर सामने आई थी कि शाह रुख खान की अगली फिल्म डंकी के साथ सालार का मुकाबला हो सकता है। ऐसे में सालार की नई रिलीज डेट के एलान से ये तय हो गया है कि क्रिसमस के मौके पर फैंस को सालार और डंकी के बीच बॉक्स ऑफिस भिड़ंत देखने को मिलेगी।

# हिंद महासागर में नौसेना की नजर से बच नहीं पाएगा किसी देश का युद्धपोत, निगरानी के लिए पी-8आइ विमान तैनात

**अरक्कोणम।** हिंद महासागर के भारतीय सीमा क्षेत्र से किसी दूसरे देश के युद्धपोत या जहाज का गुजरना अब नामुमकिन है। हिंद महासागर में चीनी नौसेना की बढ़ती गतिविधियों को देखते हुए भारत ने भी अपनी तैयारी मजबूत कर ली है। अब बिना भारतीय नौसेना की इजाजत के कोई भी युद्धपोत या पनडुब्बी हिंद महासागर से नहीं गुजर सकती। नकाला एयर स्टेशन आइएनएस राजली पर पी-8आइ विमान के संचालन की निगरानी के दौरान भारतीय नौसेना के एक वरिष्ठ अधिकारी कैप्टन अजयेंद्र कांत सिंह ने बताया कि भारतीय नौसेना के पी-8आइ एंटी सबमरीन और सर्विलांस वाले विमानों की नजर से बचकर किसी देश का युद्धपोत या पोत हिंद महासागर से गुजर नहीं सकता।

**निगरानी**

> डोकलाम संकट के दौरान सिक्किम-भूटान सेक्टर में और पूरे हिंद महासागर क्षेत्र में विदेशी युद्धपोतों और जहाजों की लगातार निगरानी होती थी।

एक निर्णायक विमान के रूप में जाना जाता है, क्योंकि इसने लद्दाख सेक्टर में ऊंचाई वाले क्षेत्रों से भारतीय हित के कई क्षेत्रों में निगरानी करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इससे चीन के निर्माण कार्यों की जानकारी मिलती थी।




आइएनएस 312 स्क्वाड्रन के कमांडिंग अधिकारी ने कहा कि हिंद महासागर और बंगाल की खाड़ी की निगरानी के लिए हर समय कम से कम एक पी-8आइ विमान मौजूद रहता है। आइएनएस 312 स्क्वाड्रन को अल्बाट्रास के नाम से भी जाना जाता है। पी-8आइ को भारतीय नौसेना के लिए डोकलाम संकट के दौरान सिक्किम-भूटान सेक्टर में और पूरे हिंद महासागर क्षेत्र में विदेशी युद्धपोतों और जहाजों की लगातार निगरानी होती थी। भारतीय नौसेना वर्तमान में 12 पी-8आइ विमानों का संचालन कर रही है। निकट भविष्य में अमेरिका से छह और विमान प्राप्त करने की योजना बना रही है।

## संसदीय समितियां करेंगी भारत की रणनीतिक तैयारी और साइबर सुरक्षा की समीक्षा, अग्निपथ योजना पर भी किया जाएगा मंथन

**नई दिल्ली।** भारत की रणनीतिक अभियानों की तैयारी, रूस-यूक्रेन संघर्ष का देश पर प्रभाव और देश में साइबर सुरक्षा की स्थिति जैसे मुद्दे संसदीय समितियों की निगरानी में आ गए हैं। भाजपा सदस्य जुएल उरांव की अध्यक्षता में रक्षा क्षेत्र की संसदीय समिति अब डीआरडीओ के कार्यों की समीक्षा करेगी। देश की रक्षा सुनिश्चित करने में भारतीय सेना की भूमिका, पुनर्वास की नीतियों के मुद्दे पर अध्ययन, स्वास्थ्य सेवाओं, पूर्व सैन्य कर्मियों की पेंशन और सशस्त्र बलों में अग्निपथ योजना पर भी मंथन किया जाएगा।



विदेश मामलों में संसद की स्थायी समिति के अध्यक्ष भाजपा सदस्य पीपी चौधरी क्षेत्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर वैश्विक आतंकवाद के खात्मे के सरकारी प्रयासों की समीक्षा करेंगे। उनकी समिति पर्यावरण परिवर्तन संबंधी जारी समझौतों में भारत की स्थिति रूस-यूक्रेन संघर्ष, उसका वैश्विक प्रभाव और विदेश में पढ़ रहे भारतीय छात्रों के मुद्दों पर भी नजर रखेगी।

इसके अलावा, सूचना तकनीक पर संसद की स्थायी समिति की अध्यक्षता शिवसेना के नेता प्रताप जाधव कर रहे हैं। यह समिति भारत में साइबर सुरक्षा की स्थिति, आर्टीफिशियल इंटेलिजेंस (एआइ) के उद्भव और इंटरनेट मीडिया व डिजिटल मीडिया के कंटेंट की सुरक्षा को लेकर बने नियम-कानूनों की समीक्षा करेगी। यह समिति ओटीटी प्लेटफार्म और केबल टीवी में निजी क्षेत्रों की भूमिका पर भी नजर रखेगी।

# 54 साल पुराने संस्थान इसरो में हुए बदलाव के बाद दिख रहा असर, निजी भागीदारी और विदेशी निवेश पर रहेगा ध्यान

**बेंगलुरु।** जब भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) का चंद्रयान-3 मिशन चंद्रमा पर उतरा गया था, तो उस दौरान 8 मिलियन से अधिक लोगों ने इस कार्यक्रम की यूट्यूब पर लाइव-स्ट्रीम देखा था, जिसने एक साइट रिकॉर्ड बना दिया है। एक दर्जन से अधिक वर्तमान और पूर्व कर्मचारियों, उद्योग विशेषज्ञ और 10 सलाहकारों के मुताबिक, लैंडिंग भारत की कम लागत वाली अंतरिक्ष इंजीनियरिंग और विज्ञान के लिए एक जीत थी, साथ ही 54 साल पुरानी अंतरिक्ष एजेंसी को स्वीकार्य के रूप में फिर से स्थापित करने की एक पहल थी।

अंतरिक्ष नीति विशेषज्ञ और एरिजोना स्टेट यूनिवर्सिटी में थंडरबर्ड स्कूल ऑफ ग्लोबल मैनेजमेंट की प्रोफेसर नम्रता गोस्वामी ने कहा, ÷इसरो एक बहुत ही बंधा हुआ संगठन था। इसके मिशनों और कुछ हद तक गोपनीयता की संस्कृति के बारे में बात करने में झिझक थी। 2023 तक तेजी से आगे बढ़ते हुए, मैं उनकी ओर से पारदर्शिता को लेकर काफी आश्चर्यचकित था, यह बहुत नया है और तारीफ के काबिल है।

मालूम हो कि 400 अरब डॉलर का वैश्विक वाणिज्यिक अंतरिक्ष बाजार 2030 तक 1 ट्रिलियन डॉलर का होने की उम्मीद है, लेकिन




फिलहाल भारत के पास केवल 2त्न हिस्सेदारी है, जो लगभग 8 अरब डॉलर है। माना जा रहा है कि सरकार इसमें बदलाव लाएगी और भारत को 2040 तक 40 अरब डॉलर मूल्य की आय होने की उम्मीद है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एजेंसी से भारत को लाभदायक अंतरिक्ष महाशक्ति बनाने का आह्वान किया है। इसरो के वरिष्ठ वैज्ञानिकों ने कहा कि वहां पहुंचने के लिए, देश को युवा वैज्ञानिकों, स्टार्टअप, निवेशकों और निजी उद्योग भागीदारों को शामिल करने की जरूरत है।

इसरो के अंदरूनी सूत्र इसके लिए एस. सोमनाथ को श्रेय देते हैं, जिन्होंने 2022 में अध्यक्ष के रूप में पदभार संभाला था। उन्होंने संगठन में सभी को बदलावों के साथ जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। समाचार एजेंसी रायटर्स से एस सोमनाथ ने कहा कि उन्होंने अन्य छोटे बदलाव भी लागू किए हैं, जैसे ब्रेक टाइम को प्रोत्साहित करना, अनौपचारिक समस्या-समाधान चैट और जलपान कियोस्क जहां कर्मचारी चाय के बहाने मिल सके।

## स्मार्ट गैजेट से गर्त में समा रहा बचपन, 12 साल से कम उम्र के बच्चे भी देख रहे आपत्तिजनक कंटेंट

**नई दिल्ली।** शिक्षा से लेकर मनोरंजन तक सब कुछ डिजिटल होने के साथ, स्मार्ट डिवाइस आज बच्चों के लिए एक जरूरी उपकरण बन गए हैं। चाहे होमवर्क करना हो, अपने दोस्तों या परिवार के साथ




चैट करना हो या पढ़ाई के लिए ऐप्स का उपयोग करना हो आज की डिजिटल दुनिया में बच्चे फोन का बेहिसाब इस्तेमाल करते हैं और धीरे-धीरे उनकी लत बढ़ती जा रही है। वाईफाई पर चल रहे ट्रैफिक पर नजर रखने वाले उपकरण हैप्पीनेट्ज ने एक सर्वेक्षण जारी कर इसकी जानकारी दी है। यह सर्वेक्षण 1,500 अभिभावकों के बीच किया गया। इसमें पाया गया है कि 12 वर्ष से कम उम्र के कम से कम 42 प्रतिशत बच्चे प्रतिदिन औसतन दो से चार घंटे तक अपने स्मार्टफोन या टैबलेट से चिपके रहते हैं।सर्वेक्षण के अनुसार अभिभावकों के लिए अपने बच्चों के स्क्रीन पर बिताने वाले वक्त को नियंत्रित करना और उन्हें आपत्तिजनक सामग्री देखने से रोकना एक चुनौती है। बच्चों के पास अपने टैबलेट या स्मार्टफोन हैं जिससे वह इंटरनेट पर बिना किसी रोकटोक के कुछ भी देख सकते हैं। बाजार में ऐसे उपकरण भी मिलने लगे हैं जो वेबसाइटों और एप्स पर नजर रख सकते हैं। ऐसे उपकरण को इंस्टाल कर यह सुनिश्चित किया जा सकता है कि हानिकारक वयस्क साइटें और एप्स स्थायी रूप से अवरुद्ध हों। हैप्पीनेट्ज की सह-संस्थापक और सीईओ ऋचा सिंह ने बताया कि हैप्पीनेट्ज पैरेंटल कंट्रोल फिल्टर (पीसीएफ) बॉक्स के जरिये इसी तरह की सेवाएं प्रदान करता है।

# स्वदेशी कंपनियों से 400 होवित्जर तोपें खरीदने के लिए सेना ने भेजा प्रस्ताव, सरकार जल्द ले सकती है फैसला

**नई दिल्ली।**स्वदेशी रूप से डिजाइन और विकसित हथियार प्रणालियों को बढ़ावा देने के बड़े प्रयास के तहत सेना ने भारतीय कंपनियों से 400 होवित्जर तोपें

**तैनात**

> सेना चाहती है कि पुरानी बोफोर्स तोपों की तरह ये तोपें वजन में हल्की हों और ऊंचाई वाले इलाकों में तैनात करना आसान हो।

खरीदने के लिए रक्षा मंत्रालय को एक प्रस्ताव भेजा है। इस खरीद पर 6,500 करोड़ रुपये से अधिक का खर्च आएगा। भारतीय सेना की तोपखाना रेजीमेंट 155 मिमी और 52 कैलिबर की खींचकर ले जा सकने वाली तोपों (टीजीएस) का उत्पादन करने के लिए भारतीय उद्योग की विशेषज्ञता का उपयोग करने की



इच्छुक है। वरिष्ठ सैन्य अधिकारियों ने बताया कि सरकार जल्द ही एक उच्च स्तरीय बैठक में टीजीएस पर निर्णय ले सकती है। भारतीय सेना ने पहले ही 307 खींचकर ले जा सकने वाली अत्याधुनिक तोपों (एटीएजीएस) को खरीदने के साथ-साथ चीन और पाकिस्तान से लगती सीमाओं पर अपनी आवश्यकताओं के लिए माउंटेड गन सिस्टम के लिए एक टेंडर जारी कर दिया है। भारत में डिजाइन, विकसित और निर्मित होवित्जर का मतलब यह होगा कि यह हर तरह से पूरी तरह से भारतीय होगी। सेना चाहती है कि पुरानी बोफोर्स तोपों की तरह ये तोपें वजन में हल्की हों और ऊंचाई वाले इलाकों में तैनात करना आसान हो। पिछले दशक में 155 मिमी की होवित्जर तोपों की खरीद के लिए चार अनुबंध हुए हैं। इन तोपों को पहले ही सेना में शामिल किया जा चुका है और अधिक संख्या में रेजीमेंटों को इन तोपों से सुसज्जित किया जा रहा है। इनमें धनुष, शारंग, अल्ट्रा लाइट होवित्जर (यूएलएच) और के-9 वज्र सेल्फ प्रोपेल्ड गन शामिल हैं।

धनुष तोपें बोफोर्स तोपों का इलेक्ट्रानिक अपग्रेड हैं, जबकि शारंग तोपों को 130 मिमी से 155 मिमी कैलिबर तक उन्नत किया गया है। सात रेजीमेंटों को पहले ही यूएलएच से सुसज्जित किया जा चुका है, जबकि पांच को सेल्फ प्रोपेल्ड गन से सुसज्जित किया गया है।

## केरल में एनसीआरबी के नाम से युवक को आया फर्जी मैसेज, डर के मारे छात्र ने लगाई फांसी

**पीटीआई।** केरल के कोझिकोड से एक हैरान करने वाला मामला सामने आया है। यहां एनसीआरबी के नाम पर एक फर्जी मैसेज मिलने के बाद युवक ने आत्महत्या कर ली। सुसाइड करने वाले युवक की उम्र 16 साल है। कथित तौर पर राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो के नाम पर एक फर्जी मैसेज मिलने के बाद आत्महत्या कर ली। पुलिस ने कहा कि युवक एक अनधिकृत फिल्म वेबसाइट तक पहुंचने के लिए पेमेंट करना चाहता था। कोझिकोड के एक स्कूल में 11वीं क्लास में पढ़ने वाले छात्र आदिनाथ ने बुधवार शाम को चेवयूर में अपने अपार्टमेंट में फांसी लगा ली।



एक पुलिस अधिकारी ने कहा कि छात्र आदिनाथ के कमरे से बरामद एक सुसाइड नोट में ऑनलाइन धोखाधड़ी के बारे में संकेत दिया गया है। इससे युवक के आत्महत्या करने का संदेह है।

पुलिस अधिकारी ने कहा, सुसाइड नोट में अपनी मां को संबोधित करते हुए, आदिनाथ ने कहा कि उसने किसी भी अनधिकृत वेबसाइट पर लॉग इन नहीं किया, बल्कि उसके लैपटॉप पर एक वैध वेबसाइट पर फिल्म देखी।

लैपटॉप में, एनसीआरबी के नाम से एक फर्जी मैसेज था जिसमें कहा गया था कि एक अनधिकृत वेबसाइट तक पहुंचने के कारण, उसे 30,000 रुपये से ज्यादा पैसे का भुगतान करना होगा। ऐसा नहीं करने पर भारी पैसे का जुर्माना और जेल होगी। ऐसा लगता है कि इससे छात्र आदिनाथ डर गया। उन्होंने आगे कहा, पुलिस ने लैपटॉप के ब्राउज़र हिस्ट्री की जांच की लेकिन ऐसा कोई संकेत नहीं मिला कि मृतक छात्र ने किसी अवैध वेबसाइट को खोला था।

# लाइव टीवी शो में चलने लगे लात-घूंसे, आपस में भिड़े नवाज-इमरान समर्थक

**घटना**

> शेर अली खान मारवात ने एक पोस्ट में कहा कि टीवी शो होस्ट इस घटना को लेकर गलत सूचना फैला रहा था।

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के अध्यक्ष इमरान खान के वकील शेर अफजल खान मारवात और पाकिस्तान मुस्लिम लीग (एन) (पीएमएल-एन) के सीनेटर अफनान उल्लाह खान एक लाइव टीवी शो के दौरान आपस में भिड़ गए। इसका वीडियो काफी तेजी से वायरल हो रहा है। स्थानीय मीडिया जियो न्यूज की ओर से इस बात की जानकारी दी गई है।

वीडियो में दिखाया गया है कि



दोनों के बीच तीखी बहस हो रही है, जिसमें दोनों अभद्र भाषा का इस्तेमाल करने लगते हैं। इसके बाद मारवत ने अचानक सीनेटर पर हमला कर दिया। पहले तो दोनों ने एक दूसरे को धक्का दिया और बाद में एक-दूसरे से हाथापाई करने लगे। इस भिड़ंत को रोकने के लिए टीवी शो के क्रू ने हस्तक्षेप करना पड़ा और इसके बाद उन दोनों को दूर करना पड़ा।

सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर अफनान ने कहा कि मारवात ने उन पर हमला किया, उन्होंने कहा कि वह हिंसा में विश्वास नहीं करते हैं, लेकिन नवाज शरीफ के सैनिक हैं। उन्होंने कहा, ÷मैंने मारवात को जो चाटा जड़ा है, वह पीटीआई और खासकर इमरान खान के लिए एक सबक है। न्यूज एजेंसी के मुताबिक, सीनेटर ने कहा, वे किसी को अपना चेहरा नहीं दिखा पाएंगे।

शेर अली खान मारवात ने एक पोस्ट में कहा कि टीवी शो होस्ट इस घटना को लेकर गलत सूचना फैला रहा था। मारवत ने कहा, ÷वह अफवाह फैला रहे हैं कि मेरा प्रतिद्वंद्वी एक सुपरमैन था। वह

## बलूचिस्तान में मस्जिद के पास बम धमाका, 52 लोगों की मौत, 50 घायल

**कराची।** पाकिस्तान के बलूचिस्तान प्रांत के एक मस्जिद के पास एक आत्मघाती हमले में लगभग 52 लोगों की मौत हो गई है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, 50 लोग इस हमले में घायल हो गए हैं। मालूम हो कि लोग पैगंबर मुहम्मद का जन्मदिन मनाने के लिए एक रैली के लिए एकत्र हुए थे, उसी दौरान यह हादसा हुआ है। स्थानीय जियो न्यूज की रिपोर्ट के मुताबिक, विस्फोट मस्तुंग जिले में मदीना मस्जिद के पास हुआ। मृतकों में मस्तुंग के पुलिस उपाधीक्षक (डीएसपी) नवाज गशकोरी भी शामिल हैं। वह हमले के दौरान रैली के लिए ड्यूटी पर थे।समाचार एजेंसी एएनआई के मुताबिक, लोग पैगंबर मुहम्मद की जयंती ईद मिलादुन नबी मनाने के लिए एकत्र हो रहे थे, उसी दौरान यह विस्फोट हुआ।

# आत्मघाती हमले में 52 लोगों की मौत के बाद पाकिस्तान में दो और बम धमाके, मस्जिद की छत ढही, अब तक चार शव बरामद

**पेशावर।** पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में शुक्रवार को एक साथ दो हम विस्फोट की खबर सामने आ रही है। पहला हमला पुलिस स्टेशन के मुख्य द्वार पर हुआ और दूसरा परिसर में मौजूद मस्जिद के अंदर हुआ है। आत्मघाती विस्फोट में लगभग तीन लोग मारे गए और छह अन्य घायल हो गए।दोआबा पुलिस थाने के प्रभारी शाहराज खान ने कहा कि विस्फोट हंगू जिले की मस्जिद में हुआ। उन्होंने कहा कि विस्फोट जुमा की नमाज के दौरान हुआ, विस्फोट के समय मस्जिद में 30 से 40 नमाजी मौजूद थे।

पुलिस ने कहा कि उनका मानना ??है कि यह आत्मघाती विस्फोट है। पुलिस ने कहा कि विस्फोट में लगभग तीन लोग मारे गए और छह अन्य घायल हो गए। स्थानीय डॉन अखबार की एक रिपोर्ट में हंगू जिला पुलिस अधिकारी निसार अहमद के हवाले से कहा गया, ÷विस्फोट के प्रभाव के कारण मस्जिद की छत ढह गई।÷हंगू



जिला पुलिस अधिकारी निसार अहमद ने बताया कि पहला विस्फोट पुलिस थाने के प्रवेश द्वार पर हुआ, जिसके बाद काफी लोग घटनास्थल पर इकट्ठा हो गए। इसके कुछ ही मिनट बाद पुलिस स्टेशन के परिसर में स्थित एक मस्जिद के अंदर एक और विस्फोट हुआ। डीपीओ अहमद ने बताया कि दूसरा विस्फोट शुक्रवार को नमाज के दौरान हुआ। अधिकारी ने कहा, ÷विस्फोट के प्रभाव से मस्जिद की छत ढह गई।÷ उन्होंने बताया कि मलबे के नीचे लगभग 30 से 40 लोगों के फंसे होने की सूचना है।

अधिकारी ने आगे कहा कि शवों और घायल व्यक्तियों को निकालने के लिए भारी मशीन बुलाई गई है। साइट पर मौजूद रेस्क्यू 1122 टीमें और स्थानीय लोग बचाव अभियान में लगे हुए हैं।

हालांकि अब तक किसी ने हमले की जिम्मेदारी नहीं ली है। मालूम हो कि आज पाकिस्तान के बलूचिस्तान प्रांत के मस्तुंग जिले में अल फलाह रोड पर मदीना मस्जिद के पास भी एक आत्मघाती विस्फोट हुआ। इस हमले में लगभग 52 लोगों के मारे जाने और 50 से अधिक लोगों के घायल होने के जानकारी मिली है। इस घटना के कुछ घंटे बाद ही खैबर पख्तूनख्वा से दूसरी हमले की खबर सामने आई है।

# भारत बढ़ती हुई आर्थिक शक्ति, राजनीति में कद काफी मजबूत ट्रूडो की निकली हेकड़ी, बदले सुर

**मॉन्ट्रियल।** कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने भारत से गतिरोध के बीच कहा है कि कनाडा अभी भी भारत के साथ घनिष्ठ संबंध बनाने

**सम्मेलन**

> पीएम ट्रूडो ने यह भी कहा कि जी20 शिखर सम्मेलन के दौरान उन्होंने इस बारे में सीधे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से बात की थी।

के लिए प्रतिबद्ध है। ट्रूडो ने एक बार फिर कथित आरोपों को लेकर कहा कि खालिस्तानी आतंकवादी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या में भारत सरकार की संलिप्तता के विश्वसनीय आरोपों के बावजूद कनाडा अभी भी भारत के साथ घनिष्ठ संबंध बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। भारत के दुनिया भर में बढ़ते प्रभाव की ओर इशारा करते हुए ट्रूडो ने कहा कि यह बहुत




महत्वपूर्ण है कि कनाडा और उसके सहयोगी भारत के साथ जुड़े रहें। गुरुवार को मॉन्ट्रियल में एक प्रेस कांफ्रेंस में बोलते हुए ट्रूडो ने कहा कि उन्हें लगता है कि यह बेहद महत्वपूर्ण है कि कनाडा और उसके सहयोगी विश्व मंच पर भारत के बढ़ते महत्व को देखते हुए उसके साथ रचनात्मक और गंभीरता से जुड़ते रहें। उन्होंने कहा, ÷भारत एक बढ़ती हुई आर्थिक शक्ति और महत्वपूर्ण भू-राजनीतिक खिलाड़ी है। जैसा कि हमने पिछले साल अपनी इंडो-पैसिफिक रणनीति में कहा था कि हम भारत के साथ घनिष्ठ संबंध बनाने को लेकर बहुत गंभीर हैं।÷ नेशनल पोस्ट ने ट्रूडो के हवाले से कहा, जाहिर तौर पर कानून के शासन वाले देश के रूप में, हमें इस बात पर जोर देने की जरूरत है कि भारत को यह सुनिश्चित करने के लिए कनाडा के साथ काम करने की जरूरत है कि हमें निज्जर के मामले के पूरे तथ्य मिलें। पीएम ट्रूडो ने कहा कि उन्हें अमेरिका से आश्वासन मिला है कि विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन गुरुवार को वाशिंगटन में भारतीय विदेश मंत्री एस जयशंकर के साथ बैठक के दौरान निज्जर हत्या में भारत की भूमिका के बारे में सार्वजनिक रूप से लगाए गए आरोपों को उठाएंगे।

नेशनल पोस्ट के मुताबिक, ट्रूडो ने कहा कि अमेरिका भारत सरकार से बात करने में हमारे साथ रहा है। उन्होंने कहा, यह कुछ ऐसा है जिसे सभी लोकतांत्रिक देशों और कानून के शासन का सम्मान करने वाले सभी देशों को गंभीरता से लेने की जरूरत है। ट्रूडो ने कहा, हम भारत सरकार के प्रति अपने दृष्टिकोण सहित अपने सभी साझेदारों के साथ कानून के शासन में रहते हुए एक विचारशील, जिम्मेदार तरीके से आगे बढ़ रहे हैं।

पीएम ट्रूडो ने यह भी कहा कि जी20 शिखर सम्मेलन के दौरान उन्होंने इस बारे में सीधे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से बात की थी। साथ ही भारत के शीर्ष खुफिया और सुरक्षा अधिकारियों को कनाडा की चिंताओं से अवगत कराया था। ट्रूडो ने तब भारत सरकार से ÷इस मामले की तह तक जाने के लिए÷ कनाडा के साथ सहयोग करने का आग्रह किया था। हालांकि, भारत ने कनाडा के सभी आरोपों को सिरे से खारिज कर दिया है और पीएम जस्टिन ट्रूडो के बयानों को बेतुका और प्रेरित% बताया है।

# जानबूझकर गिराया गया 200 साल पुराना साइकामोर गैप पेड़

**लंदन।** नॉर्थंबरलैंड नेशनल पार्क में 200 से अधिक वर्षों से खड़ा साइकामोर गैप पेड़, एक तूफान के बाद गिरा हुआ पाया गया। उस दौरान माना जा रहा था कि यह प्राकृतिक कारण से गिरा है, लेकिन अब सामने आ रहा है कि इस पेड़ को जानबूझकर काटा गया है। इस बात का खुलासा स्थानीय राष्ट्रीय उद्यान के प्राधिकरण ने गुरुवार को किया है। एक बयान में कहा गया, नॉर्थंबरलैंड नेशनल पार्क अथॉरिटी इस बात की पुष्टि कर सकती है कि साइकामोर गैप पेड़ का प्रसिद्ध पेड़ रातों-रात गिर गया। हमारे पास यह मानने का सबूत है कि इसे जानबूझकर गिराया गया है।÷ साथ ही बयान में कहा गया, ÷हम इस प्रतिष्ठित उत्तर पूर्व ऐतिहासिक स्थल में रुचि रखने वाली संबंधित एजेंसियों और भागीदारों के साथ काम कर रहे हैं और इसकी गहन जांच कर रहे हैं, जिसके बाद हमें जानकारी मिलते ही हम इसे साझा करेंगे। गौरतलब हो कि यह पेड़ पूर्वोत्तर इंग्लैंड में रोमन-युग हैड्रियन



वॉल के बगल में स्थित है, जिसके कारण इसे प्रसिद्धि मिली थी, लेकिन इसके साथ ही यह अपनी सिनेमाई सेटिंग के लिए भी जाना जाता था। इसे 1991 की ब्लॉकबस्टर फिल्म रॉबिन हुड प्रिंस ऑफ थीव्स में भी दिखाया गया है। सोशल मीडिया पर पोस्ट की गई तस्वीरों में दिखाया गया है कि गूलर का एक छोटा हिस्सा नजर आ रहा है और बाकी हिस्सा दीवार पर फेंक दिया गया है। मालूम हो कि इसे 2016 में वुडलैंड ट्रस्ट के ट्री ऑफ द ईयर का खिताब भी मिला है। नॉर्थंब्रिया पुलिस ने कहा कि उन्होंने जांच शुरू कर दी है और वह इस बात की जांच कर रहे हैं कि क्या यहां कोई अपराध हुआ था।

स्थानीय सांसद मैरी फोय ने इसे उत्तर पूर्व में एक बहुत ही पसंदीदा, प्रसिद्ध ऐतिहासिक स्थल की नासमझ बर्बरता वाला कृत्य बताया। उन्होंने कहा, प्रतिष्ठित साइकामोर गैप के लिए यह एक बेहद दुखद दिन है। इस घटना से आज देश भर के कई लोग परेशान और दुखी होंगे।÷ स्थानीय पार्षद स्टीवन ब्रिजेट ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा कि पेड़ को एक चेनसॉ का उपयोग करके काटा गया है।

# पान की खेती पर फिदा हुए प्रयागराज के किसान



- पान की फसल उत्पादन के लिए शुरू हुआ तकनीकी प्रशिक्षण
- योगी सरकार ने दिया अधिक आमदनी की नकदी फसल का विकल्प

**अवधनामा संवाददाता**

**प्रयागराज।** मौसम और मानसून के बदलते मिजाज से किसानों को अपनी परंपरागत खेती में अब जोखिम बढ़ता जा रहा है। मानसून के रूठने से होने वाली कम बारिश से लगातार फसलें सूख रही हैं। इससे किसान की आमदनी घटती जा रही है। योगी सरकार इन किसानों को विकल्प के रूप में अधिक आमदनी वाली नकदी फसलों में एक फसल पान की फसल को अपनाने के लिए प्रोत्साहित कर रही है। प्रयागराज में किसानों में इसे लेकर खासा उत्साह देखा जा रहा है। परंपरागत फसलों में कमजोर मानसून से कम होती आमदनी को देखते हुए प्रयागराज में किसानों ने कम समय में अधिक आर्थिक लाभ देने वाली फसलों की तरफ रुख करना शुरू कर दिया है। प्रयागराज मंडल के किसान इन दिनों पान की खेती पर फिदा है। इन किसानों ने सरकार की तरफ से व्यावसायिक फसलों में मिल रहे आर्थिक सहयोग और निशुल्क प्रशिक्षण ने भी इन्हे पान की खेती की तरफ रुख करना शुरू किया है। मानसून के रूठने और मौसम के मिजाज में लगातार हो रही उथल पुथल से किसानों के लिए अब परंपरागत खेती लगातार घाटे का सौदा बनती जा रही है। प्रयागराज में इसके लिए किसानों ने पान की खेती का रास्ता निकाला है। पान की खेती अब बनारस और बुन्देल खंड के महोबा जिले के प्रमुख परम्परागत पान उत्पादक जनपदों की सीमाओं को लांघकर प्रयागराज जिले में भी अपनी जड़ें जमाएं ऐसी कृषि वैज्ञानिकों और सरकार की भी मंशा है। योगी सरकार की तरफ से इन्हे आर्थिक सहयोग और प्रशिक्षण दोनो मिल रहा है। पान की खेती करने वाले किसानो को परम्परागत तरीका छोड़कर आधुनिक ढंग से पान की खेती शुरू करने के लिए नेट हाउस में पान की खेती के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। प्रयागराज शहर के खुसरोबाग स्थित औद्यानिक प्रयोग एवं प्रशिक्षण केंद्र में उद्यान विभाग की तरफ से पान उत्पादक किसानो को प्रशिक्षित करने के लिए बाकायदा एक प्रशिक्षण शिविर का भी आयोजन किया गया है। इसमें जिले के 50 से अधिक पान उत्पादक किसानो ने हिस्सा लिया।

## पान उत्पादक किसानों को मिला नकदी फसल का विकल्प

**प्रयागराज।** प्रयागराज के खुशरुबाग स्थित 'औद्योगिक प्रयोग एवं प्रशिक्षण केन्द्र' में तकनीकी प्रशिक्षण लेने आए पान उत्पादक किसानों ने मौसम के बदलते मिजाज और परंपरागत फसलों के नुकसान के विकल्प के तौर पर नकदी फसल पान को समय की जरूरत बता रहे हैं। प्रयागराज के हंडिया के के पान उत्पादक किसान शिव करण चौरसिया का कहना है कि तकनीकी प्रशिक्षण पाने के बाद सरकार की तरफ से मिल रहे आर्थिक सहयोग से उन्हे पान नकदी फसल का अच्छा विकल्प मिल गया है। जिले के प्रतापपुर के पान की फसल पैदा करने वाले किसान जगमोहन का कहना है कि गुटखा का बड़ा बाजार सामने आने के बाद पान किसानों को पान की खेती में ज्यादा फायदा नहीं रह गया था लेकिन अब पैन से बना रहे उत्पादन से उनकी आमदनी बेहतर होगी। सरकार इसके लिए आर्थिक सहयोग कर रही है जिससे किसान एक बार फिर पान उत्पादन के लिए खड़ा हो गया है।

# रोहित के हरफनमौला खेल से अकहा ने जीता उद्घाटन मैच

**अवधनामा संवाददाता**



**प्रयागराज।** रोहित राज पाल के ( 46 रन, 30 गेंद, एक चौके, तीन छक्के और 3.5 - 0 - 10 - 4 ) हरफनमौला खेल से अकहा ने इलाहाबाद हीरोज क्लब को 24 रन से हराकर उद्घाटन मैच में और दूसरे मैच में स्वतंत्र पांडेय के सटीक गेंदबाजी (4 - 1 - 7 - 5) कर लाइंस एडवोकेट क्लब ने हाइकोर्ट रॉयल स्ट्राइकर्स को चार विकेट से हराकर प्रतियोगिता में पूर्ण अंक अर्जित किए है। शुक्रवार को गवर्नमेंट प्रेस मैदान पर पहले मैच में टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए अकहा क्लब ने 18 ओवर में आठ विकेट पर 120 रन ( रोहित राज पाल 46, अजय पांडेय 21 नाबाद, नीलेश त्रिपाठी 11 रन, सुशील सिंह 2/15, सत्येंद्र झा 2/19, नोमान अहमद 2/32, अभिलाष सिंह 1/18) पर बनाए। जवाब में इलाहाबाद हीरोज क्लब की पूरी टीम 15.5 ओवर में 96 रन ( अंशुल वर्मा 32, अम्बुज श्रीवास्तव 20 रन, रोहित राज पाल 4/10, सैफ अहमद 3/19, नीलेश त्रिपाठी 1/20 ) पर बिखर गई। दूसरे मैच में हाइकोर्ट रॉयल स्ट्राइकर्स की पूरी टीम 17.1 ओवर में 85 रन ( मयूर सोनकर 22, प्रभुति कांत 18, वैभव मिश्रा 13 रन, स्वतंत्र पांडेय 5/07, प्रियव्रत दुबे 2/05, विजय कुशवाहा 1/25 ) पर सिमट गई। जवाब में लाइंस एडवोकेट क्लब की टीम 14 ओवर में छह विकेट पर 86 रन ( राजा अद्धिरथ 19, धर्मेंद्र सिंह 17, आशीष यादव व विजय कुशवाहा 13 - 13 रन, अमन 2/21, कौशल सोनकर 2/23, मयूर सोनकर 2/24 ) पर बना लिए। मैच से पूर्व चीफ जस्टिस मनोज गुप्ता ने प्रतियोगिता का उद्घाटन किया, आयोजन सचिव अजय पांडेय ने मुख्य अतिथि को बुके देकर उनका स्वागत किया। इस अवसर पर राहुल सिंह, अखिलेश त्रिपाठी, सैफ अहमद, नीलेश त्रिपाठी, मुकेश सिंह, मोहित सिंह आदि उपस्थित रहे।

# रजनी चौधरी बनीं कीडगंज की प्रभारी निरीक्षक

**अवधनामा संवाददाता**

- पांच महिला उप निरीक्षक बनीं पुलिस चौकी प्रभारी
- प्रयागराज कमिश्नरेट पुलिस ने कई इंस्पेक्टर-सब इंस्पेक्टर के तबादले किए

**प्रयागराज।** पुलिस कमिश्नर ने कई इंस्पेक्टर और सब इंस्पेक्टर्स के गुरुवार की देर रात तबादले कर दिए। उन्होंने निरीक्षक रजनी चौधरी को कीडगंज थाने का प्रभारी निरीक्षक बनाया है इसके साथ ही पांच महिला उप निरीक्षकों को विभिन्न चौकियों पर चौकी प्रभारी नियुक्त किया है।

निरीक्षक रजनी चौधरी को अतिरिक्त निरीक्षक थाना खुल्दाबाद से प्रभारी निरीक्षक थाना कीडगंज स्थानान्तरित किया गया है। सब इंस्पेक्टर वन्दना यादव को थाना शाहगंज से प्रभारी चौकी स्टेशन रोड, थाना शाहगंज स्थानान्तरित किया गया है। सब इंस्पेक्टर विनीता देवी को थाना जार्जटाउन से प्रभारी चौकी दशाश्वमेध घाट, थाना दारागंज स्थानान्तरित किया गया है। सब इंस्पेक्टर ज्योति को थाना फाफामऊ से प्रभारी चौकी मेंहदौरी, थाना शिवकुटी स्थानान्तरित किया गया है। सब इंस्पेक्टर अनीस फातिमा को प्रभारी महिला रिपोर्टिंग पुलिस चौकी, थाना औद्योगिक क्षेत्र से प्रभारी चौकी रानी मंडी, थाना अतरसुइया स्थानान्तरित किया गया है। सब इंस्पेक्टर जय अम्बिका पासवान को महिला थाना से प्रभारी चौकी लोक सेवा आयोग, थाना सिविल लाइन्स स्थानान्तरित किया गया है।

पुलिस कमिश्नर ने सब इंस्पेक्टर अजय कुमार सिंह को प्रभारी चौकी भीरपुर, थाना करछना से सीनियर सब इंस्पेक्टर थाना कीडगंज स्थानान्तरित किया गया है। सब इंस्पेक्टर अनिल भगत को थानाध्यक्ष कीडगंज से रिजर्व पुलिस लाइन्स स्थानान्तरित किया गया है। सब इंस्पेक्टर सुशील यादव को प्रभारी चौकी दशाश्वमेध घाट, थाना दारागंज से रिजर्व पुलिस लाइन्स स्थानान्तरित किया गया है। सब इंस्पेक्टर नवनीत प्रताप सिंह को प्रभारी चौकी स्टेशन रोड, थाना शाहगंज से रिजर्व पुलिस लाइन्स स्थानान्तरित किया गया है।

## एम.एड. में प्रवेश हेतु प्रथम काउंसलिंग 9 अक्टूबर से

**जौनपुर।** एम.एड. पाठ्यक्रम सत्र 2023-25 में प्रवेश हेतु 05 सितंबर 2023 को सम्पन्न प्रवेश परीक्षा का परिणाम विश्वविद्यालय की वेबसाईट पर 20 सितम्बर 2023 को अपलोड हो गया है। उक्त पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु प्रथम कार्उसिलिंग 9 और 10 अक्टूबर 2023 को पूर्वाह्न 10 बजे से विश्वविद्यालय परिसर के इंजीनियरिंग संस्थान के विशेश्वरैया हाल में होगी। अभ्यर्थी अपना काउंसिलिंग पत्र 05 अक्तूबर 2023 से विश्वविद्यालय की वेबसाईट पर उपलब्ध लिंक से डाउनलोड कर सकते है। साथ ही यह भी निर्देशित किया जाता है कि प्रपत्र क एवं ख विश्वविद्यालय की वेबसाईट से डाउनलोड कर सम्बन्धित प्रपत्रों की प्रतियां काउंसिलिंग पत्र / काउंसिलिंग हेतु जारी दिशा-निर्देश प्रपत्र में दिये गये निर्देशों के अनुसार पूरित कर काउंसिलिंग स्थल पर उपस्थित हों।

# रानी रेवती देवी ने जीते 22 स्वर्ण एवं 3 रजत पदक सहित 25 पदक

- विद्या भारती द्वारा आयोजित 34 वीं प्रांतीय खेलकूद प्रतियोगिता संपन्न

**अवधनामा संवाददाता**



**प्रयागराज।** विद्या भारती से संबद्ध काशी प्रांत के रानी रेवती देवी सरस्वती विद्या निकेतन इंटर कॉलेज राजापुर प्रयागराज ने ज्वाला देवी परिसर में चल रही 34वीं प्रांतीय खेलकूद प्रतियोगिता में शारीरिक प्रमुख विमल चंद्र दुबे एवं संतोष तिवारी की देखरेख में 22 स्वर्ण पदक एवं तीन रजत पदक सहित 25 पदक हासिल कर ओवरऑल चैंपियनशिप का खिताब अपने नाम किया। उक्त प्रतियोगिता में दौड़ के साथ-साथ गोला फेक, चक्का फेंक, लंबी कूद, त्रिकूद, हैमर थ्रो एवं भाला फेंक सहित अन्य प्रतियोगिताओं में विजयी प्रतिभागियों को प्रधानाचार्य बांके बिहारी पांडे ने वंदना सभा में सम्मानित करते हुए आगे क्षेत्रीय प्रतियोगिताओं में भी स्थान बनाए रखने के लिए प्रेरित किया। प्रतियोगिता के अंडर 14 बालक वर्ग में श्वेतांक त्रिपाठी ने गोला फेंक एवं चक्का फेंक दोनों में स्वर्ण पदक, विकास कुमार ने 400 मीटर में रजत एवं 600 मीटर में स्वर्ण पदक, अंडर 17 बालक वर्ग में अंकुश पांडे ने गोला फेक, चक्का फेंक एवं हैमर थ्रो तीनों में स्वर्ण पदक, अजीत कुमार ने 1500 मीटर दौड़ में रजत पदक एवं 3000 मीटर दौड़ में स्वर्ण पदक, दौलत साहनी ने 800 मीटर दौड़ में स्वर्ण पदक, अंशुमान सिंह ने 200 मी दौड़ में स्वर्ण पदक, 110 मीटर बाधा दौड़ में रजत पदक एवं 400 मीटर बाधा दौड़ में स्वर्ण पदक, मयंक कुमार ने लंबी कूद एवं त्रिकूद दोनों में स्वर्ण पदक प्राप्त किया। इसी प्रकार अंडर 17 बालिका वर्ग में पल्लवी सिंह ने गोला फेंक, चक्का फेंक दोनों में स्वर्ण पदक तथा अंडर-19 बालिका वर्ग में सुहानी सिंह ने गोला फेंक, चक्का फेंक तथा हैमर थ्रो तीनों में स्वर्ण पदक हासिल कर विद्यालय सहित प्रांत का नाम रोशन किया। खिलाड़ी छात्र-छात्राओं की इस अभूतपूर्व सफलता पर विद्यालय के समस्त छात्र-छात्राओं, अध्यापक अध्यापिकाओं सहित विद्यालय प्रबंध तंत्र ने अपार प्रसन्नता व्यक्त की।

# जिला स्तरीय मानसून वॉलीबाल प्रतियोगिता शुरू

**अवधनामा संवाददाता**



**प्रयागराज।** डिस्ट्रिक्ट वॉलीबाल एसोसिएशन (डीवीए),प्रयागराज के तत्वावधान में आयोजित की जाने वाली वर्तमान सत्र की ÷ मानसून वॉलीबाल प्रतियोगिता ÷ स्थानीय मदन मोहन मालवीय स्पोर्ट्स स्टेडियम प्रयागराज में शुरू हुई। प्रतियोगिता का उद्घाटन मैच देव स्पोर्ट्स एकेडमी और मदन मोहन मालवीय स्टेडियम के बीच खेला गया। जिसमें देव स्पोर्ट्स एकेडमी ने मदन मोहन मालवीय स्पोर्ट्स स्टेडियम को 25 - 20 और 25 - 22 अंकों से हराकर मानसून वॉलीबाल प्रतियोगिता का उद्घाटन मैच जीत लिया। फूलचंद गुप्ता, मुकेश शुक्ला व अकांत गुप्ता ने निर्णायक की भूमिका अदा की। प्रतियोगिता के मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व मुख्य विकास अधिकारी (सीडीओ) कौशाम्बी ने फीता काटकर खेल प्रारंभ करने की घोषणा की। खेल प्रारंभ होने से पूर्व विशिष्ट अतिथि मुनेश्वर मिश्रा अध्यक्ष भारतीय राष्ट्रीय पत्रकार महासंघ ने दोनों टीमों के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया। एसोसिएशन के अध्यक्ष प्रभात राय ने स्मृति चिन्ह देकर मा.मुख्य अतिथि का स्वागत किया। एसोसिएशन के कोषाध्यक्ष के.वी. एल. श्रीवास्तव ने प्रतीक पुष्प (बैज) लगाकर अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम का संचालन करते हुए डिस्ट्रिक्ट वॉलीबाल एसोसिएशन, प्रयागराज के महासचिव आर.पी. शुक्ला ने पधारे हुए समस्त आगंतुक अतिथियों एवं अधिकारियों के प्रति आभार व्यक्त किया। उक्त अवसर पर मुख्य रूप से क्षेत्रीय क्रीड़ा अधिकारी विमला सिंह, योगेश चंद यादव, रण विजय सिंह, मनोज गिरी, विनोद यादव, सतेंद्र सिंह, योगेश श्रीवास्तव, आशीष यादव, पंकज शुक्ला व संजय राय आदि लोग उपस्थित रहें। डिस्ट्रिक्ट वॉलीबाल एसोसिएशन, प्रयागराज के महासचिव आर.पी. शुक्ला ने बताया कि आज अभिताभ बच्चन स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स म्योहाल में सायं 3 बजे से म्योहाल स्पोर्ट्स हॉस्टल व स्पोर्ट्स क्लब लेहरा के बीच प्रथम मैच तथा पुलिस लाइंस क्लब व कृषि विश्वविद्यालय नैनी के बीच दूसरा मैच खेला जाएगा। चारों टीमें समय से 3 बजे तक पहुँच कर फूलचंद गुप्ता को रिपोर्ट करें।

# देवी गीत की शूटिंग सेट का हुआ भव्य उद्घाटन

**अवधनामा संवाददाता**



**आज़मगढ़।** नवरात्र के पावन शुभ अवसर पर नंदिनी फिल्म प्रोडक्शन द्वारा देवी गीत शूटिंग सेट का भव्य उद्घाटन आइडियल जर्नलिस्ट एसोसिएशन के राष्ट्रीय महासचिव साहित्यकार संजय कुमार पांडे जी द्वारा फीता काटकर शूटिंग सेट का भव्य उद्घाटन किया वही जनपद के संगीत कर अमित संगीत महाविद्यालय के डायरेक्टर अमित ओझा ने दीप प्रज्वल कर कार्यक्रम को गति प्रदान किया गया गायक कलाकार राजेश रंजन कैमरामैन पंकज पावर संगीतकार वीरू मिश्रा जी द्वारा आए हुए अतिथियों को अंग वस्त्र एवं मलार्पणकर स्वागत सम्मान किया गया श्री संजय कुमार पांडे जी ने अपने मुखारविंद से कलाकारों का हौसला बढ़ाते हुए अपना शुभ आशीर्वाद दिया कि कलाकार समाज के वह आईने हैं जो समाज में फैल रही कुरीतियों को समाप्त करने का संकल्प लेकर अपने गीत संगीत से प्रस्तुत करते हैं इन कलाकारों के जो देवी गीत एलबम बन रहे हैं उसे देखने की जरूरत है कलाकारों का सम्मान करने की जरूरत है वही अमित ओझा ने भी अपने शिष्यों को शुभ आशीर्वाद देते हुए सभी के मंगल कामना की कलाकारों में कैमरामैन डायरेक्टर पंकज पावर संगीतकार वीरू मिश्रा अमित संगीत महाविद्यालय के डायरेक्टर अमित ओझा बरखा मिश्रा कंचन राजभर सुमित्रा कंचन भारद्वाज रवि रावत रितेश मौर्य संदीप सिंह पीयूष यादव अजय बाबू प्रेमशिला सिटी यादव अंशु विश्वकर्मा एवं राजेश रंजन ने कार्यक्रम का संयोजन कर कार्यक्रम का भव्य रूप दिया।

## सफाई और स्वच्छता ही संचारी रोग का बचाव

**जौनपुर(खुटहन)** ब्लाक मुख्यालय के सभागार में शुक्रवार को संचारी रोग नियंत्रण को लेकर एक बैठक सीएससी अधीक्षक डक्टर रोहित लाल की अध्यक्षता में की गई। उन्होंने कहा कि संचारी रोग से बचाव का सबसे मुख्य साधन है साफ सफाई। घर के आस पास गड्ढे में रुका पानी में जब सड़न होती है तो मक्खी और मच्छर जनित रोग फैलता है। इससे बचाव के लिए सोते समय मच्छरदानी का प्रयोग करें। खाने पीने की वस्तुएं हमेशा ढक कर रखें। बीमारी के शुरुआती समय में चिकित्सक की सलाह अवश्य लें। इस मौके पर एडीओ पंचायत अखिलेश वर्मा,प्रदीप कुमार, जायसवाल,नवीन श्रीवास्तव, संतलाल सोनी, प्रधान,रीमा प्रधान, आदि मौजूद रहे।

## वृहद रोजगार मेला का आयोजन

**आजमगढ़।** सहायक निदेशक, (सेवायोजन) ने बताया है कि क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय आजमगढ़, राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान आजमगढ़ एवं कौशल विकास मिशन आजमगढ़ के संयुक्त तत्वावधान में वृहद रोजगार मेला का आयोजन 09 अक्टूबर को राजकीय आईटीआई आजमगढ़ में किया जा रहा है। जिसमें निजी क्षेत्र की कम्पनियॉ साक्षात्कार के माध्यम से चयन करेंगी। ऐसी स्थिति में सेवायोजन कार्यालय आजमगढ़ में पंजीकृत जॉब सीकर (बेरोजगार अभ्यर्थी) रोजगार हेतु सेवायोजन पोर्टल (रोजगार मेंलो में रिक्तियां देखने के लिए यहां क्लिक करे) पर क्लिक कर उपरोक्त रोजगार मेला मे विज्ञापित रिक्तियों के विवरण देखकर अपने पंजीयन यूजर आईडी का प्रयोग कर आन-लाईन आवेदन करते हुये रोजगार मेला में प्रतिभाग करना सुनिश्चित करे।

# ईद मिलादुन्नबी: इस्लामी झंडों के साथ शान से लहरा गया तिरंगा, अंजुमनों ने पढ़ा नात

**अवधनामा संवाददाता**



**अतरौलिया ,आज़मगढ़।** जामा मस्जिद अतरौलिया के पेश इमाम हजरत मौलाना अब्दुल बारी नईमी वह मौलाना अख्तर रजा ने अंजुमनों के सदस्यों के हौसला को देखते हुए कहा कि इस्लाम आपसी मोहब्बत व मिल्लत के साथ ही देता है मुल्क में अमन- चौन और हिफाजत का पैगाम। उन्होंने कहा कि मोहम्मद साहब स.अ.व. के बताए हुए रास्ते पर चलकर संसार में भाईचारा व अमन-चौन का माहौल कायम किया जा सकता है। मोमिन टोला में अन्जुमन के सदस्य जियाताब इद्रीसी ने तो अब्दुल कलाम नगर में नगर पंचायत अध्यक्ष सुभाष चन्द्र जायसवाल ने फीता काटकर व हरी झंडी दिखाकर अन्जुमनों व जुलूस को रवाना किया। नगर पंचायत अतरौलिया सहित पूरा क्षेत्र पैगंबरे इस्लाम की पैदाइश के मौके यानी ईद मिलादुन्नबी के जश्न में डूब गया। क्षेत्र के मुस्लिम इलाकों में सरकार की आमद मरहबा, आका की आमद मरहबा, सरताज की आमद मरहबा आदि के नारों से पूरा नगर बुलंद हो गया। कई स्थानों पर हिंदू समुदाय के लोगों ने भी अन्जुमनों व जुलूस का स्वागत किया। और गंगा जमुनी तहजीब का मिसाल पेश की। इलाके के सभी मस्जिदों को विद्युत झालरों से सजाया गया। मोहल्लों के सभी रास्ते विद्युत झालरों तथा रंगीन झालरों से सजाया गया। नौजवान अन्जुमनों के कार्यकर्ताओं ने पूरे नगर को सरकार की आमद पर दुल्हन की तरह सजाया।

## वामपंथी दलों ने निकाली विरोध रैली सौपा ज्ञापन

**आजमगढ़।** निजामाबाद शुक्रवार को वामपंथी दलों की तरफ से लोकतंत्र,संविधान बचाओ,मंहगाई घटाओ के प्रांतीय आहवान पर तहसील निज़ामाबाद पर सैकड़ों की संख्या में महिलाओं,पुरुषों ने जमकर प्रदर्शन करते हुये सभा की।जिसकी अध्यक्षता रामप्रसाद यादव और संचालन सीपीआई जिलामंत्री अधिवक्ता कॉमरेड जितेंद्र हरि पांडेय ने किया। राज्यपाल और राष्ट्रपति के नाम दस सूत्रीय ज्ञापन उप जिलाधिकारी निज़ामाबाद ने सभा स्थल पर पहुंचकर लिया। कार्यकर्ता नंदनगर बाजार में एकत्रित हुये। सभी के हाथ लाल झंडा और तख्तियां थी।भाकपा,माकपा और माले कार्यकर्ताओं ने तहसील का चक्रमण करते हुये भाकपा कार्यालय पहुंचे। जहां प्रदर्शन सभा मे तब्दील हो गया।सूरजपाल के साथ डफली पर सूची बाला, नेहा मौर्या, सोनी ने जनगीत सुनाकर सबको आकर्षित कर जागरूक किया।

# अधेड़ पर ताबड़तोड़ फायरिंग, गम्भीर

- चिकित्सकों ने वाराणसी के लिए किया रेफर
- घटना को पुरानी रंजिश प्रधान प्रतिनिधि से जोड़ा जा रहा है

**अवधनामा संवाददाता**



**जौनपुर (खेता सराय)** स्थानीय थाना क्षेत्र के मझौरा गांव में शुक्रवार की सुबह तीन संख्या में आये बदमाशों ने पोखरे की रखवाली कर रहे एक अधेड़ पर ताबड़तोड़ फायर झोंक दिया। आननफानन में स्वजनों ने पीएचसी सोंधी ले गए जहाँ डॉक्टरों ने सदर अस्पताल स्थानन्तरित कर दिया। घटना को लेकर प्रधान प्रतिनिधि से पुरानी रंजिश से जोड़कर बताई जा रही है। सूचना पर पहुँचे सीओ शाहगंज शुभम तोदी भारी पुलिस बल के साथ तफ़्तीश में जुट गए। परिजनों की तहरीर पर एक अज्ञात समेत चार लोगों को नामजद किया गया है। मझौरा गांव निवासी 47 वर्षीय रुस्तम उर्फ अबूजर पुत्र अबूशाद मछली पालन किए हैं। पोखरे पर बने कमरे में सोए थे। प्रातः क़रीब पांच बजे दरवाजा खोलकर जैसे बाहर निकले पहले से खड़े बदमाशों ने रुस्तम पर फायर झोंक दी। उन्हें कुल पांच गोलियां लगी है। गोली लगते ही वह वहीं गिर पड़े। गोली की आवाज सुनकर जब तक परिजन और ग्रामीण पहुंचते बदमाश वहां से भाग लिए। परिजनों ने सोंधी पीएचसी के बाद उन्हें जिला अस्पताल लेकर गए। जहां हालत गंभीर देख डाक्टरों ने वाराणसी के लिए रेफर कर दिया। चर्चा है कि गांव में विकास कार्यों को लेकर रुस्तम ने सरकारी पोर्टल पर ग्राम प्रधान की शिकायत की थी। फिलहाल पुलिस विभिन्न पहलुओं पर जांच कर रही है। गोली से घायल के भाई जावेद अहमद की तहरीर पर हत्या का प्रयास, मारपीट और जान से मारने की धमकी का एफआईआर दर्ज हुई है। जिसमें अफरोज़ उर्फ़ बब्लू उर्फ़ वसीम अहमद पुत्र हकीमुद्दीन, मो आरिफ़ पुत्र निजामुद्दीन, यासिर पुत्र स्मसाद समेत एक अज्ञात को नामज़द किया गया है। एसओ चंदन रॉय ने बताया कि कई बिन्दुओ पर जाँच की जा रही है। आरोपितों पर कड़ी कार्यवाही की जाएगी। सुरक्षा को देखते हुए वहां पुलिस बल तैनात किया गया है।

# विहिप बजरंग दल ने निकाला शौर्य जागरण यात्रा

**अवधनामा संवाददाता**



**जौनपुर।** विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल ने जौनपुर में शौर्य जागरण यात्रा का आगाज कर दिया जिसका समापन 10 अक्टूबर दिन मंगलवार को काशी प्रांत के पूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय में विशाल सभा होने वाली है।

उक्त संदर्भ में आज जिला अध्यक्ष विमल सिंह के नेतृत्व में विशाल जन समूह के साथ यह यात्रा जौनपुर नगर के भंडारी स्टेशन से निकल कर शहर के प्रमुख मार्गो से होते हुए,कोतवाली चौराहा,शाही पुल,ओलंदगंज से होकर शहर कोतवाल बाबा केरारवीर निकट सद्भावना पुल के पास आम सभा के साथ संपन्न हुई जिसमें बताया गया कि यह यात्रा धर्म, समाज व राष्ट्र की विदेशी आक्रमणकारियो से रक्षा करने वाले, सैकड़ो वर्षो की दासता और अत्याचार से मां भारती को मुक्त करने वाले, भारत की गौरवशाली परंपरा की रक्षा करने वाले, वीर योद्धाओं एवं वीर क्रांतिकारी, माँ भारती व उसकी सीमाओं की रक्षा करने वाले सेना के वीर जवानों के अमर प्रधान और शौर्य गाथा की यह शौर्य जागरण यात्रा है,यात्रा का उद्देश्य प्रत्येक जनपदों में स्थानीय स्वतंत्रता संग्राम सेनानी के साथ उन सभी महापुरुषों के बारे में जन जागरण करना है जिनका योगदान हमारे गौरवशाली इतिहास में रहा है, ऐसे हुतात्माओं को स्मरण करते हुए यात्रा के विभिन्न बिंदुओं को प्रधानता दी जा रही है, जिससे हिंदू युवाओं में अपने पूर्वजों के प्रति गौरव का भाव जागृत हो। अमर बलदानियों के जीवन चरित्र से प्रेरणा लेकर देश के लिए जीवन जीने हेतु हिंदू युवा संकल्प लें।यात्रा का संचलन प्रबंधन बजरंग दल सह संयोजक द्वय संकल्प एवं आनंद जी ने किया, यात्रा में मुख्य रूप से विभागाध्यक्ष उदयराज मंत्री समरबहादुर सिंह, समाजसेवी ज्ञान प्रकाश सिंह, बीजेपी नेता सुधांशु, उपाध्यक्ष बृजेश, जिला मीडिया प्रभारी सुनील शर्मा, मनीष सेठ ,विष्णु ठठेरा दीपक गुप्ता, राजेश सेठ ,पवन मिश्रा व अन्य सामाजिक कार्यकर्ता करकर्ता उपस्थित रहे।

# पात्रों को दिलाया जाय योजनाओं का लाभ: जिलाधिकारी

**अवधनामा संवाददाता**



**जौनपुर।** जिलाधिकारी अनुज कुमार झा की अध्यक्षता में विकास खंड जलालपुर की ग्राम पंचायत रेहारी में जन चौपाल का आयोजन किया गया। जन चौपाल में पशुपालन विभाग, स्वास्थ्य विभाग, समाज कल्याण विभाग, कृषि विभाग सहित विभिन्न विभागों के द्वारा संचालित योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। इस दौरान विभागों के द्वारा कैम्प भी लगाया गया था जहां पर ग्रामीणों को योजनाओं की जानकारी देने के साथ ही उनके आवेदन भी लिए गए। जिलाधिकारी ने सभी विभागों से कहा कि पात्रों का आवेदन लेकर उनका सत्यापन कराते हुए शीघ्र लाभ दिलाये। उन्होंने पंचायत सहायक को निर्देश दिया कि पंचायत भवन पर ही ग्रामीणों के आवेदन को आनलाइन करें जिससे उन्हे भटकना न पडे। जिलाधिकारी ने जिला प्रोबेशन अधिकारी विजय पांडेय को निर्देश दिया कि गांव में कन्या सुमंगला योजना, मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना सहित अन्य विभागीय योजनाओं के आवेदन लेकर उन्हे लाभ दिलाए। जन चौपाल में ग्रामीणों द्वारा जिलाधिकारी को विद्युत कटौती की समस्या से अवगत कराया गया जिस पर उन्होंने अधि0 अभियंता विद्युत को निर्बाध रूप से विद्युत आपूर्ति करने के निर्देश दिए। परियोजना निदेशक जयकेश त्रिपाठी ने अवगत कराया कि ग्राम पंचायत में वर्ष 2017 से वर्ष 2023 तक कुल 30 प्रधानमंत्री आवास बनाये गये है। जल निगम के अधिकारी के द्वारा अवगत कराया गया कि जल जीवन मिशन के तहत गांव में पानी की टंकी बन गयी है, बोरबेल का कार्य पूर्ण कर लिया गया है और 03 महीने के भीतर प्रत्येक घरों में पानी उपलब्ध कराया जाएगा। जिलाधिकारी ने समाज कल्याण अधिकारी नीरज पटेल को निर्देश दिया कि सुनिश्चित कराए कि गांव मे काई भी पेंशन की पेन्डेसी न रहे। गांव में 871 के सापेक्ष 603 लोगों को गोल्डेन कार्ड बना मिला, जिलाधिकारी ने कहा कि पेन्डेसी अधिक है जिसके लिए गांव में कल भी कैम्प लगाकर शत-पतिशत गोल्डेन कार्ड बनवाना सुनिश्चित करें। पशु चिकित्साधिकारी ने बताया कि कुल 231 गोवशों को लम्पी का टीका लगाया गया है, जिस पर जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि अवशेष गोवशों का भी टीकाकरण जल्द से जल्द करवा दे। जन चौपाल में उप परियोजना निदेशक आत्मा डा. रमेश चंद्र यादव ने बताया कि पीएम किसान सम्मान निधि योजनान्तर्गत कुल 506 किसान पंजीकृत है, जिसमे से 468 को नियमित रूप से सम्मान निधि का लाभ मिल रहा है। शेष 38 में 11 कृषक मृतक है, आज चौपाल में 07 किसानों का भूमि सत्यापन, 04 कृषकों का ई-केवाईसी तथा 16 कृषको का एनपीसीआई पोर्टल सक्रिय न होने के कारण पोस्ट ऑफिस में खाता खुलवाया गया। जिलाधिकारी के हाथों चंचल एवं ज्योति की गोद भराई तथा काव्या एवं शिवा का अन्नप्रासन कराया गया। इस दौरान जिलाधिकारी एवं मुख्य विकास अधिकारी साई तेजा सीलम के द्वारा पौधरोपड़ भी किया गया। इस अवसर पर जनपद स्तरीय अधिकारीगण एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।

# ग्रीन स्टील के उत्पादन के लिए टास्कफोर्स की बैठक, सरकार दे सकती है इंसेंटिव

**नई दिल्ली।** सरकार स्टील सेक्टर को डीकार्बोनाइज करके ग्रीन स्टील उत्पादन को पूरी तरह से बढ़ावा देना चाहती है। सरकार ग्रीन स्टील उत्पादन को प्रोत्साहित करने के लिए प्रोत्साहन भी दे सकती है। इस संबंध में इस्पात मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने शुक्रवार को ग्रीन स्टील प्रमोशन टास्क फोर्स और अन्य हितधारकों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक की। पढ़िए क्या है पूरी खबर।

**ग्रीन स्टील के उत्पादन प्रोत्साहन के लिए बैठक**

इस दिशा में शुक्रवार को स्टील मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने ग्रीन स्टील के उत्पादन प्रोत्साहन के लिए बनाए गए टास्क फोर्स व अन्य स्टेकहोल्डर्स के साथ महत्वपूर्ण बैठक की।

बैठक में मुख्य रूप से ग्रीन स्टील के उत्पादन के लिए वित्तीय प्रबंधन व अन्य इंसेंटिव को लेकर चर्चा की गई। ग्रीन स्टील की उत्पादन लागत वर्तमान लागत से अधिक होगी क्योंकि अभी स्टील के उत्पादन में जीवाश्म ईंधन (फोसिल फ्यूल) का इस्तेमाल होता है जबकि ग्रीन स्टील के उत्पादन में ग्रीन एनर्जी का इस्तेमाल करना होगा।



**ईयू लगाएगा स्टील के आयात पर टैक्स**

अगले माह से यूरोपीय यूनियन ने स्टील के आयात पर कार्बन टैक्स लगाने का फैसला किया है। ईयू का मानना है कि जीवाश्म ईंधन के इस्तेमाल से बनने वाले स्टील कार्बन उत्सर्जन के लिए जिम्मेदार है। ग्रीन स्टील का उत्पादन शुरू होने से भारत में कार्बन उत्सर्जन में कमी आएगी।

**13 टास्क फोर्स का गठन किया गया**

ग्रीन स्टील के उत्पादन के प्रोत्साहन के लिए सिंधिया के नेतृत्व में 13 टास्क फोर्स का गठन किया गया था। शुक्रवार को इन 13 में से पांच टास्कफोर्स के साथ बैठक की गई।

स्टील मंत्रालय के मुताबिक बैठक में प्रमुख स्टेकहोल्डर्स, उद्योग विशेषज्ञों और सरकारी अधिकारियों ने भागीदारी करते हुए इस्पात उत्पादन में स्थिरता और इसे कार्बन मुक्त बनाने के भारत के दृष्टिकोण के प्रति अपनी पूर्ण प्रतिबद्धता जताई।

**बैठक में कौन-कौन था शामिल?**

बैठक में इस्पात मंत्रालय के सचिव, टास्कफोर्स के अध्यक्ष और अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे। बैठक के दौरान इस्पात उद्योग के विविध परिदृश्यों पर विचार करने वाले डीकार्बोनाइजेशन समाधानों के साथ-साथ नीतिगत उपायों की आवश्यकता पर भी जोर दिया गया, जिसमें एकीकृत स्टील संयंत्र और माध्यमिक सुविधाएं दोनों शामिल हैं।

बैठक में ग्रीन स्टील के लिए वित्त मामले के टास्क फोर्स ने स्टील उद्योग के डीकार्बोनाइजिंग के लिए वित्तपोषण विकल्पों पर महत्वपूर्ण सुझाव दिए। नवीकरणीय ऊर्जा टास्कफोर्स ने स्टील उद्योग में नवीकरणीय ऊर्जा के एकीकरण की समीक्षा, नवीकरणीय ऊर्जा को अपनाने हेतु प्रोत्साहन और उद्योगों को कैप्टिव नवीकरणीय ऊर्जा सुविधाएं स्थापित करने जैसे उपायों को अपनाने का भी प्रस्ताव रखा।

## मालाबार गोल्ड एण्ड डायमण्ड्स ने मुंबई में खोला मालाबार नेशनल हब

**लखनऊ।** दुनिया के छठे सबसे बड़े ज्वैलरी रीटेलर मालाबार गोल्ड एण्ड डायमण्ड्स जिसके 11 देशों में 330 से अधिक आउटलेट्स हैं ने मुंबई के अंधेरी ईस्ट में इंडिया ऑपरेशन्स के सेंट्रलाइज़्ड बेस-मालाबार नेशनल हब (एम-एनएच) का लॉन्च किया है। इस आधुनिक युनिट का उद्घाटन महाराष्ट्र के माननीय उपमुख्यमंत्री श्री देवेन्द्र फड़नवीस द्वारा किया गया गया। इस मौके पर श्री एम पी अहमद, चेयरमैन, मालाबार ग्रुप, श्री विजय दारदा, पूर्व संसद सदस्य एवं चेयरमैन, लोकमत मीडिया ग्रुप, श्री के पी अब्दुल सलाम, वाईस चेयरमैन, मालाबार ग्रुप, श्री अशेर ओ, एमडी- इंडिया ऑपरेशन्स, मालाबार गोल्ड एण्ड डायमण्ड्स, ग्रुप एक्ज़्किटिव डायरेक्टर एके निशाद, के पी वीरंकुट्टी, मायिनकुट्टी, अब्दुल माजिद, एकके फैज़ल, अब्दुल्ला वेस्ट रीजनल हैड, फंज़ीम अहमद तथा अन्य आधिकारिक दिग्गज, मालाबार ग्रुप की मैनेजमेन्ट टीम के सदस्य और शुभचिंतक भी मौजूद थे। 50,000 वर्गफीट में फैला एम-एनएच मालाबार गोल्ड एण्ड डायमण्ड के मल्टीपल ऑपरेशन्स जैसे रीटेल, प्रोक्योरमेन्ट, सप्लाई चेन, ई-कॉमर्स, डिजिटल गोल्ड, डिजिटल मार्केटिंग, सीआरएम, ओमनी चैनल ऑपरेशन्स, मर्चेन्डाइज़िंग एवं बुलियन, कॉर्पोरेट



गिफ्टिंग और बी2बी डिविज़न, ह्युमन रिसोर्सेज़ एवं लीगल को एक छत के नीचे लेकर आएगा। एम-एनएच के उद्घाटन पर बात करते हुए श्री एम.पी. अहमद, चेयरमैन, मालाबार ग्रुप ने कहा, ''हम अपनी यात्रा के 30 भव्य वर्षों का जश्न मना रहे हैं, मालाबार नेशनल हब की ओपनिंग हमारे लिए गर्व का अवसर और उल्लेखनीय उपलब्धि है। यह हमारी विश्वस्तरीय विकास की महत्वाकांक्षाओं को गति प्रदान करेगा तथा विकास के अगले चरण के लिए ठोंस नींव बनाएगा। सभी प्रमुख ऑपरेशन्स को एक ही मंच पर लाने से मैनेजमेन्ट की दक्षता बढ़ेगी, क्योंकि हम देश भर में 190 से अधिक रीटेल शोरूमों के नेटवर्क के विस्तार पर फोकस कर रहे हैं। इस अवसर पर मैं हमारे उपभोक्ताओं, हितधारकों, एसोसिएट्स एवं कर्मचारियों के प्रति आभार व्यक्त करना चाहूंगा। हम महाराष्ट्र के माननीय उपमुख्यमंत्री श्री देवेन्द्र फड़नवीस के प्रति भी आभारी हैं जिन्होंने एम-एनएच को पूरा सहयोग प्रदान किया और आज इस कार्यक्रम में उपस्थित रहकर इसकी शोभा बढ़ाई। हम महाराष्ट्र सरकार के प्रति भी आभारी हैं जिन्होंने एम-एनएच की स्थापना तथा महाराष्ट्र के उपभोक्ताओं को सेवाएं प्रदान करने में हमें सहयोग दिया है।'

## कोर सेक्टर में इस महीने हुई 12.1 प्रतिशत की बढ़ोतरी

**नई दिल्ली।** कोर सेक्टर के उत्पादन में लगातार मजबूती आ रही है। अगस्त माह में कोर सेक्टर के उत्पादन में पिछले साल अगस्त के मुकाबले 12.1 प्रतिशत की बढ़ोतरी दर्ज की गई। पिछले एक साल में पहली बार कोर सेक्टर के उत्पादन में दहाई अंक में बढ़ोतरी दर्ज की गई है। इस साल जुलाई में यह बढ़ोतरी दर 8.4 प्रतिशत थी।

कोर सेक्टर में आठ प्रमुख औद्योगिक क्षेत्र को शामिल किया जाता है। इनमें कोयला, कच्चे तेल, प्राकृतिक गैस, रिफाइनरी उत्पाद, खाद, स्टील, सीमेंट व बिजली शामिल हैं। कोर सेक्टर का उत्पादन अर्थव्यवस्था की औद्योगिक मांग को दर्शाता है। कोयले व बिजली के उत्पादन में भी पिछले एक साल में सबसे अधिक बढ़ोतरी रही।

उद्योग विभाग के आंकड़ों के मुताबिक अगस्त में कोर सेक्टर से जुड़े सभी आठ क्षेत्रों में बढ़ोतरी रही। सबसे कमजोर प्रदर्शन खाद और कच्चे तेल का रहा जिनके उत्पादन में क्रमशः सिर्फ 1.8 और 2.1 प्रतिशत की बढ़ोतरी रही।

## रीजेंसी हेल्थकेयर ने करो दिल से दोस्ती अभियान के साथ मनाया वर्ल्ड हार्ट डे

**लखनऊ।** कानपुर और लखनऊ स्थित अग्रणी हेल्थकेयर संस्थान, रीजेंसी हेल्थकेयर ने 29 सितंबर को वर्ल्ड हार्ट डे के मौके पर दिल की सेहत और जोश का संदेश दिया। वर्ल्ड हार्ट डे, दुनिया को यह याद दिलाता है कि दिल की बीमारियों और स्ट्रोक सहित कार्डियोवैस्कुलर डिसीज (सीवीडी) दुनियाभर में मौत की बड़ी वजहों में शामिल हैं। आश्चर्यजनक रूप से, हर साल इनके कारण 1.75 करोड़ लोगों की जान चली जाती है। 2030 तक यह संख्या बढ़कर 2.30 करोड़ हो सकती है।

सेहत की इस आकस्मिक समस्या के प्रति जागरूकता के लिए, रीजेंसी हेल्थकेयर ने करो दिल से दोस्ती अभियान की शुरुआत की है। यह नाम संदेश देता है कि अपने दिल के फायदे की चीजें ही करनी चाहिए, जो पूरे शरीर के संपूर्ण स्वास्थ्य का केंद्र है। लोगों को जोड़ने वाली गतिविधियों और जागरूकता अभियानों के माध्यम से, अस्पताल का लक्ष्य लोगों को दिल की सेहत को प्राथमिकता देने के प्रति जागरूक करना और उन्हें जोशपूर्ण और भरपूर जीवन की यात्रा पर ले जाना है।




अपने स्टाफ को भी इसमें शामिल करने और दिल की सेहत के प्रति जागरूक करने के लिए अस्पताल में प्रभावी गतिविधियों की श्रृंखला का आयोजन किया गया

**रेडियो मिर्ची के साथ ऑन-ग्राउंड जॉगर्स पार्क गतिविधि** रेडियो मिर्ची के साथ सहयोग से, रीजेंसी हेल्थकेयर ने विभिन्न स्थानों पर ऑन-ग्राउंड जॉगर्स पार्क गतिविधि का आयोजन किया। इनमें 17 सितंबर को नाना राव फूल बाग में, 23 सितंबर को बुद्धा पार्क इंद्रा नगर में और 24 सितंबर को संजय वन किदवई नगर में कार्यक्रम आयोजित किया गया। इन कार्यक्रमों का उद्देश्य शारीरिक गतिविधियों और नियमित रूप से व्यायाम को बढ़ावा देना था, जिससे दिल की सेहत सही रहे। सभी भागीदारों को रेडियो मिर्ची होस्ट के साथ बातचीत और आकर्षक पुरस्कार जीतने का मौका मिला। इसके अतिरिक्त, 29 सितंबर को रेडियो मिर्ची के सहयोग से नुक्कड़ नाटक और आपसी बातचीत वाले अन्य कार्यक्रम भी आयोजित किए गए। इसमें भी भागीदारों को पुरस्कार बांटे गए।

**डिजिटल प्लेटफॉर्म पर प्रतिज्ञा अभियान** रीजेंसी हेल्थकेयर ने डिजिटल अभियान शुरू किया है, जो हर किसी को दिल की सेहत के लिए प्रतिज्ञा लेने के लिए प्रोत्साहित करता है। यह अभियान अस्पताल के सोशल मीडिया प्लेटफार्मों पर चलेगा और हम समुदाय से इस महत्वपूर्ण संदेश को फैलाने में हमारे साथ शामिल होने का आग्रह करते हैं। अपने सहकर्मियों, मित्रों और परिवार को इस सार्थक पहल में भाग लेने और दिल को सेहतमंद बनाए रखने के लिए प्रोत्साहित करने में जुट जाएं।

## कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों का जेब पर पड़ता है असर, इस तरह प्रभावित होती है इकोनॉमी

**नई दिल्ली।** देश में बढ़ती महंगाई से हर वर्ग जूझ रहा है। हर वर्ग पर महंगाई की मार पड़ रही है। देश में महंगाई बढ़ने की वजह कच्चे तेल की बढ़ती कीमत मानी जाती है। आइए, जानते हैं कि जब भी वैश्विक आधार पर कच्चे तेल की कीमतें बढ़ती है तो उसका असर किन-किन फेक्टर्स पर पड़ता है? आपको बता दें कि फिलहाल कच्चे तेल की कीमत 95 डॉलर प्रति बैरल के पार पहुंच गई है। यह कीमत में बढ़ोतरी की वजह है कि सऊदी अरब और रूस ने तेल की कटौती करने का फैसला लिया है।

जून महीने के बाद से कच्चे तेल की कीमतों में लगातार उतार-चढ़ाव जारी है। कच्चे तेल की कीमत 10 महीने के उच्च स्तर पर पहुंच गया है। इस महीने यानी सितंबर के बीच में इसकी कीमत 93 डॉलर प्रति बैरल के पार पहुंच गया है। कच्चे तेल की कीमतों में उछाल के आने से वैश्विक स्तर पर कई उत्पाद की कीमतों में बदलाव हुआ है।

जब भी कच्चे तेल की कीमतों में बढ़ोतरी होती है तो उसका सीधा असर देश की इकोनॉमी पर देखने को मिलता है। इसकी वजह यह है कि भारत तेल के आयात पर निर्भर करता है। ऐसे में कच्चे तेल की कीमत अर्थव्यवस्था पर असर डालती है। देश में महंगाई की दरों में बढ़ोतरी होती है। यह देश के लिए काफी बड़ी चिंता होती है।

इसके अलावा देश की कई कंपनी जो कच्चे माल के तौर पर क्रूड ऑयल का प्रयोग करते हैं उनको भी नुकसान का सामना करना पड़ता है। कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों से केवल ऑयल एक?सप?लोरेशन कंपनियों का प्रॉफिट होता है। जैसे ही वैश्विक कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों का असर महंगाई की दरों पर दिखने लगता है। वैसे ही यह देश की जीडीपी को नीचे गिरा देता है।

## सिम्बायोसिस एमबीए में प्रवेश हेतु स्नैप 2023 में रजिस्ट्रेशन की शुरूआत हुईः आधिकारिक घोषणा की गई

**लखनऊ।** भारत में एमबीए प्रोग्राम में प्रवेश के लिए जानी-मानी परीक्षा सिम्बायोसिस नेशनल एप्टीट्यूट टेस्ट (SNAP/ स्नैप) 2023 ने आगामी वर्ष के लिए अपनी महत्वपूर्ण तारीखों की घोषणा कर दी है। स्नैप 2023 के लिए रजिस्ट्रेशन 23 अगस्त 2023 को शुरू हुए और 23 नवम्बर 2023 को बंद हो जाएंगे।



स्नैप टेस्ट के लिए एडमिट कार्ड निर्धारित तारीखों पर स्नैप की ऑफिशियल वेबसाईट www.snaptest.org के माध्यम से प्राप्त किए जा सकते हैं। ये तारीखें हैं- स्नैप टेस्ट 01 के लिए 04 दिसम्बर 2023 (सोमवार), स्नैप टेस्ट 02 और 03 के लिए 09 दिसम्बर 2023 (शनिवार)। स्नैप 2023 के लिए रजिस्ट्रेशन और पेमेंट की आखिरी तारीख 23 नवम्बर 2023 है।

2023 के लिए स्नैप कम्प्यूटर-बेस्ड टेस्ट (सीबीटी) का आयोजन तीन निर्धारित तारीखों को होगाः 10 दिसम्बर 2023 (रविवार), 17 दिसम्बर 2023 (रविवार) और 22 दिसम्बर 2023 (शुक्रवार)। स्नैप 2023 परीक्षा के परिणामों की घोषणा 10 जनवरी 2024 (बुधवार) को की जाएगी।

स्नैप छात्रों को 16 प्रतिष्ठित बी-स्कूलों में आवेदन का अवसर देता है, जिनमें 26 विभिन्न एमबीए प्रोग्राम शामिल हैं। स्नैप के माध्यम से छात्रों को SIBM पुणे, SICSR, SIMC, SIIB, SCMHRD, SIMS, SIDTM, SCIT, SIOM, SIHS, SIBM Õñ´»ÜéM¤, SSBF, SIBM हैदराबाद, SSSS, SIBM नागपुर और SIBM नोएडा में प्रवेश का अवसर मिलता है।

वे उम्मीदवार जो स्नैप 2023 में हिस्सा लेना चाहते हैं, वे इसके बारे में विस्तृत जानकारी, योग्यता के मानदंड, रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया के बारे में जानने के लिए पर विज़िट कर सकते हैं। इसके अलावा, यह याद रखना भी ज़रूरी है छात्रों को टेस्ट के शहर और टेस्ट की दिनांक का आवंटन पहले आओ-पहले पाओ के आधार पर किया जाएगा।

स्नैप के लिए क्वालिफाय होने के लिए उम्मीदवार के पास किसी मान्यता प्राप्त युनिवर्सिटी या राष्ट्रीय महत्व के संस्थान से बैचलर की डिग्री होनी चाहिए।

# लगातार दूसरे हफ्ते कम हुआ भारत का विदेशी मुद्रा भंडार

### फॉरेक्स रिजर्व में हुई 2.335 बिलियन डॉलर की गिरावट



**नई दिल्ली।** आरबीआई द्वारा जारी आंकड़ों के मुताबिक विदेशी मुद्रा भंडार में लगातार दूसरे सप्ताह गिरावट आई है। 22 सितम्बर को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार 2.335 बिलियन डॉलर घटकर 590.72 बिलियन डॉलर रह गया। पिछले रिपोर्टिंग सप्ताह में कुल भंडार 867 मिलियन डॉलर घटकर 593 हजार 37 मिलियन डॉलर हो गया। अक्टूबर 2021 में भारत का विदेशी मुद्रा भंडार रिकॉर्ड 645 बिलियन डॉलर तक पहुंच गया था।

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) द्वारा जारी आंकड़ों के मुताबिक लगातार दूसरे हफ्ते यानी 22 सितंबर को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार में कमी आई है।

विदेशी मुद्रा भंडार 2.335 बिलियन अमेरिकी डॉलर घटकर 590.702 बिलियन अमेरिकी डॉलर रह गया है। पिछले रिपोर्टिंग सप्ताह में, कुल भंडार 867 मिलियन अमेरिकी डॉलर घटकर 593.037 बिलियन अमेरिकी डॉलर हो गया था।

**2021 में था भारत के पास सबसे ज्यादा फॉरेक्स रिजर्व**

अक्टूबर 2021 में भारत के पास विदेशी मुद्रा भंडार 645 बिलियन अमेरिकी डॉलर के सर्वकालिक उच्च स्तर पर था। इसके बाद फॉरेक्स रिजर्व कम हुआ क्योंकि आरबीआई ने पिछले साल से वैश्विक विकास के कारण दबाव के बीच रुपये को और ज्यादा गिरने से बचाने के लिए फॉरेक्स रिजर्व को खर्च किया था।

**विदेशी मुद्रा संपत्ति में भी आई कमी**

विदेशी मुद्रा भंडार का प्रमुख घटक, विदेशी मुद्रा संपत्ति में भी 22 सितंबर को समाप्त सप्ताह में कमी आई है। विदेशी मुद्रा संपत्ति 2.552 बिलियन अमेरिकी डॉलर घटकर 523.363 बिलियन अमेरिकी डॉलर हो गया था।

**सोने का भंडार बढ़ा**

आरबीआई ने बताया कि रिपोर्टिंग तिमाही में सोने का भंडार 307 मिलियन अमेरिकी डॉलर बढ़कर 44.307 बिलियन अमेरिकी डॉलर हो गया है। विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) 79 मिलियन अमेरिकी डॉलर घटकर 18.012 बिलियन अमेरिकी डॉलर हो गया।

आरबीआई के आंकड़ों के मुताबिक समीक्षाधीन सप्ताह में आईएमएफ के साथ देश की रिजर्व स्थिति भी 11 मिलियन अमेरिकी डॉलर घटकर 5.019 बिलियन अमेरिकी डॉलर हो गई है।

**क्या है फॉरेक्स रिजर्व?**

विदेशी मुद्रा भंडार ऐसी संपत्तियां होती हैं जो किसी देश के केंद्रीय बैंक के पास होती है। यह आम तौर पर रिजर्व करेंसी में आमतौर पर अमेरिकी डॉलर और कुछ हद तक यूरो, जापानी येन और पाउंड स्टर्लिंग में रखा जाता है।

विदेशी मुद्रा भंडार का उपयोग अपनी देनदारियों को पूरा करने के लिए किया जाता है। विदेशी मुद्रा भंडार का लक्ष्य मौद्रिक और विनिमय दर प्रबंधन के लिए नीतियों का समर्थन करना और उनमें विश्वास बनाए रखना होता है।

# नेक्स्ट आईएएस ने शुरू किया स्कॉलरशिप प्रोग्राम, आईएएस बनने के सपने को मिलेगी नई उड़ान

करियर के तमाम नए अवसरों के बावजूद भारत में करोड़ों युवाआज भी बड़े होकर आईएएस, आईपीएस अधिकारीबनने का सपना देखते हैं। यही वजह है कि लाखों बच्चे अपने इस सपने को पूरा करने के लिए कई-कई साल दिल्ली, पटना, इलाहाबाद जैसे बड़े शहरों में रहकर देश की सबसे कठिन परीक्षाओं में से एक मानी जाने वाली इस परीक्षा की तैयारी में ख़ुद को झोंक देते हैं। लेकिन इन बच्चों से भी ज़्यादा तादात उन बच्चों की है जो सिविल सर्विसेज़ परीक्षा में सफ़ल होकर प्रशासनिक अधिकारी बनने का सपना तो देखते हैं मगर आर्थिक तंगी के कारण, इस परीक्षा की विधिवत तैयारी के लिए बड़े शहरों का रुख़ नहीं कर पाते।

अगर आप भी इन्हीं बच्चों में से एक हैं तो मेड ईजी ग्रुप का नेक्स्ट आईएएस इंस्टीट्यूट आपके लिए एक स्कॉलरशिप प्रोग्राम लेकर आया है। यह सुनहरा अवसर आपके आईएएस अधिकारी बनने के सपने को सच करने की दिशा में आशा की किरण साबित हो सकता है। इसके तहत आप इंग्लिश और हिंदी माध्यम सेजनरल स्टडीज के प्री-कम-मेंस फाउंडेशन कोर्स (ऑनलाइन अथवा ऑफलाइन मोड) में ट्यूशन फ़ीस पर 100% तक की स्कॉलरशिप पा सकते हैं।

इस स्कॉलरशिप टेस्ट का आयोजन आने वाली 15 अक्टूबर को किया जा रहा है और इसके लिए रजिस्ट्रेशन 5 अक्टूबर तक ही किए जा सकते हैं। इस स्कॉलरशिप टेस्ट को पास करने वाले बच्चों को 26 अक्टूबर 2023 से 31 जुलाई 2024 तक के बैचों में पढ़ाया जाएगा। नेक्स्ट आईएएस के सेंटर दिल्ली, भोपाल और जयपुर में बनाए गए हैं, ताकि आप अपने घर के करीब रहकर बेहतर तैयारी कर सकें।

**पूरे देश में है टेस्ट सेंटर**

इस स्कॉलरशिप के लिए पूरे देश में टेस्ट सेंटर बनाए गए है। इसमें विजयवाड़ा, कोलकाता, विजाग, ईटानगर, डिब्रूगढ़, गुवाहाटी, जोरहाट, सिलचर, मुजफ्फरपुर, पटना, चंडीगढ़, भिलाई, रायपुर, दिल्ली,अहमदाबाद, कुरुक्षेत्र, रेवाड़ी, रोहतक, मंडी, जम्मू, श्रीनगर, रांची, बेंगलुरु, कोच्चि, भोपाल, ग्वालियर, इंदौर, जबलपुर, अमरावती, नागपुर, नांदेड़, नवी मुंबई, पुणे, भुवनेश्वर, अमृतसर, जयपुर, जोधपुर, कोटा, सवाई माधोपुर, सीकर, चेन्नई, हैदराबाद, आगरा, प्रयागराज, गोरखपुर, ग्रेटर नोएडा, झाँसी, कानपुर, लखनऊ, मेरठ, वाराणसी, देहरादून, और रुड़की शामिल है। स्कॉलरशिप के लिए इतने सारे सेंटर बनाने का मकसद यह सुनिश्चित करना हैं कि हर उम्मीदवार को, चाहे वो जहां कहीं भी रहते हों, अपना सपना पूरा करने का भरपूर मौका मिले।

# टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ग्रेट4×4 एक्सपेडिशन बाय टोयोटा मनोरंजन और अद्भुत रोमांच से भरपूर रहा

**बरेली।** टोयोटा किर्लोस्कर मोटर (टीकेएम) ने उत्तर क्षेत्र में अपने ग्रेट 4×4 एक्सपेडिशन बाय टोयोटा का सफलता पूर्वक समापन किया, जो रोमांचक ऑफ-रोड ऐडवेंचर के मिश्रण के साथ एक यादगार ड्राइव है। इस अभियान ने 4×4 के उत्साहियों को लुभाया और यादगार अनुभव तैयार करने के प्रति टोयोटा की प्रतिबद्धता को प्रदर्शित किया। यह अनुभवात्मक ड्राइव 22 सितंबर से 24 सितंबर 2023 तक होशियारपुर के सुरम्य परिदृश्य में चला, जिसमें साहस और ऑफ-रोडिंग उत्कृष्टता की अदम्य भावना का प्रदर्शन किया गया जो टोयोटा की 4×4 एसयूवी को परिभाषित करता है। उत्कृष्ट 4×4 एसयूवी का एक जोरदार काफिला रोमांचक साहसिक यात्रा पर निकल पड़ा था। इसमें प्रतिष्ठित हाइ लक्स, मशहूर एलसी 300, सर्वप्रिय फॉर्च्यूनर तथा अत्याधुनिक हाइ राडर एडब्ल्यूडी (ऑलव्हीलड्राइव) शामिल थे। ये सब टोयोटा 4×4 एसयूवी, अपनी असाधारण ऑफ-रोड क्षमता और अत्याधुनिक तकनीक के लिए जानी जाती हैं और पूरी यात्रा के दौरान छाई रहीं, बेजोड़ प्रदर्शन रहा और पूरे ड्राइविंग अनुभव को उत्साह की एक ऊंची भावना से भर दिया। यह सब उत्पादकी ताकत उनकी विशिष्टता और विशेषताओं की बदौलत संभव हुआ। इसके अलावा, इस अभियान ने प्रतिभागियों के एक विविध समूह को एक जुट किया, जिसमें टोयोटा और अन्य एसयूवी ब्रांड की एक श्रृंखला शामिल थी, जिससे एक जीवंत और रोमांचक माहौल तैयार हुआ।नॉर्थजोनल ग्रेट 4×4 एक्सपीडिशन के सफल समापन पर, टोयोटा किर्लोस्कर मोटर के सेल्स और स्ट्रैटेजिक मार्केटिंग के वाइस प्रेसिडेंट, श्री अतुल सूद ने कहा, टोयोटा में, हम दृढ़ता से मानते हैं कि हमारी मोटर स्पोर्ट्स विरासत हमें विश्वस्तरीय कार बनाने के लिए प्रेरित करती है। ऐसी कारें जो ऑन-रोड और ऑफ-रोड ड्राइव दोनों में उत्कृष्ट हैं। अब जब हम उत्तर क्षेत्रीय ग्रेट4×4 एक्सपेडिशन बाय टोयोटा अभियान के सफल समापन का जश्न मना रहे हैं, टीकेएम उन सभी प्रतिभागियों, समर्थकों और भागीदारों के प्रति हार्दिक सराहना व्यक्त करता है जो इस असाधारण यात्रा में अभिन्न अंग रहे हैं।




## गांधीजी के आत्मनिर्भरता के सपने को साकार करने में डायरेक्ट सेलिंग उद्योग की भूमिका

**नई दिल्ली।** महात्मा गांधी एक दूरदर्शी नेता थे जो उद्यमिता की शक्ति में विश्वास करते थे और आत्मनिर्भर राष्ट्र के विचार की वकालत करते थे। आत्मनिर्भरता को लेकर उनके विचार आज भी प्रासंगिक हैं। इस गांधी जयंती पर, लोगों को अपना खुद का व्यवसाय शुरू करने और वित्तीय स्वायत्तता हासिल करने में सक्षम बनाने के लिए डायरेक्ट सेलिंग उद्योग की क्षमता को उजागर करना महत्वपूर्ण है। भारत में डायरेक्ट सेलिंग उद्योग को मजबूत करने की हर्बालाइफ की क्षमता पर प्रकाश डालते हुए, हर्बालाइफ इंडिया के वरिष्ठ उपाध्यक्ष और प्रबंध निदेशक, अजय खन्ना ने कहा, उद्यमियों को सशक्त बनाने वाले मॉडल के माध्यम से आत्मनिर्भर राष्ट्र के लक्ष्य का समर्थन करने की हमारी प्रतिबद्धता दृढ़ बनी हुई है। न्यूनतम निवेश के साथ, कोई भी स्वतंत्र हर्बालाइफ वितरक बन सकता है और अपना खुद का व्यवसाय स्थापित कर सकता है। हमारी वैश्विक मानक गारंटी प्रत्येक वितरक के लिए पारदर्शिता और सुरक्षा सुनिश्चित करती है। इस दृष्टिकोण के साथ, हमने लाखों उद्यमियों का एक मजबूत कार्यबल तैयार किया है, जो लोगों को स्वस्थ जीवन जीने और अपने और अपने परिवार के लिए बेहतर भविष्य बनाने में मदद कर रहा है।÷हालिया रिपोर्टों के अनुसार, भारत के प्रत्यक्ष बिक्री उद्योग की वार्षिक बिक्री 19,000 करोड़ रुपये को पार कर गई है, जो वर्ष 2021-22 के लिए साल-दर-साल 5.3% बढ़ रही है। उद्योग लगभग छह मिलियन लोगों को रोजगार देता है, और यह संख्या महामारी के दौरान काफी बढ़ गई है, जहां कई मामलों में, इसे कई परिवारों के लिए वैकल्पिक आय के रूप में जोड़ा गया था। 1999 में भारत में प्रवेश करने के बाद, वैश्विक स्वास्थ्य और कल्याण कंपनी और समुदाय, हर्बालाइफ ने लाखों व्यक्तियों को अपने लक्ष्य प्राप्त करने के लिए सशक्त बनाया है, चाहे वह अंशकालिक पूरक आय हो या पूर्णकालिक व्यवसाय हो। डायरेक्ट सेलिंग उद्योग के पास टियर 2 और टियर 3 शहरों से भी युवाओं को शामिल करने और प्रशिक्षित करने के लिए एक मजबूत पारिस्थितिकी तंत्र है।


# बैटल ऑफ माइंड्स- इंडियन आर्मी क्विज़ 2023- दुनिया का सबसे बड़ा इंटर-स्कूल क्विज कॉम्पीटिशन बना

**नई दिल्ली।** 'बैटल ऑफ माइंड्स'- इंडियन आर्मी क्विज़ 2023 दुनिया में सबसे बड़ी इंटर-स्कूल प्रश्न प्रतियोगिता बनकर उभरी है। इसने ज्ञान को बढ़ावा देने तथा युवाओं को सशक्त करने में एक ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की है। शानदार प्रतिक्रिया के साथ इस प्रतियोगिता में भारत के हर जिले से 26,000 से ज्यादा स्कूलों ने पंजीकरण कराया है। इसके अलावा, इस कार्यक्रम की आधिकारिक वेबसाइट पर प्रभावशाली तरीके से 3.8 लाख से अधिक विजिटर्स आए, जिससे कि भारत में इसे लेकर व्यापक रुचि एवं जुड़ाव का पता चलता है। यह प्रतियोगिता 3 अक्टूबर को शुरू हुई और इसने समावेशन, समानता, निष्पक्षता और ज्ञान पाने की ललक जैसे सिद्धांतों को बरकरार रखा है और भारत के विद्यार्थियों को एक बेजोड़ मंच प्रदान किया। विद्यार्थियों को ऐसे अवसरों की पेशकश की गई है, जो कक्षा की चार-दीवारी से कहीं बढ़कर होंगे। इस स्तर की एक राष्ट्रीय प्रश्न प्रतियोगिता में पहली बार, विशेष आवश्यकताओं वाले विद्यार्थी भी भाग लेंगे। 'बैटल ऑफ माइंड्स'- इंडियन आर्मी क्विज़ 2023 एक प्रतियोगिता से कहीं बढ़कर है; यह वो मंच है, जो अलग-अलग पृष्ठभूमि के युवाओं को भारत की सबसे सम्मानित संस्था की छत्रछाया में जिज्ञासा, सीखने और एकता के उत्साह का जश्न मनाने के लिये एकजुट करता है।

INDIAN ARMY QUIZ 2023
BATTLE OF MINDS
COMMEMORATING 25 YEARS OF KARGIL VICTORY

## एलजी के साथ इंडिया का सेलिब्रेशनः अनूठे दिवाली ऑफर का अनावरण!

**लखनऊ।** जैसे ही दिवाली का उज्ज्वल त्योहार नजदीक आ रहा है, भारत के अग्रणी उपभोक्ता डयूरेबल ब्रांडों में से एक, एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स, अपने असाधारण इंडिया का सेलिब्रेशन के साथ उत्सव को प्रज्वलित करने के लिए पूरी तरह तैयार है। नवाचार और गुणवत्ता के प्रति अपनी अटूट प्रतिबद्धता के लिए जाना जाने वाला ब्रांड एलजी को लुभावने प्रस्तावों के खजाने और अविश्वसनीय पुरस्कार जीतने का मौका पेश करते हुए खुशी हो रही है जो इस साल के दिवाली समारोह को वास्तव में अविस्मरणीय बना देगा।




**उत्सव विशेष ऑफर**

हर दिन एलजी ड्रीम होम पैकेज जीतेंः इस दिवाली, हर दिन एक ग्राहक एलजी ड्रीम होम पैकेज जीत सकता है। पैकेज में एक साइड-बाय-साइड रेफ्रिजरेटर, फ्रंट लोड वॉशिंग मशीन, वॉटर प्यूरीफायर, माइक्रोवेव ओवन और एक ओएलईडी टीवी शामिल हैं - ऐसे उत्पाद जो सुविधा और विलासिता का वादा करते हैं।

**भव्य पुरस्कार - ऑडी क्यू3:** इंडिया का सेलिब्रेशन दिवाली उत्सव अभियान का भव्य पुरस्कार बिल्कुल नई ऑडी क्यू3 है। एक भाग्यशाली ग्राहक को इस शानदार कार के साथ अपनी दिवाली रोशन करने का मौका मिलेगा।

इन रोमांचक ऑफ़र में भाग लेना उतना ही सरल है जितना इस प्रारूप में निम्नलिखित विवरण के साथ एक एसएमएस भेजनाः पहला नाम, अंतिम नाम, 7835073507 पर जीटीएम कोड।

अवधनामा



# बूथों का सक्रिय एवं मजबूत रहना बहुत जरूरी: शाही



अवधनामा संवाददाता

**देवरिया।** सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत भाजपा द्वारा चलाये जा रहे बूथ सशक्तिकरण अभियान के लिये महुआडीह मण्डल के शक्तिकेंद्र संयोजको और प्रवासियों की बैठक औरा चौरी भाजपा कार्यालय पर तथा देसही मण्डल की बैठक देसही ब्लाक सभागार में हुई। इन बैठकों को सम्बोधित करते हुये कृषि मंत्री सूर्यप्रताप शाही ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी केवल चुनाव के लिये काम नही करती बल्कि सामाजिक विकास और उत्थान के साथ साथ समाज मे सकारात्मक व रचनात्मक काम करती है, इसके लिये शक्तिकेंद्र का तथा बूथों का सक्रिय एवं मजबूत रहना बहुत जरूरी है। कहा कि पार्टी में बूथ कार्यकर्ताओं की भूमिका बहुत ही अहम होती है। बूथ को कैसे मजबूत बनाना है, इसे लेकर उन्होंने मंत्र दिया। कृषि मंत्री ने केन्द्र और प्रदेश सरकार द्वारा चलाये जा रहे जनहित की योजनाओं का लाभ भी बूथ कार्यकर्ताओं के माध्यम से अधिक से अधिक लोगो तक पहुचे इस पर भी काम करने को कहा। उन्होंने सोशल मीडिया और आईटी के कार्यकर्ताओं से कहा कि अपने-अपने मोबाइल में आयुष्मान ऐप डाउनलोड कर गांवों में लाभार्थियों का आयुष्मान कार्ड बनाने का भी काम करे। बूथों पर लोगो से मोदी और योगी सरकार के प्रधानमंत्री आवास, नारी शक्ति वंदन अधिनियम बिल, किसान सम्मान निधि, मुख्यमंत्री आवास, सामूहिक विवाह, मुफ्त राशन, अच्छी सड़के, हर घर जल, राम मन्दिर निर्माण, धारा 370 समाप्ति जैसे कामों पर चर्चा करें।

## समस्त खण्ड विकास अधिकारियों के साथ बैठक

**देवरिया।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण देवरिया के तत्वावधान में जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण देवरिया देवेन्द्र सिंह के आदेशानुसार स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम 02 अक्टूबर से 08 अक्टूबर के सफल आयोजन हेतु दीवानी न्यायालय परिसर में जिला विद्यालय निरीक्षक, बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला सूचना अधिकारी, अधिशासी अभियन्ता नगरपालिका एवं समस्त खण्ड विकास अधिकारियों के साथ बैठक आहुत किया गया। अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, देवरिया श्री अशोक कुमार दूबे ने समस्त खण्ड विकास अधिकारियों व अधिशासी अभियन्ता नगरपालिका, को सम्बोधित करते हुये कहा कि स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत ऐसे स्थलों को चिह्नित करें, जहां कूड़ा-कचड़ा जमा होता है एवं उन स्थलों को सफाई कर्मी के द्वारा स्वच्छ करना सुनिश्चित करें, साथ ही भविष्य में कूड़ा जमा न हो इसके लिए लोगों को जागरूक कर लगातार प्रेरित करें। उन्होने निर्देशित करते हुये कहा कि ग्रामीण क्षेत्र के सभी सार्वजनिक स्थल पर श्रमदान कर साफ-सफाई हेतु सम्बन्धित को निर्देशित करें।

# निक्षय मित्र बन टीबी रोगियों को दे पौष्टिक आहार: डॉ अजय सिंह



टीवी रोगियों में पौष्टिक आहार वितरण करते चिकित्सक

अवधनामा संवाददाता

**हाटा, कुशीनगर।** प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान एवं आयुष्मान भवः कार्यक्रम के तहत शुक्रवार को स्थानीय स्वास्थ्य केंद्र पर 20 टीबी रोगियों को पोषण की पोटली दी गयी। उक्त कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुये एमोटीसी डॉ अजय सिंह ने कहा कि निक्षय मित्र बनकर हम सभी को टीबी रोगियों को पौष्टिक आहार देना चाहिये। जिससे हमारा उनसे भावनात्मक जुड़ाव हो जाता है। स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ वी प्रसाद ने कहा की दवा के साथ प्रोटीन युक्त पौष्टिक आहार देने से

**20 टीबी रोगियों में वितरित हुआ पौष्टिक आहार**

मरीज शीघ्र स्वस्थ हो जाता है। 11 रोगियों को गोद लेने वाले वरिष्ठ समाजसेवी रमेश भारद्वाज ने कहा कि टीबी रोगियों को गोद लेकर उन्हें पौष्टिक आहार देना पुनीत कार्य है। उन्होंने कहा मैं ईश्वर को धन्यबाद ज्ञापित करता हूँ कि उन्होंने मुझे सेवा करने का अवसर दिया। निक्षय मित्र होमियो पैथ चिकित्सक डॉ विपिन सिंह कि गोद लेकर मरीजों को पौष्टिक आहार देने से एक आत्मिक संतुष्टि मिलती है और इसके लिये समाज के जिम्मेदार लोगों को आगे आना चाहिये। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ अमित कुमार ने सभी निक्षय मित्रों को साधुवाद देते हुये कहा कि आप सब के द्वारा अत्यंत ही पुनीत का कार्य किया जा रहा है। टीबी रोगियों की सेवा करना नारायण सेवा के बराबर है। आप लोगों के ही सहयोग से टीबी मुक्त भारत का सपना 2025 में साकार होगा। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ क्षयरोग प्रयोगशाला पर्यवेक्षक डॉ आशुतोष मिश्र ने किया। एसटीएस राजीव द्वारा आगन्तुकों के प्रति आभार व्यक्त किया गया।

# हिंदी धरा पर नेह की मूरत...

**हिंदी पखवाड़ा का हुआ समापन**



अवधनामा संवाददाता

**अमेठी।** हिंदी पखवाड़ा के समापन पर नगर के चाणक्यपुरी मोहल्ले में शुक्रवार को नेहरू युवा केंद्र और साधना फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में विराट कवि सम्मेलन एवं विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें साहित्य की रसधार बही।

कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा भगवती सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। कवि राजेंद्र प्रसाद शुक्ल अमरेश ने कविता पढ़ते हुए मंच की वाह वाह लूटी।उन्होंने पढ़ा हिंदी धरा पर नेह की मूरत भारत मां की दुलारी रहेगी। इसके बाद राम बदन शुक्ल ने पढ़ा मधुमास बसंत के धूम मचय यह भारत देश महान रहे। इसके लिए गीत और छंद लिखूं मैं। श्रीनाथ शुक्ल ने पढ़ा चला चली गंऊवा की ओर जीया झकझोर मारे गोरिया। राम कुमारी साहू ने पढ़ा रणचंडी के चरणों में अरि की बलि चढ़ा दूंगी। ज्ञानेंद्र पांडे अवधी मधुरस में पढ़ा भारत मां के आंचल की दुलार है हिंदी। आचार है व्यवहार है संस्कार है हिंदी। रामेश्वर सिंह निराश ने पढ़ा। जौनी माटी के खातिर जे माटी भयेन। उनकी माटी का माथे लगवा करा। चंद्र प्रकाश मंजुल में पढ़ा ममता के परछाई बिटिया।बेटवन से बिटिया नीकी अहै। शव सोने कय सींकी अहैं। आशुतोष गुप्ता सहित अन्य कवियों ने भी काव्य पाठ किया।

## अज्ञात वाहन की चपेट में आने से युवक की मौत

**हाटा, कुशीनगर।** हाटा कोतवाली क्षेत्र के राष्ट्रीय राजमार्ग 28 पर सुकरौली पुलिस चौकी से 100 मीटर दूर डिवाइडर पर सो रहे एक युवक की लाश शुक्रवार की भोर में टहलने निकले लोगों ने देखी तो स्थानीय पुलिस चौकी सुकरौली को सूचना दी। मौके पर पहुंचे चौकी इंचार्ज प्रदीप कुमार ने लाश की शिनाख्त कराई तो मृतक की पहचान रंजीत चौहान पुत्र राम हजूर चौहान निवासी भगवानपुर थाना अहिरौली के रूप में हुई। बताया जा रहा है कि मृतक के माता-पिता पहले ही मर चुके हैं वह अपनी जीविका चलाने के लिए एक होटल पर काम करता था। पुलिस द्वारा जांच पड़ताल के बाद पता चला कि युवक नशे का आदि था इस कारण पिछली रात वह शराब पीकर राष्ट्रीय राजमार्ग पर बने डिवाइडर पर सो गया था, जिससे अज्ञात वाहन की चपेट में आकर उसकी मौत हो गई। होटल संचालक ने पूछताछ में बताया की पिछली रात युवक काम करने के दौरान ही कहीं चला गया सुबह उसके मौत की सूचना लोगों के द्वारा प्राप्त हुई।

# गांधी जयंती पर सभी राजकीय भवनों पर फहराया जाएगा तिरंगा: एडीएम

अवधनामा ब्यूरो

**कुशीनगर।** गत वर्ष की भांति इस वर्ष भी 02 अक्टूबर को गांधी जयन्ती समारोह मनाए जाने के सम्बन्ध में अपर जिलाधिकारी वैभव मिश्रा की अध्यक्षता में एक बैठक शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न हुई।



बैठक दौरान अपर जिलाधिकारी ने बताया कि 02 अक्टूबर को प्रातः 8 बजे सभी राजकीय भवनों पर राष्ट्रीय ध्वज फहराया जायेंगें, राष्ट्रीय ध्वज फहराने के उपरान्त महात्मा गांधी जी के चित्र पर अनावरण व माल्यार्पण किया जायेगा तथा गांधी जी के विचारों पर गोष्ठी आयोजित की जायेगी। उन्होंने सभी कार्यालयाध्यक्ष को निर्देशित करते हुए कहा कि उक्त गोष्ठी में विशेष रूप से निर्बलों के कल्याण, राष्ट्रीय एकता एवं अखण्डता के सम्बन्ध में गांधी के विचारों का उल्लेख किया जायेगा। अनावरण व माल्यार्पण के उपरान्त खादी ग्रामोद्योग एवं रेशम से सम्बन्धित प्रदर्शनी का आयोजन कलेक्ट्रेट में कराए जाने हेतु सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया गया। उन्होंने बताया कि प्रातः 8:30 बजे कलेक्ट्रेट व विकास भवन परिसर में वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित की जायेगी। जिसके अन्तर्गत कलेक्ट्रेट एवं विकास भवन परिसर में पांच-पांच पौधे एवं स्टेडियम में दस एवं सभी ब्लाकों और बेसिक शिक्षा अधिकारी व जिला विद्यालय निरीक्षक के कार्यालय परिसर में स्थान की उपलब्धतानुसार पौधे अनिवार्य रूप से लगाए जाने की व्यवस्था वन विभाग द्वारा किया जायेगा। प्रातः 9 बजे नगरीय क्षेत्रों में मलिन बस्तियों की सफाई हेतु कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा, जिसके लिए समस्त अधिशासी अधिकारी नपाप/नगर पंचायत द्वारा मलिन बस्ती का सफाई किया जायेगा, तथा नगरीय /ग्रामीण क्षेत्रों में सबसे अच्छा सफाई का कार्य करने वाले कर्मचारी को पुरस्कृत

**कार्यक्रम को लेकर एडीएम ने बांटी गई जिम्मेदारियां**

किया जायेगा तथा विशेष रूप से अभियान चलाकर प्रतिबन्धित पालिथिन/प्लास्टिक को बन्द कराए जाने हेतु सभी सम्बन्धित को निर्देशित किया गया। मुख्य चिकित्साधिकारी, द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में आयोजित होने वाले कार्यक्रमों में दवा का वितरण, जिला अस्पताल में विशेष सफाई कराए जाने का निर्देश दिए गए। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक रितेश कुमार,समस्त उप जिलाधिकारी, जिला विकास अधिकारी, जिला पंचायत राज अधिकारी, जिला प्रोवेशन अधिकारी, सीओ कसया, पड़रौना, सहित अन्य सभी जनपद स्तरीय अधिकारी व खण्ड विकास अधिकारी आदि उपस्थित रहे।

# संचारी रोग नियंत्रण अभियान को लेकर डीएम ने अधिकारियों के साथ की बैठक

अवधनामा संवाददाता

**अमेठी।** जिलाधिकारी राकेश कुमार मिश्र ने शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभागार में 03 से 31 अक्टूबर 2023 तक चलने वाले विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान तथा 16 से 31 अक्टूबर 2023 के मध्य दस्तक अभियान को लेकर द्वितीय अंतर्विभागीय समन्वय समिति की बैठक कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने संचारी रोगों की रोकथाम एवं नियंत्रण के लिए पूरी तैयारी समयबद्ध ढंग से किए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मलेरिया, डेंगू, चिकनगुनिया, डायरिया आदि संचारी रोगों से जुड़े मामलों की आशंका को देखते हुए जनपद में अन्तर्विभागीय समन्वय से युद्धस्तर पर अभियान को आगे बढ़ाया जाए। तालाबों, नालों व नालियों में एण्टी लार्वा का छिड़काव तथा कूड़े का निस्तारण ठीक ढंग से किया जाए। जिलाधिकारी



**तालाबों, नालों व नालियों में एंटी लार्वा का छिड़काव तथा कूड़े का निस्तारण ठीक ढंग से किया जाए**

ने कहा कि निगरानी समितियां डोर-टू-डोर सर्वे करें और यदि कोई बच्चा बुखार आदि से ग्रसित है, तो उसे मेडिसिन किट उपलब्ध कराएं। साथ ही, महिलाओं तथा कुपोषित बच्चों को पुष्टाहार उपलब्ध कराया जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि बेहतर ड्रेनेज व्यवस्था तथा शुद्ध पेयजल के दृष्टिगत शहर व ग्रामीण क्षेत्र में व्यापक स्तर पर कार्य किये जाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि ग्राम पंचायत व निकायों द्वारा स्वच्छता, सैनिटाइजेशन, फॉगिंग व शुद्ध पेयजल के लिए लगातार कार्य किया जाए। ग्रामीण स्तर पर संचारी रोगों के नियंत्रण हेतु तालाबों/नालों व नालियों की साफ-सफाई सुनिश्चित की जाए। जिलाधिकारी ने सम्बन्धित विभागों से संचारी रोगों के नियंत्रण व रोकथाम के सम्बन्ध में किए जा रहे कार्यों की जानकारी प्राप्त की। साथ ही, उन्होंने चिकित्सा, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, नगर विकास, पंचायतीराज, आईसीडीएस, ग्राम्य विकास, चिकित्सा शिक्षा, शिक्षा, दिव्यांगजन सशक्तीकरण, कृषि, पशुपालन तथा सूचना विभाग को स्वास्थ्य विभाग के साथ समन्वय बनाकर संचारी रोगों की रोकथाम व नियंत्रण की कार्यवाही में और तेजी लाए जाने के निर्देश दिए।

# प्रबुद्ध प्रकोष्ठ के क्षेत्रीय संयोजक ने दलित बस्ती में किया फल वितरण



**रामपुर कारखाना देवरिया अवधनामा संवाददाता।** रामपुर कारखाना नगर पंचायत के अंबेडकर वार्ड में शुक्रवार को भाजपा द्वारा आयोजित सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम किया गया। जिसमे अंबेडकर वॉर्ड के दलित बस्ती में लोगो को साफ़ सफ़ाई के लिए जागरूक किया गया, तथा फल वितरण किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रबुद्ध प्रकोष्ठ के क्षेत्रीय संयोजक एवं वरिष्ठ भाजपा नेता डा अजय मणि त्रिपाठी कहा कि गरीबों की सेवा व सुरक्षा ही भाजपा के सत्ता का मुख्य उद्देश्य है। मोदी ने भारत में ही नहीं बल्कि विश्व में भारत के नाम का परचम लहराने का कार्य किया है। आज उनके जन्म दिवस के अवसर पर यह सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम चलाया जा रहा है। जिसके तहत गरीब एवं मलिन बस्ती के लोगों को साफ सफाई के लिए जागरूक किया जा रहा है। साथ ही साथ केंद्र सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं को भी उनके सम्मुख रखा जा रहा है। अभियान या अभियान महात्मा गांधी की जयंती 2 अक्टूबर तक चलाया जाएगा। कार्यक्रम को पूर्व दर्जा प्राप्त राज्य मंत्री नीरज शाही ने संबोधित किया। अध्यक्षता नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि सतीश वर्मा तथा संचालन अंबेडकर वॉर्ड सभासद परमेश्वर पासवान ने किया। इससे पहले मुख्य अतिथि का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। इस दौरान अभिनय, राजेश, आकाश सभासद पवन, शनवाज, जिक्रुल्लाह, ममोहन जायसवाल, गंगा सागर यादव, नारायण दत्त चतुर्वेदी, भीम भारती, सुरेश कुमार भारती, सुभाष कुमार भारती, गुड्डू कुमार भारती, संतोष प्रसाद, कमलावती भारती, माया भारती, गेना भारती आदि उपस्थित रहे।

## डीएम की अध्यक्षता में बैठक आयोजित

**देवरिया।** जिलाधिकारी अखंड प्रताप सिंह की अध्यक्षता में आज आगामी अक्टूबर माह में चलने वाले विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान एवं दस्तक अभियान के सफल क्रियान्वयन हेतु सीएमओ कार्यालय स्थित धनवंतरी सभागार में अंतर विभागीय समन्वय बैठक आयोजित हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने वेक्टर जनित रोगों की रोकथाम के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि अभियान के दौरान आशा तथा एएनएम डोर-टू-डोर भ्रमण कर बुखार एवं इनफ्लुएंजा लाइक इलनेस (आईएलआई) के रोगियों की सूची तैयार करेंगी तथा उन्हें वेक्टर जनित बीमारियों के रोकथाम के लिए जागरूक करेंगी।

यदि किसी व्यक्ति को डेंगू अथवा चिकनगुनिया रोग की पुष्टि होती है तो उसके घर के इर्द-गिर्द स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा एंटी लार्वा दवा का छिड़काव कराया जाएगा। जिलाधिकारी ने कहा कि नगर निकाय एवं ग्रामीण क्षेत्रों में रोस्टर के अनुसार नियमित फॉगिंग की जाए।

# कार्यकर्ताओ के सहयोग से पार्टी को और मजबूत करने का काम करूंगा: भूपेंद्र

अवधनामा संवाददाता

**देवरिया।** देवरिया जिले के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह का स्वागत विधानसभा सलेमपुर के मुसैला, भरथुआ, पुरैना, मनिहारी, महदहा, सलेमपुर, नवलपुर, पडरी गजराज, कुंडौली, लार डाकबंगला एवं लार ब्लाक सभागार में किया गया। स्वागत समारोह में बड़ी संख्या में पार्टी के पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे। भाजपा पदाधिकारियों ने भाजपा नेता जयनाथ कुशवाहा गुड्डुन और बलबीर सिंह दादा के नेतृत्व में फूलों और गुलदस्तों से जिलाध्यक्ष का जोरदार स्वागत किया। भाजपा जिलाध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह ने भाजपा के केन्द्रीय नेतृत्व और शीर्ष नेतृत्व को जिलाध्यक्ष की जिम्मेदारी देने के लिए धन्यावाद ज्ञापित करते हुए कहा कि पार्टी की उम्मीदों पर खरा उतरने की पूरी कोशिश करूंगा। भाजपा का हर एक कार्यकर्ता आज उत्साहित है। उन्होंने



कहा कि एक सामान्य कार्यकर्ता को पार्टी ने जो जिम्मेदारी दी है,उसे पूरी ईमानदारी व निष्ठा से कार्यकर्ताओ के सहयोग से पार्टी को और मजबूत करने का काम करूंगा। आगामी लोकसभा चुनाव में विपक्षी एकता पर निशाना साधते हुए जिलाध्यक्ष ने कहा कि भाजपा के सामने कोई टिकने वाला नहीं है। भाजपा राष्ट्रवाद और विकास के मुद्दे पर लगातार आगे बढ़ रही है। इसके साथ ही भाजपा सरकार ने जो नौ साल गरीब कल्याण की योजनाओं को चलाया उसको लेकर हम जनता के बीच जाएंगे और पार्टी को इसका पूरा फायदा मिलेगा। स्वागत करने वालो में कन्हैया लाल जायसवाल, अमित सिंह बबलू, अमरेश सिंह बबलू, त्रिपुणायक विश्वकर्मा, रविशंकर मिश्र, अजय दूबे वत्स, जटाशंकर दूबे, अभय तिवारी, बिट्टू चौहान, पिंटू सिंह, राकेश दूबे, लल्लन सिंह, रविन्द्र श्रीवास्तव, अशोक तिवारी,अनिल ठाकुर, अनूप उपाध्याय, संदीप सिंह विशेन, मनमोहन सिंह, बृजेश दूबे, ईश्वरशरण सिंह, सुनील यादव स्नेही, विनोद राठौड़, रवि कुशवाहा, अवधेश मद्देशिया, अमित उपाध्याय, अमित सिंह, नागेन्द्र गुप्ता आदि मौजूद रहे।

# मथौली में डॉ लाल पैठ लैब का हुआ शुभारंभ



लाल पैठ लैब का उद्घाटन करते सीएचसी के प्रभारी डॉ राजेश

**मथौली बाजार, कुशीनगर अवधनामा संवाददाता।** कस्बे में सरकारी अस्पताल जाने वाली मार्ग पर स्थित डॉ लाल पैठ लैब का उद्घाटन शुक्रवार को सीएचसी के प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ राजेश मद्धेशिया ने फीता काटकर किया। उद्घाटन के दौरान उन्होंने कहा कि लाल पैठ लैब खुल जाने से क्षेत्रीय लोगों को जांच कराने में आसानी होगी, भटकना नहीं पड़ेगा। एक ही छत के नीचे सारी सुविधाएं मिलेगी। इस कार्य को लेकर प्रभारी चिकित्साधिकारी ने लैब के संचालक श्रीकांत साहनी को बधाई एवं शुभकामनाएं दिया। लैब संचालक श्रीकांत ने बताया कि मथौली क्षेत्र में कोई नामी गिरामी लैब नही था जिससे लोगों के बीमारी का सैंपल जांच कराने में काफी परेशानी होती थी। अब यहां डॉ लाल पैठ लैब का कलेक्शन सेंटर खुल जाने से मरीजों को काफी सुविधाए मिलेगी। ऐसे कई बड़े जांच थे जिसका सैंपल दूसरे शहरों में भेजा जाता था। अब यहीं आसानी से हो जायेगी। उन्होंने कहा कि हमारे यहां आधुनिक तरीके से जांच की सुविधा उपलब्ध है। खून, पेशाब, शुगर, थायरायड, लिपिक प्रोफाइल, सुपर वन, सीबीसी, एलएफटी सहित तमाम जांचे आसानी से हो जाएगी। इस मौके पर डॉ नुरुल हक खान, डॉ वी के गुप्ता, ए के सिंह, लैब टेक्नीशियन शमीम अहमद, संतोष सहनी, सचिन सहित तमाम लोग उपस्थित रहे।

# पीएम मोदी के करिश्माई नेतृत्व में भारत कर रहा है विश्व की अगुआई: विनय

अवधनामा ब्यूरो

**कुशीनगर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन से गांधी जयंती के बीच मनाए जा रहे सेवा पखवाड़ा के तहत नगरपालिका परिषद पडरौना के अध्यक्ष विनय जायसवाल द्वारा अभियान चलाकर आज अनुसूचित समाज के बीच मलिन बस्ती में चौपाल लगाया गया। इस दौरान कंठी छापर, जटहां बाजार, विशुनपुरा मौजडीहा क्षेत्रों में आम लोगों से मिलकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार की नीतियों उपलब्धियों और योजनाओं के बारे में विस्तार से चर्चा की गई। कार्यक्रम के दौरान अपने सम्बोधन में पालिकाध्यक्ष श्री जायसवाल ने बताया कि एक ओर देश के मुखिया पीएम मोदी ने देश को स्वच्छ बनाने के लिए हाथ में झाड़ू उठा रखी है, वहीं दूसरी ओर भ्रष्ट व्यवस्था को उखाड़ फेंक देश मे रामराज्य की स्थापना भी की है। उन्होंने बताया कि समाज के अंतिम व्यक्ति को मूलभूत सुविधा से



मालिन बस्ती में लोगों की समस्याओं से रूबरू होते नपाध्यक्ष विनय

जोड़ते हुए शौचालय और आवास के प्रबन्ध के साथ ही किसानों के लिए किसान सम्मान निधि, ठेले गुमटी वाले वर्ग के लिए पीएम स्वनिधि योजना लागू कर पिछड़े हुए समाज के उत्थान का कार्य पीएम मोदी द्वारा किया गया है। उन्होंने जानकारी दी कि आधारभूत संरचना से लेकर अंतरिक्ष क्षेत्र, शिक्षा, सैन्य, रोजगार, पर्यटन, खेल, अर्थव्यवस्था, व्यापार सुगमता, तकनीक, सांस्कृतिक धरोहर को संजोते हुए विगत 9 वर्ष में पीएम मोदी के करिश्माई नेतृत्व में भारत आज विश्व की अगुआई कर रहा है और अपने स्वर्णिम काल मे प्रवेश कर चुका है। पूरे कार्यक्रम के दौरान उनके साथ प्रमुख रूप से राधेश्याम गुप्त, पारस यादव, जवाहर पाल, बृजेश शर्मा, सिद्धार्थ कुशवाहा, मनोज विश्वकर्मा, श्रीकांत जायसवाल, मोहन प्रसाद, हीरा प्रसाद, भोला जायसवाल, अवधेश गुप्त, शिवम गुप्त, प्रदीप जायसवाल, खदेरू प्रसाद, सुभाष सोहन, हीरालाल कुशवाहा, शारदा प्रसाद, जय मंगल प्रसाद, विनोद प्रसाद, विक्रम प्रसाद, जगजीवन प्रसाद, अंगद प्रसाद के अलावा सैकड़ो कि संख्या में आमजन उपस्थित रहे।

## चकबन्दी लेखपाल का रिश्वत लेते वीडियो वायरल

**कुशीनगर।** एक तरफ सूबे की योगी सरकार भ्रष्टाचार पर लगाम कसने के लिए तमाम हथकंडे अपना रही है तथा भ्रष्टाचारियों पर लगातार कार्यवाही भी कर रही है लेकिन इसके बावजूद भ्रष्टाचारी अपनी आदत से बाज नहीं आ रहे हैं। ताजा मामला कुशीनगर जिले के पडरौना तहसील का है जहां तहसील में तैनात एक लेखपाल का रिश्वत लेते वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। मिली जानकारी के मुताबिक जिले के पडरौना तहसील में अरविंद चौरसिया नाम से एक लेखपाल चकबन्दी विभाग में कार्यरत हैं, जिनसे किसी काम के लिए कुबेरस्थान थानाक्षेत्र का एक व्यक्ति कई दिनों से अरविंद चौरसिया का चक्कर लगा रहा था लेकिन लेखपाल उसकी सुनने के लिए तैयार नहीं थे। कई दिनों तक चक्कर लगाने के बाद लेखपाल अरविंद चौरसिया ने फरियादी से कुछ चढ़ावा देने के बाद कार्य करने की बात कही। इसके बाद फरियादी पैसा लेकर तहसील पंहुचा और अपना कार्य करवाने के लिए लेखपाल अरविंद चौरसिया को पैसा दे रहा था इसी बीच किसी ने रिश्वत लेते लेखपाल का वीडियो बना लिया।

# आर्थिक तंगी से जूझ रहे युवक ने लगाया फंदा

अवधनामा ब्यूरो

**कुशीनगर।** हाटा कोतवाली क्षेत्र के ढांढा खुर्द टोला जेवनरहा में एक व्यक्ति अपने कमरे में फंदे से लटकता हुआ मिला। जिसकी सूचना परिजनों ने पुलिस को दी। पुलिस मौके पर पहुंचकर शव कब्जे में लेकर आवश्यक कार्यवाही में जुटी हुई है वही इसके मौत के पीछे की वजह आर्थिक तंगी बताया जा रहा है।

कोतवाली क्षेत्र के नगर पालिका हाटा के वार्ड नंबर 22 ढांढा खुर्द टोला जेवनरहा में आर्थिक तंगी के चलते आए दिन पति-पत्नी में मारपीट हुआ करती थी। मृतक द्वारा रोजी-रोटी कमाने के लिए एक ऑटो भी खरीदा गया था लेकिन उसका भी किस्त जमा न होने की वजह से ऑटो भी खींचकर चला गया। आर्थिक तंगी को लेकर पति-पत्नी में आए दिन मारपीट होना शुरू हो गया उसी से तंग आकर कल शाम को पत्नी अपने तीनों छोटे-छोटे बच्चों को छोड़कर मायके चली गई। घर पर तीन छोटे-छोटे बच्चों के साथ उसका पिता संजय पटेल ही था।शाम को घर पर खाना नहीं बना था किसी तरह रात बीती और सुबह ही इतनी बड़ी घटना घट गई। मृतक का बड़ा बेटा जब तक शोर मचाता तब तक काफी देर हो चुकी थी। आसपास के जुटे लोगों ने जब जंगले के रास्ते से देखा तो तो संजय छत के कुंडी से साड़ी के सहारे लटक रहा था। आनन- फानन में दरवाजा तोड़कर जब देखा गया तो उसकी मौत हो चुकी थी। और घटनास्थल पर खून भी गिरा था जो मृतक के दोनों उंगलियों के बीच से टपक रहा था। इसके बारे में पूछने पर मृतक का बेटा ने बताया कि ब्लेड से उंगली काटे है। जिसकी सूचना तत्काल हाटा कोतवाली पुलिस को दी मौके पर गई हाटा कोतवाली पुलिस ने शव को नीचे उतार आवश्यक कार्यवाही करते हुए पोस्टमार्टम को भिजवाया।





**बच्चों को पैसा देकर भेज दिया टॉफी खाने**

संजय पटेल पुत्र मोतीलाल पटेल उम्र 30 वर्ष अपने तीनों बच्चे संदीप 5 वर्ष और सत्या 4 वर्ष को पैसा लेकर टॉफी खाने दुकान पर भेज दिया लेकिन संजीत 6 वर्षीय बड़ा लड़का घर पर ही था। बच्चों के चले जाने के बाद संजय दरवाजा बंद करके मछली मारने वाले कटिया के डंडे से छत के कुंडी में साड़ी फंसा कर फांसी का फंदा बना झूल गया। जैसा कि उसके बड़े बेटे संजीत 6 वर्षीय का कहना है।

## आर्थिक तंगी व ड्रिंक ने ले ली एक और युवक की जान

ग्रामीण तथा रिश्तेदारों का कहना है कि मृतक की आर्थिक स्थिति ठीक नहीं थी उस पर मृतक बहुत बड़ा ड्रिंक करता था। पत्नी और बच्चों से मारपीट कर अक्सर शराब पीने के लिए पैसे की मांग करता था। ऐसा कोई भी दिन नहीं था कि उसके परिवार में मारपीट न होता हो। मृतक के बहनों का कहना है कि हम लोग अपने भाई की यथासंभव मदद करते थे लेकिन इधर कुछ दिनों से वह न हीं हम लोगो के घर जा रहा था और नहीं फोन कर रहा था। पूंजी के नाम पर मृतक का मात्र एक घर है जो आवास के पैसे से बना है। उसके अलावा घर में कुछ भी नहीं है। यहां तक की आज चूल्हे में आज भी नहीं जला था। मृतक के तीनों बच्चे प्राइमरी स्कूल में पढ़ने जाते हैं। जिसमें संजीत सबसे बड़ा है। पत्नी का रो-रो कर बुरा हाल है जबकि बहने रोती-रोती बेहोश हो जा रही थी। वही ग्रामीणों का कहना है कि आर्थिक कमजोरी और शराब की लत ने आज फिर एक युवक की जान ले ली।

# स्वास्थ्य शिविर के साथ मनाया गया विश्व हृदय दिवस

**अवधनामा संवाददाता**

**बहराइच।** शुक्रवार को राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन अंतर्गत राष्ट्रीय कार्यक्रम एनसीडी के तहत विश्व हृदय दिवस जिला चिकित्सालय समेत जनपद की समस्त स्वास्थ्य इकाइयों पर स्वास्थ्य शिविर/ हस्ताक्षर अभियान/ जागरूकता कार्यक्रम के साथ मनाया गया। इस वर्ष विश्व हृदय दिवस use heart know heart की थीम पर मनाया गया।

मुख्य अतिथि सीएमओ डॉ0 सतीश कुमार सिंह ने कार्यक्रम की शुरुआत हस्ताक्षर अभियान से करते हुये कहा कि बिगड़ी दिनचर्या, तनाव, गलत खानपान, प्रदूषण और अन्य कारणों के चलते दिल से जुड़ी बीमारियां बढ़ रही हैं। छोटी उम्र से लेकर बुजुर्गों तक में यह समस्या आम होती जा रही है। दिल को दुरुस्त रखने के लिए सही खानपान,

**तनाव दिल का सबसे बड़ा दुश्मन है तनावमुक्त रहने का करे प्रयासः बृजेश सिंह**

एक्सरसाइज और तनाव को दूर भगाना सबसे जरूरी है। मानसिक रोग विशेषज्ञ डॉ0 विजित जायसवाल ने कहा कि दिल का ध्यान रखना बेहद ज़रूरी है। ज्यादातर मौत का कारण हार्ट की समस्याएं ही है। दिल सेहतमंद रहे इसके लिए नियमित व्यायाम करें तनाव कम लें धूम्रपान से दूर रहें अच्छा खाना और संतुलित खाना खाएं अनुशासन की जिंदगी जीएं। उनका कहना है कि इलाज से बेहतर बचाव है। अगर आप दिल की बीमारी से ईमानदारी से बचना चाहते हैं तो अभी से अपनी जीवनशैली में बदलाव लाना शुरु कर दीजिए।

एन.सी.डी. क्लीनिक के डॉ. पारितोष तिवारी ने गोष्ठी में कहा कि




हृदय की बीमारी का इलाज बचाव है और बचाव का सबसे सरल तरीका लाइफ स्टाइल में सही बदलाव है। एक जगह लगातार छह घंटे तक बैठना हृदय रोग का कारण बन सकता है, यह सिगरेट की डिब्बी पीने के बराबर है। हृदय रोग पूरे विश्व में एक गंभीर बीमारी है। उचित दिनचर्या और नियमित जांच कराने से हृदय रोगों से बचा जा सकता है।

कार्यक्रम का संचालन स्वास्थ्य शिक्षा सूचना अधिकारी बृजेश सिंह ने किया। डीएचईआईओ बृजेश सिंह ने हृदय रोगों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि तनाव दिल का सबसे बड़ा दुश्मन है। आज की भागदौड़ वाली जीवन शैली में लोगों में तनाव ज्यादा बढ़ गया है इसलिए इस बीमारी से पूरी तरह बचना तो मुश्किल है, लेकिन जहां तक संभव हो इससे दूरी बनाए रखें। तनाव के कारण मस्तिष्क से जो रसायन स्रावित होते हैं, वे हृदय की पूरी प्रणाली खराब कर देते हैं। हृदय हमारे शरीर का ऐसा अंग है जो लगातार पंप करता है और पूरे शरीर में रक्त प्रवाह को संचालित करता है। हृदय संचार प्रणाली के मध्य में होता है और धमनियों और नसों जैसी रक्त वाहिनियां अशुद्ध रक्त को शरीर के हर भाग से हृदय तक ले जाती हैं और शुद्ध रक्त को हृदय से शरीर के हर भाग तक पहुंचाती हैं। इस अवसर पर सीएमएस डॉ0 एमएमएम त्रिपाठी, एनसीडी के फिजियोथेरेपी विशेषज्ञ डॉ0 रियाजुल हक़, जिला सलाहकार पुनीत शर्मा, लैब टेक्नीशियन संतोष सिंह, एनसीडी सेल से विवेक श्रीवास्तव, मोहम्मद हारून, शरद श्रीवास्तव, अवधेश यादव, मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम से मुकेश हंस, राज कुमार महतो, अलका पांडेय, मनीष कुमार आदि मौजूद रहे।

# ग्लैडियोलस के खेती कर किसान संजय बने बदलाव के वाहक

**अवधनामा संवाददाता**

**हरदोई।** बदलते समय के साथ जनपद हरदोई के किसानों ने भी स्वयं को काफी बदला है। कुछ अग्रणी प्रगतिशील किसान इस बदलाव के वाहक बने हैं। इन्हीं बदलाव के वाहकों में से एक नाम है बावन के किसान संजय सिंह का। उनको 2022-23 की राष्ट्रीय कृषि विकास योजना हेतु उनको चयनित किया गया है। जनपद के बहुसंख्यक किसानों की भांति वे भी पहले पारंपरिक फसलों की खेती किया करते थे। वे मीडिया को धन्यवाद देते हुए बताते हैं कि मीडिया के माध्यम से उनको उद्यान विभाग में संचालित योजनाओं की जानकारी मिली। मीडिया में प्रकाशित सफलता की कहानियों ने उन्हें काफी

**अऔद्यानिक कृषि से किसानों की आय बढ़ीः जिलाधिकारी**

प्रेरित किया। उनको प्रारंभ से ही फूलों की खेती में काफी रूचि थी। उन्होंने हरदोई के जिला उद्यान अधिकारी के कार्यालय से सम्पर्क किया। वहाँ से प्राप्त जानकारी के पश्चात उन्होंने 0.8 हेक्टेयर हेतु ग्लैडियोलस बल्व कार्यक्रम में पंजीकरण कराया। इसके बाद उन्हें 0.8 हेक्टेयर क्षेत्र हेतु 9600 ग्लैडियोलस बल्व विभाग द्वारा निःशुल्क उपलब्ध कराए गए। समय-समय पर उनको विभाग की ओर से तकनीकी मार्गदर्शन प्रदान किया गया। उन्होंने समय पर निराई, गुड़ाई आदि की। उचित खादों का प्रयोग किया। इससे अच्छी गुणवत्तायुक्त पुष्प तैयार हुआ। उन्होंने 125000 ग्लैडियोलस की स्पाइक बाजार में लगभग 375000 रुपये में बेची। संजय सिंह ग्लैडियोलस की खेती कर काफी प्रसन्न हैं। वह कहते हैं कि यह एक काफी अच्छा व्यवसाय है। उनके द्वारा की गयी औद्यानिक खेती आस-पास के लोगों में चर्चा का विषय बनी हुई है। जिलाधिकारी द्वारा भी समय-समय पर ऐसे प्रगतिशील किसानों को सम्मानित किया गया है। जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह कहते हैं कि जनपद में औद्यानिक कृषि की अपार संभावना है। काफी बड़ी संख्या में किसान इससे जुड़ रहे हैं। इससे किसानों की आय बढ़ी है। उनके जीवन स्तर में सुधार हुआ है। कृषि के प्रति आमजन की सोच सकारात्मक हुई है।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में हुई उद्योग बन्धु एवं व्यापार बन्धु की बैठक



**अवधनामा संवाददाता**

**हरदोई।** आज कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह की अध्यक्षता में उद्योग बन्धु एवं व्यापार बन्धु की बैठक हुई। जिलाधिकारी ने कहा कि निवेश मित्र एवं सिंगल विंडो पोर्टल पर प्राप्त आवेदनों का ससमय निस्तारण कराया जाए। ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के अंतर्गत प्राप्त सभी प्रस्तावों को धरातल पर उतारा जाए। पीएमईजीपी, ओडीओपी व एमएसवाई के अंतर्गत लक्ष्य के अनुरूप बैंक ऋण दिलाने में निवेशकों की हर सम्भव सहायता की जाए। संडीला औद्योगिक क्षेत्र के फेज-2 की सड़कों के उच्चीकरण का कार्य जल्द कराया जाए। नालियों की सफाई करायी जाए। उद्योग प्रतिनिधियों से समस्याओं को लेकर नियमित संवाद किया जाए। जिलाधिकारी ने औद्योगिक क्षेत्र में एक राष्ट्रीयकृत बैंक की शाखा खोलने का आश्वासन दिया। व्यापार बन्धु के अंतर्गत जिलाधिकारी ने माधोगंज मंडी क्षेत्र की सड़कों की मरम्मत कराने के निर्देश दिए। हरदोई मंडी में साफ सफाई की व्यवस्था को बेहतर बनाया जाए। व्यापारियों से नियमित संवाद किया जाए। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक केशव चन्द्र गोस्वामी, उपायुक्त उद्योग दुर्गेश कुमार, उपायुक्त व्यापार कर, उद्योग एवं व्यापार प्रतिनिधि तथा संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## कुत्ता बचाने के प्रयास में सड़क दुर्घटना में घायल युवक की हुई मौत

**कुड़वार,सुलतानपुर।** बाइक से घर जा रहा युवक कुत्ते को बचाने के चक्कर मे गम्भीर रूप से घायल हो गया।सूचना पर पहुची पीआरवी घायल को लेकर जिला अस्पताल पहुची जहां मौजूद चिकित्सक ने घायल को मृत घोषित कर दिया। गुरुवार देरशाम शैलेष सिंह(40)पुत्र लक्ष्कन सिंह निवासी पकड़ीपुर थाना कोतवाली नगर कुड़वार सुल्तानपुर मार्ग पर बाइक से घर जा रहे थे।जैसे ही बाइक सवार गंजेहड़ी गांव के पास पहुचे तभी सड़क पर टहल रहे आवारा कुत्ते को बचाने के चक्कर मे सड़क पर गिर कर गम्भीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुची पीआरवी घायल युवक को लेकर जिला अस्पताल पहुची। जहां मौजूद चिकित्सक ने घायल युवक को मृत घोषित कर दिया।प्रभारी निरीक्षक गौरीशंकर पाल ने बताया कि नगर कोतवाली को अस्पताल से सूचना गई है।

# 450 मरीजों व तीमारदारों को मुफ़्त खाना बांटा

**अवधनामा संवाददाता**

**सुल्तानपुर।** तुम जमीन वालो पर दया करो आसमान वाला तुम पर दया करेगा। इस दया और सेवाभाव की मुहिम को लेकर जिले की अग्रणी सामाजिक संगठन भोजन से वंचित असहाय, बेसहारा, निराश्रित लोगो के लिए निःस्वार्थ और निःशुल्क भोजन सेवा करने का भाव निश्चित रूप से अनूठी पहल है। जो समाज के लोगो के लिए प्रेरणा देने का कार्य कर रही है। यह पुनित कार्य राष्ट्रीय सामाजिक सेवा संघ के वैनर तले फलीभूत हो रही है।स्वाशाषी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय एव जिला चिकित्सालय और जिला महिला अस्पताल में उपचार करा रहे मरीजो और उनके तीमारदारों को सुल्तानपुर रेलवे जंक्शन पर यात्रियों और



**अन्नदान श्रेष्ठदान इस पुनीत कार्य मे यथासम्भव सहयोग करने आश्वासनः थानाध्यक्ष जीआरपी**

भोजन से वंचित जरूरतमन्दों को सप्ताह के एक दिवस प्रत्येक बृहस्पतिवार को निःशुल्क भोजन वितरण सम्पन्न हुआ। राष्ट्रीय सामाजिक सेवा संघ के मार्गदर्शक निज़ाम खान ने बताया कि संघ के अध्यक्ष मेराज अहमद खान के संयोजन में देर शाम 450 लाभर्थियों को मुफ्त खाना बांटा गया। डॉ भरत भूषण शुक्ला ने मेडिकल कालेज में और उधर जीआरपी थानाध्यक्ष अरविंद पाण्डेय ने रेलवे स्टेशन परिसर में भोजन की थाली देकर निःशुल्क भोजन वितरण शुभारंभ किया। राज्य मेडिकल कालेज में 300 लाभर्थियों को और उसके बाद रेलवे स्टेशन परिसर में 150 यात्रियों और जरुतमन्दों ,बेसहारा भूखे लोगो को भोजन कराया गया।मुफ्त भोजन पा कर भोजन से वंचित लोगो को राहत मिली। डॉ बी बी शुक्ला ने इस दौरान कहा कि भूखों को भोजन कराना बहुत पुनीत कार्य है। उन्होंने संघ की सराहना और प्रसंशा किया।

भोजन वितरण कार्य मे प्रमुख सहयोगियों में प्रदीप श्रीवास्तव, विजय निगम,शाह फैसल ,सरदार गुरप्रीत सिंह ,मुहम्मद मुज्तबा अंसारी,राज कुमार यादव ,सिकन्दर वर्मा,राशिद खान,राशिद वर्दी टेलर्स, इस्लाम पप्पू,चुन्ने, भोलू, माता प्रसाद जायसवाल, बैजनाथ प्रजापति,जय प्रकाश जायसवाल, आतिफ खान ,अरशद खान, अजलान खान, यूसुफ खान इत्यादि ने अहम योगदान किया।

# पर्वराज पर्यूषण के समापन पर गरबा नृत्य का हुआ आयोजन

**अवधनामा संवाददाता**

**ललितपुर।** पर्वराज पर्यूषण के समापन अवसर पर डोंडाघाट स्थित जैन मंदिर में धार्मिक व सांस्कृतिक कार्यक्रमों की धूम रही। मंदिर में जहां पर्यूषण पर्व के समापन अवसर पर श्रद्धालुओं द्वारा भगवान को निर्वाण लाडू चढ़ाया गया तो वहीं मंगल गीत का गायन किया। मंदिर में जैन मिलन महिला मण्डल द्वारा धार्मिक आयोजनों की श्रृंखला में महिलाओं द्वारा कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। जिसे देखकर वहां मौजूद दर्शकों द्वारा खूब सराहा गया। वहीं



जैन मिलन महिला मण्डल की अध्यक्षा श्रीमति अंतिम जैन ने कहा कि वर्ष भर में पर्वराज पर्यूषण पर्व का आगमन होता है। यह पर्व हमें दस लक्षणों के जरिए जो तत्वार्थ सूत्र की महत्ता प्रदान करते हैं, उससे हमारा जीवन सफल होता है। उन्होंने कहा कि इन दिनों वीर प्रभु की भक्ति में सरावोर होकर आचार्यश्री, आचार्य गुरूजी एवं माताजी के संरक्षण में रहते हुये संयम की परिभाषा को जानने का मौका मिलता है। कार्यक्रम के दौरान गरबा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में महिलाओं ने पारम्परिक वेषभूषा पहन कर गरबा नृत्य की बेहतरीन प्रस्तुति दी। इस मौके पर अध्यक्ष श्रीमति अंतिम जैन, महामंत्री स्वीटी जैन (अनौरा), कोषाध्यक्ष श्वेता जैन, वंदना जैन, निधि जैन, मोना जैन, रानी जैन, जया जैन, रुचि जैन, सोनम जैन, शचि जैन, मेघा जैन, नीतू जैन, मोनिका जैन, प्रीति जैन, किरण जैन, रोली जैन, अंशु जैन, समीक्षा जैन, पूजा जैन सहित सभी जैन मिलन महिला मंडल डोंडाघाट मंदिर की महिलाएं मौजूद रही।

## वाद विवादः प्रथम रहीं सोमल, नंदिनी तिवारी द्वितीय व शुभम यादव रहे तृतीय

**सुल्तानपुर।** राणा प्रताप स्नातकोत्तर महाविद्यालय के अर्थशास्त्र विभाग ने शुक्रवार को वाद विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया। भारत विकसित अर्थव्यवस्था की ओर अग्रसर है विषय पर आयोजित प्रतियोगिता में बीए तृतीय सेमेस्टर की छात्रा सोमल कनौजिया प्रथम रहीं। बीए प्रथम सेमेस्टर की नंदिनी तिवारी द्वितीय तथा बीए द्वितीय सेमेस्टर के शुभम यादव तृतीय स्थान पर रहे। विभागाध्यक्ष डॉ धीरेंद्र कुमार ने कहा कि भारतीय अर्थव्यवस्था में प्रति व्यक्ति आय में वृद्धि, आर्थिक असमानता के बदलते परिदृश्य और निर्धनता रेखा से बाहर आये लोगों आदि सूचकों के आधार पर यह कहा जा सकता है कि देश की अर्थव्यवस्था विकसित होने की ओर अग्रसर है। असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ.सुनील कुमार त्रिपाठी ने कहा कि आधारभूत संरचनाओं के विकास और पूंजी निर्माण के साथ उच्च तकनीक के उपयोग से जीवन स्तर को बेहतर बनाया जा सकता है। संचालन बीए प्रथम सेमेस्टर की छात्रा शिखा तिवारी ने किया। धनंजय नाविक, बलराम गौड़, नयना वर्मा, निधि यादव , सत्यम तिवारी,विमल ,विशाल आदि ने अपने विचार रखे।

## आपदा प्रबंधन पर डीएम से डिप्टी कमांडेंट, सीआरपीएफ ने की चर्चा

**ललितपुर।** सीआरपीएफ के डिप्टी कमांडनेट राना भारती द्वारा जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी से मुलाकात कर आपदा प्रबंधन के बारे विस्तृत चर्चा की गई। चर्चा के दौरान उन्होंने बताया कि वह वर्तमान में डिप्टी कमांडेंट प्रशासन, ग्रुप केंद्र, चंदौली में तैनात है, उन्हें 11वी बटालियन एनडीआरएफ में 7 साल का अनुभव है। इस अवसर पर उन्होंने आपदा प्रबंधन के बारे में महत्त्वपूर्ण बिंदुओं-पैनल डीएम ऑफिस के बाहर आपदा प्रबंधन, रिजर्व स्टॉक का डिस्प्ले, लाइटनिंग, आकाशीय बिजली से बचाओ आदि के बारे में विस्तार से जानकारी दी। साथ ही ललितपुर के आपदा प्रबंधन का निरीक्षण भी किया।

**उत्तर रेलवे**

G20 भारत 2023 INDIA — आज़ादी का अमृत महोत्सव

**निविदा रद्द करने की सूचना**

निविदा सूचना सं. टीआरडी–10–सीनि0डी0ई0ई0–लखनऊ–23 दिनांकः 22.09.2023, कार्य का नाम ''एन० टी० पी० सी० ऊंचाहार रेल यार्ड स्टेज चतुर्थ के विद्युतीकरण के लिए 25 के वी सिंगल फेज ओ० एच० ई० की डिजाइन, आपूर्ति, निर्माण, परीक्षण एवं कमीशनिंग का कार्य''को तकनीकी कारणों से रद्द किया जाता है ।

**सं०: टीआरडी–10–सीनि०डी०ई०ई०–लखनऊ–23 दिनॉक 27.09.2023**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 3023/23

## भाविप की जिला कार्यकारिणी गठित

**ललितपुर।** विश्व के सबसे बड़े छात्र संगठन अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कॉलेज इकाई की घोषणा नेहरू महाविद्यालय के तुलसी सभागार में हुई। इस घोषणा में कॉलेज इकाई अध्यक्ष मानवेन्द्र प्रताप सिंह, उपाध्यक्ष आनंद राजपूत, बलराम रिछारिया, हिमांचल राजा, शक्ति राजा, दीपक यादव, इकाई मंत्री चंचल नायक, सह मंत्री बॉबी राजा, सचिन राजपूत, सत्यम झा, चन्द्रचूड़, संदीप बुन्देला, एस एफ डी संयोजक अभिमन्यु राजपूत, सह संयोजक आदित्य कौशिक, एस एफ एस संयोजक राजा बाबू, सह संयोजक राहुल कुशवाहा, राष्ट्रीय कला मंच संयोजक महफुर खान, सह संयोजक अभय सोनी, सोशल मीडिया संयोजक अभय राजा, जेल आयाम संयोजक साहिल राजा के अलावा कार्यकारिणी सदस्य भागसिंह, देवराज, अजु पाठक, रूपेश यादव, हरेन्द्र राजा को नियुक्त किया गया। यह घोषणा चुनाव अधिकारी अभिषेक पटैरिया ने सर्व सम्मति से की।



## बैठक का किया गया आयोजन

**ललितपुर।** जिलाधिकारी सभागार में अध्यक्ष जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी की अध्यक्षता में जिला बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति मिशन वात्सल्य की बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें 0 से 18 वर्श के बच्चों के संरक्षण, षिक्षा, स्वास्थ्य, बालश्रम, यौन षोशण पलायन, मानव तस्करी, भिक्षावृत्ति आदि बिन्दुओं पर चर्चा की गई। बाल संरक्षण सेवायें पूर्व नाम समेकित बाल संरक्षण योजना के तहत गठित जिला बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति एक अत्यन्त संवेदनषील समिति है, जिसके अन्तर्गत त्रिस्तरीय समिति का गठन किया जा चुका हैं जिसमें 06 ब्लॉक स्तर एवं 415 ग्राम पंचायत स्तर पर बाल कल्याण एवं संरक्षण समितियों का गठन किया जा चुका है। बैठक में अध्यक्ष द्वारा बाल संरक्षण के क्षेत्र में समस्त विभागों को एकजुट होकर कार्य करने हेतु कहा गया तथा पुलिस विभाग, चिकित्सा विभाग, पंचायती राज विभाग, श्रम विभाग, रेलवे, षिक्षा विभाग एवं चाइल्ड लाइन के उपस्थित अधिकारियों को बाल संरक्षण के क्षेत्र में सजगता, संवेदनषीलता एवं गम्भीरता से कार्य करने हेतु निर्देष दिये गये।, समिति यह सुनिष्चित करेगी कि बाल श्रम, बाल यौन षोशण, पलायन, ट्रेफकिंग अथवा किसी प्रकार की बच्चों के साथ क्रूरता जैसा व्यवहार न हो।

# साहित्यकारों ने डॉ. घनश्याम को दी श्रद्धांजलि

**अवधनामा संवाददाता**

**सुल्तानपुर।** डा0 घनश्याम तिवारी की जिस तरह से नृशंस, निर्मम और क्रूर हत्या की गयी है, सुलतानपुर का साहित्य- समाज उसकी घोर भर्त्सना करता है। उनके परिवार के प्रति हार्दिक शोक-संवेदना व्यक्त करता है। वरिष्ठ साहित्यकार कमलनयन पाण्डेय ने कहा कि जब भी समाज अपने बीच घटित होते घोर अन्याय, अत्याचार, दमन, उत्पीड़न और जघन्य हिंसक वारदातों को अनदेखा, अनसुना कर देता है। चुप और निष्क्रिय हो जाता है; तो वह समाज सिर्फ पतन की ओर ही नहीं जाता बल्कि वह समाज और उस समाज में रहने वाला हर कोई असुरक्षित हो जाता है। ऐसे में किसी भी अपराध और अपराधी के विरुद्ध सर्व समाज को एकजुट खड़ा होना पड़ेगा। डा0 राधेश्याम सिंह ने कहा कि बंटे और विखरे समाज में अपराध और अपराधी निरंकुश हो जाते हैं। डा0 घनश्याम तिवारी की वहशीपन के साथ की गई जघन्य हत्या को समाज और सत्ता, प्रशासन गंभीरता से ले। अपराधियों को दण्ड मिलता दिखना चाहिए।

डा0 इन्द्रमणि कुमार ने कहा कि इस तरह की नृशंस हत्या से दिल दहल उठता। अपने भीतर सवाल उठता है कि हम किस समय और समाज में रह रहे हैं। डा0 सुशील कुमार साहित्येन्दु ने हत्यारों के विरुद्ध त्वरित और प्रभावी कार्रवाई की माँग की। शायर हबीब अजमली ने आहत स्वर में कहा कि डा0 घनश्याम तिवारी के वहशी हत्यारों के विरुद्ध सर्व समाज का साझा हाथ उठना चाहिए। तभी हत्यारों को दण्ड मिल सकेगा। अन्य साहित्यकारों ने भी इसी तरह के अपने विचार रखे। अंत में ख्यात ग़ज़लकार डा0 डी एम मिश्र ने अपनी काव्य- पंक्तियाँ प्रस्तुत कीं कमज़ोर लोगों का कठिन जीना हुआ/ गुंडों का चौड़ा मगर सीना हुआ/ कब, कहाँ पर कौन मारा जाएगा/ अब ये बतलाना भी नामुमकिन हुआ। आखि़र में स्मृति शेष डा0 घनश्याम तिवारी के प्रति विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की गयी।

## हलियापुर थाने का चार्ज उप निरीक्षक अंजू को मिला

**सुल्तानपुर।** महिला सुरक्षा को लेकर मुख्यमंत्री योगी की वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के बाद असर दिखने लगा है। क्योंकि जनपद सुल्तानपुर में भी बहुतेरे ऐसे मामले थे जिनमें महिलाओं को अभी भी समुचित न्याय नही मिला था। सुल्तानपुर जनपद में 20 थाने में अब एक थाना प्रभारी महिला थानाध्यक्ष होंगी। तकरीबन 3 दिन पहले शासन के निर्देश पर बीजेपी की योगी सरकार ने यह निर्णय लिया था कि महिलाओं की सुरक्षा के लिए वह अतिरिक्त कदम उठायेंगे।

**उत्तर रेलवे**

G20 भारत 2023 INDIA — आज़ादी का अमृत महोत्सव

**निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरिष्ठ विद्युत अभियंता, उत्तर रेलवे, लोको वर्कशाप, चारबाग लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए ई–निविदा आमंत्रित है। **निविदा संख्या :** 199/इलैक्ट्रिकल/डब्ल्यू/लख0/निविदा/01/2023/आरटी **कार्य का विवरण :** ''रोलिंग स्टॉक वर्कशॉप चारबाग लखनऊ में विद्युत केबलिंग एवं लाइटिंग कार्य''। **मात्रा :** ऐस.ओ.आर. के अनुसार। **कार्य की अनुमानित लागतः** रु.1,16,58,829/ (रुपये एक करोड़ सोलह लाख अठावन हजार आठ सौ उनतीस मात्र) **अग्रिम धन राशि (अर्नेस्टमनी):** रु.2,08,300/– मात्र (नेट बैंकिंग या पेंमेंट गेटवे के द्वारा) **निविदा फार्म का मूल्यः** शून्य **कार्य पूरा होने की अवधिः** 01 वर्ष। **निविदा जमा करने का समयः** दिनांक 11.10.2023 से 26.10.2023 समय 15:00 बजे तक। **न्यूनतम योग्यता मानदंडः** निविदाकर्ताओं को अपने ऑफर के साथ वैध क्लास–ए इलेक्ट्रिकल कॉन्ट्रेक्टर लाइसेंस की प्रमाणित छायाप्रति संलग्न करनी होगी। **निविदा खुलने की तिथि तथा समयः** दिनांक 26.10.2023 को 15:15 बजे। • निविदा प्रपत्र वेबसाइट **www.ireps.gov.in** द्वारा दिनांक 11.09.2023 से 26.10.2023 (15:00 बजे तक) भरा जा सकता है। • मैनुअल आफर पर विचार नही किया जायेगा। • निविदाकर्ता, निविदा फार्म का मूल्य व धरोहर राशि का भुगतान केवल **www.ireps.gov.in** पोर्टल पर उपलब्ध ऑनलाइन भुगतान प्रणाली में नेट बैंकिंग, क्रेडिट कार्ड, डेबिट कार्ड इत्यादि द्वारा किया जायेगा। • डिमांड ड्राफ्ट, बैंकर्स चेक, डिपाजिट रसीद, एफ.डी.आर. द्वारा भुगतान स्वीकार नही किया जायेगा। • निविदा निर्धारित दिन एवं समय पर **www.ireps.gov.in** पोर्टल पर खोला जायेगा यदि किसी कारण वश उक्त दिनांक को अवकाश होगा तो ठीक दूसरे कार्य दिवस में उसी समय पर खोला जायेगा। • तकनीकी और वाणिज्यिक प्रस्तावों के खुलने के बाद अतिरिक्त दस्तावेज की प्रस्तुति एवं उससे संबंधित निविदा उपरांत किसी प्रकार के पत्राचार स्वीकार नहीं किए जाएंगे। निविदादाता के निविदा उपरान्त पत्रों को भी शून्य एवं प्रभावहीन माना जायेगा।

**निविदा सूचना सं. 199/इलैक्ट्रिकल/डब्ल्यू/लख0/निविदा/01/2023/आरटी दिनांकः 28.09.2023** 3028/2023

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# पर्यावरण संरक्षण के लिए खेतों में पराली न जलाएं कृषकः डीएम



**अवधनामा संवाददाता**

**बहराइच।** प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना अन्तर्गत जनपद के शत-प्रतिशत कृषकों को लाभान्वित किये जाने के उद्देश्य से वंचित/अवशेष कृषकों के बैंक खाते की आधार सीडिंग, ई-केवाईसी तथा लैण्ड सीडिंग कार्यों को 10 अक्टूबर 2023 तक पूर्ण तथा खेतों में पराली जलाने की घटनाओं को न्यून से न्यूनतम करने तथा फसल अवशेषों एवं पराली प्रबन्धन के उद्देश्य से जिलाधिकारी मोनिका रानी ने जनसेवा केन्द्र समन्वयक, नोडल अधिकारियों, कृषि एवं एलायड विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक करते हुए निर्देश दिया कि किसी भी दशा में पराली जलने की घटना प्रकाश में न आये अन्यथा की स्थिति में सम्बन्धित विशेषकर क्षेत्रीय लेखपालों का उत्तरदायित्व निर्धारित करते हुए कड़ी कार्यवाही की जायेगी। बैठक में मौजूद अधिकारियों एवं कर्मचारियों को डीएम ने इस बात संकल्प दिलाया कि पर्यावरण संरक्षण के दृष्टिगत पराली जलाने की घटनाओं पर प्रभावी अंकुश के लिए पदेन उत्तरदायित्वों का निवर्हन करेंगे। डीएम ने जिला पंचायत राज अधिकारी राघवेन्द्र कुमार द्विवेदी व उप कृषि निदेशक टी.पी. शाही को निर्देश दिया कि 02 अक्टूबर को ग्राम में आयोजित होने वाले आयुष्मान सभा में विभागीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों की उपस्थिति सुनिश्चित कराकर मौजूद ग्रामवासियों को पीएम-किसान निधि से वंचित किसानों की समस्याओं का समाधान करायें तथा कृषकों को खेतों में पराली न जलाने के लिए जागरूक करें तथा उन्हें पराली प्रबन्धन के बारे में तकनीकी जानकारी भी दी जाय।

**विशेष रेलगाड़ियों के परिचालन अवधि में विस्तार**

रेलयात्रियों को सूचित किया जाता है कि रेलवे द्वारा निम्नलिखित विशेष रेलगाड़ियों के परिचालन की अवधि को निम्नानुसार बढ़ाने का निर्णय लिया गया है।

| रेलगाड़ी संख्या एवं रेलगाड़ी का नाम | चलने के दिन | पूर्व घोषित तिथि तक | विस्तारित अवधि | संशोधित संरचना |
|---|---|---|---|---|
| 09183 मुंबई सेंट्रल–बनारस एक्सप्रेस स्पेशल | बुधवार | 27.09.23 | 04.10.23 से 29.11.23 तक | वर्तमान संरचना के साथ |
| 09184 बनारस–मुंबई सेंट्रल एक्सप्रेस स्पेशल | शुक्रवार | 29.09.23 | 06.10.23 से 01.12.23 तक | |
| 09525 ओखा–नाहरलगुन एक्सप्रेस स्पेशल | मंगलवार | 05.09.23 | 17.10.23 से 28.11.23 तक | द्वितीय वाता.-01, तृतीय वाता.-03, शयनयान-12 एवं सामान्य-04 |
| 09526 नाहरलगुन–ओखा एक्सप्रेस स्पेशल | शनिवार | 09.09.23 | 21.10.23 से 02.12.23 तक | |
| 09417 अहमदाबाद जं.–पटना जं. एक्स. स्पे. | सोमवार | 04.09.23 | 16.10.23 से 27.11.23 तक | वर्तमान संरचना के साथ |
| 09418 पटना जं.–अहमदाबाद जं. एक्स. स्पे. | मंगलवार | 05.09.23 | 17.10.23 से 28.11.23 तक | |

रेलयात्रियों से अनुरोध है कि किसी भी जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाईन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाईट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES App देखें।

रेलमदद वेबसाइट देखें :- www.railmadad.indianrailways.gov.in रेलमदद ऐप डाउनलोड करें

हमें फॉलो करें — आज़ादी का अमृत महोत्सव — G20 भारत 2023 INDIA

**उत्तर रेलवे** आपकी सुविधा – हमारा ध्येय हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें 3039/23

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**ग्राम पंचायत- सिकरी बखरिया वि.खं.-लोटन बाजार, सिद्धार्थनगर**

**अल्पकालीन निविदा**

वित्तीय वर्ष 2023-24 में ठोस तरल अपशिष्ट प्रबन्धक (SLWM) केंद्रीय वित्त/वित्त आयोग/मनरेगा/ स्वच्छ भारत मिशन अन्तर्गत स्वीकृत कार्य हेतु ई रिक्शा, साइकिल रिक्शा, कूड़ेदान, प्लास्टिक बैग, प्लास्टिक बैंक, सफेद सीमेंट, गिट्टी, प्रथम श्रेणी ईट, रोड़ा, सीमेंट, रेट्रोफिटिंग मौरंग बालू, इंटरलॉकिंग, सरिया, लोहे का जाल, ह्यूम पाइप, वॉल पुट्टी, टीन चादर, बजरफुट, बजरी, वॉल पेंटिंग, प्लास्टिक पाइप कलेक्श सेंटर हैण्डपंप मरम्मत, रीवोर, इलेक्ट्रॉनिक मेटेरियल आदि सामानों की आपूर्ति हेतु इच्छुक व मान्य आपूर्तिकर्ता दिनांक 29.09.2023 से 12.10.2023 तक निविदा कार्यालय में जमा कर सकते हैं। दिनांक 12.10.2023 को सुबह 12:00 बजे निविदा ग्राम पंचायत कार्यकारिणी के समक्ष खोली जाएंगी प्रतिबंध नियम व शर्तें एवं अन्य विवरण कार्य दिवस में ग्राम पंचायत कार्यालय से सम्पर्क कर सकते हैं।

**ईश्वर देव**
**सचिव**
**ग्रा.पं. सिकरी बखरिया**

**सफीउल्लाह**
**प्रधान**
**ग्रा.पं. सिकरी बखरिया**

# 422 शिक्षकों की सैलरी रोकी, 156 पर हुई कार्यवाही

## ब्लॉक के कुछ विद्यालयों में बिजली कनेक्शन न होने से खंड शिक्षा अधिकारी, कटरा का वेतन रोकने का दिया आदेश

- फर्नीचर सप्लायर संस्था को काली सूची में डालने के निर्देश



अवधनामा संवाददाता

**शाहजहांपुर।** जनपद के विकास भवन सभागार में मध्यान भोजन एवं मिशन प्रेरणा के प्रभावी क्रियान्वयन एवं नियमित टास्क फोर्स अनुश्रवन हेतु समीक्षा बैठक मुख्य विकास अधिकारी एसबी सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में बेसिक शिक्षा अधिकारी रणवीर सिंह द्वारा अवगत कराया गया कि जिन विद्यालयों में बाउंड्री वॉल का कार्य अभी तक पूर्ण नहीं हुआ है उन्हें दिसंबर 2023 तक पूर्ण कर लिया जाएगा। विद्यालयों में फर्नीचर उपलब्ध कराने वाली संस्था ने कुल 29 प्रतिशत विद्यालयों में ही अब तक फर्नीचर उपलब्ध कराए हैं। इस स्थिति पर नाराजगी व्यक्त करते हुए सीडीओ ने कहा इस संस्था को तत्काल प्रभाव से काली सूची में डाल दिया जाए। बीएसए ने बताया कि अब तक 2672 विद्यालयों के किचन मे टायलीकारण का कार्य कर लिया गया है। बीएसए ने जानकारी दी कि जनपद में कुल 358991 बच्चे नामांकित है, जिन में से 333991 बच्चों का डीबीटी पूर्ण करा लिया गया है। बीएसए ने बताया कि कुल 422 शिक्षकों की सैलरी ऑनलाइन अनुश्रवण के दौरान रोकी गई, 156 शिक्षकों पर निलंबन इत्यादि की कार्यवाही की गई। सीडीओ एसबी सिंह ने निर्देश दिया कि विद्यालय में किचन गार्डन को बढ़ावा देने की आवश्यकता है। उन्होंने निपुण भारत के संबंध में जनपद की स्थिति को निराशाजनक बताया। उन्होंने निर्देश दिया कि अनुश्रवण के संबंध में रिपोर्ट उसी दिन अपलोड कर दी जाए, अपलोड करने में देरी जांच की विश्वासनीयता पर सवाल उठाती है। जनपद के 2720 विद्यालयों के सापेक्ष अभी तक 2654 विद्यालयों में बिजली का कनेक्शन उपलब्ध है। सीडीओ ने कहा जिन विद्यालयों में अभी तक बिजली का कनेक्शन नहीं हो पाया है, सभी खंड शिक्षा अधिकारी बिजली विभाग के अधिशासी अभियंता से समन्वय स्थापित करके जल्द से जल्द वहां बिजली का कनेक्शन कराने का प्रयास करें। अवकाश स्वीकृत करने में हो रही देरी पर सीडीओ ने कहा कि अवकाश से संबंधित प्रार्थना पत्रों पर कार्यवाही करने में खंड शिक्षा अधिकारी लापरवाही ना बरतें। बैठक में एडीएम प्रशासन संजय कुमार पांडे, पीडी डीआरडीए अवधेश राम, बीएसए रणवीर सिंह, डीडीओ पवन कुमार सिंह, डीपीआरओ घनश्याम सागर, जिला दिव्यांग जन सशक्तिकरण अधिकारी ज्ञान देवी समेत जिले के समस्त खंड शिक्षा अधिकारी मौजूद रहे।

# दीप प्रज्वलित के साथ सवा लाख जप साधना का शुभारंभ



अवधनामा संवाददाता

**शाहजहांपुर।** मिशन स्कूल फील्ड गौहरपुरा में 27 अक्टूबर से 30 अक्टूबर तक होने जा रहे 108 कुंडीय गायत्री महायज्ञ के लिए गुरुधम शांतिकुंज से आए पूज्य गुरुदेव माता भगवती स्वरूप शक्ति कलश एवं मां स्नेह सलिला सजल श्रद्धा मां भगवती के महाप्रयाण दिवस पर श्रद्धांजलि स्वरुप शक्ति कलश का पूजन कर यज्ञ आयोजक, ट्रस्टी जयसिंह ने सपत्नी के दीपक प्रज्वलित कर सवा लाख जप साधना का शुभारंभ किया। सभी परिजनों ने माता भगवती को महाप्रयाण दिवस पर भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की। जप साधना प्रातः 10 बजे से प्रारंभ होकर सायं 7 बजे पूर्ण हुई। नियमित 40 दिवसीय जप साधना सायं 6 बजे से 7 बजे तक चलती रहेगी। युग ऋषि संदेशवाहक सूरज ने जानकारी देते हुए बताया कि 1 अक्टूबर से लेकर 15 अक्टूबर तक शक्ति कलश जनसंपर्क और भावभरा निमंत्रण देने जिले के हर ब्लॉक और हर तहसील में जाएगा जिले में भ्रमण करने का चार्ट समस्त ब्लाकों तहसीलों एवं नगर क्षेत्र के कार्यकर्ताओं को प्रेषित कर व्हाट्सएप ग्रुपों एवं फेसबुक पर भी पोस्ट कर दिया गया है। यह भी जानकारी दी कि 108 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ के निमित्त जनसंपर्क अभियान नगर क्षेत्र एवं तहसीलों , ब्लॉकों में निरंतर किया जा रहा है। पूजन में गायत्री परिजन मौजूद रहे।

# कैंट की जमीन पर बनी झोपड़ियों पर चला बुलडोजर

- महिलाओं ने किया आत्मदाह का प्रयास
- महिलाओं ने पुलिस पर लगाया पिटाई करने का आरोप



अवधनामा संवाददाता

**शाहजहांपुर।** जनपद में कैंट की जगह पर घुमंतू परिवार झोपड़ियां डालकर रह रहे थे। शुक्रवार को बुलडोजर से इनकी झोपड़ियों को हटा दिया गया। इस कार्रवाई का झोपड़ियों में रहने वाले परिवारों ने विरोध किया। महिलाओं ने खुद को आग लगाने का प्रयास किया। पुलिसकर्मियों ने उन्हें रोक लिया। महिलाओं ने पुलिस पर पिटाई करने का आरोप लगाया है। आपको बता दे कि मामला कैंट क्षेत्र का जहाँ घुमंतू परिवार झोपड़ियां डालकर रह रहे थे। शुक्रवार को दोपहर करीब एक बजे नायब तहसीलदार अनुराग यादव, कैंट के अधिकारी व सदर बाजार पुलिस, मौके पर पहुंचे। अधिकारियों ने झोपड़ियों में रहने वाले लोगों को बाहर निकलने और जेसीबी चलाने के निर्देश दिए। लोग बाहर नहीं निकले, जिस पर पुलिस को जबरदस्ती उन्हें बाहर निकालना पड़ा। इसके बाद जेसीबी से झोपड़ियों को तहस-नहस कर दिया गया। इस बीच विरोध कर रही महिलाओं ने खुद को आग लगाने का प्रयास किया, जिन्हें पुलिसकर्मियों ने रोक लिया। महिलाओं का आरोप था कि पुलिसकर्मियों ने घर में घुसकर परिजनों की पिटाई की। कुछ महिलाओं के कपड़े भी फटे थे। कैंट क्षेत्र में करीब 15 झोपड़ियों को तोड़ा गया। वहीं कुछ लोगों ने अपनी झोपड़ियों को अपने आप ही हटा लिया। इस दौरान सेना के जवान मौजूद रहे।

## युवक को बंधक बनाकर पीटा, अस्पताल में हुआ उपचार

**बांदा।** छेड़खानी की रंजिश में पड़ोसियों ने युवक को बंधक बनाकर लाठियों से मारपीट कर घायल कर दिया। तीन घंटे बाद युवक को छोड़ा गया। युवक किसी तरह से अपने घर पहुंचा। परिजन घायल युवक को लेकर थाने पहुंच गए। घटना की तहरीर पुलिस को दी गई। पुलिस ने घायल का जिला अस्पताल में मेडिकल परीक्षण कराया। गिरवां थाना क्षेत्र के मनीपुर गांव निवासी सचिन (19) पुत्र रामनरायन गुरूवार की शाम घर के बाहर बैठा था। तभी गांव के दो दोस्त उसके पास आए और बहला फुसलाकर लिवा ले गए। पहले से घात लगाए बैठे चार लोगों ने सचिन के हाथ-पैर बांधकर डंडों से पीटकर बेदम कर दिया।

# जल जीवन मिशन सम्बंधित समीक्षा बैठक हुई आयोजित



अवधनामा संवाददाता

**हमीरपुर।** जिलाधिकारी राहुल पाण्डेय की अध्यक्षता व मुख्य विकास अधिकारी चन्द्र शेखर शुक्ला की उपस्थित में जल जीवन मिशन.हर घर जल के तहत कराये जा रहें कार्योध्संचालित प्रोजेक्ट की समीक्षा एवं कार्यदायी संस्थाओंध्एजेन्सियों द्वारा किये जा रहें कार्यो में प्रगति एवं गुणवत्ता से सम्बंधित समीक्षा बैठक डॉ0 ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने जल जीवन मिशन के अन्तर्गत ऑगनवाड़ी केन्द्र ,स्वास्थ्य केन्द्र, पंचायत घर आदि प्राथमिकता के साथ अच्छादित करने के निर्देश दिए। बैठक में जिलाधिकारी ने अधिशाषी अभियन्ता जल निगम से जनपद में जल जीवन मिशन के अन्तर्गत कराये जा रहें निर्माण कार्यो सहित निर्माण कार्यो में प्रगति सहित पेयजल परियोजनाओं को संचालित किये जाने में लगाये गये कार्यदायी संस्थाओं एंव एजेन्सियों द्वारा किये जा रहें कार्यो, आदि के बारे में जानकारी प्राप्त करते हुए विभिन्न बिन्दुओं पर आवश्यक दिशा निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने कहा कि पेयजल परियोजना से आच्छादित गॉवों में जहा पर भी सड़क तोड़ कर पाइप डाली गयी है उन सड़कों को कार्यदायी संस्था द्वारा तत्काल सही करा दिया जाए अन्यथा सम्बंधित कार्यदायी संस्था के विरूद्ध कार्यवाही की जाएगी। जिलाधिकारी द्वारा जनपद में जल जीवन मिशन के तहत परियोजनाओं को संचालित किये जाने के संबंध में लक्ष्य के सापेक्ष अत्यन्त धीमी प्रगति पर नाराजगी व्यक्त करते हुए मैन पावर बढा कर कार्य कराने एवं अन्य सभी कम्पोनेन्ट पर कार्य पूर्ण कराने हेतु निर्देशित किया गया।

जिलाधिकारी ने कहा कि सम्बंधित विभाग एवं कार्यदायी संस्था निर्धारित गुणवत्ता एवं प्रगति के मानक के अनुसार कार्य करें। इसमें शिथिलता कदापि नही होनी चाहिए।

बैठक में जिलाधिकारी ने उक्त कार्यो के सापेक्ष प्रगति एवं गुणवक्ता की समीक्षा करते हुए अवशेष पेयजल परियोजनाओं/ निर्माण कार्यो को यथाशीघ्र पूर्ण कराने का निर्देश सम्बंधित अधिकारियों सहित कार्यदायी संस्थाओं को दिये। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे, अधिशाषी अभियन्ता जल निगम, अधिशाषी अभियन्ता विद्युत, प्रोजेक्ट मैनेजर सहित सम्बंधित अधिकारी आदि उपस्थित रहे।

# सरकारी योजनाओं का पशुपालक उठाएं लाभः जिलाधिकारी

अवधनामा संवाददाता

**हमीरपुर।** जिलाधिकारी राहुल पाण्डेय की अध्यक्षता में व मुख्य विकास अधिकारी की उपस्थित में ''नन्दबाबा दुग्ध मिशन''के क्रियान्वयन एवं अनुश्रवण हेतु गठित डिस्ट्रिक्ट एक्जीक्यूटिव कमेटी की बैठक डॉ0 एपीजे अब्दुल कलाम सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि, मुख्यमंत्री प्रगतिशील पशुपालक प्रोत्साहन योजना, नन्दबाबा दुग्ध मिशन के अन्तर्गत स्वदेशी गायों में नश्ल सुधार एवं दुग्ध उत्पादकता में वृद्धि हेतु सरकार द्वारा चलायी जा रही। मुख्यमंत्री प्रगतिशील पशुपालक प्रोत्साहन योजना के क्रियान्वयन एवं प्रचार.प्रसार के संदर्भ में आवश्यक दिशा निर्देश देते हुये कहा कि विभागीय अधिकारीगण एवं कर्मचारी ग्रामीण क्षेत्रों में इस योजना के सम्बन्ध में पशुपालकों को विस्तार से जानकारी देते हुये उन्हें योजना का लाभ लेने हेतु प्रेरित करें। बैठक में प्रभारी उप दुग्धशाला विकास अधिकारी कमलेश कुमार ने बताया कि योजना का उद्देश्य जनपद में उच्च गुणवत्ता एवं उत्पादकता वाली स्वदेशी नस्ल की गायों को पालने की प्रवृत्ति को प्रोत्साहित करने के साथ.साथ पशुपालकों को गायों की नस्ल सुधार, उनकी बेहतर देखभाल, गुणवत्तायुक्त पोषण एवं स्वास्थ्य प्रतिरक्षा के लिये प्रेरित करना एवं जनपद में दुग्ध उत्पादकता में वृद्धि करके पशुपालकों की आय में वृद्धि करना है। उन्होंने बताया कि ''मुख्यमंत्री प्रगतिशील पशुपालक प्रोत्साहन योजना'' के अन्तर्गत चयनोपरान्त प्रगतिशील पशुपालक जिन्होंने देशी नस्ल की साहीवाल, गिर, थारपारकर, हरियाणा, गंगातीरी गायों का पालन किया है तथा प्रतिदिन 8 से 12 किग्रा तक दूध दे रही हैं, ऐसे पशुपालकों को प्रोत्साहन स्वरूप 10000 रुपए एवं 12 किग्रा से अधिक दूध देने वाली उक्त नस्लों के गायों के पशुपालकों को 15000 रुपए प्रोत्साहन धनराशि दिया जायेगा। इसी प्रकार प्रगतिशील पशुपालक जिन्होंने हरियाणा एवं गंगातीरी नश्लों की गायों का पालन किया है।

# ग्रामीणों में नाराज़गी, विभिन्न मांगों को लेकर जताया विरोध



अवधनामा संवाददाता

**सोनभद्र/डाला।** चोपन थाना क्षेत्र के सलईबनवा रेलवे स्टेशन के पास में स्थित एक नीजी कंपनी के गेट के बाहर दर्जनों ग्रामीणों ने एकत्रित होकर विरोध जताया।ग्रामीणों का कथित आरोप है कि कंपनी द्वारा जमीन लेने के पहले यह बताया गया था कि जमीन लेने के बाद स्थानीय लोगों को योग्यता अनुसार रोजगार दिया जायेगा तथा जिसकी जितनी जमीन है उसे उसका उतना हक भी मिलेगा है लेकिन वादे के मुताबिक काम नहीं हो रहा हैं इसलिए नापी करवाकर अपना कार्य करने के बात कही गई। बताते चलें कि महिलाएं और ग्रामीण नीजी कंपनी के गेट के पास घंटों शांति पूर्वक बैठे रहें। सुचना मिलते ही मौके पर पहुंचे डाला चौकी प्रभारी वृजेश कुमार पाण्डेय ने ग्रामीण को समझाया तथा सम्बंधित अधिकारियों से बात करके ग्रामीणों के प्रतिनिधि मंडल से जिम्मेदार अधिकारियों से वार्ता करवाया जिसमें रोजगार आदि विषयों पर चर्चा हुई तथा जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा मांगों पर विचार करने की बात कही गई। इस मौके पर मनोज यादव,शिव प्रसाद, मंगला प्रसाद,पंकज,राज कुमार, शिव कुमार, रविन्द्र जयसवाल, रितेश आदि दर्जनों ग्रामीण मौजूद रहे।

# भाजपा के नवनियुक्त जिला अध्यक्ष का वेंडिंग व्यवसायी संगठन ने किया जोरदार स्वागत



अवधनामा ब्यूरो

**सोनभद्र।** रावटसगंज नई बस्ती में वेंडिंग व्यवसायी संगठन सोनभद्र की ओर से भाजपा के नव नियुक्त जिला अध्यक्ष नंदलाल गुप्ता का स्वागत समारोह का आयोजन किया गया कार्यक्रम के आयोजन वेंडिंग व्यवसायी संगठन के जिला प्रवक्ता आशिफ वारसी के आवास किया गया। संगठन के जिला अध्यक्ष रमेश कुमार सिंह ने नवनियुक्त जिला अध्यक्ष को पुष्प गुच्छ भेंट कर सम्मानित किया। भाजपा जिला अध्यक्ष नंदलाल गुप्ता ने अपने संबोधन में कहा कि किसी भी व्यापारी को किसी प्रकार की समस्या होती है तो निः संकोच अपनी समस्या लेकर आए उनकी समस्या को दूर करने का प्रयास किया जाएगा । भाजपा सरकार का नारा है सबका साथ सबका विकास। इस संगठन में कई वर्ग के व्यवसायी जुडने से हमें खुशी है ।इस संगठन के सभी पद का पदाधिकारी एकजूट होकर कार्य करें। इस मौके पर उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल के जिला अध्यक्ष रतनलाल गर्ग ,नगर अध्यक्ष प्रमोद गुप्ता समाजसेवी इंद्रदेव सिंह अजहर खान, माला चौबे संतोष सिंह बलदेव सिंह प्रिया सोनकर एडवोकेट, रंजन पांडेय आनंद मिश्रा सुशील पाठक गिरीश ओझा प्रितपाल सिंह सुभाष सिंह विनय सिंह गिरीश प्रताप सिंह ,नत्थू वारसी,रविंद्र अखिलेश संतोष गुप्ता शरद केसरी रविंद्र केशरी, दानिश खान, पत्रकार मुहम्मद इमरान बख्शी पवन जायसवाल सन्नी केसरी ने भाजपा जिलाध्यक्ष को माला पहनाकर स्वागत किया। इस मौके पर हर वर्ग के लोग शामिल रहे। कार्यक्रम का संचालन रविंद्र केशरी ने किया।

# साई हॉस्पिटल में विश्व हृदय दिवस मनाया गया



अवधनामा ब्यूरो

**सोनभद्र।** शुक्रवार को साई हॉस्पिटल, पिपरी रोड, रॉबर्ट्सगंज, सोनभद्र में हार्ट डे के अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में ओम प्रकाश राजभर सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष व वर्तमान विधायक द्वारा संबोधन करते हुए साई हॉस्पिटल एंड कॉलेज ऑफ़ नर्सिंग सोनभद्र के नर्सिंग छात्राओं व अस्पताल के मरीजो को बताया गया पूरे विश्व के लिए हार्ट डिजीज सबसे बड़ा खतरा बन गई हैं. दिल से जुड़ी बीमारियों के बारे में जागरुकता बढ़ाने के लिए हर साल 29 सितंबर को वर्ल्ड हार्ट डे मनाया जाता है. भारत में भी दिल की सेहत एक गंभीर चिंता का विषय है। संस्थान की प्रबंधक डॉ अनुपमा सिंह व प्रबंध निदेशक डॉ वी0 सिंह द्वारा छात्र/छात्राओं व अस्पताल के मरीजों को हृदय दिवस के बारे में बताया गया तथा लोगों को जागरूक किया गया तथा इस समय भागती-दौड़ती जिंदगी में लोगों को अपने स्वास्थ्य की ओर ध्यान देने का मौका नहीं मिलता, जिसका उन्हें भारी खामियाजा चुकाना पड़ता है। हृदय रोग विशेषज्ञों के अनुसार दिल की बीमारी किसी भी उम्र में किसी को भी हो सकती है, इसके लिए कोई निर्धारित उम्र नहीं होती। महिलाओं में हृदय रोग की संभावनाएं ज्यादा होती हैं, बावजूद इसके वे इस बीमारी के जोखिमों को नजरअंदाज़कर देती हैं। आज की भागदौड़ भरी जिंदगी में एक दिल ही है, जिस पर सबसे अधिक बोझ पड़ता है। तनाव, थकान, प्रदूषण आदि कई वजहों से रक्त का आदान-प्रदान करने वाले इस अति महत्वपूर्ण अंग को अपना काम करने में मुश्किल होती है, इसीलिए विश्व हृदय दिवस लोगों में यह भावना जागृत करता है कि वे हृदय की बीमारियों के प्रति सचेत रहने की सलाह दी गई तथा इस हृदय दिवस में उपस्थित पार्टी के कार्यकर्ता अस्पताल के डॉक्टर रोजी, डाक्टर प्रभंजन, फार्मासिस्ट रेखा मौर्य, राजन सोनी जी, पीआरओ अहमद रजा फार्मेसी एचओडी विकास चतुर्वेदी जी रागिनी श्रीवास्तव व दिव्यांशी बोस तथा अन्य स्टाफ उपस्थित रहे।

# नर्स की अभद्रता पर भड़के राज्यमंत्री, अस्पताल से हटाया गया

- नाराज राज्यमंत्री अस्पताल के बाहर खड़े रहे, अधिकारी पहुंचे
- सीएमओ ने की कार्रवाई, संविदा कर्मी को मूल तैनाती पर भेजा गया

अवधनामा संवाददाता

**बांदा।** अपने मरीज को देखने के लिए राज्यमंत्री रामकेश निषाद गुरुवार की रात को जिला महिला अस्पताल पहुंच गए। मरीज से मिलने के बाद वह वापस आ रहे थे, तभी वहीं पर मिले एक व्यक्ति ने कहा कि उसकी पत्नी डिलेवरी के लिए भर्ती है, लेकिन इस तरफ कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। बात करने के लिए नर्स रूम पहुंचे तो वहां पर मौजूद नर्स ने राज्यमंत्री को कोई तवज्जो नहीं दी। राज्यमंत्री ने अपना परिचय भी दिया, लेकिन इससे नर्स को कोई फर्क नहीं पड़ा और वह अपनी कुर्सी पर ही बैठी रही। इस पर राज्यमंत्री कमरे से बाहर निकल आए। मौके पर सीएमओ और महिला अस्पताल की सीएमएस पहुंचीं। सीएमओ ने कार्रवाई करते हुए जिला अस्पताल से संबद्ध संविदा नर्स को उसकी मूल तैनाती भेजने के निर्देश दिए। संबंधित पत्र भी संविदा नर्स को सौंप दिया गया।

जलशक्ति राज्यमंत्री रामकेश निषाद गुरुवार की रात करीब 10 बजे जिला अस्पताल एक मरीज को देखने गए हुए थे। मरीज से मिलने के बाद राज्यमंत्री वापस आने लगे तो महिला अस्पताल में मौजूद गंछा गांव निवासी संतराम निषाद ने राज्यमंत्री को बताया कि उसकी पत्नी अभिलाषा अस्पताल में प्रसव के लिए भर्ती है, लेकिन उसकी कोई चिकित्सक या स्वास्थ्य कर्मी सुन नहीं रहा। इस पर राज्यमंत्री रामकेश निषाद महिला अस्पताल के नर्स रूम पहुंच गए। नर्स को अपना परिचय दिया लेकिन नर्स ने कुर्सी नहीं छोड़ी। इस पर राज्यमंत्री खफा हो गए। मामले की जानकारी सीमएओ को दी गई। सीएमओ अनिल श्रीवास्तव, सीएमएस डा. सुनीता सिंह मौके पर पहुंच गईं। पूरा माजरा समझा। राज्यमंत्री अस्पताल के बाहर खड़े रहे। उनका कहना था कि नर्स की सेवाएं समाप्त की जाएं। चंद्रप्रभा संविदा पर तैनात थी। सीएमओ ने लिपिक को बुलवाया और नर्स को महिला अस्पताल से हटाते हुए उसकी मूल तैनाती महुआ पीएचसी में जाने का निर्देश दिया। इसका पत्र भी नर्स को सौंप दिया गया। नर्स का अग्रिम आदेशों तक के लिए मानदेय भी रोका गया है। राज्यमंत्री नर्स की संविदा समाप्त करने पर अड़े थे। लेकिन सीएमओ का कहना था कि यह उनके अधिकार क्षेत्र में नहीं है। सीएमओ ने कहा कि संविदा समाप्ति के लिए पत्र लिखकर उच्चाधिकारियों को भेजा जाएगा। इस पर सीएमस महिला अस्पताल सुनीता सिंह का कहना है कि नर्स राज्यमंत्री की बात समझ नहीं पाई।

## आमने-सामने दो बाइकों की भिड़ंत में युवक की मौत

**बांदा।** तेज रफ्तार दो बाइकों में आमने-सामने भिड़ंत हो गई। जिसमें दोनों युवक घायल हो गए। गंभीर रूप से घायल युवक को रानी दुर्गावती मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया। वहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। नरैनी कोतवाली क्षेत्र के जमवारा गांव निवासी नजीब खां (23) पुत्र मुजीब खां मोबाइल का मिस्त्री था। वह गुरूवार को दोपहर बाइक से खाना खाने घर जा रहा था। तभी गोरेपुरवा के पास आमने से आ रही एक अन्य बाइक से उसकी भिड़ंत हो गई। जिससे दोनो बाइक सवार युवक घायल हो गए। दोनो को सीएचसी नरैनी में भर्ती कराया गया। जहां डाक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद हालत नाजुक बताकर नजीब को रानी दुर्गावती मेडिकल कालेज रेफर कर दिया। घरवालों ने उसे यहां लाकर भर्ती कराया। जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई।

# अगले बरस तू जल्दी आ, गणपति बप्पा मोरिया

- दूसरे दिन भी गणपति प्रतिमाओं का हुआ विसर्जन, थिरके भक्त
- जगह-जगह पर रोककर गणपति प्रतिमाओं की उतारी गई आरती
- आधा सैकड़ा से ज्यादा प्रतिमाओं का किया गया विसर्जन



अवधनामा संवाददाता

**बांदा।** शुक्रवार को दूसरे दिन भी गणेश प्रतिमाओं का विसर्जन किया गया। रामलीला मैदान से टोकन लेने के बाद गणपति भक्त ट्रैक्टर-ट्राली में गणपति प्रतिमाएं लेकर निर्धारित रूट के लिए रवाना हुए। जलूस के दौरान डीजे और नगाड़ों की धुन पर भक्त जमकर थिरके और गुलाल उड़ाया। रास्ते में कई स्थानों पर रोककर लोगों ने गणपति की आरती उतारी। नाचते थिरकते हुए श्रद्धालु गणपति प्रतिमाएं लेकर केन नदी पहुंचे। वहां पर आरती करने के बाद नाव के सहारे बीच नदी में पहुंचकर गणपति प्रतिमाओं का नम आंखों से विसर्जन किया। विसर्जन के दौरान अगले बरस तू जल्दी आ, गणपति बप्पा मोरिया का उद्घोष गुंजायमान होता रहा।

मालुम हो कि गुरुवार को भी गणपति प्रतिमाओं का विसर्जन किया गया था। अबकी बार दो दिन विसर्जन किया गया। शुक्रवार को भी केंद्रीय गणेश पूजा महोत्सव समिति के पदाधिकारियों ने गणपति प्रतिमाओं का विसर्जन कराया। शहर में आधा सैकड़ा से ज्यादा गणपति प्रतिमाओं के पंडाल स्थापित किए गए थे। यहां पर कई दिनों वहां पर प्रतिदिन गणेश प्रतिमाओं को सजाते हुए झांकियों का प्रदर्शन किया गया। भक्त शाम के समय भ्रमण करते हुए शहर में विराजमान 50 से ज्यादा गणपति प्रतिमाओं का दर्शन किया। शुक्रवार को पुलिस ने विसर्जन को लेकर जहां रूपरेखा तैयार की थी, वहीं यातायात पुलिस ने भी रूट डायवर्जन किया था। शुक्रवार को सुबह से ही भक्त गणपति प्रतिमाओं को रथ में सवार करते हुए रामलीला मैदान पहुंचे। जुलूस में डीजे के साथ ही भांगड़ा ढोल भी साथ चल रहा था। डीजे की धमक और भांगड़ा ढोल की धुन पर थिरकते हुए सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु निर्धारित रास्तों से होते हुए केन नदी पहुंचे। इस दौरान जमकर गुलाल उड़ाया गया। केन नदी पहुंचने के बाद श्रद्धालुओं ने नाव के सहारे गणपति प्रतिमाओं का केन नदी के बीचोबीच पहुंचकर विसर्जन किया। विसर्जन के पूर्व केन नदी में गणपति प्रतिमाओं की पूजा-अर्चना की गई। अंतिम विदाई के समय तमाम गणपति भक्त विसर्जन करते हुए रोते नजर आए। श्रद्धालुओं ने अगले बरस तू जल्दी आ, गणपति बप्पा मोरया का गगनभेदी जयघोष भी लगाया।

# नेत्रहीन हाफिज को लात घूंसों से मारने का वीडियो हुआ वायरल

अवधनामा संवाददाता

**मौदहा (हमीरपुर)** मदरसा मूल रूप से धार्मिक शिक्षा का केन्द होता है जहाँ बच्चों को दीन सिखाया जाता है मदरसे की ही एक शाखा यतीम खाना होती है जहाँ गरीब, अनाथ व बेसहारा बच्चों के रहनें खानें के प्रबन्ध के साथ साथ धार्मिक शिक्षा दी जाती है इस प्रकार के सभी इदारे मुस्लिम समुदाय के द्वारा दी जानें वाली दान, सदका, जकात आदि से चलते हैं यदि इन्ही शिक्षा के केन्द्र जहां धर्म के नाम पर करोड़ों रुपये इकठ्ठे किये जाते है वहां एक नेत्रहीन गरीब, बेसहारा बुजुर्ग को एक गुंडा सरकारी अध्यापक द्वारा लात घूसों से न सिर्फ मारा बल्कि उसे घसीटने का वाडियों कैमरे कैद होगया जो इतना वायरल होगया कि मुस्लिम समुदाय में भारी आक्रोश देखनें को मिल रहा है। वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है जिसमें मदरसे के बाहर का सलकारी अध्यापक नेत्रहीन हाफिज को जमकर लात घूसों से पीटता दिखाई दे रहा है इतना ही नहीं जब पिटने वाला जमीन पर गिर गया उसके बाद भी उसने मारपीट करने का सिलसिला जारी रखा। वायरल वीडियो की पड़ताल करने पर पता चला कि उक्त वीडियो मंगलवार देर रात कस्बे के सब से पुराने मदरसा रहमानिया अनवारुल उलूम मौदहा में हुई मारपीट का है जिसमें प्राथमिक विद्यालय छिमौली में तैनात अध्यापक मुनीर उददीन मदरसा में बच्चों को हाफिज बनाने वाले नेत्रहीन मोहम्मद अहमद के साथ मारपीट कर रहे हैं। हालांकि अवधनामा वायरल वीडियो की सत्यता की पुष्टि नहीं करता है। बताते चलें कि कस्बे के मदरसा रहमानिया में दो कमेटियां कार्यरत है एक प्रबन्धन कमेटी है जिस के अन्तर्गत सरकारी ऐड प्राप्त स्कूल चलता है जिस को वेतन उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा दिया जाता जो अल्पसंख्यक विभाग के अन्तर्गत चलता है। दूसरी एक और कमेटी बताई जा रही है जो यतीम खाना का प्रबन्ध देखती है इस कमेटी के बारें में कोई कुछ भी बतानें को तैयार नही कि इस कमेटी का प्रबन्ध कौन है और कहां से पंजीकृत है आदि ऐसे प्रश्न हैं जिन के उत्तर नही मिल रहे हैं मारपीट का विडियो भी यतीम खाना के शिक्षक हाफिज को मारे जानें का है यहां सवाल यह पैदा होता है कि रात में यतीम खाना के अन्दर यह मारपीट करनें वाला अन्दर क्या करनें गया था।

# मुख्यमंत्री ने स्वच्छता श्रमदान कार्यक्रम की तैयारियों का लिया जायज़ा

## हर प्रदेशवासी अपने आस-पास के परिवेश में साफ-सफाई सुनिश्चित करने के लिए अवश्य श्रमदान करे: योगी

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज यहां अपने सरकारी आवास पर आहूत एक उच्चस्तरीय बैठक में 01 अक्टूबर, 2023 को आयोजित होने वाले 01 घण्टे के स्वच्छता श्रमदान कार्यक्रम की तैयारियों की समीक्षा की व आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि राष्ट्र को स्वच्छता का संदेश देने वाले राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 154वीं जयंती के अवसर पर 'स्वच्छता ही सेवा' पखवाड़ा के तहत समस्त नगरीय निकायों में 154 घण्टे का सफाई अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान की सफलता में स्वच्छ सारथी क्लब को विकसित कर विश्वविद्यालयों/विद्यालयों में कार्यक्रमों का आयोजन हो रहा है। नगर के चैराहों, बस स्टॉप की साफ-सफाई की जा रही है। इस महत्वपूर्ण अभियान में जनसहभागिता को बढ़ाया जाना चाहिए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 'कचरा मुक्त भारत' की परिकल्पना को साकार रूप देने के क्रम में आगामी 01 अक्टूबर, 2023 को प्रत्येक प्रदेशवासी 01 घण्टे के स्वच्छता श्रमदान में सहभागिता करे। हमारा यह सामूहिक प्रयास राष्ट्रपिता बापू को उनकी जयंती की पूर्व संध्या पर 'स्वच्छांजलि' होगी।

हर प्रदेशवासी अपने आस-पास के परिवेश में साफ-सफाई सुनिश्चित करने के लिए श्रमदान अवश्य करे। 01 अक्टूबर, 2023 को 01 घण्टा श्रमदान के इस कार्यक्रम से जोड़ने के लिए जनजागरूकता का प्रसार किया जाए। स्वच्छता श्रमदान के लिए सभी नगरीय निकायों और ग्राम पंचायतों में विशेष कार्यक्रम आयोजित किए जाएं। कार्यक्रम के



- राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 154वीं जयंती के अवसर पर 'स्वच्छता ही सेवा'
- आगामी 01 अक्टूबर, को प्रत्येक प्रदेशवासी 01 घण्टे के स्वच्छता श्रमदान में सहभागिता करें
- यह सामूहिक प्रयास राष्ट्रपिता बापू को उनकी जयंती की पूर्व संध्या पर 'स्वच्छांजलि' होगी
- श्रमदान के इस कार्यक्रम से जोड़ने के लिए जनजागरूकता का प्रसार किया जाए

लिए स्थान चिन्हांकन सहित सभी आवश्यक तैयारियां कर ली जाएं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि श्रमदान की सफलता के लिए 30 सितम्बर, 2023 को प्रदेश के सभी नगरीय निकायों, ग्राम पंचायतों, क्षेत्र पंचायतों, जिला पंचायतों की विशेष बैठक आहूत कर श्रमदान कार्यक्रम के लिए प्रस्ताव पारित किया जाए। 01 घण्टे के श्रमदान कार्यक्रम के अन्तर्गत सभी बेसिक व माध्यमिक विद्यालयों के बच्चों की प्रभातफेरी निकाली जाए। प्रभातफेरी के उपरान्त बच्चे और स्कूल शिक्षक विद्यालय परिसर की साफ-सफाई के दायित्व का निर्वहन करें। बच्चों के लिए मिष्ठान्न आदि की व्यवस्था भी की जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि श्रमदान हम सभी का नागरिक कर्तव्य है। हमारा प्रदेश स्वच्छ हो, हम सभी स्वस्थ रहें, इसके लिए हमें स्वच्छता को अपनी आदत बनाना होगा। श्रमदान के इस कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, व्यापारियों, गैर सरकारी संगठनों, सामाजिक-सांस्कृतिक संगठनों, स्वयं सहायता समूहों, आर0डब्ल्यू0ए0, नागरिक संगठनों की सहभागिता होनी चाहिए। सभी जनपदीय नोडल अधिकारी इस दिवस को अपने प्रभार वाले जनपद में उपस्थित रहें। 02 अक्टूबर को महात्मा गांधी की जयन्ती के दिन स्वच्छता कर्मियों का सार्वजनिक सम्मान किया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि स्वच्छता श्रमदान के इस अभियान की सफलता इसकी निरन्तरता में निहित है। आगामी दिनों में माँ दुर्गा की प्रतिमाओं का विसर्जन व छठ पूजा आदि कार्यक्रम हैं। इसलिए स्वच्छता का यह क्रम अनवरत जारी रखा जाना चाहिए।

# एलडीए ने 11 रो-हाउसेस भवनों को किया सील

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** लखनऊ विकास प्राधिकरण ने शुक्रवार को अवैध निर्माण/अवैध प्लाटिंग के खिलाफ कार्रवाई करते हुए काकोरी के समदा में अवैध प्लाटिंग को ध्वस्त और गुड़म्बा क्षेत्र में बिना मानचित्र स्वीकृत कराए किये जा रहे 11 रो-हाउसेस भवनों को सील किया। लविप्रा के प्रवर्तन जोन-3 के जोनल अधिकारी देवांश त्रिवेदी ने बताया कि कृष्ण विहार आवासीय एवं वेलफेयर सोसाइटी व अन्य की ओर से काकोरी के समदा में टी.एस. मिश्रा कॉलेज से पहले लगभग 3 बीघा क्षेत्रफल में अवैध रूप से प्लाटिंग करते हुए कॉलोनी विकसित की जा रही थी। प्राधिकरण से ले-आउट/मानचित्र स्वीकृत कराए बिना की जा रही अवैध प्लाटिंग के खिलाफ विहित न्यायालय ने वाद योजित करते हुए ध्वस्तीकरण के आदेश दिये थे। विहित न्यायालय के आदेश के अनुपालन में शुक्रवार को अवर अभियंता भरत पाण्डेय और प्रमोद कुमार पाण्डेय ने प्राधिकरण व स्थानीय थाने की पुलिस की मदद से अवैध प्लाटिंग के ध्वस्तीकरण की कार्रवाई करायी। इस दौरान प्लाटिंग स्थल पर विकसित की गयी सड़कें, नालियां, बाउण्ड्रीवॉल और खम्भों आदि को ध्वस्त किया गया। गुड़म्बा में सील किये रो-हाउसेस भवन प्रवर्तन जोन-5 की जोनल अधिकारी श्रद्धा चौधरी ने बतया कि मोहम्मद कुरैश, जुनैद और अन्य की ओर से गुड़म्बा के कल्याणपुर में अंग्रेज फार्म के बगल में लगभग 11 हजार वर्ग फिट क्षेत्रफल में 11 रो-हाउसेस भवनों का निर्माण कराया जा रहा था। प्राधिकरण से मानचित्र स्वीकृत कराए बिना किये जा रहे इन अवैध निर्माण के खिलाफ विहित न्यायालय ने वाद योजित करते हुए सीलिंग के आदेश दिये थे।



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से उनके सरकारी आवास पर मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र भारत द्वारा 'जी-20' की अध्यक्षता के अवसर पर केन्द्र सरकार द्वारा जारी किये गये विशेष डाक टिकट भेंट करते हुए।

# अपना दल (एस) की बैठक में अनुप्रिया पटेल होंगी शामिल

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** अपना दल (एस) की राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय वाणिज्य व उद्योग राज्य मंत्री अनुप्रिया पटेल की अध्यक्षता में 2 अक्टूबर को रायबरेली जनपद के बीएसएस पब्लिक स्कूल शहीद स्मारक रोड में राष्ट्रीय व प्रदेश पदाधिकारियों एवं जिलाध्यक्षों की मासिक बैठक सह जिला कार्यकर्त्ता सम्मेलन का आयोजन किया गया है। बैठक में प्रदेश अध्यक्ष राजकुमार पाल सहित पार्टी के सभी वरिष्ठ पदाधिकारी एवं जनप्रतिनिधि शामिल होंगे। पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता राजेश श्रीवास्तव का कहना है कि सोमवार, 2 अक्टूबर को रायबरेली में आयोजित होने



वाली पार्टी की मासिक बैठक में हमारी नेता अनुप्रिया पटेल आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देंगी एवं लखनऊ मंडल के सांगठनिक मुद्दों पर चर्चा करेंगी।

# श्री अन्न के उत्पादन एवं मूल्य संवर्धन के लिये हुई संगोष्ठी

- वर्तमान में मोटे अनाज की उत्पादकता बढ़ी

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** अंतर्राष्ट्रीय मोटा अनाज वर्ष 2023 के दृष्टिगत उ.प्र. कृषि अनुसंधान परिषद, लखनऊ एवं इंटीग्रल विश्वविद्यालय, लखनऊ द्वारा संयुक्त रूप से ''बदलते जलवायु परिदृश्य में श्री अन्न (मिलेट्स) के उत्पादन एवं मूल्य संवर्धन हेतु अभिनव दृष्टिकोण÷ विषय पर एक दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन शुक्रवार को इंटीग्रल विश्वविद्यालय, लखनऊ के केंद्रीय सभागार में किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डा. ए. के. सिंह, कुलपति, रानी लक्ष्मी बाई




केंद्रीय विश्वविद्यालय, झाँसी द्वारा इस अवसर पर अपने उद्बोधन में कहा कि पूर्व के वर्षों में मोटा अनाज मिश्रित फसल के रूप में लिया जाता था किंतु धीरे-धीरे धान तथा गेहूं ने इसका स्थान ले लिया। वर्तमान में सरकार द्वारा मोटा अनाज के उत्पादन तथा इसकी जागरूकता के लिये इतने प्रयास किये जा रहे है जितना कि हरित क्रांति में भी नहीं किया गया था। मोटा अनाज के विलुप्त होने का एक कारण यह भी है कि धान तथा गेहूं का उत्पादन इससे अधिक था इसलिये लोगों ने इस पर कम ध्यान दिया तथा धीरे-धीरे विलुप्तता की कगार पर पहुंच गये। मोटे अनाज का प्रसंस्करण कठिन होने के कारण तथा उत्पादकता में कमी होने के कारण लोगों ने इसे कम महत्व दिया। वर्तमान में मोटे अनाज की उत्पादकता बढ़ी है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में मुख्य रूप से ज्वार, बाजरा तथा कहीं कहीं पर रागी का उत्पादन होता है। उन्होंने कहा कि मोटा अनाज उत्पादों का शहरी क्षेत्रों में ही प्रयोग किये जाने का प्रचलन है। मोटा अनाज को शहरी क्षेत्रों के अलावा ग्रामीण क्षेत्रों में भी प्रयोग तथा प्रसंस्करण हेतु प्रोत्साहित किया जाना चाहिये, जिसके लिये जागरूकता कार्यक्रम चलाये जाने चाहिये। उन्होंने कहा कि मोटा अनाज के उत्पाद केवल स्नैक्स में न प्रयोग होकर मुख्य भोजन में सम्मिलित किये जाने चाहिये इसके लिये सामूहिक रूप से कार्य किये जाने कर आवश्यकता है। उन्होंने मोटा अनाज को पाठ्यक्रम में सम्मिलित करने पर जोर दिया।

# भाजपा सरकार राजनीति करते-करते अमानवीयता पर उतरी: कुंवर सिंह



अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** अमेठी के संजय गांधी अस्पताल की मान्यता समाप्त किये जाने के विरोध में शुक्रवार को प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय के निर्देश पर विधि विभाग के चेयरमैन नितिन कुमार मिश्रा के नेतृत्व में अधिवक्ताओं की टीम अमेठी पहुंच धरने में शामिल हुई। धरने में शामिल होने के साथ ही अधिवक्ताओं की टीम ने मामले के विधिक पक्षों का भी संज्ञान लिया। कांग्रेस प्रवक्ता कुंवर सिंह निषाद ने कहा कि भाजपा सरकार राजनीति करते-करते अमानवीयता पर उतर आयी है। जिस अस्पताल में रोज लगभग हजारों लोगों का इलाज होता है उसे अचानक बन्द करवा देना उस क्षेत्र की जनता के लिए कितना कष्टप्रद है इसका अंदाजा इस अहंकारी सरकार को नहीं है। उन्होंने कहा कि जब अस्पताल खुद ही उस दुर्भाग्यपूर्ण घटना की जांच और दोषियों को सजा दिलाने को तैयार है तो इसके बावजूद अस्पताल की मान्यता रद्द करने का आनन-फानन में लिया गया फैसला निम्न स्तर की राजनीति के सिवा कुछ भी नहीं है। कांग्रेस सरकार के इस जनविरोधी निर्णय की निंदा करती है और अस्पताल की मान्यता बहाल करने के लिए हर स्तर पर लड़ाई को तैयार है। कुंवर सिंह निषाद ने कहा कि अधिवक्ताओं की टीम में मीडिया पैनलिस्ट प्रदीप सिंह एडवोकेट, अनस खान, अजहर फैज खान, विपिन कुमार यादव, अजीत मिश्रा, आई.पी. सिंह, दीपक त्रिवेदी, सैय्यद इमरान, अभिषेक यादव, मकरंद शुक्ला, मदन कुमार तिवारी,

### हरित क्रांति के पितामह एम.एस. स्वामीनाथन के देहावसान पर किया शोक व्यक्त



**लखनऊ।** भारत को खाद्यान्न क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने वाले हरित क्रांति के पितामह एम.एस. स्वामीनाथन के देहावसान पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय ने गहरा शोक व्यक्त किया है। श्री राय ने शोक संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि 1960 का वह भयावह दौर जब इस बात की संभावना व्यक्त की जा रही थी कि भारत में खाद्यान्नों की होने वाली कमी से लाखों लोगों की मौत हो सकती है। ऐसे दौर में एम. एस. स्वामीनाथन ने हरित क्रांति की शुरुआत 1967 में की। यह इसी क्रांति का नतीजा था कि भारत में 70 का दशक खत्म होते-होते खाद्यान्नों के मामलों में आत्मनिर्भर हो गया। अपना पूरा जीवन भारतीय कृषि की उन्नति के लिए समर्पित करने वाले स्वामीनाथन ने कई लाभप्रद पद छोड़ा ताकि देश की सेवा कर सके। श्री राय ने हार्दिक संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि स्वामीनाथन का जाना देश की ऐसी क्षति है कि जिसे कभी पूरा नहीं किया जा सकता है।

### अजय राय की सुरक्षा के लिये कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल ने डीजीपी से की मुलाकात

**लखनऊ।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय की सुरक्षा बढ़ाने के लिए कांग्रेस के एक प्रतिनिधिमंडल ने शुक्रवार को पुलिस महानिदेशक से मुलाकात की। पूर्व विधायक इंदल रावत, जिला अध्यक्ष वेदप्रकाश त्रिपाठी, पूर्व विधायक श्याम किशोर शुक्ला, संजीव पाण्डेय एडवोकेट और रुद्रदमन सिंह ने पुलिस महानिदेशक से मुलाकात कर प्रदेश अध्यक्ष अजय राय की सुरक्षा बढ़ाने के लिए मांग पत्र सौंपा। प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि प्रदेश अध्यक्ष अजय राय को संगठनात्मक कार्यों से प्रदेश के विभिन्न जनपदों में जाना पड़ता है। ऐसे में उनकी सुरक्षा को देखते हुए स्कार्ट उपलब्ध कराया जाए। वर्तमान में प्रदेश अध्यक्ष को जो सुरक्षा प्रदान की गयी है वह पर्याप्त नहीं है, इसलिए सुरक्षा में अविलम्ब वृद्धि की जाए। इसी के साथ प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि प्रदेश अध्यक्ष अजय राय के वाराणसी और लखनऊ आवास पर आम जनमानस का बड़ी संख्या में आना-जाना रहता है। इसलिए आवासों पर भी सुरक्षा व्यवस्था कराने की मांग की।

# कवि सम्मेलन तथा पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** पूर्वोत्तर रेलवे में हिन्दी पखवाड़ा समारोह के समापन पर डीआरएम आदित्य कुमार की अध्यक्षता में कवि सम्मेलन तथा पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। आदित्य कुमार ने मुख्य अतिथि पूर्व निदेशक उत्तर प्रदेश हिन्दी संस्थान डॉ. सुधाकर अदीब की उपस्थिति में अपने अध्यक्षीय सम्बोधन में कहा कि हिन्दी में कार्य के प्रति यह जागृति हिन्दी पखवाड़ा तक ही सीमित न रहकर इसमें उत्तरोत्तर वृद्धि होती रहे। मुख्य अतिथि डॉ. सुधाकर अदीब ने कहा कि देश के लिए भाषा बहुत बलवान होती है। भारत के अतिरिक्त विदेशों में हिन्दी सम्पर्क भाषा के रूप में व्यापक प्रभाव डाल रही है। इस दौरान सुनील कुमार श्रीवास्तव की अध्यक्षता में हुए कवि सम्मेलन में निशा सिंह नवल ने अपनी कविता ईमान बिक गया, कहीं किरदार बिक गया, राजेश कुमार ने छुक छुक करती चलती रेल, पंकज प्रसन्न ने तेरी अदाओं पर मैं जांऊ वारी, डायल 139 फॉर इंक्वायरी, कविताओं को सुनाया। हिन्दी पखवाड़ा में आयोजित हिन्दी वाक्य प्रतियोगिता में गोपाल कृष्ण धवन को प्रथम पुरस्कार, विनय कुमार को द्वितीय पुरस्कार एवं सम्पत राम मीना को तृतीय पुरस्कार दिया गया। हिन्दी सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का प्रथम पुरस्कार गोपाल कृष्ण धवन द्वितीय पुरस्कार ब्रह्मानंद तिवारी व तृतीय पुरस्कार अंकित गिरि को, हिन्दी क्विज प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार ब्रह्मानंद तिवारी, द्वितीय पुरस्कार गोपाल कृष्ण धवन व तृतीय पुरस्कार लक्ष्मी नारायण मीना, निबन्ध प्रतियोगिता का प्रथम पुरस्कार विनय कुमार, द्वितीय पुरस्कार ब्रह्मानंद तिवारी व तृतीय पुरस्कार आशीष रंजन को तथा हिन्दी टिप्पण एवं प्रारूप लेखन में प्रथम पुरस्कार सुरेन्द्र पाल, द्वितीय पुरस्कार गोपाल कृष्ण धवन एवं तृतीय स्थान ब्रह्मानंद तिवारी को प्रशस्ति पत्र व नगद पुरस्कार देकर पुरस्कृत किया गया।



### पूर्वोत्तर रेलवे में स्वच्छ स्पर्धा दिवस मनाया गया

**लखनऊ।** स्वच्छता पखवाड़ा के तहत पूर्वोत्तर रेलवे में स्वच्छ स्पर्धा दिवस मनाया गया। जिसमें मण्डल रेल प्रबंधक कार्यालय एवं अनुरक्षण डिपो तथा स्टेशनों पर यात्रियों और रेल कर्मियों के बच्चों ने रेलवे और स्वच्छता अभियान को लेकर पेंटिंग बनाकर अपने विचार व्यक्त किये।

### लखनऊ, रायबरेली व गौरीगंज रेलखंड का किया निरीक्षण

**लखनऊ।** उत्तर रेलवे के डीआरएम डॉ.मनीष थपल्याल ने मंडल के अन्य अधिकारियों के साथ लखनऊ, रायबरेली व गौरीगंज रेलखंड का निरीक्षण किया और विंडो ट्रेलिंग करते हुए इस रेलखंड की संरक्षा को गहनता से परखा। इस रेलखंड पर प्रगतिशील कार्यों का अवलोकन करते हुए समीक्षा की और आवश्यक दिशा निर्देश दिये। निरीक्षण के तहत मंडल रेल प्रबंधक ने कुंदनगंज स्टेशन पर पहुंचकर बिरला सीमेंट प्लांट के अधिकारियों के साथ बिजनेस डेवलपमेंट यूनिट को लेकर बैठक की। रेलवे एवं बिरला कंपनी की आपसी व्यापारिक नीतियों को बढ़ाने की भावी नीतियों एवं योजनाओं पर चर्चा की। गौरीगंज में सीमेंट फैक्ट्री के अधिकारियों के साथ भी रेलवे के साथ व्यापार संबंधी नीतियों के प्रमुख बिन्दुओं पर विस्तृत चर्चा की। उन्होंने गौरीगंज स्टेशन का निरीक्षण किया एवं स्टेशन पर उपलब्ध सुविधाओं के संवर्धन की बात कही।

# बच्चों की तालीम के लिए वक्फ की दो ज़मीनों पर स्कूल स्थापित करने की मंजूरी

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** चेयरमैन अली ज़ैदी की अध्यक्षता में उत्तर प्रदेश शिया सेंट्रल वक्फ़ बोर्ड की सातवीं बोर्ड बैठक सकुशल संपन्न हुई। मीटिंग में बोर्ड के समस्त 6 सदस्य रहे मौजूद। एजेंडा पर रखे गये सभी मामलो को पूर्ण बहुमत से मिली मंज़ूरी। बोर्ड बैठक में सुनवाई के दौरान प्रदेश के कई ज़िलो में वक्फ़ के बेहतर प्रबंध हेतु प्रस्तावित कमेटीज़ को मिली मंज़ूरी तो कहीं अपॉइंट हुवें नये मुतवल्ली कुछ को जारी हुवा करण बताओ नोटिस। हर बड़े ज़िले में स्कूल और कॉलेज के लिये प्राइवेट पार्टीज़ से प्रस्ताव आमंत्रित करेगा बोर्ड। एमएसएमई से लोन पाने वालों के लिए कम दरों पर कमर्शियल/ इंडस्ट्रियल प्लॉट अवेलेबल करायेगा बोर्ड। जौनपुर के वक्फ़ बिकानी बीबी में मिसमैनेजमेंट के चलते कारण बताओ नोटिस जारी। जौनपुर के वक्फ़ मदरसा इमानिया नसीरिया की प्रबंध कमेटी का गठन। दरगाह ए आलिया नजफ़ ए हिन्द जोगीपुरा बिजनौर की कमेटी का समय 1 वर्ष के लिए बढ़ाया गया। पब्लिक की सहूलत के लिये हर माह बोर्ड बैठक करने पर विचार विमर्श।

# मरीज़ों के लिये बेड किया दान

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** लखनऊ में स्थित डालीगंज हास्पिटल के बीबी फातिमा फाउन्डेशन के डा. गुन्चा खा, मोहम्मद अमान खान ने डा. हबीब अहमद को बेड दान किया और इस बेड के किसी तरह का कोई चार्ज किसी गरीब, बीमार इंसान से नहीं लिया जायेगा। हदीस से रिवायत है रसूल अल्लाह सलालिहे वसल्लम को ये कहते हुए सुना है जब कोई इंसान किसी बीमार इंसान से मिलने जाता है, तू सत्तार हजार फरिश्ते शाम तक उसके लिए दुआ करते रहते हैं और उससे जन्नत में उसके हिसाब से फल मिलेगा।

# पत्रकार संगठन ने रमेश अवस्थी को किया सम्मानित

- यह सम्मान समस्त पत्रकारों का सम्मान है: रमेश अवस्थी

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** लंदन स्थित ब्रिटिश पार्लियामेंट के हाउस आफ कामंस एवं हाउस ऑफ लॉर्ड्स में सम्मानित होने के बाद लखनऊ पहुंचे सहारा समय टी .वी .नेटवर्क के ग्रुप एडिटर एवं नेशनल मीडिया क्लब के चेयरमैन रमेश अवस्थी का लखनऊ प्रेस क्लब में शुक्रवार को जोरदार स्वागत किया गया। इस मौके पर प्रेस क्लब के पदाधिकारियों समेत कई पत्रकार मौजूद रहे । लंदन में रमेश अवस्थी को वर्ल्ड बुक आफ रिकार्डस ने हाउस आफ कामन्स में इंटरनेशनल एक्सीलेंस अवार्ड से एवं हाउस आफ लॉर्ड्स में लाइफ टाइम अचीवमेंट अवार्ड÷से सम्मानित किया है। इस अवसर पर अवस्थी ने कहा कि यह सम्मान सिर्फ मेरे लिए ही नहीं, बल्कि उन सभी पत्रकारों और लोगों के लिए है। जो पत्रकारिता के क्षेत्र में काम कर रहे हैं और हमेशा सत्यता और जानकारी की ओर अग्रसर रहने के लिए मेहनत कर रहे हैं। कहा कि आप कितने ही बडे आदमी क्यों ना हो आपको दुनिया भर मे सम्मान मिले, लेकिन जब आपको अपने घर पर सम्मान मिलता है तो खुशी और दोगुनी हो जाती है।

# हिन्दी आसानी से समझ में आने वाली भाषा: देव कुमार

- हिन्दी को माँ के समान सम्मान दें

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** भारतीय जीवन बीमा निगम, उत्तर मध्य क्षेत्रीय कार्यालय, कानपुर के तत्वाधान में आयोजित हिन्दी पखवाड़ा का समापन प्रादेशिक प्रबन्धक प्रा.सं.प्र.दावा) देव कुमार चौधरी द्वारा दीपप्रज्वलन कर क्षेत्रीय कार्यालय भवन के स्पोर्ट्स क्लब में किया गया। इस अवसर पर सुबी कविता मनमोहन, प्रादेशिक प्रबन्धक (का. एवं ओ.सं.), पंकज सक्सेना, प्रादेशिक प्रबन्धक (विपणन) सुरेश चन्द्र गौतम, प्रा. प्र. (मा.सं.वि.) सहित सभी अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे। इस अवसर पर प्रादेशिक प्रबन्धक (प्रा.सं.प्र./दाया) देव कुमार चौधरी ने कहा कि व्यावसायिक प्रतिस्पर्धा के परिवेश एवं बदलती परिस्थितियों में नई चुनौतियों का सामना राजभाषा हिन्दी के माध्यम से सरलता के साथ कर सकते है क्योंकि हिन्दी आसानी से समझ में आने वाली भाषा होने के साथ ही सम्पूर्ण भारतवर्ष में अभिव्यक्ति का अत्यंत सहज एवं सत माध्यम है। इस अवसर पर उत्तर मध्य क्षेत्र के सभी कर्मठ अधिकारियों कर्मचारियों, विकास अधिकारियों एवं अभिकर्ताओं से आह्वान किया है कि वे अपना समस्त कामकाज हिन्दी में करें साथ ही राजभाषा हिन्दी के प्रगामी प्रयोग में भी सक्रिय योगदान प्रदान करें। कविता मनमोहन, प्रादेशिक प्रबन्धक एवं औ. सं ने कहा कि हिन्दी हमारी माँ है इसलिए हिन्दी को माँ के समान सम्मान दें और हिन्दी के विकास में अधिक से अधिक कार्य करें। पंकज सक्सेना, प्रादेशिक प्रबन्धक (विपणन) ने कहा कि हमारा निगम व्यावसायिक संस्थान है और हम का क्षेत्र में आते हैं इसलिए हम सभी को अधिक से अधिक कार्य हिन्दी में करना चाहिए और हम सभी हिन्दी की प्रगति का हिस्सा बने।




क्षेत्रीय राजभाषा संपर्क अधिकारी, सुरेश चन्द्र गौतम जी ने अपने स्वागत उद्बोधन में कहा कि हिन्दी को हम सम्पर्क भाषा एवं संचार की प्रमुख भाषा के रूप में अपनायें। हमारी यह हमेशा कोशिश हो कि हम अपने ग्राहकों की सेवा हेतु यथासम्भव हिन्दी का ही प्रयोग करें तभी हम राजभाषा हिन्दी को सही मायने में सम्मानित कर सकेंगे। मुझे विश्वास है कि उत्तर मध्य क्षेत्र के जीवन बीमा निगम परिवार से जुड़े समस्त सोपूर्ण एवं समर्पित निष्ठा के वातावरण का निर्माण करते हुये इस शुभ कार्य में नये कीर्तिमान स्थापित करेंगे। समापन अवसर पर कार्यक्रम का संचालन करते हुए क्षेत्रीय राजभाषा अधिकारी संजीव कुमार सिंह ने मुख्य अतिथि, विशिष्ट अतिथियों एवं समस्त उपस्थित जन समूह का स्वागत करते हुये कहा कि राष्ट्रभाषा हिन्दी हमारी संस्कृति और संस्कारों की भाषा है। महत्वपूर्ण ग्रंथ भी देवनागरी लिपि में ही लिखे गए हैं। सम्पूर्ण भारत को एक सूत्र में जोड़ने के लिए हिन्दी ही ऐसी श्रृंखला और भाषा है, जिसका ज्ञान प्रत्येक भारतवासी के लिए अनिवार्य होना चाहिए। मैं आज आप सभी का आह्वान करता हूँ कि अपने कार्यालय के दिन प्रतिदिन के कामकाज में हिन्दी का प्रयोग करने के लिये अपनी आत्मा में अलख जगायें तभी हम हिन्दी को राजभाषा के पद से राष्ट्रभाषा के पद पर से जा पायेंगे।